# १—सूक्त विवरण, अथर्ववेद, कांड ५॥

| सूक्त | सूक्त के प्रथम पाद | देवता | उपदेश | छन्द |
|---|---|---|---|---|
| १ | ऋधङ्मन्त्रो योनिं | त्रित इन्द्रो वा | ब्रह्म विद्या | त्रिष्टुप् |
| २ | तदिदास भुवनेषु | इन्द्रः | परमेश्वर का गुण | त्रिष्टुप् |
| ३ | ममाग्ने वर्चो | विश्वे देवाः | रक्षा के उपाय | त्रिष्टुप् आदि |
| ४ | यो गिरिष्वजायथा | कुष्ठः | राजा का धर्म | गायत्री आदि |
| ५ | रात्री माता नभः पिता | लाक्षा | ब्रह्मविद्या | अनुष्टुप् |
| ६ | ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं | ब्रह्मादयः | सब सुख प्राप्ति | त्रिष्टुप् आदि |
| ७ | आ नो भर मा परिष्ठा | प्रजापतिः | पुरुषार्थ करना | अनुष्टुप् आदि |
| ८ | वैकङ्कतेनेध्मेन | इन्द्रः | राजा का धर्म | अनुष्टुप् आदि |
| ९ | दिवे स्वाहा | प्रजापतिः | आत्मा की उन्नति | दैवी बृहती आदि |
| १० | अश्मवर्म मेऽसि | ब्रह्म | ब्रह्म की उत्तमता | पदपङ्क्ति, अनुष्टुप् |
| ११ | कथं महे असुरायां | ब्रह्म | ब्रह्म विद्या | त्रिष्टुप् आदि |
| १२ | समिद्धो अद्य मनुषो | विद्वान् आदि | मनुष्य की उन्नति | त्रिष्टुप् |
| १३ | ददिर्हि मह्यं | प्रजापतिः | दोष निवारण | जगती आदि |
| १४ | सुपर्णस्त्वान्वविन्दत् | प्रजापतिः | शत्रु का विनाश | अनुष्टुप् आदि |
| १५ | एका च मे दश च मे | ओषधिः | विघ्नों का हटाना | अनुष्टुप् |
| १६ | यद्येकवृषोऽसि | आत्मा | पुरुषार्थ | त्रिष्टुप् |
| १७ | तेऽवदन् प्रथमा | विश्वेदेवाः | ब्रह्म विद्या | त्रिष्टुप् आदि |
| १८ | नैतां ते देवा अददु | गौर्ब्राह्मणो वा | वेद विद्या की रक्षा | अनुष्टुप् आदि |
| १९ | अतिमात्रमवर्धन्त | ब्राह्मणः | नास्तिक तिरस्कार | अनुष्टुप् आदि |
| २० | उच्चैर्घोषो दुन्दुभिः | दुन्दुभिः | संग्राम में जय | त्रिष्टुप् |
| २१ | विहृदयं वैमनस्यं | दुन्दुभिरादिः | शत्रुओं का जीतना | पथ्या पङ्क्ति आदि |
| २२ | अग्निस्तक्मानम् | वैद्यः | रोग का नाश | त्रिष्टुप् आदि |
| २३ | ओते मे द्यावापृथिवी | वैद्यः | छोटे २ दोषों का नाश | अनुष्टुप् |
| २४ | सविता प्रसवानामधि | मन्त्रोक्ताः | रक्षा के लिये प्रयत्न | शक्वरी आदि |
| २५ | पर्वताद् दिवो योनेर् | प्रजापतिः | गर्भाधान | अनुष्टुप् |
| २६ | यजूंषि यज्ञे समिधः | विद्वान् | समाज की वृद्धि | विराट् आदि |
| २७ | ऊर्ध्वा अस्य समि | अग्निः प्रजापतिर्वा | पुरुषार्थ | पंक्ति आदि |
| २८ | नव प्राणान्नवभिः | प्रजापतिः | रक्षा और ऐश्वर्य | त्रिष्टुप् आदि |
| २९ | पुरस्ताद् युक्तो वह | अग्निः | शत्रु और रोगों का नाश | त्रिष्टुप आदि |
| ३० | आवतस्त आवतः | आत्मा | आत्मा की उन्नति | अनुष्टुप आदि |
| ३१ | यां ते चक्रुरामे पात्रे | पुरुषः | राजा का धर्म | अनुष्टुप् |

## २-अथर्ववेद, काण्ड ५ के मन्त्र अन्य वेदों में सम्पूर्ण वा कुछ भेद से।

| मन्त्र संख्या | मन्त्र | अथर्ववेद (काण्ड ५) सूक्त, मन्त्र | ऋग्वेद मंडल, सूक्त, मन्त्र | यजुर्वेद अध्याय, मंत्र | सामवेद, पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक इत्यादि |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | सप्त मर्यादाः कवय | १।६ | १०।५।६ | | |
| २ | तदिदास भुवनेषु | २।१ | १०।१२० | ३३।८० | |
| ३-१० | वावृधानः शवसा | २।२-९ | | | |
| ११-२० | ममाग्ने वर्चो | ३।१-१० | १०।१२८ | | |
| २१ | ब्रह्म जज्ञानं | ६।१ | | १३।३ | पू० ४।३।९ |
| २२ | सहस्रधार एव | ६।३ | ९।७३।४ | | |
| २३ | पर्यू षु प्र धन्वा | ६।४ | ९।११०।१ | | |
| २४ | तिग्मायुधौ ति | ६।५ | ६।७४।४ | | |
| २५-३५ | समिद्धो अद्य | १२।१-११ | १०।११० | २९।२५,२६, २८-३६ | |
| ३६-४२ | तेऽवदन् प्रथमा<br>ब्रह्मचारी चरति<br>पुनर्वै देवा अददुः | १७।१-३<br>१७।५,६<br>१७।१०,११ | १०।१०९ | | |
| ४३ | गर्भं धेहि सिनीवालि | २५।३ | १०।१८४।२ | | |
| ४४ | विष्णुर्योनिं कल्पयतु | २५।५ | १०।१८४।१ | | |
| ४५ | गर्भो अस्योषधीनां | २५।७ | — | १२।३७ | |
| ४६-५७ | ऊर्ध्वा अस्य समिधो | २७।१-१२ | — | २७।११-२२ | |
| ५८ | त्र्यायुषं जमदग्नेः | २८।७ | — | ३।६२ | |
| ५९ | सनादग्ने मृणसि | २९।११ | १०।८७।१९ | | पू० १।८।८ |

---

॥१५२२

॥ ओ३म् ॥

# अथर्ववेदः ॥

## पञ्चमं काण्डम्

### प्रथमोऽनुवाकः ।

#### सूक्तम् १ ॥

मन्त्रः १—८ ॥ त्रित इन्द्रो वा देवता ॥ त्रिष्टुप् छन्दः ॥

ब्रह्मविद्योपदेशः—ब्रह्म विद्या का उपदेश ॥

ऋधङ्मन्त्रो योनिं य आबभूवामृतासुर्वर्धमानः सुजन्मा ।
अदब्धासुर्भ्राजमानोऽहेव त्रितो धर्ता दाधार त्रीणि ॥१॥

ऋधक्-मन्त्रः । योनिम् । यः । आ-बभूव । अमृत-असुः । वर्ध-मानः । सु-जन्मा । अदब्ध-असुः । भ्राजमानः । अहा-इव । त्रितः । धर्ता । दाधार । त्रीणि ॥ १ ॥

भाषार्थ—( यः ) जो ( ऋधङ्मन्त्रः ) सत्य मन्त्र वा मनन वाला, ( अमृतासुः ) अमर प्राण वाला, ( वर्धमानः ) बढ़ता हुआ, ( सुजन्मा ) अद्भुत जन्म वाला ( योनिम् ) प्रत्येक घर वा कारण में ( आबभूव ) व्यापक हुआ है । उस

---

१—शब्दार्थव्याकरणादिप्रक्रिया—( ऋधङ्मन्त्रः ) प्रथेः कित्सम्प्रसारणं च । उ० १ । १३७ । इति ऋधु वृद्धौ—अजि । ऋधक् इत्यव्ययं सत्यार्थे । सर्व-

( अदब्धासुः ) अचूक बुद्धि वाले, ( अहा इव=अहानि इव ) दिनों के समान ( भ्राजमानः ) प्रकाशमान, ( धर्ता ) सब के धारण करने वाले, ( त्रितः ) पालन करने वाले वा सब से बड़े वा तीनों कालों वा लोकों में फैले हुये त्रित परमात्मा ने ( त्रीणि ) तीनों [ धामों, अर्थात् स्थान, नाम और जन्म वा जाति ] को ( दाधार ) धारण किया था ॥ १ ॥

भावार्थ—सब मनुष्य परमात्मा की अनन्त शक्तियों का विचार करके अपना सामर्थ्य बढ़ावें ॥ १ ॥

इस काण्ड पर सायण भाष्य नहीं है ॥

आ यो धर्माणि प्रथमः ससाद ततो वपूंषि कृणुषे पुरूणि । धास्युर्योनिं प्रथम आ विवेश यो वाचमनुदितां चिकेत ॥ २ ॥

आ । यः । धर्माणि । प्रथमः । ससाद । ततः । वपूंषि । कृणुषे । पुरूणि । धास्युः । योनिम् । प्रथमः । आ । विवेश । आ । यः । वाचम् । अनुदिताम् । चिकेत ॥ २ ॥

---

धातुभ्यः ष्ट्रन् । उ० ४ । १५९ । इति मन ज्ञाने-ष्ट्रन् । मन्त्रा मननात्—निरु० । ७ । १२ । अभ्रुवन् वर्धमानः सत्यो वा मन्त्रो मननं यस्य सः ( योनिम् ) अ० १ । ११ । ३ । गृहम्—निघ० । ३ । ४ । कारणम् ( यः ) त्रितः ( आ बभूव ) भू सत्तायां प्राप्तौ च लिट् । सम्यक् प्राप्तवान् ( अमृतासुः ) शृस्वृ स्निहि० । उ० । १ । १० । इति असु क्षेपणे—उ । असुः प्रज्ञानाम-निघ० ३ । ९ । असुरिति प्राणनामास्तः शरीरे भवति-निरु० ३ । ८ । अनष्टबुद्धिः । अनश्वरप्राणः ( वर्धमानः ) वृद्धिशीलः ( सुजन्मा ) अद्भुतोत्पत्तिः ( अदब्धासुः ) दन्भु दम्भे—क्त । अहिंसितबुद्धिः ( भ्राजमानः ) दीप्यमानः ( अहा इव ) अहानि यथा ( त्रितः ) पिशेः किच्च । उ० ३ । ८५ । इति त्रैङ् पालने यद्वा तॄ प्लवनतरणयोः, इतन् यद्वा । त्रि+तनु विस्तारे—ड । त्रितस्तीर्णतमो मेधया बभूव—निरु० ४ । ६ । त्रितस्त्रिस्थान इन्द्रः —निरु० ९ । २५ । त्राता पालयिता । तीर्णः विस्तीर्णः । त्रिषु कालेषु लोकेषु वा विस्तीर्णः ( धर्ता ) धारयिता ( दाधार ) धृतवान् ( त्रीणि ) त्रिसंख्याकानि धामानि । धामानि त्रयाणि भवन्ति स्थानानि नामानि जन्मानीति—निरु० ९ । २८ ॥

भाषार्थ—( यः ) जिस ( प्रथमः ) प्रख्यात परमेश्वर ने ( धर्माणि ) धारण योग्य धर्मों वा व्यवस्थाओं को ( आ ) यथावत् ( ससाद ) प्राप्त किया, (ततः) उसी [ धर्म ] से वह [ संसार के ] (पुरूणि) अनेक (वपूंषि) रूपों को (कृणुपे=कृणुते ) बनाता है। ( प्रथमः ) उस पहिले ( धास्युः ) धारण की इच्छा करने वाले परमेश्वर ने (योनिम् ) प्रत्येक कारण में ( आ ) यथावत् ( विवेश ) प्रवेश किया, (यः) जिसने ( अनुदिताम् ) बिना कही हुई ( वाचम् ) वाणी को ( आ ) ठीक ठीक (चिकेत ) जाना था ॥ २ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने नियम स्थापन करके सृष्टि रची है, और वह सब का अन्तर्यामी हो कर सब के हृदयों को जानता है ॥ २ ॥

यस्ते॒ शोका॑य त॒न्वं॑ रि॒रेच॒ क्षर॒द्धिर॑ण्यं॒ शुच॒योऽनु॒ स्वाः ।
अत्रा॑ दधेते अ॒मृता॑नि॒ नामा॒स्मे वस्त्रा॑णि॒ विश॒ एर॑यन्ताम् ॥ ३ ॥

यः । ते॒ । शोका॑य । त॒न्व॑म् । रि॒रेच॑ । क्षर॑त् । हिर॑ण्यम् । शुच॑यः । अनु॑ । स्वाः । अत्र॑ । द॒धे॒ते॒ इति॑ । अ॒मृता॑नि॒ । नाम॑ । अ॒स्मे इति॑ । वस्त्रा॑णि । विशः॑ । आ । ई॒र॒य॒न्ता॒म् ॥३॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ! ] ( यः ) जिस पुरुष ने ( ते ) तेरा ( शोकाय ) प्रकाश पाने के लिये ( तन्वम् ) अपना शरीर ( रिरेच ) जोड़ दिया है, [क्योंकि]

२—( आ ) समन्तात् ( यः ) परमेश्वरः ( धर्माणि ) अ० । १ । २५ । १ । धार्यान् नियमान् । व्यवस्थाः ( प्रथमः ) आदिमः । प्रधानः ( ससाद ) प्राप ( ततः ) तस्मात्, धर्मात् ( वपूंषि ) अर्त्तिपृवपि० । उ० २ । ११७ । इति टुवप बीजतन्तुसन्ताने—उसि । रूपाणि—निघ० ३ । ७ । रूपाणि ( कृणुपे ) तकारस्य पकारः । कृणुते । कुरुते ( पुरूणि ) बहूनि (धास्युः) अ० २ । १ । ४ । ( योनिम् ) कारणम् ( प्रथमः ) ( आ ) ( विवेश ) प्रविष्टवान् ( आ ) ( यः ) ( वाचम् ) वाणीम् ( अनुदिताम् ) वद वाचि—क्त । यद्वा । उत्+इण्—क्त । अनुक्ताम् । अप्तोदयाम् ( चिकेत ) कित ज्ञाने लिट्, वैदिकः । ज्ञातवान् ॥

३—(यः) पुरुषः ( ते ) तव (शोकाय) अ० ४ । १४ । १ । प्रकाशप्राप्तये (तन्वम्) अ० १ । १ । १ । स्वशरीरम् (रिरेच) रिच वियोजनसम्पर्चनयोः—लिट्, चुरा०।

( शुचयः ) शुद्धस्वभाव ( स्वाः ) बन्धुलोग ( क्षरत् ) चलते हुये ( हिरण्यम् ) कमनीय ज्योतिः स्वरूप परमात्मा के ( अनु ) पीछे पीछे वर्तमान रहते हैं। ( अत्र ) इस पुरुष में ही ( अमृतानि ) अमर ( नाम=नामानि ) नामों को ( दधेते ) वे दोनों [ सूर्य पृथ्वी लोक ] धरते हैं। ( विशः ) सब प्रजायें (अस्मे) हमारे लिये ( वस्त्राणि ) ओढ़ने वा निवासस्थान आदि ( आ ईरयन्ताम् ) लावें ॥ ३ ॥

भावार्थ—जो पुरुष प्रकाशमय परमात्मा के स्वरूप जानने में अपना सामर्थ्य लगाते हैं वे संसार के सब पदार्थों से उपकार लेकर यश पाते और सुख भोगते हैं ॥ ३ ॥

**प्र यदे॒ते प्र॑तरं पू॒र्व्यं गुः सदः॑सद आ॒तिष्ठ॑न्तो अजु॒र्यम्। क॒विः शु॒षस्य॑ मा॒तरा॑ रिहा॒णे जा॒म्यै धुर्यं॒ पति॑मेर॑येथाम् ॥ ४ ॥**

**प्र। यत्। ए॒ते। प्र॒ऽत॒रम्। पू॒र्व्यम्। गुः। सदः॑ऽसदः। आ॒ऽतिष्ठ॑न्तः। अ॒जु॒र्यम्। क॒विः। शु॒षस्य॑। मा॒तरा॑। रि॒हा॒णे इति॑। जा॒म्यै। धुर्य॑म्। पति॑म्। आ। ई॒र॒ये॒था॒म् ॥ ४ ॥**

भाषार्थ—( यत् ) जिस कारण से कि ( एते ) इन [ शुद्ध स्वभाव बन्धुओं ] ने ( अजुर्यम् ) जरा रहित ( सदःसदः ) पाने योग्य पदार्थों में पाने

---

संपृक्तवान्। संयोजितवान् ( क्षरत् ) संचलत्। हिरण्यम् ) अ० १। ६। २। कमनीयं तेजः स्वरूपं परमात्मानम् ( शुचयः ) अ० १। ३३। १। शुद्धस्वभावाः (अनु) अनुसृत्य वर्तन्ते ( स्वाः ) अ० १। १६। ३। स्वमज्ञातिधनाख्यायाम्। पा० १। १। ३५। ज्ञातयः। बन्धवः ( अत्र ) अस्मिन् पुरुषे ( दधेते ) धरतः—उभे द्यावापृथिव्यौ ( अमृतानि ) अमराणि। अनश्वराणि ( नाम ) अ० १। २४। ३। नामानि यशांसि ( अस्मे ) अस्मभ्यम् ( वस्त्राणि ) सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन्। उ० ४। १५६। इति वस आच्छादने वा वस निवासे-ष्ट्रन्। वस्त्रं वस्तेः—निरु० ४। २४। वसनानि। निवासस्थानादीनि वा ( विशः ) मनुष्याः—निघ० २। ३। प्रजाः ( आ ईरयन्ताम् ) आगमयन्तु ॥

४—( प्र ) प्रकर्षेण ( यत् ) यस्मात्कारणात् ( एते ) शुचयः स्वाः-म०

योग्य मोक्ष पद पर ( आतिष्ठन्तः ) चढ़ कर ( प्रतरम् ) अति उत्तम ( पूर्व्यम् ) सब के हित कारक परमात्मा को ( प्र गुः ) प्राप्त किया है । ( कविः=कवेः ) बुद्धिमान् ( शुषस्य ) बलवान् पुरुष के ( मातरा=०-रौ ) माताओ, ( धुर्यम् ) धुरन्धर ( पतिम् ) जगत्पति परमात्मा को ( रिहाणे ) स्तुति करती हुयी तुम दोनों [ सूर्य और पृथिवी लोक ] ( जाम्यै ) भगिनी के समान हितकारक प्रजा के लिये ( आ ईरयेथाम् ) प्राप्त कराओ ॥ ४ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार से पूर्वज महाशय अक्षय मोक्ष पद पाकर परमात्मा को प्राप्त हुये हैं, उसी प्रकार हम भी सूर्य पृथिवी आदि सब लोकों का ज्ञान प्राप्त करके परमात्मा से मिलें ॥४॥

**तदू षु ते महत् पृथुज्मन् नमः कविः काव्येना कृणोमि। यत् सम्यञ्चावभियन्तावभि क्षामत्रा मही रोधचक्रे वावृधेते ॥ ५ ॥**

तत् । ऊं इति । सु । ते । महत् । पृथु-ज्मन् । नमः । कविः । काव्येन । कृणोमि । यत् । सम्यञ्चौ । अभि-यन्तौ । अभि ।

२ ( प्रतरम् ) प्रकृष्टतरम् ( पूर्व्यम् ) अ० ४ । १ । ६ । पूर्व-यत् । पूर्वाय समस्ताय जगते हितं परमात्मानम् ( गुः ) अगुः । प्रापुः ( सदःसदः ) सर्वसां सदनीयानां सदः सदनीयम् । प्राप्तव्यानां मध्ये प्राप्तव्यं मोक्षपदम् ( आतिष्ठन्तः ) आरुहन्तः ( अजुर्यम् ) अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । इति जूरी हिंसावयोहान्योः-यक् । नञ्सुभ्याम् । पा० ६ । २ । १७२ । इति उत्तरपदस्यान्तोदात्तत्वं बहुव्रीहौ । अजरं दृढं सर्वकार्यशक्तम् ( कविः ) सुपां सुलुक० पा० ७ । १ । ३९ । इति षष्ठ्याः सुः । कवेः मेधाविनः ( शुषस्य ) शुष शोषणे-क । शुष्णम्, शुष्मम्-बलनाम-निघ० २ । ९ । बलवतः पुरुषस्य ( मातरा ) मातरौ मातृवदुपकारिके द्यावापृथिव्यौ ( रिहाणे ) रिह कत्थने-शानच् । रेहति, अर्चतिकर्मा-निघ० ३ । १४ । अर्चन्त्यौ । स्तुवाने ( जाम्यै ) अ० १ । ४ । १ । भगिनीवत्सहायभूतायै प्रजायै ( धुर्यम् ) धुरं वहतीति । धुरो यड्ढकौ । पा० ४ । ४ । ७७ । इति धुर्-यत् । धुरन्धरम् । श्रेष्ठम् ( पतिम् ) पालकं परमात्मानम् । मोक्षपदं वा ( आ ईरयेथाम् ) अव गमयतं युवाम् ॥

क्षाम् । अत्रं । मही इति । रोधचक्रे इति रोध-चक्रे । वावृधेते इति ॥ ५ ॥

भाषार्थ—( तत् ) उस कारण से ( पृथुज्मन् ) हे विस्तृत गतिवाले परमात्मन् ! ( ते ) तेरे लिये ( उ ) ही ( कविः ) मैं बुद्धिमान् पुरुष ( काव्येन ) बुद्धिमत्ता के साथ ( सु ) सुन्दर रीति से ( महत् ) बहुत बहुत ( नमः ) नमस्कार ( कृणोमि ) करता हूं । ( यत् ) जिससे ( सम्यञ्चौ ) आपस में मिले हुये ( अभियन्तौ ) सब ओर गति वाले [ दोनों लोक अर्थात् ] ( मही ) विशाल ( रोधचक्रे ) [ प्राणियों को ] रोकने के कर्म वाले [ सूर्य पृथिवी अर्थात् ऊंचे नीचे लोक ] ( क्षाम अभि ) हमारे निवास, उद्योग, वा ऐश्वर्य के लिये ( अत्र ) यहां पर ( वावृधेते ) बढ़ते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य विज्ञान पूर्वक परम पिता जगदीश्वर का धन्यवाद करें उसने हमारे ऐश्वर्य के लिये संसार में अनेक पदार्थ रचे हैं ॥ ५ ॥

**सप्त मर्यादाः कवयस्ततक्षुस्तासामिदेकामभ्यंहुरो गात् ।**
**आयोर्ह स्कम्भ उपमस्य नीडे पथां विसर्गे धरुणेषु तस्थौ ॥ ६ ॥**

---

५—( तत् ) तस्मात्कारणात् ( उ ) निश्चयेन ( सु ) सुन्दररीत्या ( ते ) तुभ्यम् ( महत् ) बृहत् ( पृथुज्मन् ) सर्वधातुभ्यो मनिन् । उ० ४ । १४५ । इति पृथु+अज गतिक्षेपणयोः—मनिन्, अकारलोपः । हे परिज्मन् विस्तीर्णगते परमात्मन् ( नमः ) नमस्कारम् ( कविः ) अहं मेधावी ( काव्येन ) अ० ४ । १ । ६ स्तुत्यकर्मणा । यद्वा । गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च । पा० ५ । १ । १२४ । इति कवि—ष्यञ् । कविकर्मणा । बुद्धिमत्तया ( कृणोमि ) करोमि ( यत् ) यस्मात्कारणात् सम्यञ्चौ संगच्छमानौ ( अभियन्तौ ) सर्वतो गच्छन्तौ द्यौलोकौ ( अभि ) प्रति ( क्षाम् ) अन्येष्वपि दृश्यते पा० ३ । २ । १०१ । इति क्षि निवासगत्योः, ऐश्वर्येच—ड, टाप् । क्षा पृथिवीनाम—निघ० १ । १ । निवासं गतिम् ऐश्वर्यंवा (अत्र) अस्मिन् लोके (मही) महत्यौ ( रोधचक्रे ) भावे । पा० ३।३।१८। रुधिर् आवरणे—घञ् । घञर्थे कविधानम् । वा० पा० ३ । ३ । ५८ । इति डुकृञ् करणे-क, । द्वित्वम् । चक्रं करणम् । रोधचक्राः, नदीनाम—निघ० १,१३ । रोधस्य प्राणिनिरोधस्य चक्रं करणं कृतिर्ययोस्ते द्यावापृथिव्यौ ( वावृधेते ) वृधु वृद्धौ लटि छान्दसं रूपम् । वर्धेते ॥

सप्त । मर्यादाः । कवयः । ततक्षुः । तासाम् । इत् । एकाम् । अभि । अंहुरः । गात् । आयोः । ह । स्कम्भः । उपमस्य । नीडे । पथाम् । वि-सर्गे । धरुणेषु । तस्थौ ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( कवयः ) ऋषि लोगों ने ( सप्त ) सात ( मर्यादाः ) मर्यादायें [ कुमर्यादायें ] ( ततक्षुः ) ठहरायी हैं, ( तासाम् ) उनमें से ( एकाम् ) एक पर ( इत् ) भी ( अभि गात् ) चलता हुआ पुरुष ( अंहुरः ) पापवान् [होता है ] [ क्योंकि ] ( आयोः ) मार्ग [ सुमार्ग ] का ( स्कम्भः ) थांभने वाला पुरुष ( ह ) ही ( पथाम् ) उन मार्गों ( कुमार्गों के ( विसर्गे ) त्यागपर ( उपमस्य ) समीपवर्ती वा सब के निर्माता परमेश्वर के ( नीडे ) धाम के भीतर ( धरुणेषु ) धारण सामर्थ्यों में ( तस्थौ ) स्थितहुआ है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य निषिद्ध कर्मों से पापी होकर दुःख, और विहित कर्मों के करने से सुकर्मी होकर परमेश्वर की व्यवस्था से सुख पाते हैं ॥ ६ ॥

इस मन्त्र के पूर्वार्ध की व्याख्या भगवान् यास्क ने—निरु० ६ । २७ में इस प्रकार की है—[ सप्तैव ] सात ही [ मर्यादाः ] मर्यादायें [ कवयः ] ऋषियों ने [ चक्रुः ] बनायी हैं, [ तासाम् ] उनमें से [ एकामपि ] एकपर भी [ अभि ग[illegible] चलता हुआ [ अंहस्वान् भवति ] पापी होता है । [ स्तेयम् ] चोरी

---

६—( सप्त ) सप्त संख्याकाः ( मर्यादाः ) मर्य+आ—दा ग्रहणे—अच् यद्वा । परि+आ—दा—अङ् परस्य मः, टाप् । मर्यादा मर्यैरादीयते, मर्यादा=मर्यादिनोर्विभागः—निरु० ४ । २ । कुमर्यादाः—इत्यर्थः ( कवयः ) ऋषयः ( ततक्षुः ) तक्षतिः करोति कर्मा—निरु० ४ । १६ । कृतवन्तः ( तासाम् ) मर्यादानां मध्ये ( इत् ) अपि ( एकाम् ) मर्यादाम् ( अंहुरः ) भृमृशीङ्० । उ० १ । ७ । इति अम रोगे पीडने—उ, हुक् च, रोमत्वर्थीयः । अंहस्वान्—निरु० ६ । २७ । पापवान् भवति ( अभि गात् ) अभि गच्छन्—निरु० । ६ । ७ । ( आयोः ) छन्दसीणः । उ० १ । २ । इति इण् गतौ—उण् । आयुः, अन्ननाम—निघ० २ । ७ । आयोरयनस्य मनुष्यस्य ज्योतिषो वोदकस्य वा—निरु० १० । ४१ । अयनस्य सुमार्गस्य ( ह ) एव ( स्कम्भः ) स्कन्भु स्तम्भे रोधन इत्यर्थः—पचाद्यच् । स्कम्भयिता आलम्बकः । धारकः ( उपमस्य ) अन्येष्वपि दृश्यते । पा० ३ । २ । १०१ । इति उप+माङ् माने—ड । उपमे, अन्तिकनाम—निघ० २ । १६ । समीपभूतस्य

( तल्पारोहणम् ) व्यभिचार, [ ब्रह्महत्याम् ] ब्रह्महत्या, [ भ्रूणहत्याम् ] गर्भहत्या [ सुरापानम् ] सुरापान, [ दुष्कृतस्य कर्मणः पुनः पुनः सेवाम् ] दुष्ट कर्म का बार बार सेवन, और [ पातकेऽनृतोद्यम् ] पातक लगाने में झूंठ बोलना [ इति ] यह सात मर्यादा बताई हैं ॥

यह मन्त्र ऋग्वेद में है—म० १० सू० ५ । म० ६ ॥

उतामृतासुर्व्रत एमि कृण्वन्नसुरात्मा तन्वं१स्तत् सुमद्गुः । उत वा शक्रो रत्नं दधात्यूर्जया वा यत् सचते हविर्दाः ॥ ७ ॥

उत । अमृत-असुः । व्रतः । एमि । कृण्वन् । असुः । आत्मा । तन्वः । तत् । सुमत्-गुः । उत । वा । शक्रः । रत्नम् । दधाति । ऊर्जया । वा । यत् । सचते । हविः-दाः ॥ ७ ॥

भावार्थ—( अमृतासुः ) अमर बुद्धि वा प्राण वाला, ( व्रतः ) उत्तम कर्म वाला मैं ( कृण्वन् ) कर्म करता हुआ ( उत ) ही ( एमि ) चलता हूं, ( तत् ) तब (असुः) मेरी बुद्धि ( आत्मा ) आत्मा और ( तन्वः=तनूः ) देह (सु[illegible]), उत्तम मनन शील वा तृप्ति कारक विद्या युक्त [ होता है ] ( उत ) और ( वा ) अवश्य ( शक्रः ) शक्तिमान् परमेश्वर ( रत्नम् ) रत्न (दधाति ) देता है, ( यत् )

---

सर्वनिर्मातुर्वा परमेश्वरस्य ( नीडे ) नितरामीड्यते स्तूयते स नीडः । नि+ईड स्तुतौ—घञ् । गृहे—निघ० ३ । ४ । धाम्नि (पथाम्) कुमार्गाणामित्यर्थः (विसर्गे) त्यागे ( धरुणेषु ) अ० ३ । १२ । धारयितृषु सामर्थ्येषु ( तस्थौ ) स्थितवान् ॥

७—( उत ) अपि ( अमृतासुः ) म० १ । अनष्टबुद्धिः । अनश्वरप्राणः ( व्रतः ) व्रतं कर्मनाम—निघ०—२ । १ । अर्शआद्यच् । प्रशस्तकर्मवान् ( एमि ) प्राप्नोमि ( कृण्वन् ) कर्माणि कुर्वन् ( असुः ) म० १ । प्राणः । प्रज्ञा ( आत्मा ) अ० १ । १८ । ३ । जीवः ( तन्वः ) एकवचनस्य बहुवचनम् । तनूः, देहः ( तत् ) तदा ( सुमद्गुः ) सु+मन ज्ञाने—क्विप्, यद्वा मद तर्पणे—क्विप् । गौः, वाङ् नाम—निघ० १ । ११ । सुमत् प्रशस्तमनना तर्पिका वा गौर्वाग् यस्य सः ( वा ) अवधारणे ( शक्रः ) अ० २ । ५ । ४ । इन्द्रः परमात्मा ( रत्नम् )

जब ( हविर्दाः ) भक्ति का देने वाला पुरुष ( ऊर्जया ) बल के साथ (वा) निश्चय करके [ उसको ] ( सचते ) सेवता है ॥ ७ ॥

भावार्थ—पुरुषार्थी मनुष्य सब प्रकार सावधान होकर परमेश्वर की भक्ति से संसार में अनेक सुख प्राप्त करते हैं ॥ ७ ॥

**उ॒त पु॒त्रः पि॒तरं॑ क्ष॒त्रमी॑डे ज्ये॒ष्ठं म॒र्याद॑मह्वयन्त्स्व॒स्तये॑।**
**दर्श॒न् नु ता व॑रुण॒ यास्ते॑ वि॒ष्ठा आ॒वर्व्र॑ततः कृ॒णवो॒ वपूं॑षि ॥ ८ ॥**

उ॒त । पु॒त्रः । पि॒तर॑म् । क्ष॒त्रम् । ई॒डे॒ । ज्ये॒ष्ठम् । म॒र्याद॑म् । अ॒ह्व॒य॒न् । स्व॒स्तये॑ । दर्श॑न् । नु । ताः । व॒रु॒ण॒ । याः । ते॒ । वि॒-स्थाः । आ॒-वर्व्र॑ततः । कृ॒णवः॑ । वपूं॑षि ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( पुत्रः ) मैं पुत्र ( पितरम् ) पालन कर्ता पिता परमेश्वर से ( उत ) ही ( क्षत्रम् ) धन ( ईडे ) मांगता हूं। ( ज्येष्ठम् ) अत्यन्त वृद्ध ( मर्यादम् ) मर्यादा वाले परमात्मा को ( स्वस्तये ) आनन्द के लिये ( अह्वयन् ) [ ऋषियों ने ] आवाहन किया है। ( वरुण ) हे वरणीय परमेश्वर! ( याः ) जो ( ते ) तेरी ( विष्ठाः ) व्यवस्थायें हैं ( ताः ) उन्हें ( नु ) शीघ्र ( दर्शन् )

---

रमणीयं धनम् ( दधाति ) ददाति ( ऊर्जया ) अ० ४ । २५ । ४ । पराक्रमेण ( यत् ) यदा ( सचते ) सेवते ( हविर्दाः ) हविषो भक्तेर्दाता ॥

८—( उत ) निश्चयेन ( पुत्रः ) अ० १ । ११ । ५ । कुलशोधकः सुतः ( पितरम् ) पातारम् । जनकम् ( क्षत्रम् ) अ० २ । १५ । ४ । धनम्—निघ० २ । १० । ( ईडे ) याचामि—निरु० ७ । १५ । याचे (ज्येष्ठम्) प्रवृद्धतमम् ( मर्यादम् ) मर्यादा—अर्श आद्यच् । मर्यादावन्तम् । परमेश्वरम् ( अह्वयन् ) ह्वेञ्—लङ् । आहूतवन्तः कवयः ( स्वस्तये ) अ० १ । ३० । २ । आनन्दाय ( दर्शन् ) पश्यन्तु ( नु ) क्षिप्रम् [ताः] ( वरुण ) हे वरणीय परमात्मन् ( याः ) ( ते ) तव ( विष्ठाः ) अ० ४ । १ । १ । व्यवस्थाः ( आवर्व्रततः ) आङ्+वृतु वर्तने । यङ्लुगन्तात्-शतृ, छान्दसं रूपम् । आवर्वृततः । समन्ताद् बहुवर्तनशीलस्य संसारस्य (कृणवः) कृवि हिंसाकरणयोः गतौ च—लेटि मध्यमपुरुषः लेटोऽडाटौ । पा० ३

घे लोग देखें, ( आवर्ततः ) यथावत् अनेक प्रकार घूमनेवाले [ संसार ] के ( वपूंषि ) रूपों को ( कृणवः ) तू प्रकट कर ॥ ८ ॥

भावार्थ—जैसे मनुष्य पिता से मर्यादा पूर्वक पैतृक धन प्राप्त करके प्रसन्न होते हैं वैसे ही सब लोग परमात्मा के रचे पदार्थों से उपकार लेकर आनन्द पावें ॥ ८ ॥

अर्धमर्धेन पयसा पृणक्ष्यर्धेन शुष्म वर्धसे असुर । अविं वृधाम शग्मियं सखायं वरुणं पुत्रमदित्या इषिरम् । कविशस्तान्यस्मै वपूंष्यवोचाम रोदसी सत्यवाचा ॥९॥

अर्धम् । अर्धेन । पयसा । पृणक्षि । अर्धेन । शुष्म । वर्धसे । असुर । अविम् । वृधाम । शग्मियम् । सखायम् । वरुणम् । पुत्रम् । अदित्याः । इषिरम् । कवि-शस्तानि । अस्मै । वपूंषि । अवोचाम । रोदसी इति । सत्य-वाचा ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( शुष्म ) हे बलवान् ! ( असुर ) हे किसी से न घेरे गये परमेश्वर ! ( अर्धम् ) बढ़े हुये संसार को ( अर्धेन ) बढ़े हुये ( पयसा ) अपने व्यापकपन से ( पृणक्षि ) तू संयुक्त करता है और उस ( अर्धेन ) बढ़े हुये [ व्यापकपन ] से ( वर्धसे ) तू बढ़ता है। ( अविम् ) रक्षक, ( शग्मियम् )

---

४ । ९४ । इति अट् । इतश्च लोपः परस्मै पदेषु । पा० ३ । ४ । ९७ । इति इकार लोपः । त्वम् आविष्कुर्याः ( वपूंषि ) म० २ । रूपाणि ॥

९—( अर्धम् ) ऋधु वृद्धौ-घञ् । अर्धो हरतेर्विपरीतादारयतेर्वा स्याद् उद्धृतं भवत्यृध्नोतेर्वा स्यादृद्धतमो विभागः-निरु० । ३ । २० । प्रवृद्धं संसारम् ( अर्धेन ) प्रवृद्धेन ( पयसा ) पय गतौ-असुन् । स्वगमनेन स्वव्याप्त्या ( पृणक्षि ) पृची सम्पर्चने । संयोजयसि ( अर्धेन ) प्रवृद्धेन व्यापकत्वेन ( शुष्म ) अ० १ । १२ । ३ । शुष्मम्=बलम्-निघ० २ । ९ । ततोऽर्श आद्यच् । हे बलवन् ( वर्धसे ) प्रवृद्धो भवसि ( असुर ) षुर संवेष्टने-क । हे अवेष्टित । हे अहिंसित ( अविम् ) ३ । १७ । ३ । रक्षकम् ( वृधाम ) वर्धयाम प्रशंसाम ( शग्मियम् ) युजिरुचितिजां कुश्च । उ० १ । १४६ । इति शकेर्मक्, कस्य गः । शग्मं सुखम्-निरु० ३ । ६ । ततो घः । सुखवन्तम् ( सखायम् ) मित्रम् ( वरुणम् ) वरणीयम् ( पुत्रम् ) म०

सुखवान्, ( सखायम् ) सब के मित्र, ( वरुणम् ) सब में श्रेष्ठ, ( पुत्रम् ) सब के शुद्ध करने हारे, और ( अदित्याः ) अखण्ड प्रकृति के ( इषिरम् ) चलाने वा देखने वाले परमेश्वर को ( वृधाम ) हम बड़ा मानें। ( कविशस्तानि ) बुद्धिमानों से बड़े माने गये ( वपूंषि ) रूपों को ( अस्मै ) इस [ परमेश्वर ] के लिये ( अवोचाम ) हम ने कथन किया है, ( रोदसी ) सूर्य और पृथिवी दोनों ( सत्यवाचा ) सत्य बोलने वाले हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—परमेश्वर सब संसार में सर्वथा भर पूर है, वही महाबली प्रत्येक परमाणु में संयोग वियोग शक्ति देकर संसार को रचता है। उसकी महिमा सब बुद्धिमान् लोग गाते हैं जो सूर्य और पृथिवी अर्थात् ऊंचे नीचे और प्रकाशमान अप्रकाशमान लोकों से प्रकट है ॥६॥

---

सूक्तम् २ ॥

१-९ ॥ इन्द्रो देवता । त्रिष्टुप् छन्दः ॥

परमेश्वर गुणोपदेशः—परमेश्वर के गुणों का उपदेश।

तदिदा॑स॒ भुव॑नेषु॒ ज्येष्ठं॒ यतो॑ ज॒ज्ञ उ॒ग्रस्त्वे॒षनृ॑म्णः ।
स॒द्यो ज॑ज्ञा॒नो नि रि॑णाति॒ शत्रू॒ननु॒ यदे॑नं॒ मद॑न्ति॒ विश्व॒ ऊमाः॑ ॥ १ ॥

तत् । इत् । आस॒ । भुव॑नेषु । ज्येष्ठ॑म् । यतः॑ । ज॒ज्ञे । उ॒ग्रः । त्वे॒ष-नृ॑म्णः । स॒द्यः । ज॒ज्ञा॒नः । नि । रि॒णा॒ति॒ । शत्रू॑न् । अनु॑ । यत् । ए॒न॒म् । मद॑न्ति । विश्वे॑ । ऊमाः॑ ॥ १ ॥

---

६ । ११ । ५ । शोधकम् ( अदित्याः ) अ० २ । २८ । ४ । अखण्डायाः प्रकृतेः ( इषिरम् ) इषिमदिमुदि० । उ० । १ । ५१ । इति इषु इच्छायाम्-किरच्। यद्वा ईष गतौ, दर्शने च-किरच्। ह्रस्वश्च । इषिरेण ..ईषणेन वैषणेन वार्षणेन वा-निरु० । ५ । ७ । गमयितारम् । दर्शकं परमात्मानाम् ( कविशस्तानि ) मेधाविभिःस्तुतानि ( अस्मै ) परमेश्वराय ( वपूंषि ) रूपाणि, स्वभावान् ( अवोचाम ) वच वा ब्रूञ्-लुङ् । वयमुक्तवन्तः ( रोदसी ) अ० । ४ । १ । ४ । भूतानां रोधनशीले द्यावापृथिव्यौ ( सत्यवाचा ) सत्यवाचौ सत्यकथनशीले स्तः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( तत् ) विस्तीर्ण ब्रह्म ( इत् ) ही ( भुवनेषु ) लोकों के भीतर ( ज्येष्ठम् ) सब में उत्तम और सब में बड़ा ( आस ) प्रकाशमान हुआ ( यतः ) जिस ब्रह्म से ( उग्रः ) तेजस्वी ( त्वेषनृम्णः ) तेजोमय बल या धन वाला पुरुष ( जज्ञे ) प्रकट हुआ। ( सद्यः ) शीघ्र ( जज्ञानः ) प्रकट होकर ( शत्रून् ) गिराने वाले विघ्नों को ( नि रिणाति ) नाश कर देता है। ( यत् ) जिससे ( एनम् अनु ) इस [ परमात्मा ] के पीछे पीछे ( विश्वे ) सब ( ऊमाः ) परस्पर रक्षक लोग ( मदन्ति ) हर्षित होते हैं ॥१॥

भावार्थ—आदि कारण परमात्मा की उपासना से मनुष्य वीर होकर शत्रुओं को मारता है जिसके कारण सब लोग प्रसन्न होते हैं। उस जगदीश्वर की उपासना सब लोग किया करें ॥१॥

यह सूक्त कुछ भेद से ऋग्वेद में है—म० १० सू० १२० । वहां बृहद्दिव आथर्वण ऋषि हैं। यह मन्त्र कुछभेद से यजु० में है—अ० ३३ म० ८० ॥

**वावृधानः शवसा भूर्योजाः शत्रुर्दासाय भियसं दधाति।**
**अव्यनच्च व्यनच्च सस्नि सं ते नवन्त प्रभृता मदेषु ॥२॥**

**वावृधानः। शवसा। भूरि-ओजाः। शत्रुः। दासाय। भियसम्।**

---

१—( तत् ) विस्तृतं ब्रह्म ( इत् ) एव ( आस ) अस गतिदीप्त्यादानेषु लिट्। दिदीपे ( भुवनेषु ) सत्सु लोकेषु ( ज्येष्ठम् ) प्रशस्ततमम्। वृद्धतमम् ( यतः ) यस्मात् ब्रह्मणः ( जज्ञे ) प्रादुर्बभूव ( उग्रः ) प्रचण्डः। तेजस्वी ( त्वेषनृम्णः ) त्विष दीप्तौ—घञ्। नृम्णं बलनाम—निघ० २। ९। धननाम—निघ० २। १०। नृम्णं बलं नॄन् नतम्—निरु० ११। ९। नृनमन शब्दस्य वर्णलोपादौ नृम्णमिति रूपम्। त्वेषः कान्तिर्नृम्णं बलं धनं वा यस्य सः। तेजोबलः। तेजोधनः पुरुषः ( सद्यः ) शीघ्रम् ( जज्ञानः ) जनेर्लिटः कानच्। जातः सन् ( नि ) नितराम् ( रिणाति ) री गतिरेषणयोः। हिनस्ति ( शत्रून् ) शातयितॄन्। विघ्नान् ( अनु ) अनुसृत्य। पश्चात् ( यत् ) यस्मात्कारणात् ( एनम् ) परमात्मानम् ( मदन्ति ) हृष्यन्ति ( विश्वे ) सर्वे ( ऊमाः ) अविसिविसिशुषिभ्यः कित्। उ० १। १४४। इति अव रक्षणे—मन्। ज्वरत्वरस्रिव्यवि। पा० ६। ४। २०। इति ऊठ्। रक्षादिकर्मकर्तारः पुरुषाः ॥

दुधाति । अवि-अनत् । च । वि-अनत् । च । संस्नि । सम् । ते । नुवन्त । प्र-भृता । मदेषु ॥ २ ॥

भाषार्थ—( शवसा ) बल से ( वावृधानः ) बढ़ता हुआ, ( भूर्योजाः ) महाबली, ( शत्रुः ) हमारा शत्रु ( दासाय ) दानपात्र दास को ( भियसम् ) भय ( दधाति ) देता है। ( अव्यनत् ) गतिशून्य, स्थावर, ( च ) और ( व्यनत् ) गतिवाला जङ्गम जगत् ( च ) निश्चय करके [ परमात्मा में ] ( सस्नि ) लपेटा हुआ है, ( प्रभृता ) अच्छे प्रकार पुष्ट किये हुये प्राणी ( मदेषु ) आनन्दों में ( ते ) तेरी ( सम् नवन्त=०-न्ते ) यथावत् स्तुति करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—सर्व शक्तिमान् परमेश्वर समस्त जगत् में व्यापक होकर सब को धारण करता है। उसी की महिमा को जानकर सब मनुष्य पुरुषार्थ पूर्वक अपने विघ्नों का नाश करके प्रसन्न होवें ॥२॥

त्वे क्रतुमपि पृञ्चन्ति भूरि द्विर्यदे॒ते त्रिर्भवन्त्यूमाः । स्वादोः स्वादीयः स्वादुना सृजा समदः सु मधु मधु-नाभि योधीः ॥ ३ ॥

---

२—( वावृधानः ) वृधु—कानच्। वर्धमानः ( शवसा ) श्वेः सम्प्रसारणं च। उ० ४। १५३। इति टुओश्वि गतिवृद्धयोः—असुन्। शवः=बलम्—निघ० २। ६। बलेन ( भूर्योजाः ) बहुबलः ( शत्रुः ) शातयिता। रिपुः। विघ्नः ( दासाय ) दासृ दाने—घञ्। दानपात्राय सेवकाय ( भियसम् ) ञिभी भये—असच्। भयम् ( दधाति ) ददाति ( अव्यनत् ) अ+वि+अन प्राणने, गतौ च—शतृ। अनिति गतिकर्मा—निघ० २। १४। गतिशून्यं स्थावरं जगत् ( च ) ( व्यनत् ) विविधं गतिवज्जङ्गमं जगत् ( च ) अवधारणे ( सस्नि ) आदृगमहनजनः किकिनौ लिट् च। पा० ३। २। १७१। ष्णै वेष्टने—किन्। यद्वा, ष्णा शौचे—किन्। आतो लोप इटि च। पा० ६। ४। ६४। आकारलोपः। सस्निं मेघं संस्नातम्—निरु० ५। १। परमात्मनि वेष्टितम् ( ते ) तुभ्यम् ( सम् नवन्त ) छान्दसमात्मने पदं लङि रूपम्। नवते गतिकर्मा—निघ० २। १४। नवन्ते नुवन्ति। सम्यक् स्तुवन्ति, संगच्छन्ते वा ( प्रभृता ) प्रभृतानि प्रकर्षेण भृतानि पोषितानि वा ( मदेषु ) हर्षेषु ॥

त्वे इति । क्रतुम् । अपि । पृञ्चन्ति । भूरि । द्विः । यत् ।
एते । त्रिः । भवन्ति । ऊमाः । स्वादोः । स्वादीयः । स्वादुना ।
सृज । सम् । अदः । सु । मधु । मधुना । अभि । योधीः ॥३॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ! ] ( त्वे अपि ) तुझ में ही ( क्रतुम् ) अपनी बुद्धि को ( भूरि ) बहुत प्रकार से [ सब प्राणी ] ( पृञ्चन्ति ) जोड़ते हैं। ( एते ) यह सब ( ऊमाः ) रक्षक प्राणी ( द्विः ) दो बार [ स्त्री पुरुष रूप से ] ( त्रिः ) तीन बार ( स्थान, नाम और जन्म रूप से ) ( भवन्ति ) रहते हैं। ( यत् ) क्योंकि ( स्वादोः ) स्वादु से ( स्वादीयः ) अधिक स्वादु मोक्ष सुख को ( स्वादुना ) स्वादु [ सांसारिक सुख ] के साथ ( सम् सृज ) संयुक्त कर ] ( अदः ) उस ( मधु ) मधुर मोक्ष सुख को ( मधुना ) मधुर [ सांसारिक ज्ञान के साथ ( सु ) भले प्रकार ( अभि ) सब ओर से ( योधीः ) तूने पहुंचाया है ॥३॥

भावार्थ—लिङ्ग रहित आत्मा कभी स्त्री कभी पुरुष होकर अपने कर्मानुसार मनुष्य आदि शरीर, नाम और जाति भोगता है। सब प्राणी परमेश्वर की महिमा जानकर सांसारिक व्यवहार द्वारा मोक्ष सुख प्राप्त करें जैसे कि पूर्वज ऋषियों ने वेद द्वारा प्राप्त किया है ॥ ३ ॥

यदि चिन्नु त्वा धना जयन्तं रणेरणे अनुमदन्ति विप्राः।

३—( त्वे ) सुपां सुलुक्०। पा०। ७। १। ३९। इति विभक्तेः शे आदेशः। त्वयि ( क्रतुम् ) प्रज्ञाम्-निघ० ३। ९। ( अपि ) एव ( पृञ्चन्ति ) पृची सम्पर्के। संयोजयन्ति सर्वे प्राणिनः ( भूरि ) बहुप्रकारेण ( द्विः ) द्वित्रिचतुर्भ्यः सुच्। पा० ५। ४। १८। इति सुच्। द्विवारं स्त्रीरूपेण पुंरूपेण च ( यत् ) यस्मात्। ( एते ) दृश्यमानाः ( त्रिः ) त्रि-सुच्। त्रिवारं स्थाननामजन्मरूपेण। धामानि त्रयाणि भवन्ति स्थानानि नामानि जन्मानीति-निरु० ९। २८। ( भवन्ति ) वर्तन्ते ( ऊमाः ) म० १। रक्षकाः ( स्वादोः ) स्वादुनः। प्रियात् ( स्वादीयः ) स्वादु-ईयसुन्। स्वादुतरम्। प्रियतरं मोक्षसुखम् ( स्वादुना ) प्रियेण सांसारिक-सुखेन ( सम् सृज ) संयोजय ( अदः ) तत् ( सु ) सुष्ठु ( मधु ) मधुरं मोक्ष-सुखम् ( मधुना ) मधुरेण सांसारिकज्ञानेन ( अभि ) अभितः ( योधीः ) युध्यति, गतिकर्मा—निघ० २। १४। छान्दसं लुङि रूपम्। अयोत्सीः। त्वं गमितवान् प्रापितवानसि ॥

ओजीयः शुष्मिन्त्स्थिरमा तनुष्व मा त्वा दभन् दुरेवासः कशोकाः ॥ ४ ॥

यदि । चित् । नु । त्वा । धना । जयन्तम् । रणे-रणे । अनु-मदन्ति । विप्राः । ओजीयः । शुष्मिन् । स्थिरम् । आ । तनुष्व । मा । त्वा । दभन् । दुः-एवासः । कशोकाः ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो ( चित् ) निश्चय करके ( विप्राः ) पंडित जन ( रणेरणे ) प्रत्येक रण में ( नु ) शीघ्र ( धना ) धनों को ( जयन्तम् ) जीतने वाले ( त्वा ) तेरे ( अनु मदन्ति ) पीछे पीछे आनन्द पाते हैं। ( शुष्मिन् ) हे बलवन् परमात्मन्! ( ओजीयः ) अधिक बलवान् ( स्थिरम् ) स्थिर मोक्ष सुख ( आ ) सब ओर से ( तनुष्व ) फैला। ( दुरेवासः=दुरेवाः ) दुष्ट गतिवाले ( कशोकाः ) परसुख में शोक करने वाले जन ( त्वा ) तुझ को ( मा दभन् ) न सतावें ॥४॥

भावार्थ—बुद्धिमान् मनुष्य विघ्नों को हटाकर कठिन कठिन कार्य सिद्ध करके स्थिर सुख पाते हैं ॥४॥

त्वया वयं शाशद्महे रणेषु प्रपश्यन्तो युधेन्यानि भूरि। चोदयामि त आयुधा वचोभिः सं ते शिशामि ब्रह्मणा वयांसि ॥ ५ ॥

---

४—( यदि ) सम्भावनायाम् ( चित् ) एव ( नु ) क्षिप्रम् ( त्वा ) त्वाम् ( धना ) धनानि ( जयन्तम् ) जयेन प्राप्नुवन्तम् ( रणेरणे ) सर्वस्मिन् युद्धे ( अनुमदन्ति ) अनुसृत्य हृष्यन्ति ( विप्राः ) मेधाविनः ( ओजीयः ) ओजस्वि-ईयसुन्। विन्मतोर्लुक्। पा० ५। ३। ६५। इति विनो लुक्, टिलोपः। बलवत्तरम् ( शुष्मिन् ) हे बलवन् ( स्थिरम् ) निश्चलं मोक्षसुखम् ( आ ) समन्तात् ( तनुष्व ) विस्तारय ( मा दभन् ) मा हिंसन्तु ( त्वा ) त्वाम् ( दुरेवासः ) इण्शीभ्यां वन्। उ० १। १५२। इति दुर्+इण् गतौ—वन्, असुक्। दुर्गतयः पुरुषाः ( कशोकाः ) कं सुखम्—निघ० ३। ६। के परसुखे शोकः खेदो येषां ते॥

त्वया । वयम् । शाशद्महे । रणेषु । प्र-पश्यन्तः । युधेन्यानि । भूरि । चोदयामि । ते । आयुधा । वचः-भिः । सम् । ते । शिशामि । ब्रह्मणा । वयांसि ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(भूरि) बहुत से (युधेन्यानि) युद्धों को (प्रपश्यन्तः) देखते हुये (वयम्) हम लोग (त्वया) तेरे साथ (रणेषु) रणक्षेत्रों में [शत्रुओं को] (शाशद्महे) मार गिराते हैं। (ते) तेरे (वचोभिः) वचनों से (आयुधा) अपने शस्त्रों को (चोदयामि) मैं आगे बढ़ाता हूं और (ते) तेरे (ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञान से (वयांसि) अपने जीवनों को (सम्) यथावत् (शिशामि) तीक्ष्ण करता हूं॥ ५ ॥

भावार्थ—शूर वीर मनुष्य परमेश्वर में विश्वास करके पुरुषार्थ पूर्वक बड़े बड़े कार्य सिद्ध करते हैं ॥ ५ ॥

नि तद् दधिषेऽवरे परे च यस्मिन्नाविथावसा दुरोणे । आ स्थापयत मातरं जिगत्नुमत इन्वत कर्वराणि भूरि ॥ ६ ॥

नि । तत् । दधिषे । अवरे । परे । च । यस्मिन् । आविथ । अवसा । दुरोणे । आ । स्थापयत । मातरम् । जिगत्नुम् । अतः । इन्वत । कर्वराणि । भूरि ॥ ६ ॥

---

५—(त्वया) इन्द्रेण सह (वयम्) उपासकाः (शाशद्महे) शद्लृ शातने यङ्लुकि रूपम्। भृशं शातयामः, नाशयामः शत्रून् (रणेषु) रणक्षेत्रेषु (प्रपश्यन्तः) प्रकर्षेणावलोकयन्तः (युधेन्यानि) वृञ एण्यः। उ० ३। ६८। इति बाहुलकाद् युध सम्प्रहारे-एन्य, स च कित्। युद्धानि (भूरि) भूरीणि बहूनि (चोदयामि) प्रेरयामि (ते) तव (आयुधा) स्वायुधानि (वचोभिः) वचनैः। उपदेशैः (सम्) सम्यक् (ते) तव (शिशामि) शो तनूकरणे-श्यनः श्लुः, इत्वं च। श्यामि, तनूकरोमि (ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञानेन (वयांसि) स्वजीवनानि ॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ] ( अवरे ) छोटे ( च ) और ( परे ) बड़े मनुष्य में ( तत् ) उस [ घर ] को ( नि ) निश्चय करके ( दधिषे ) तू ने पोषण किया है। ( यस्मिन् ) जिस ( दुरोणे ) कष्ट से भरने योग्य घर में ( अवसा ) अन्न से ( आविथ ) तूने रक्षा की है। [ हे मनुष्यो ! ] ( जिगत्नुम् ) सर्व व्यापक ( मातरम् ) माता [ परमेश्वर ] को ( आ ) भली भांति ( स्थापयत ) [ हृदय में ] ठहराओ और ( अतः ) इसी से ( भूरि ) बहुत से ( कर्वराणि ) कर्मों को ( इन्वत ) सिद्ध करो ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की उपासना पूर्वक अन्न आदि पदार्थ प्राप्त करके अपने सब काम सिद्ध करें ॥ ६ ॥

स्तुष्व वर्ष्मन् पुरुवर्त्मानं समृभ्वाणमिनतममाप्तमाप्त्यानाम्। आ दर्शति शवसा भूर्योजाः प्र सक्षति प्रतिमानं पृथिव्याः ॥ ७ ॥

स्तुष्व। वर्ष्मन्। पुरु-वर्त्मानम्। सम्। ऋभ्वाणम्। इनतमम्। आप्तम्। आप्त्यानाम्। आ। दर्शति। शवसा। भूरि-ओजाः। प्र। सक्षति। प्रति-मानम्। पृथिव्याः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—( वर्ष्मन् ) हे ऐश्वर्यवान् पुरुष ! ( पुरुवर्त्मानम् ) बहुत मार्ग

---

६—( नि ) निश्चयेन ( तत् ) दुरोणम् ( दधिषे ) डुधाञ् धारणपोषणयोः—लिट्। पोषितवानसि ( अवरे ) अल्पे जने ( परे ) उत्कृष्टे ( च ) ( यस्मिन् ) ( आविथ ) अवतेर्लिट्। त्वं रक्षितवानसि ( अवसा ) अवः=अन्नम्—निघ० २। ७। तर्पकेणान्नेन ( दुरोणे ) रास्नासास्ना० । उ० ३। १५। इति दुःपूर्वादवतेर्नक्षि टि गुणः। दुरोण इति गृहनाम दुःखा भवन्ति दुस्तर्पाः—निरु० ४। ५। दुस्तर्प्पे गृहे ( आ ) समन्तात् ( स्थापयत ) धारयत हृदये हे जनाः ( मातरम् ) निर्मात्रीं शक्तम्। परमात्मानम् ( जिगत्नुम् ) गमेः सन्वच्च। उ० ३। ३१। इति गम्लृ-गतौ—क्नु। गतिशीलां व्यापिकाम् ( अतः ) अस्मात्कारणात् ( इन्वत ) इवि व्याप्तौ। व्याप्नुत। साधयत ( कर्वराणि ) कृगॄशॄवृञ्चतिभ्यः ष्वरच्। उ० २। १२१। इति डुकृञ् करणे—ष्वरच्। कर्माणि—निघ० २। १। ( भूरि ) भूरीणि ॥

७—( स्तुष्व ) प्रशंस ( वर्ष्मन् ) अ० ३। ४। २। वृष प्रजननैश्वर्ययोः—मनिन्।

वाले ( ऋभ्वाणम् ) दूर दूर तक चमकने वाले, ( इनतमम् ) महा प्रभु और ( आप्त्यानाम् ) आप्त [ यथार्थवक्ता ] पुरुषों में रहने वाले गुणों के ( आप्तम् ) यथार्थवक्ता परमेश्वर की ( सम् ) यथावत् ( स्तुष्व ) स्तुति कर। ( भूर्योजाः ) वह महाबली ( शवसा ) अपने बल से ( आ ) सब ओर ( दर्शति ) देखता है, और वह ( पृथिव्याः ) पृथिवी का ( प्रतिमानम् ) प्रतिमान होकर ( प्र ) भली भांति ( सश्चति ) व्यापता है ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य जगदीश्वर परमात्मा के गुण कर्म स्वभाव विचार कर अपनी उन्नति करें ॥ ७ ॥

( पृथिव्याः प्रतिमानम् ) इसके साथ मिलान करो [ पृथिवीव वरिम्णा ] य० ३।५। वह पृथिवी के समान अपने फैलाव से है ॥

**इमा ब्रह्म बृहद्दिवः कृणवदिन्द्राय शूषमंग्रियः स्वर्षाः। महो गोत्रस्य क्षयति स्वराजा तुरंश्चिद् विश्वमर्णवत् तपस्वान् ॥ ८ ॥**

इमा। ब्रह्म। बृहत्-दिवः। कृणवत्। इन्द्राय। शूषम्। अग्रियः। स्वः-साः। महः। गोत्रस्य। क्षयति। स्व-राजा। तुरः। चित्। विश्वम्। अर्णवत्। तपस्वान् ॥८॥

---

हे ऐश्वर्यवन् मनुष्य ( पुरुवर्त्मानम् ) बहुमार्गवन्तम् ( सम् ) सम्यक् ( ऋभ्वाणम् ) आतो मनिन्क्वनिब्वनिपश्च। पा० ३।२।७४। इति उरु+ भा दीप्तौ यद्वा भू सत्तायाम्-वनिप्, स च डित्। उरुशब्दस्य ऋकारः। ऋभव उरु भान्तीति वा, ऋतेन भान्तीतिवा, ऋतेन भवन्तीतिवा-निरु० ११।१५। उरु-भासनम्। उरुभूतम् ( इनतमम् ) अतिशयेनेश्वरं ( आप्तम् ) आप्लृ-क्त। यथार्थ-वक्तारम् ( आप्त्यानाम् ) आप्त-यत्। आप्तेषु यथार्थज्ञातृषु भवानां गुणानाम् ( आ ) समन्तात् ( दर्शति ) पश्यति ( शवसा ) बलेन ( भूर्योजाः ) महाबलः ( प्र ) प्रकर्षेण ( सश्चति ) षच समवाये-लेटि सिप्। गतिकर्मा-निघ० २।१४। साश्चतिराप्नोतिकर्मा-निरु० ११।२१। व्याप्नोति ( प्रतिमानम् ) माङ् माने-ल्युट्। प्रतिरूपं सत् ( पृथिव्याः ) भूमेः ॥

भाषार्थ—( बृहद्दिवः ) बड़े व्यवहार वा गतिवाला, ( अग्रियः ) अगुआ और ( स्वर्षाः ) स्वर्ग का सेवन करने वाला पुरुष ( इन्द्राय ) परमेश्वर के लिये ( इमा ) इन ( ब्रह्म=ब्रह्माणि ) बड़े स्तोत्रों को ( शूषम् ) अपना बल ( कृणवत् ) बनावे । ( स्वराजा ) वह स्वतन्त्र राजा परमेश्वर ( महः ) बड़े ( गोत्रस्य ) भूपति राजा का ( क्षयति ) राजा है, और वह ( तुरः ) शीघ्र स्वभाव, ( तपस्वान् ) सामर्थ्यवाला परमात्मा ( चित् ) ही ( विश्वम् ) सब जगत् में ( अर्णवत् ) व्यापता है ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य जगदीश्वर परम पिता के गुण जान कर अपना बल बढ़ावें ॥ ८ ॥

एवा महान् बृहद्दिवो अथर्वावोचत् स्वां तन्व१-मिन्द्रमेव । स्वसारौ मातरिभ्वरी अरिप्रे हिन्वन्ति चैने शवसा वर्धयन्ति च ॥ ९ ॥

एव । महान् । बृहत्-दिवः । अथर्वा । अवोचत् । स्वाम् । तन्वम् । इन्द्रम् । एव । स्वसारौ । मातरिभ्वरी इति । अरिप्रे इति । हिन्वन्ति । च । एने इति । शवसा । वर्धयन्ति । च ॥ ९ ॥

८—( इमा ) इमानि ( ब्रह्म ) ब्रह्माणि बृहन्ति स्तोत्राणि ( बृहद्दिवः ) इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः । पा० ३ । १ । १३५ । इति बृहत्+दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारस्तुतिगत्यादिषु—क । बृहद्व्यवहारवान् । महागतिमान् पुरुषः ( कृणवत् ) कृवि हिंसाकरणयोः—लेट् । कुर्यात् ( इन्द्राय ) परमेश्वराय ( शूषम् ) बलनाम-निघ० २ । ९ । स्वबलम् ( अग्रियः ) घच्छौ च । पा० ४ । ४ । ११७ । इति अग्र—घ । अग्रे भवः । श्रेष्ठः ( स्वर्षाः ) जनसनखनक्रम० । पा० ३ । २ । ६७ । इति षण सम्भक्तौ दाने च—विट् । विड्वनोरनुनासिकस्यात् । पा० ६ । ४ । ४१ । इत्यात्वम् । सनोतेरनः । पा० ८ । ३ । १०८ । इति षत्वम् । स्वर्गस्य सम्भक्ता सेवनकर्ता ( महः ) महतः ( गोत्रस्य ) गो+त्रैङ् रक्षणे—क । गोः पृथिव्या रक्षकस्य पुरुषस्य ( क्षयति ) क्षि ऐश्वर्ये । ईष्टे ( स्वराजा ) स्वतन्त्रः स्वामी ( तुरः ) शीघ्रस्वभावः ( चित् ) एव ( विश्वम् ) सर्वं जगत् ( अर्णवत् ) ऋण गतौ—लडर्थे लेट् । अर्णोति । व्याप्नोति ( तपस्वान् ) ऐश्वर्यवान् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( महान् ) महान्, ( बृहद्दिवः ) बड़े व्यवहार वाले, ( अथर्वा ) निश्चल स्वभाव पुरुष ने ( स्वाम् ) अपनी ( तन्वम् ) विस्तृत स्तुति ( इन्द्रम् ) परमेश्वर के लिये ( एव ) ही ( एव ) इस प्रकार से ( अवोचत् ) कही है। ( मातरिभ्वरी ) आकाश में वर्तमान ( स्वसारौ ) अच्छे प्रकार ग्रहण करने वाले वा गति वाले [ वा दो बहिनों के समान सहाय कारी ] दिन और रात ( च ) और ( अरिप्रे ) निर्दोष ( एने ) यह दोनों [ सूर्य और पृथिवी ] ( शवसा ) अपने सामर्थ्य से [ उसी को ] ( हिन्वन्ति ) प्रसन्न करती ( च ) और ( वर्धयन्ति ) सराहती हैं ॥६॥

भावार्थ—हम से पहिले ऋषियों ने भी उसी परमात्मा की स्तुति की है, और दिन रात आदि काल और सूर्य पृथिवी आदि सब लोक उसी के आज्ञा कारी हैं ॥६॥

सूक्तम् ३ ॥

१-११ ॥ विश्वे देवा देवताः ॥ १-८, ११ त्रिष्टुप्, १० जगती ॥

रक्षोपायोपदेशः—रक्षा के उपाय का उपदेश ॥

ममाग्ने वर्चो विहवेष्वस्तु वयं त्वेन्धानास्तन्वं पुषेम ।

---

६—( एव ) एवम् ( महान् ) गुणैरधिकः ( बृहद्दिवः ) म० ८। बृहद्व्यवहारवान् ( अथर्वा ) अ० ४। १। ७। निश्चलो मनुष्यः ( अवोचत् ) वचेर्लुङ्। प्रोक्तवान् ( स्वाम् ) आत्मीयाम् ( तन्वम् ) विस्तृतां स्तुतिम्, इति सायणः—ऋ० १०। १२०। ६ ( इन्द्रम् ) परमेश्वरं प्रति ( एव ) निश्चयेन ( स्वसारौ ) स्वसा सु असा स्वेषु सीदतीति वा—निरु० ११। ३२। सावसे-ऋन्। उ० २। ९६। इति सु+असु क्षेपणे, यद्वा अस दीप्तौ, ग्रहणे, गतौ, सत्तायां च—ऋन्। सुष्ठु ग्रहणशीले गतिशीले वा यद्वा भगिन्यौ यथा सह दृश्यमाने। अहोरात्रौ ( मातरिभ्वरी ) अन्येभ्योऽपि दृश्यन्ते। पा० ३। २। ७५। इति मातरि+भू सत्तायाम्—वनिप्, स च डित्। वनो र च। पा० ४। १। ७। इति ङीब्रेफौ। वा छन्दसि। पा० ६। १। १०६। इति जसि पूर्वसवर्णदीर्घः। मातर्यन्तरिक्षे [ निरु० ७। २६ ] वर्तमाने ( अरिप्रे ) रप व्यक्तायां वाचि—रक्। रपो रिप्रमिति पापनामनी भवतः—निरु० ४। २१। निर्दोषे ( हिन्वन्ति ) हिवि प्रीणने। प्रीणयन्ति तर्पयन्ति ( च ) समुच्चये ( एने ) दृश्यमाने द्यावापृथिव्यौ ( शवसा ) स्वसामर्थ्येन ( वर्धयन्ति ) स्तुवन्ति ( च ) समुच्चये ॥

मह्यं नमन्तां प्रदिशश्चतस्रस्त्वयाध्यक्षेण पृतना जयेम ॥१॥

मम॑ । अ॒ग्ने॒ । वर्चः॑ । वि॒ऽह॒वेषु॑ । अ॒स्तु॒ । व॒यम् । त्वा॒ । इ॒न्धा॒नाः । त॒न्व॑म् । पु॒षे॒म॒ । मह्य॑म् । न॒म॒न्ता॒म् । प्र॒ऽदिशः॑ । चत॑स्रः । त्वया॑ । अधि॑ऽअ॒क्षेण॑ । पृत॑नाः । ज॒ये॒म॒ ॥ १ ॥

भाषार्थ—( अग्ने ) हे सर्वव्यापक परमात्मन् ! ( विहवेषु ) संग्रामों में ( मम ) मेरा ( वर्चः ) प्रकाश ( अस्तु ) होवे । ( वयम् ) हम लोग ( त्वा ) तुझको ( इन्धानाः ) प्रकाशित करते हुये ( तन्वम् ) अपना शरीर ( पुषेम ) पोषें । ( चतस्रः ) चारों ( प्रदिशः ) बड़ी दिशायें ( मह्यम् ) मेरे लिये ( नमन्ताम् ) नमें, ( त्वया ) तुझ ( अध्यक्षेण ) अध्यक्ष के साथ ( पृतनाः ) संग्रामों को ( जयेम ) हम जीतें ॥१॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर में विश्वास करके अपने सब बाहिरी और भीतरी शत्रुओं को जीत कर आनन्द भोगें ॥१॥

इस सूक्त के मन्त्र १—५,६ का पूर्वार्ध, ७ का उत्तरार्ध, ८—१० कुछ भेद से ऋग्वेद में हैं—म० १० सू० १२८ ॥

अग्ने॑ म॒न्युं प्र॑ति॒नुदन् परे॑षां॒ त्वं नो॑ गो॒पाः परि॑ पाहि वि॒श्वतः॑ । अपा॑ञ्चो यन्तु नि॒वता॑ दुर॒स्यवो॒ऽमैषां॑ चि॒त्तं प्र॒बुधां॒ वि ने॑शत् ॥ २ ॥

अग्ने॑ । म॒न्युम् । प्र॒ति॒ऽनुदन् । परे॑षाम् । त्वम् । नः॒ । गो॒पाः ।

१—( मम ) ( अग्ने ) हे सर्वव्यापक परमात्मन् ( वर्चः ) प्रकाशः ( विहवेषु ) ह्वः सम्प्रसारणं च न्यभ्युपविषु । पा० ३ । ३ । ७२ । इति वि+ह्वेञ् आह्वाने—अप् । शूराणामाह्वानस्थानेषु संग्रामेषु ( अस्तु ) ( वयम् ) ( त्वा ) त्वाम् ( इन्धानाः ) इन्धेः—शानच् । दीपयन्तः ( तन्वम् ) स्वशरीरम् ( पुषेम ) पोषयेम ( मह्यम् ) मदर्थम् ( नमन्ताम् ) प्रह्वीभवन्तु ( प्रदिशः ) प्रकृष्टा दिशाः।तद्वासिनो जना इत्यर्थः ( चतस्रः ) ( त्वया ) ( अध्यक्षेण ) अधि+अक्षू व्याप्तौ—अच् । ईश्वरेण ( पृतनाः ) संग्रामान्—निघ०—२ । १७ । ( जयेम ) अभिभवेम ॥

परि । पाहि । विश्वतः । अपाञ्चः । यन्तु । नि-वता । दुः-स्यवः । अमा । एषाम् चित्तम् । प्र-बुधाम् । वि । नेशत् ॥२॥

भाषार्थ—( अग्ने ) हे सर्वव्यापक परमेश्वर ! ( परेषाम् ) शत्रुओं के ( मन्युम् ) क्रोध को ( प्रतिनुदन् ) हटाता हुआ, ( गोपाः ) रक्षक, ( त्वम् ) तू ( नः ) हम लोगों को ( विश्वतः ) सब प्रकार से ( परिपाहि ) बचाले ( अपाञ्चः ) दूर हटे हुये ( दुरस्यवः ) अनिष्ट चिंतक लोग ( निवता ) नीचे की ओर से ( यन्तु ) चले जावें और ( अमा ) अपने घर में ( प्रबुधाम् ) जागने वाले ( एषाम् ) इन लोगों का ( चित्तम् ) चित्त ( विनेशत् ) नष्ट हो जावे ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न करें कि शत्रु लोग भाग जावें और अपने घर पर भी दुष्टता का विचार न करें ॥ २ ॥

**ममं देवा विहुवे संन्तु सर्वं इन्द्रंवन्तो मुरुतो विष्णुंरुग्निः । ममान्तरिक्षमुरुलोंकमस्तु मह्यं वातः पवतां कामायास्मै ॥ ३ ॥**

ममं । देवाः । वि-हुवे । सन्तु । सर्वे । इन्द्रं-वन्तः । मुरुतः । विष्णुः । अग्निः । ममं । अन्तरिक्षम् । उरु-लोकम् । अस्तु । मह्यम् । वातः । पवताम् । कामाय । अस्मै ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( सर्वे ) सब ( देवाः ) चाहने योग्य गुण ( विहवे ) संग्राम में

---

२—( अग्ने ) हे सर्वव्यापक परमात्मन् ( मन्युम् ) क्रोधम् ( प्रतिनुदन् ) प्रतिमुखं प्रेरयन् ( परेषाम् ) शत्रूणाम् ( त्वम् ) ( नः ) अस्मान् ( गोपाः ) गुपू रक्षणे-आयप्रत्ययान्तात् क्विप् । वेरपृक्तलोपात्पूर्वं वलि लोपे रूपमेतत् । गोपायिता रक्षकः ( परि ) सर्वतः ( पाहि ) रक्ष ( विश्वतः ) सर्वप्रकारेण ( अपाञ्चः ) अपगच्छन्तः । निवर्तमानाः ( यन्तु ) गच्छन्तु ( निवता ) निम्नदेशेन ( दुरस्यवः ) दुरस्युर्द्रविणस्युर्वृषण्यति० । पा० ७।४।३६। इति क्यचि दुष्टशब्दस्य दुरस् भावः । क्याच्छन्दसि । पा० ३।२।१७०। इति उप्रत्ययः । अनिष्टं चिकीर्षवः ( अमा ) गृहे-निघ० ३ । ४ । ( एषाम् ) शत्रूणाम् ( चित्तम् ) ज्ञानसाधनं मनः ( प्रबुधाम् ) प्रबोद्धॄणाम् ( वि ) विशेषेण ( नेशत् ) णश अदर्शने । नश्येत् ॥

३—( मम ) देवाः ) कमनीया गुणाः ( विहवे ) म० १ संग्रामे ( सन्तु )

( मम ) मेरे ( सन्तु ) हों, और ( इन्द्रवन्तः ) ऐश्वर्य युक्त ( मरुतः ) शूर देवता गण और ( विष्णुः ) व्यापक सूर्य और (अग्निः) अग्नि [भी मेरे हों]। ( उरुलोकम् ) विस्तीर्ण लोकों वाला ( अन्तरिक्षम् ) आकाश ( मम ) मेरा ( अस्तु ) होवे, ( अस्मै कामाय ) इस कामना के लिये ( वातः ) पवन ( मह्यम् ) मेरे हित ( पवताम् ) शुद्ध चले ॥३॥

भावार्थ—पुरुषार्थी मनुष्य सब उपकारी लोगों, सूर्य, अग्नि और वायु आदि पदार्थों से उपकार लेकर अपनी उन्नति करता हुआ संसार भर में बढ़ता चले ॥३॥

मह्यं यजन्तां मम यानीष्टाकूतिः सत्या मनसो मे अस्तु। एनो मा नि गां कतमच्चनाहं विश्वे देवा अभि रक्षन्तु मेह ॥ ४ ॥

मह्यम्। यजन्ताम्। मम। यानि। इष्टा। आ-कूतिः। सत्या। मनसः। मे। अस्तु। एनः। मा। नि। गाम्। कतमत्। चन। अहम्। विश्वे। देवाः। अभि। रक्षन्तु। मा। इह ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( मम ) मेरे ( यानि ) पाने योग्य ( इष्टा=इष्टानि ) इष्ट कर्म ( मह्यम् ) मुझ को ( यजन्ताम् ) मिलें, ( मे ) मेरे ( मनसः ) मनका (आकूतिः) संकल्प ( सत्या ) सत्य ( अस्तु ) होवे। ( अहम् ) मैं ( कतमत्चन ) किसी

भवन्तु ( सर्वे ) सकलाः ( इन्द्रवन्तः ) ऐश्वर्यवन्तः ( मरुतः ) अ० १। २०। १ शूराः ( विष्णुः ) व्यापकः सूर्यः ( मम ) ( अन्तरिक्षम् ) अ० १। ३०। ३। आकाशम्। अवकाशः ( उरुलोकम् ) लोकृ दर्शने—घञ्। विस्तीर्णलोकैर्युक्तम् ( अस्तु ) ( मह्यम् ) मदर्थम् ( वातः ) वायुः ( पवताम् ) शुद्धो गच्छतु ( कामाय ) इष्टसिद्धये ( अस्मै ) निर्दिष्टाय॥

४—( मह्यम् ) मदर्थम् ( यजन्ताम् ) संगच्छन्ताम् (मम) ( यानि ) या गतौ—ड। प्राप्तव्यानि (इष्टा) इष्टानि कर्माणि ( आकूतिः ) संकल्पः। मनोरथः ( सत्या ) यथार्था ( मनसः ) अन्तःकरणस्य ( मे ) मम ( अस्तु ) ( एनः )

भी ( एनः ) पाप कर्म को ( मा नि गाम् ) कभी न प्राप्त होऊं, ( विश्वे ) सब ( देवाः ) उत्तम गुण ( मा ) मेरी ( इह ) इस विषय में ( अभि ) सब ओर से ( रक्षन्तु ) रक्षा करें ॥४॥

भावार्थ—मनुष्य शुद्ध अन्तः करण से विचार पूर्वक शुभ कर्मों को प्रतिज्ञा करके पूरा करें, और छल कपट आदि पाप छोड़ कर सब उत्तम उत्तम गुण प्राप्त करें ॥ ४ ॥

**मयि देवा द्रविणमा यजन्तां मय्याशीरस्तु मयि देवहूतिः । दैवा होतारः सनिषन् न एतदरिष्टाः स्याम तन्वा सुवीराः ॥ ५ ॥**

**मयि । देवाः । द्रविणम् । आ । यजन्ताम् । मयि । आ-शीः । अस्तु । मयि । देव-हूतिः । दैवाः । होतारः । सनिषन् । नः । एतत् । अरिष्टाः । स्याम । तन्वा । सु-वीराः ॥ ५ ॥**

भाषार्थ—( देवाः ) सब उत्तम गुण ( मयि ) मुझ में ( द्रविणम् ) धन ( आ यजन्ताम् ) लाकर दें । ( मयि ) मुझ में ( आशीः ) आशीर्वाद, और ( मयि ) मुझ में ( देवहूतिः ) विद्वानों का आवाहन ( अस्तु ) होवे । ( दैवाः ) दिव्य गुण वाले ( होतारः ) दाता पुरुष ( नः ) हमें ( एतत् ) यह [ दान ] ( सनिषन् ) देवें—( तन्वा ) अपने शरीर से ( अरिष्टाः ) निर्दुःखी और ( सुवीराः ) बड़े बड़े वीरों वाले ( स्याम ) हम होवें ॥ ५ ॥

---

अ० २ । १० । ८ । पापम् ( मा गाम् ) एतेर्माङि लुङि रूपम् । मा गच्छेयम् ( नि ) नितराम् ( कतमत् चन ) किमपि ( अहम् ) उपासकः ( विश्वे ) सर्वे ( देवाः ) उत्तमगुणाः ( अभि ) सर्वतः ( रक्षन्तु ) पालयन्तु ( मा ) माम् ( इह ) अस्मिन् मनोरथे ॥

५—( मयि ) स्तोतरि ( देवाः ) शुभगुणाः ( द्रविणाम् ) अ०२।२८।३। धनम् ( आ यजन्ताम् ) आनीय ददतु ( मयि ) ( आशीः ) अ० २ । २९ । ३ । आशीर्वादः ( अस्तु ) ( मयि ) ( देवहूतिः ) देवानामाह्वानम् ( दैवाः ) दिव्यगुणयुक्ताः ( होतारः ) दातारः ( सनिषन् ) षणु दाने—लेट् । ददतु ( नः ) अस्म-

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न पूर्वक शिल्प आदि उत्तम गुणों से धन एकत्र करके विद्वानों में बुलाये जाकर सत्कार पावें और अपने शरीर से हृष्ट पुष्ट रह कर अपने सन्तान आदि को उत्तम वीर बनावें ॥ ५ ॥

दैवीः षडुर्वीरु॒रु नः कृणोत॒ विश्वे॑ देवास इ॒ह मा॑दय-ध्वम्। मा नो॑ विदद॒भि॒भा मो॒ अश॑स्ति॒र्मा नो॑ विदद् वृजि॒ना द्वेष्या॒ या ॥ ६ ॥

दैवीः। षट्। उ॒र्वीः। उ॒रु। नः। कृ॒णो॒त॒। विश्वे॑। दे॒वा॒सः। इ॒ह। मा॒द॒य॒ध्व॒म्। मा। नः। वि॒द॒त्। अ॒भि॒ऽभाः। मो इति। अश॑स्तिः। मा। नः। वि॒द॒त्। वृ॒जि॒ना। द्वेष्या॑। या ॥६॥

भाषार्थ—( दैवीः ) हे दिव्य गुण वाली ( षट् ) छह [ पूर्वादि चार और ऊंची नीची दो ] ( उर्वीः ) फैली हुयी दिशाओ ! ( नः ) हमारे लिये ( उरु ) फैला हुआ स्थान ( कृणोत ) करो। ( विश्वे ) सब ( देवासः ) विद्वान् लोगो ! ( इह ) इस विषय में [ हमें ] ( मादयध्वम् ) आनन्दित करो। ( अभिभाः ) सन्मुख चमकती हुयी, आपत्ति ( नः ) हम पर ( मा विदत् ) न आ पड़े, और ( मो=मा उ ) न कभी ( अशस्तिः ) अपकीर्ति, और ( या ) जो ( द्वेष्या ) द्वेष योग्य ( वृजिना ) वर्जनीय पाप बुद्धि है, [ वह भी ] ( नः ) हम पर ( मा विदत् ) न आपड़े ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब दिशाओं में शान्ति रक्खे, जिससे विद्वान् लोग उपकार करते रहें और सब प्रकार की विपत्ति, अपकीर्ति और कुमति से दूर रहें ॥ ६ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्द्ध अ० १। २०। १ में आया है।

---

भ्यम् ( एतत् ) इदं दानम् ( अरिष्टाः ) अहिंसिताः ( स्याम ) भवेम ( तन्वा ) स्वशरीरेण ( सुवीराः ) शोभनवीरोपेताः ॥

६—( दैवीः ) दैव्यः। दिव्यगुणोपेताः ( षट् ) पूर्वादिचतस्र ऊर्ध्वाधो-दिशौ च ( उर्वीः ) उर्व्यः। विस्तीर्णा दिशः ( उरु ) विस्तीर्णं स्थानम् ( नः ) अस्म-भ्यम् ( कृणोत ) कृवि हिंसाकरणयोः—लोटि छान्दसं रूपम्। कृणुत। कुरुत ( विश्वे ) सर्वे ( देवासः ) देवाः। विद्वांसः ( इह ) अस्मिन् विषये ( मादयध्वम् ) अस्मान् हर्षयत। अन्यद् व्याख्यातम्—अ० १। २०। १। इह तु शब्दार्थो दीयते। ( नः ) ( अस्मान् ) ( मा विदत् ) मा प्राप्नोतु ( अभिभाः ) आपत्तिः ( मो ) मा—उ। मैव ( अशस्तिः ) अपकीर्तिः ( वृजिना ) वर्जनीया पापबुद्धिः ( द्वेष्या ) द्वेषणीया ( या ) ॥

तिस्रो देवीर्महि नः शर्म यच्छत प्रजायै नस्तन्वे३ यच्च पुष्टम्। मा हास्महि प्रजया मा तनूभिर्मा रधाम द्विषते सोम राजन् ॥ ७ ॥

तिस्रः। देवीः। महि। नः। शर्म। यच्छत। प्र-जायै। नः। तन्वे। यत्। च। पुष्टम्। मा। हास्महि। प्र-जया। मा। तनूभिः। मा। रधाम। द्विषते। सोम। राजन् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—( तिस्रः देवीः ) हे तीनों कमनीय गुण वाली शक्तियो! ( नः ) हमें ( महि ) बड़ी ( शर्म ) शरण वा सुख, ( च ) और ( नः ) हमारी ( प्रजायै ) प्रजा के लिये और ( तन्वे ) शरीर के लिये ( यत् ) जो कुछ ( पुष्टम् ) पोषण है [ वह भी ] ( यच्छत ) दान करो। ( प्रजया ) प्रजा से ( मा हास्महि ) हम न छूटें और ( मा ) न ( तनूभिः ) अपने शरीरों से, ( सोम ) हे ऐश्वर्य वाले ( राजन् ) राजन् परमेश्वर! ( द्विषते ) वैरी के लिये ( मा रधाम ) हम न दुःखी होवें ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य तीन उत्तम शक्तियाँ अर्थात् उत्तम विद्या, संग्रह शक्ति और पृथिवी पालन से अपनी और प्रजा की उन्नति करें ॥ ७ ॥

तीनों उत्तम शक्तियों का वर्णन य० २७। १९। में इस प्रकार है।

तिस्रो देवीर्बर्हिरेद ꣳ सदन्त्विडा सरस्वती भारती। मही गृणाना ॥

( तिस्रः देवीः ) तीन उत्तम शक्तियां, अर्थात् ( मही ) बड़ी पूजनीय और ( गृणाना ) उपदेश करने वाली ( इडा ) स्तुति योग्य भूमि, ( सरस्वती ) प्रशस्त विज्ञान वाली विद्या और ( भारती ) धारण पोषण शक्ति ( इदम् बर्हिः ) इस वृद्धि कर्म में ( आ सदन्तु ) आवें ॥

७—( तिस्रः ) त्रिसंख्याकाः ( देवीः ) देव्यः। हे कमनीयाः शक्तयः, इडासरस्वतीभारत्यः—य० २७। १९ ( महि ) महत् ( नः ) अस्मभ्यम् ( शर्म ) शरणम्। सुखम्—निघ० ३। ६ ( यच्छत ) दत्त ( प्रजायै ) प्रजाहिताय ( नः ) अस्माकम् ( तन्वे ) शरीराय ( यत् ) किंचित् ( च ) समुच्चये ( पुष्टम् ) पोषणम् ( मा हास्महि ) ओहाक् त्यागे कर्मणि लुङ्। वयं मा परित्यजेमहि ( प्रजया ) सन्तानादिना ( मा ) निषेधे ( तनूभिः ) स्वशरीरैः ( मा रधाम ) रध हिंसासंराद्ध्योः—माङि लुङि रूपम्। हिंसिता मा भूम ( द्विषते ) द्विष-शतृ। अप्रीतिं कुर्वते ( सोम ) हे ऐश्वर्यवन् ( राजन् ) स्वामिन् परमात्मन् ॥

उरुव्यचा नो महिषः शर्म यच्छत्वस्मिन् हवे पुरुहूतः पुरुक्षु । स नः प्रजायै हर्यश्व मृडेन्द्र मा नो रीरिषो मा परा दाः ॥ ८ ॥

उरु-व्यचाः । नः । महिषः । शर्म । यच्छतु । अस्मिन् । हवे । पुरु-हूतः । । पुरु-क्षु । सः । नः । प्र-जायै । हरि-अश्व । मृड । इन्द्र । मा । नः । रिरिषः मा । परा । दाः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( उरुव्यचाः ) बड़ी व्याप्ति वाला, ( महिषः ) पूज्य, (पुरुहूतः) अत्यन्त करके पुकारा गया परमेश्वर ( अस्मिन् हवे ) इस आवाहन में ( नः ) हमें ( पुरुक्षु ) बहुत अन्नों से युक्त ( शर्म ) घर ( यच्छतु ) देवे । ( सः ) सो तू ( हर्यश्व ) हे आकर्षण विकर्षण से व्यापक ( इन्द्र ) परमेश्वर ! ( नः ) हमारी ( प्रजायै ) प्रजा के लिये ( मृड ) सुखी हो, ( नः ) हमें ( मा रिरिषः ) मत दुःख दे और ( मा परा दाः ) मत त्याग कर् ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की उपासना करके प्रयत्न पूर्वक अन्न आदि पदार्थों का संग्रह करें जिससे प्रजा लोग सदा प्रसन्न रहें और कभी दुःख न पावें ॥ ८ ॥

---

८—( उरुव्यचाः ) अचु गतौ—असुन् । विस्तीर्णव्यापनः ( नः ) अस्मभ्यम् ( महिषः ) अ० २ । ३५ । ४ । पूजनीयः । महान् ( शर्म ) गृहम्—निघ० ३ । ४ । ( यच्छतु ) ददातु ( अस्मिन् ) ( हवे ) आह्वाने ( पुरुहूतः ) बहुप्रकारेणाहूतः ( पुरुक्षु ) आङ्परयोः खनिशृभ्यां डिच्च । उ० १ । ३३ । इति टुक्षु शब्दे, यद्वा क्षि निवासगत्योः–कु, स च डित् । क्षु=अन्नम्—निघ० २ । ७ । बह्वन्नयुक्तम् ( सः ) सः त्वम् ( नः ) अस्माकम् ( प्रजायै ) प्रजाहिताय (हर्यश्व) हृपिषिरुहि० उ० ४ । ११९ । इति हृञ् हरणे—इन् । हरणं प्रापणं स्वीकारः स्तेयं नाशनं च । अशू प्रुषिलटि० । उ० १।१५१ । इति अशूव्यप्तौ—क्वन् । हरी इन्द्रस्य निघ० २ । १५ । [ उपयोजनानि साहचर्यज्ञानाय—निरु० २ । २८ ] हे हरिभ्यामाकर्षणविकर्षणाभ्यां व्यापनशील ( मृड ) सुखी भव ( इन्द्र ) परमेश्वर ( नः ) अस्मान् ( मा रिरिषः ) रिष हिंसायां लुङि छान्दसं रूपम् । मा हिंसीः ( मा परा दाः ) डुदाञ् दाने—लुङ् । परादानं परित्यागः । मा परित्याक्षीः ॥

धाता विधाता भुवनस्य यस्पतिर्देवः सविताभिमाति-षाहः । आदित्या रुद्रा अश्विनोभा देवाः पान्तु यजमानं निर्ऋथात् ॥ ९ ॥

धाता । वि-धाता । भुवनस्य । यः । पतिः । देवः । सविता । अभिमातिसहः । आदित्याः । रुद्राः । अश्विना । उभा । देवाः । पान्तु । यजमानम् । निः-ऋथात् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( धाता ) धारण करने वाला, ( विधाता ) सृष्टि करने वाला ( देवः ) प्रकाशमान, ( सविता ) सबका चलाने वाला, ( अभिमातिषहः ) अभिमानियों का जीतने वाला परमेश्वर, ( यः ) जो ( भुवनस्य ) संसार का ( पतिः ) पति है, और ( आदित्याः ) प्रकाशमान, ( रुद्राः ) दुःख नाश करने वाले विद्वान् शूर पुरुष, ( उभा ) दोनों ( अश्विना ) सूर्य और पृथिवी लोक, और ( देवाः ) सब दिव्य पदार्थ ( यजमानम् ) यजमान को ( निर्ऋथात्) विनाश से ( पान्तु ) बचावें ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की महिमा जानकर विद्वानों के सत्सङ्ग और सब पदार्थों से उपकार लेकर आनन्द भोगें ॥ ६ ॥

ये नः सपत्ना अप ते भवन्त्विन्द्राग्निभ्यामव बाधामह एनान् । आदित्या रुद्रा उपरिस्पृशो न उग्रं चेत्तार-मधिराजमक्रत ॥ १० ॥

---

८—( धाता ) धर्ता ( विधाता ) स्रष्टा ( भुवनस्य ) संसारस्य ( यः ) ( पतिः ) पालयिता ( देवः ) प्रकाशमानः ( सविता ) प्रेरयिता (अभिमातिसहः) अ० ४ । ३२ । ४ । अभिमातीनां अभिमानिनां पराजेता ( आदित्याः ) अ० १ । ६ । १ । आङ्+दीपी दीप्तौ—यक् । प्रकाशमानाः । ( रुद्राः) अ० २ । २७ । ६ । दुःखनाशकाः पुरुषाः ( अश्विना ) अ० २ । २९ । ६ अश्विनौ । द्यावापृथिव्यौ ( उभा ) उभौ ( देवाः ) दिव्यपदार्थाः ( पान्तु) रक्षन्तु ( यजमानम् ) यज्ञकर्तारम् ( निर्ऋथात्) अर्ते र्निरि । उ० २ । ८ । इति निर्+ ऋ हिंसायाम्-थक । परिहिंसनात् । विनाशात् ॥

ये । नः । स-पत्नाः । अप । ते । भवन्तु । इन्द्राग्नि-भ्याम् । अव । बाधामहे । एनान् । आदित्याः । रुद्राः । उपरि-स्पृशः । नः । उग्रम् । चेत्तारम् । अधि-राजम् । अक्रत ॥ १० ॥

भाषार्थ—( ये ) जो ( नः ) हमारे ( सपत्नाः ) शत्रु हैं ( ते ) वे ( अपभवन्तु ) दूर हो जावें, ( इन्द्राग्निभ्याम् ) वायु और अग्नि [ प्राण और पराक्रम ] द्वारा ( एनान् ) इनको ( अव बाधामहे ) हम हटाते हैं ( आदित्याः ) प्रकाशमान, ( रुद्राः ) दुःख नाशक, ( उपरिस्पृशः ) उच्च पद धारण करने वाले पुरुषों ने ( चेत्तारम् ) सर्वज्ञ, ( उग्रम् ) तेजस्वी परमात्मा को ( नः ) हमारा [ अधिराजम् ] राजाधिराज ( अक्रत ) बनाया है ॥ १० ॥

भावार्थ—जिस परमात्मा को ऋषि मुनि महात्माओं ने सब संसार का स्वामी साक्षात् किया है, उसी परमात्मा के आश्रय से हम अपने शत्रुओं को जीतें ॥१०॥

अर्वाञ्चमिन्द्रममुतो हवामहे यो गोजिद् धनजिदश्वजिद् यः । इमं नो यज्ञं विहवे शृणोत्वस्माकमभूर्हर्यश्व मेदी ॥ ११ ॥

अर्वाञ्चम् । इन्द्रम् । अमुतः । हवामहे । यः । गो-जित् । धन-जित् । अश्व-जित् । यः । इमम् । नः । यज्ञम् । वि-हवे । शृणोतु । अस्माकम् । अभूः । हरि-अश्व । मेदी ॥११॥

१०—( ये ) ( नः ) अस्माकम् ( सपत्नाः ) अ० १।६।२। सहपतनशीलाः । शत्रवः ( ते ) शत्रवः ( अप भवन्तु ) अपगताः प्रच्युताः सन्तु ( इन्द्राग्नीभ्याम् ) वाय्वग्निभ्यां प्राणपराक्रमाभ्यां सह ( अवबाधामहे ) अव रुन्धमः ( एनान् ) शत्रून् ( आदित्याः ) म० ६। प्रकाशमानाः ( रुद्राः ) म० ६। दुःखनाशकाः पुरुषाः ( उपरिस्पृशः ) उन्नतपदस्य स्प्रष्टारो धर्तारः ( नः ) अस्माकम् ( उग्रम् ) तेजस्विनं परमेश्वरम् ( चेत्तारम् ) इडभावः।-चेतितारं सर्वस्य ज्ञातारम् ( अधिराजम् ) अधीश्वरम् ( अक्रत ) लुङि छान्दसं रूपम् । अकुर्वत । कृतवन्तः ॥

भाषार्थ—( अमुतः ) वहां से ( अर्वाञ्चम् ) सन्मुख विराजमान ( इन्द्रम् ) इन्द्र परमेश्वर को ( हवामहे ) हम पुकारते हैं, ( यः ) जो (गोजित्) पृथिवी जीतने वाला, ( धनजित् ) धन जीतने वाला और ( यः ) जो ( अश्वजित् ) घोड़ों का जीतने वाला है। वह ( नः ) हमारे ( इमम् ) इस ( यज्ञम् ) देवपूजन को ( विहवे ) संग्राम में ( शृणोतु ) सुने। ( हर्यश्व ) हे आकर्षण और विकर्षण शक्ति से व्यापक इन्द्र ! ( अस्माकम् ) हमारा ( मेदी ) स्नेही ( अभूः ) तू रहा है ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो अन्तर्यामी परमात्मा संसार के सब पदार्थों में उत्कृष्ट है, उसका सदा स्मरण करके मनुष्य अपनी उन्नति करें ॥ ११ ॥

सूक्तम् ४ ॥

१—१०॥ कुष्ठो देवता ॥ ६ गायत्री, शिष्टानुष्टुप् ॥

राजधर्मोपदेशः—राजा के धर्म का उपदेश

**यो गिरिष्वजायथा वीरुधां बलवत्तमः।**
**कुष्ठेहि तक्मनाशन तक्मानं नाशयन्नितः ॥ १ ॥**

यः। गिरिषु। अजायथाः। वीरुधाम्। बलवत्-तमः। कुष्ठ। आ। इहि। तक्म-नाशन। तक्मानम्। नाशयन्। इतः ॥१॥

भाषार्थ—( यः ) जो तू ( गिरिषु ) स्तुति योग्य पुरुषों में ( वीरुधाम् ) विविध उत्पन्न प्रजाओं के बीच ( बलवत्तमः ) अत्यन्त बलवान् ( अजायथाः )

११—( अर्वाञ्चम् ) अ० ३। २। ३। अभिमुखम् ( इन्द्रम् ) परमेश्वरम् ( अमुतः ) तस्माद् देशात् ( हवामहे ) आह्वयामः ( यः ) इन्द्रः ( गोजित् ) गोः पृथिव्या जेता ( धनजित् ) धनानां जेता ( अश्वजित् ) अश्वानां जेता ( यः ) ( इमम् ) उपस्थितम् ( नः ) अस्माकम् ( यज्ञम् ) देवपूजनम् ( विहवे ) अ० १। संग्रामे ( शृणोतु ) आकर्णयतु ( अस्माकम् ) ( अभूः ) भू—लुङ्। अभवः ( हर्यश्व ) अ० ८। हे हरिभ्यामाकर्षणविकर्षणाभ्यां व्यापनशील ( मेदी ) अ० ३। ६। २। स्नेही ॥

१—( यः ) यस्त्वम् ( गिरिषु ) कॄ गॄ शॄ पॄ०। उ० ४।१४३।इति गृणातिः स्तुतिकर्मा—निरु० ३। ५। इ प्रत्ययः। स्तूयमानेषु पूज्येषु पुरुषेषु ( अजायथाः )

उत्पन्न हुआ है। ( तक्मनाशन ) हे दुःखित जीवन नाश करने वाले ( कुष्ठ ) गुणपरीक्षक पुरुष ( इतः ) यहां से ( तक्मानम् ) दुःखित जीवन को (नाशयन्) नाश करता हुआ ( आ इहि ) तू आ ॥ १ ॥

भावार्थ—प्रतापी राजा प्रजा के दुःखों का नाश करके उन्नति करे [कुष्ठ वा कूट एक ओषधि का भी नाम है जो राजयक्ष्म, कुष्ठ आदि रोगों को शान्त करती है] ॥ १ ॥

सुपर्णसुवने गिरौ जातं हिमवतस्परि।
धनैरभि श्रुत्वा यन्ति विदुर्हि तक्मनाशनम् ॥ २ ॥

सुपर्ण-सुवने। गिरौ। जातम्। हिम-वतः। परि। धनैः। अभि। श्रुत्वा। यन्ति। विदुः। हि। तक्म-नाशनम् ॥ २ ॥

भाषार्थ—( सुपर्णसुवने ) उत्तम पालन सामर्थ्य उत्पन्न करने हारे ( गिरौ ) स्तुति योग्य कुल में ( हिमवतः ) उद्योगी पुरुष से ( परि ) अच्छे प्रकार ( जातम् ) उत्पन्न पुरुष को ( धनैः ) धनों के साथ वर्तमान ( श्रुत्वा ) सुनकर [ विद्वान लोग ] ( अभि यन्ति ) सन्मुख पहुंचते हैं, [ और उस को ]

---

त्वमुत्पन्नोऽभवः ( वीरुधाम् ) विरोहणशीलानां प्रजानां मध्ये ( बलवत्तमः ) अतिशयेन बलवान् ( कुष्ठ ) हनिकुषिनी० । उ० २ । २ । इति कुष निष्कर्षे-क्थन्। हे निष्कर्षक। गुणपरीक्षक पुरुष ( आ इहि ) आगच्छ ( तक्मनाशन ) हे कृच्छ्रजीवननाशक ( तक्मानम् ) अ० १ । २५ । १ । कृच्छ्रजीवनम् ( नाशयन् ) निराकुर्वन् ( इतः ) अस्माद् देशात् ॥

२—( सुपर्णसुवने ) धापॄवस्य० । उ० ३ । ६ । इति पॄ पालनपूरणयोः-न । भूसूधू० । उ०२ । ८० । इति पू प्रेरणे, यद्वा पूङ् प्राणिप्रसवे-क्युन्। उत्तम-पालनस्योत्पादके ( गिरौ ) अ० १ । पूज्ये कुले ( जातम् ) उत्पन्नम् ( हिमवतः ) हन्तेर्हिंच। उ० १ । १४७ । इति हन हिंसागत्योः-मक्। गतिवतः। उद्योगिनः पुरुषात् ( परि ) पूजायाम्। सुष्ठु ( धनैः ) धनैः सह वर्त्तमानम् ( अभि ) आभिमुख्येन ( श्रुत्वा ) श्रवणं कृत्वा ( यन्ति ) गच्छन्ति विद्वांसः ( विदुः ) जानन्ति

( तक्मनाशनम् ) दुःखित जीवन नाश करने हारा ( हि ) निश्चय करके (विदुः) जानते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग उत्तम कुल में उत्पन्न प्रतापी, धनी पुरुष को अपना राजा बनाते और उस पर प्रजा की रक्षा का भार रखते हैं ॥ २ ॥

अश्वत्थो देवसदनस्तृतीयस्यामितो दिवि ।
तत्रामृतस्य चक्षणं देवाः कुष्ठमवन्वत ॥ ३ ॥

अश्वत्थः । देव-सदनः । तृतीयस्याम् । इतः । दिवि ।
तत्र । अमृतस्य । चक्षणम् । देवाः । कुष्ठम् । अवन्वत ॥३॥

भाषार्थ—( देवसदनः ) विद्वानों के बैठने योग्य ( अश्वत्थः ) वीरों के ठहरने का देश ( तृतीयस्याम् ) तीसरी [ निकृष्ट और मध्यम अवस्था से परे, श्रेष्ठ ] ( दिवि ) गति में ( इतः ) प्राप्त होता है, ( तत्र ) उसमें ( अमृतस्य ) अमृत के ( चक्षणम् ) दर्शन, ( कुष्ठम् ) गुणपरीक्षक पुरुष को ( देवाः ) महात्माओं ने ( अवन्वत ) मांगा है ॥ ३ ॥

भावार्थ—विद्वानों ने निश्चय किया है कि मनुष्य सर्वोत्तम पुरुषार्थ से सर्वजन हितैषी होता है ॥ ३ ॥

हिरण्ययी नौरचरद्धिरण्यबन्धना दिवि ।
तत्रामृतस्य पुष्पं देवाः कुष्ठमवन्वत ॥ ४ ॥

हिरण्ययी । नौः । अचरत् । हिरण्य-बन्धना । दिवि ।
तत्र । अमृतस्य । पुष्पम् । देवाः । कुष्ठम् । अवन्वत ॥ ४ ॥

( हि) निश्चयेन ( तक्मनाशनम् ) कृच्छ्रजीवननाशकम् ॥

३—( अश्वत्थः ) अ० ३ । ६ । १ । अश्वानां कर्मसु व्यापनशीलानां वीराणां स्थितिदेशः ( देवसदनः ) महात्मनां स्थितियोग्यः ( तृतीयस्याम् ) निकृष्टमध्यमाभ्यां तृतीयस्यां श्रेष्ठायाम् ( इतः ) इण-क्त । प्राप्तः ( दिवि ) गतौ । अवस्थायाम् ( तत्र ) तस्मिन् स्थाने ( अमृतस्य ) अमरणस्य । चिरजीवनस्य ( चक्षणम् ) दर्शनम् । रूपम् ( देवाः ) विद्वांसः ( कुष्ठम् ) म० १ । निष्कर्षकं गुणपरीक्षकम् ( अवन्वत ) वनु याचने । याचितवन्तः ॥

भाषार्थ—( हिरण्यमयी ) तेजोमयी, ( हिरण्यबन्धना ) तेजोमय बन्धन वाली ( नौः ) नाव ( दिवि ) प्रकाशलोक में ( अचरत् ) चलती थी। ( तत्र ) वहां पर ( अमृतस्य ) अमृत के ( पुष्पम् ) विकाश, ( कुष्ठम् ) गुणपरीक्षक पुरुष को ( देवाः ) विद्वान् लोगों ने ( अवन्वत ) मांगा है ॥ ४ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग तीक्ष्णबुद्धि मनुष्य द्वारा उत्तम विद्या का प्रकाश करके आनन्द पाते हैं ॥ ४ ॥

हि॒र॒ण्ययाः॒ पन्था॑न॒ आस॒न्नरि॑त्राणि हिर॒ण्यया॑ ।
नावो॑ हिर॒ण्ययी॑रास॒न् याभि॒: कुष्ठं॑ नि॒राव॑हन् ॥ ५ ॥

हि॒र॒ण्ययाः॑ । पन्था॑नः । आ॒स॒न् । अरि॑त्राणि । हि॒र॒ण्यया॑ । नाव॑ः । हि॒र॒ण्ययी॑ः । आ॒स॒न् । याभि॑ः । कुष्ठ॑म् । नि॒ः । आ॒व॑-ह॒न् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—( हिरण्ययाः ) तेजोमय ( पन्थानः ) मार्ग और ( हिरण्यया ) तेजोमय ( अरित्राणी ) वल्लियां वा डांड ( आसन् ) थे। ( हिरण्ययीः ) तेजोमय ( नावः ) नावें ( आसन् ) थीं, ( याभिः ) जिनसे ( कुष्ठम ) गुणपरीक्षक पुरुष को ( निरावहन् ) वे निश्चय करके लाये हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—महात्मा लोग विद्वान् का आदर करके आनन्दित होते हैं ॥५॥

इ॒मं मे॑ कुष्ठ॒ पूरु॑षं॒ तमा व॑ह॒ तं निष्कु॑रु ।
तमु॑ मे अग॒दं कृ॑धि ॥ ६ ॥

४—( हरण्यमयी ) हिरण्यमयी तेजोमयी ( नौः ) अ० ३ । ६ । ७ । तरणिः ( अचरत् ) अगमत् ( हिरण्यबन्धना ) तजोमयबन्धनयुक्ता ( दिवि ) प्रकाशलोके ( पुष्पम् ) पुष्प विकसने-पचाद्यच् । विकाशम् । अन्यद् गतम् । म० ३ ॥

५—(हिरण्ययाः) हिरण्यमयाः । तेजोयुक्ताः (पन्थानः) मार्गाः (आसन्) अभवन् (अरित्राणि) अर्तिलूधूसूखनसहचर इत्रः । उ० ४। १७२। इति ऋ गतौ—इत्र । नौकाचालनकाष्ठानि ( हिरण्यया ) हिरण्यमयानि (नावः) नौकाः (हिरण्ययीः) हिरण्यमय्यः तेजोयुक्ताः ( आसन् ) ( याभिः ) नौभिः ( कुष्ठम् ) म० १ । गुणपरीक्षकं पुरुषम् ( निरावहन् ) निर्+आङ्+अवहन् । निश्चयेन आनीतवन्तः ॥

इमम् । मे । कुष्ठ । पुरुषम् । तम् । आ । वह । तम् । निः । कुरु । तम् । ऊं इति । मे । अगदम् । कृधि ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( कुष्ठ ) हे गुण परीक्षक पुरुष ! ( मे ) मेरे ( इमम् ) इस ( तम् ) पीड़ित ( पुरुषम् ) पुरुष को ( आ वह ) ले, और ( तम् ) उसको [दुःख से] ( निष्कुरु ) बाहिर कर। ( तम् उ ) उसको ही ( मे ) मेरे लिये ( अगदम् ) नीरोग ( कृधि ) कर ॥ ६ ॥

भावार्थ—राजा प्रयत्न पूर्वक प्रजाके मानसिक और शारीरिक रोगों को हटावे ॥ ६ ॥

देवेभ्यो अधि जातोऽसि सोमस्यासि सखा हितः ।
स प्राणाय व्यानाय चक्षुषे मे अस्मै मृड ॥ ७ ॥

देवेभ्यः । अधि । जातः । असि । सोमस्य । असि । सखा । हितः । सः । प्राणाय । वि-आनाय । चक्षुषे । मे । अस्मै । मृड ॥ ७ ॥

भाषार्थ—( देवेभ्यः ) विद्वान् पुरुषों से ( अधि ) ऐश्वर्य के साथ ( जातः असि ) तू उत्पन्न है, और ( सोमस्य ) ऐश्वर्यवान् पुरुष का ( हितः ) हितकारी ( सखा ) ( असि ) तू है। ( सः ) सो तू ( मे ) मेरे ( प्राणाय ) प्राण के लिये, ( व्यानाय ) व्यान के लिये और ( चक्षुषे ) नेत्र के लिये ( अस्मै )

---

६—( इमम् ) दृश्यमानम् ( मे ) मम ( कुष्ठ ) म० १। हे गुणपरीक्षक पुरुष ( पुरुषम् ) अ० १। १६। ४। पुरुषम्। जनम् ( तम् ) तर्द हिंसायाम्—ड हिंसितम् ( आ वह ) आनय ( तम् ) पूर्वोक्तम् ( निष्कुरु ) बहिष्कुरु। उद्धर ( तम् ) ( उ ) एव ( अगदम् ) गद कथने रोगे च—अच्। अरोगम् ( कृधि ) कुरु ॥

७—( देवेभ्यः ) विद्वद्भ्यः सकाशात् ( अधि ) ऐश्वर्येण ( जातः ) उत्पन्नः ( असि ) ( सोमस्य ) ऐश्वर्ययुक्तस्य ( सखा ) सुहृद् ( हितः ) शुभकारकः ( सः ) स त्वम् ( प्राणाय ) प्राणहिताय ( व्यानाय ) व्यानहिताय

इस पुरुष पर ( मृड ) सुखी हो ॥ ७ ॥

भावार्थ—कुलीन ऐश्वर्यवान् राजा कुलीन ऐश्वर्यवान् पुरुषों का सत्कार करता हुआ उनकी सर्वथा रक्षा करता रहे ॥ ७ ॥

उदङ् जातो हिमवतः स प्राच्यां नीयसे जनम् ।
तत्र कुष्ठस्य नामान्युत्तमानि वि भेजिरे ॥ ८ ॥

उदङ् । जातः । हिम-वतः । सः । प्राच्याम् । नीयसे । जनम् ।
तत्र । कुष्ठस्य । नामानि । उत्-तमानि । वि । भेजिरे ॥८॥

भाषार्थ—( सः ) सो तू ( हिमवतः ) उद्योगी पुरुष से ( जातः ) उत्पन्न होकर और ( उदङ् ) ऊंचा पद पाकर ( प्राच्याम् ) प्रकृष्ट गति के बीच ( जनम् ) मनुष्यों में ( नीयसे ) लाया जाता है । ( तत्र ) वहां पर ( कुष्ठस्य ) गुणपरीक्षक राजा के ( उत्तमानि ) उत्तम उत्तम ( नामानि ) यशों का ( वि ) विविध प्रकार से ( भेजिरे ) उन्हों ने सेवन किया है ॥ ८ ॥

भावार्थ—प्रजा गण उत्तम राजा को पाकर सदा उसका नाम गाते रहते हैं ॥ ८ ॥

उत्तमो नाम कुष्ठास्युत्तमो नाम ते पिता ।
यक्ष्मं च सर्वं नाशय तक्मानं चारसं कृधि ॥ ९ ॥

उत्-तमः । नाम । कुष्ठ । असि । उत्-तमः । नाम । ते । पिता । यक्ष्मम् । च । सर्वम् । नाशय । तक्मानम् । च । अरसम् । कृधि ॥ ९ ॥

---

( चक्षुषे ) चक्षुर्हिताय ( मे ) मम ( अस्मै ) उपस्थिताय पुरुषाय ( मृड ) सुखी भव ॥

८—( उदङ् ) ऊर्ध्वं पदं गतः ( जातः ) प्रादुर्भूतः ( हिमवतः ) म० २ उद्योगिनः पुरुषात् ( सः ) स त्वम् ( प्राच्याम् ) प्रकृष्टायां गत्याम् ( नीयसे ) प्राप्यसे ( जनम् ) लोकं प्रति ( तत्र ) जनसमूहे ( कुष्ठस्य ) म० १ । गुणपरीक्षकस्य पुरुषस्य ( नामानि ) यशांसि ( उत्तमानि ) श्रेष्ठानि ( वि ) विविधम् ( भेजिरे ) भज सेवायाम्—लिट् । सेवितवन्तः ॥

**भाषार्थ**—( कुष्ठ ) हे गुण परीक्षक राजन् ! तू ( नाम ) अवश्य (उत्तमः) अतिश्रेष्ठ (असि) है, ( ते ) तेरा ( पिता ) पिता ( नाम ) प्रसिद्ध ( उत्तमः) अति उत्तम है। ( सर्वम् ) सब ( यक्ष्मम् ) राज रोग को ( च ) अवश्य ( नाशय ) नाशकर ( च ) और (तक्मानाम्) दुःखित जीवन करने वाले ज्वर को (अरसम्) असमर्थ ( कृधि ) बना ॥ ९ ॥

**भावार्थ**—उत्तम गुणी राजा अपने उत्तम कुलका स्मरण करके प्रजाको दुःखों से सदा रक्षा करे ॥ ९ ॥

**शीर्षामयमुपहत्यामक्ष्योस्तन्वो३ रपः ।**
**कुष्ठस्तत् सर्वं निष्करद् दैवं समह वृष्ण्यम् ॥ १० ॥**

शीर्ष-आमयम् । उप-हत्याम् । अक्ष्योः । तन्वः । रपः ।
कुष्ठः । तत् । सर्वम् । निः । करत् । दैवम् । समह । वृष्ण्यम् ॥१०

**भाषार्थ**—( शीर्षामयम् ) शिर के रोग, ( अक्ष्योः ) दोनों नेत्र के ( उपहत्याम् ) उपद्रव और ( तन्वः ) शरीर के ( रपः ) दोष, ( तत् सर्वम् ) इस सबको ( कुष्ठः ) गुणपरीक्षक पुरुष ( निष्करत् ) बाहिर करे। ( समह ) हे सत्कार के साथ वर्तमान राजन् ! तेरा ( वृष्ण्यम् ) जीव का हितकारक बल

---

९—( उत्तमः ) श्रेष्ठः ( नाम ) स्वीकारे। अवश्यम् ( कुष्ठ ) म० १ हे गुणपरीक्षक राजन् ( असि ) ( उत्तमः ) श्रेष्ठः ( नाम ) प्रसिद्धौ ( ते ) तव ( पिता ) पालकः। जनकः ( यक्ष्मम् ) अ० २। १०। ५। राजरोगं क्षयम् ( च ) ( सर्वम् ) ( नाशय ) निवारय ( तक्मानम् ) म० १ कृच्छ्रजीवनकरं ज्वरम् ( च ) ( अरसम् ) असमर्थम् ( कृधि ) कुरु ॥ ९ ॥

१०—( शीर्षामयम् ) वलिमलितनिभ्यः कयन्। उ० ४। ९९। इति आङ्+अम रोगे—कयन्, यद्वा मीञ् हिंसायाम्-पचाद्यच्। शिरोरोगम् ( उपहत्याम् ) हनस्त च। पा० ३। १। १०८ इति उप+हन—क्यप्, नस्य तः। उपहानिमुपद्रवम् ( अक्ष्योः ) अक्ष्णोः। नेत्रयोः ( तन्वः ) तन्वाः। शरीरस्य ( रपः ) दोषम् ( कुष्ठः ) गुणपरीक्षकः पुरुषः ( तत् ) ( सर्वम् ) ( निष्करत् ) वहिष्कुर्यात् ( दैवम् ) दिव्यगुणविशिष्टम् ( समह ) मह पूजायाम्-पचाद्यच। हे महेन

( दैवम् ) दिव्यगुण वाला है ॥ १० ॥

भावार्थ—राजा प्रजा के स्वास्थ्य रक्षा का सदा उपाय करता रहे॥१०॥

सूक्तम् ५ ॥

१-८ ॥ लाक्षा देवता ॥ अनुष्टुप् छन्दः ॥

ब्रह्म विद्योपदेशः—ब्रह्म विद्या का उपदेश ॥

रात्री माता नभः पितार्यमा ते पितामहः।
सिलाची नाम वा असि सा देवानामसि स्वसा ॥ १ ॥

रात्री । माता । नभः । पिता । अर्यमा । ते । पितामहः । सिलाची । नाम । वै । असि । सा । देवानाम् । असि । स्वसा ॥ १ ॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ! ] ( ते ) तेरी ( माता ) निर्माण शक्ति (रात्री) विश्राम् देने वाली रात्रि समान, ( पिता ) पालने वाला गुण ( नभः ) आकाश वा मेघ के समान, और ( पितामहः ) हमारे पालने वाले का पालने वाला तेरा गुण ( अर्यमा ) विघ्नों को रोकने वाले सूर्य के समान है। ( सिलाची ) सब में मेल रखने वाली शक्ति ( नाम ) नाम ( वै ) अवश्य ही ( असि ) तू है, (सा)

सत्कारेण सह वर्तमान ! ( वृष्ण्यम् ) अ० ४ । ४ । ४ । वृष्णे इन्द्राय, जीवाय हितम् । बलम् । तव सामर्थमस्ति ॥

१—( रात्री ) अ० १ । १६ । १ । रा दानादानयोः-त्रिप् , ङीप् । विश्रामदात्री रात्रिर्यथा ( माता ) अ० १ । २ । १ । माङ् माने-तृच् । मातान्तरिक्षं निर्मीयन्तेऽस्मिन् भूतानि-निरु० २ । ८ । मातरो भासो निर्मात्र्यः-निरु० १२ । ७। निर्माणशक्तिः ( नभः ) अ० ४ । १५ । ६ । आकाशं मेघो वा यथा ( पिता ) पालको गुणः ( अर्यमा ) अ० ३ । १४ । २ । अर्यमादित्योऽरीन्नियच्छतीति—निरु० ११ । २३ । सूर्यो यथा ( ते ) तव ( पितामहः ) पितृव्यमातुलमातामहपितामहाः । पा० ४ । २ । ३६ । इति पितृ—डामहच् । पितुः पिता । अस्माकं पालकस्य पालकस्तव धर्मः ( सिलाची ) षिल श्लेषे—क, अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन्, ङीप् । सिलेन श्लेषेण संसर्गेण गतिशीला । सिलिकमध्यमाः संसृत-

सो तू ( देवानाम् ) दिव्य गुणों की ( स्वसा ) अच्छे प्रकार प्रकाश करने हारी शक्ति ( असि ) है ॥ १ ॥

**भावार्थ**—परमेश्वर ही, जो शक्ति विशेष है, संसार के सब पदार्थों का कर्ता धर्ता है ॥ १ ॥

**यस्त्वा पिबति जीवति त्रायसे पुरुषं त्वम् ।**
**भर्त्री हि शश्वतामसि जनानां च न्यञ्चनी ॥ २ ॥**

**यः । त्वा । पिबति । जीवति । त्रायसे । पुरुषम् । त्वम् ।**
**भर्त्री । हि । शश्वताम् । असि । जनानाम् । च । नि-अञ्चनी ॥४**

**भाषार्थ**—( यः ) जो पुरुष ( त्वा ) तेरा ( पिबति ) पान करता है, वह ( जीवति ) जीता है। ( त्वम् ) तू ( पुरुषम् ) उस पुरुष की ( त्रायसे ) रक्षा करती है। ( शश्वताम् ) अनेक ( जनानाम् ) जनों की ( हि ) निश्चय करके ( भर्त्री ) पालन करनेहारी ( च ) और (न्यञ्चनी ) नित्य व्यापक शक्ति (असि) है ॥ २ ॥

**भावार्थ**—मनुष्य परमेश्वर की महिमा जान कर सदा उद्योग करे, वही सब व्यापक सब सृष्टि को पालता है ॥ २ ॥

**वृक्षंवृक्षमा रोहसि वृषण्यन्तीव कन्यला ।**
**जयन्ती प्रत्यातिष्ठन्ती स्पर॒णी नाम वा असि ॥ ३ ॥**

---

मध्यमाः शीर्षमध्यमा वा—निरु० ४ । १३ ( नाम ) प्रसिद्धौ ( वै ) एव (असि) ( सा ) सा त्वम् ( देवानाम् ) दिव्यपदार्थानाम् ( स्वसा ) सावसे ऋन्। उ० २ । ६६ । इति सु+अस दीप्तौ—ऋन् । सुष्ठु दीपयित्री शक्तिः ॥

२—( यः ) पुरुषः ( त्वा ) त्वाम् ( पिबति ) प्रीत्या गृह्णाति (जीवति) प्राणान् धारयति ( त्रायसे ) रक्षसि ( पुरुषम् ) प्राणिनम् ( त्वम् ) ( भर्त्री ) पालयित्री शक्तिः ( हि ) निश्चयेन ( शश्वताम् ) संश्चत्तृपद्वेहत् । उ० २ । ८५। इति टुओश्वि गतिवृद्ध्योः—अति । स च डित् । निपातनात्साधुः । शश्वत्, बहुनाम—निघ० ३ । १ । बहूनाम् । अनेकानाम् ( असि ) भवसि ( जनानाम् ) जन्यमानानां प्राणिनाम् ( च ) ( न्यञ्चनी ) नि+अञ्चु गतिपूजनयोः—ल्युट्, ङीप् । नित्यव्यापिका ॥

वृक्षम्-वृंक्षम् । आ । रोहसि । वृषण्यन्ती-इव । कुन्यला । जयंन्ती । प्रति-आतिष्ठंन्ती । स्परंणी । नामं । वै । असि ॥३

भाषार्थ—( वृक्षंवृक्षम् ) प्रत्येक स्वीकार योग्य पदार्थ में ( आ ) सब प्रकार ( रोहसि ) तू प्रकट है, ( वृषण्यन्ती इव ) जैसे ऐश्वर्यवान् सूर्य को चाहने वाली ( कन्यला ) प्रकाश पाने हारी उषा [ सूर्य में ] है । ( जयन्ती ) जय करने हारी ( प्रत्यातिष्ठन्ती ) प्रत्यक्ष स्थिर रहने हारी और ( स्परणी ) प्रीति करने वाली शक्ति ( नाम ) नाम ( वै ) अवश्य ( असि ) तू है ॥ ३ ॥

भावार्थ—वह सर्वशक्तिमान् सर्वान्तर्यामी प्रत्येक वस्तु में ऐसा प्रीति से रम रहा है जैसे उषा सूर्य्य में ॥ ३ ॥

यद् दुण्डेन यदिष्वा यद् वारुर्हरंसा कृतम् ।
तस्यु त्वमंसि निष्कृंतिः सेमं निष्कृंधि पूरुंषम् ॥ ४ ॥

यत् । दुण्डेनं । यत् । इष्वां । यत् । वा । अरुः । हरंसा । कृतम् । तस्यं । त्वम् । असि । निः-कृंतिः । सा । इमम् । निः । कृधि । पुरुंषम् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( यत् ) जो कुछ ( दण्डेन ) दण्डे से, ( यत् ) जो कुछ ( इष्वा ) तीर से, ( वा ) अथवा ( यत् ) जो कुछ ( अरुः ) घाव ( हरसा ) बल से ( कृतम् ) किया गया है । ( तस्य ) उस की ( त्वम् ) तू ( निष्कृतिः )

३—( वृक्षंवृक्षम् ) वृक्ष स्वीकारे—पचाद्यच् । प्रत्येकं वरणीयं पदार्थम् (आ) समन्तात् (रोहसि) रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च । प्रकटोऽसि (वृषण्यन्ती) वृषन्—अ० १ । १२ । १ । सुप आत्मनः क्यच् । पा० ३ । १ । ८ । इति क्यच्-शतृ । वृषाणं सूर्यमिच्छन्ती ( इव ) यथा ( कन्यला ) अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । इति कनी दीप्तिकान्तिगतिषु-यक्, ला आदाने—क टाप् । प्रकाशग्रहीत्री । उषाः ( जयन्ती ) तॄभूवहिवसि० । उ० । ३ । १२८ । इति जि जये—झच्, ङीप् । विजया ( प्रत्यातिष्ठन्ती ) ष्ठा—शतृ । प्रत्यक्षेण स्थात्री ( स्परणी ) स्पृ प्रीति-पालनयोः—ल्युट्, ङीप् । प्रीणयित्री ( नाम ) ( वै ) ( असि ) ॥

४—( यत् ) किञ्चित् (दण्डेन) अमन्ताड् डः । उ० १ । ११४ इति दमु उपशमे-ड । लगुडेन ( यत् ) ( इष्वा ) शरेण ( अरुः ) अर्तिपृवपि० । उ० २ ।

चंगा करने वाली शक्ति ( असि ) है, ( सा ) सो तू ( इमम् ) इस ( पुरुषम् ) पुरुष को ( निष्कृधि ) चंगा करदे ॥ ४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने प्रत्येक रोग के लिये औषधि उत्पन्न की है, मनुष्य उसके प्रयोग से यथावत् सुख प्राप्त करें ॥ ४ ॥

भुद्रात् प्लुक्षान्निस्तिंष्ठस्यश्वुत्थात् खंदिराद्धुवात् ।
भुद्रान्न्युग्रोधात् पुर्णात् सा न एह्यंरुन्धति ॥ ५ ॥

भुद्रात् । प्लुक्षात् । निः । तिष्ठुसि । अश्वुत्थात् । खदिरात् । धवात् । भुद्रात् । न्युग्रोधात् । पुर्णात् । सा । नुः । आ । इहि । अरुन्धति ॥५॥

भाषार्थ—( प्लक्षात् ) परिपूर्ण, ( अश्वत्थात् ) वीरों में रहने वाले, ( खदिरात् ) स्थिर, ( धवात् ) शुद्ध ( भद्रात् ) कल्याण से, और ( न्यग्रोधात् ) शत्रुओं को नीचे रोकने वाले ( पर्णात ) पालन करने वाले ( भद्रात् ) आनन्द से ( निः ) निश्चय करके ( तिष्ठसि ) तू ठहरी है। ( सा ) सो तू, ( अरुन्धति ) हे रोक न डालने वाली शक्ति ! ( नः ) हम में ( आइहि ) तू आ ॥ ५ ॥

भावार्थ—परमेश्वर अपने उत्तम गुणों से सब स्थान में वर्तमान है, पुरुषार्थी मनुष्य उसका आश्रय लेकर अपने विघ्न हटावें ॥ ५ ॥

लोक में ( भद्र ) मोथा, ( प्लक्ष ) पाकर ( अश्वत्थ ) पीपल, ( खदिर ) खैर ( धव ) धव, ( न्यग्रोध ) गूलर, और ( पर्ण ) पलाश वा ढाक के पेड़ को भी कहते हैं ॥

१ १ ७ । इति ऋ गतौ हिंसायां च-उसि । कृतम् ( हरसा ) बलेन ( कृतम् ) निष्पादितम् ( तस्य ) अरुपः ( त्वम् ) ( असि ) ( निष्कृतिः ) बहिष्करणशक्तिः ( सा ) सा त्वाम् ( इमम् ) दृश्यमानम् ( निष्कृधि ) नीरोगं कुरु । उद्धर ( पुरुषम् ) जीवम् ॥

५ —(भद्रात्)मङ्गलात् (प्लक्षात्) प्लुषे रञ्चोपधायाः ।उ०३। ६३ । इति प्लुष दाहे स्नेहनसेवनपूरणेषु च—स । परिपूर्णात् ( निः ) निश्चयेन ( तिष्ठसि ) वर्तसे ( अश्वत्थात् ) अ० ३ । ६ । १ । अश्वेषु बलवत्सु स्थितात् ( खदिरात् ) अ० ३ । ६ । १ । स्थिरात् ( धवात् ) धावु गतिशुद्ध्योः—पचाद्यच् । पृषोदरादित्वाद्ध्रस्वः । धव इति मनुष्य नाम—निरु० ३ । १५ । शुद्धात् ( भद्रात ) आनन्दात् ( न्यग्रोधात् ) अ० ४ । ३७ । ४ । शत्रूणां नीचं रोधकात् । ( पर्णात् ) अ० ३ । ५ । १ । पॄ । पालन । पूरणयोः—न । पालकात् ( सा ) सा त्वम् ( नः ) अस्मान् ( एहि ) आगच्छ ( अरुन्धति ) अ० ४ । १२ । १ । हे अरोधनशीले अप्रतिरोधिके शक्ते ॥

हिरण्यवर्णे सुभगे सूर्यवर्णे वपुष्टमे ।
रुतं गच्छासि निष्कृते निष्कृतिर्नाम वा असि ॥ ६ ॥

हिरण्य-वर्णे । सु-भगे । सूर्य-वर्णे । वपुः-तमे । रुतम् ।
गच्छासि । निः-कृते । निः-कृतिः । नाम । वै । असि ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( हिरण्यवर्णे ) हे सुवर्ण के रूप वाली ! ( सुभगे ) हे बड़े ऐश्वर्य वाली ! ( सूर्यवर्णे ) हे सूर्य समान वर्ण वाली ! ( वपुष्टमे ) हे अतिशय उत्तम रूप वाली ! (निष्कृते ) हे उद्धार शक्ति !(रुतम् ) हमारे दुःख में (गच्छासि) तू पहुंच । (निष्कृतिः ) उद्धार शक्ति ( नाम वै ) अवश्य ही ( असि ) है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर के उपकार विचारके निर्धनता, रोग आदि क्लेशों को प्रयत्न पूर्वक हटावें ॥ ६ ॥

हिरण्यवर्णे सुभगे शुष्मे लोमशवक्षणे ।
अपामसि स्वसा लाक्षे वातो हात्मा बभूव ते ॥ ७ ॥

हिरण्य-वर्णे । सु-भगे । शुष्मे । लोमश-वक्षणे । अपाम् ।
असि । स्वसा । लाक्षे । वातः । ह । आत्मा । बभूव । ते ॥७॥

भाषार्थ—( हिरण्यवर्णे ) हे तेजः स्वरूपिनी ! ( सुभगे ) हे बड़े ऐश्वर्य वाली ! ( शुष्मे ) हे महाबल वाली ! ( लोमशवक्षणे ) हे छेदन शीलों पर रोष वाली ! ( लाक्षे ) हे दर्शनीय शक्ति परमात्मन् ! तू ( अपाम् ) व्यापक प्रजाओं

६—( हिरण्यवर्णे ) हे सुवर्णरूपे ( सुभगे ) शोभनैश्वर्ययुक्ते ( सूर्यवर्णे ) आदित्यवर्णे (वपुष्टमे) वपुः=रूपम्—निघ० ३ । ७ । मतुपो लोपः । वपुष्मत्तमे । अतिशयप्रशस्तरूपे ( रुतम् ) रुङ् गतिहिंसयोः—क्त । दुःखम् ( गच्छासि ) लेट् । प्राप्नुयाः ( निष्कृते ) म० ४ । रोगस्य बहिष्करणशक्ते ( निष्कृतिः ) निर्मुक्तिः । उद्धारशक्तिः (नाम) अवश्यम् ( वै ) एव (असि) ॥

७—( हिरण्यवर्णे ) हे तेजःस्वरूपे (सुभगे) हे शोभनैश्वर्ययुक्ते (शुष्मे ) शुष्मं बलम्-२ । ६ । अर्श आद्यच् । हे बलवति (लोमशवक्षणे) नामन्सीमन्व्योमन् लोमन्० । उ० ४ । १५१ । इति लूञ् छेदने-मनिन् । लोमादिपामादिपिच्छा-

की (स्वसा) अच्छे प्रकार प्रकाश करने हारी (असि) है। (ते) तेरा (आत्मा) आत्मा (ह) निश्चय करके (वातः) व्यापक (बभूव) हुआ है॥ ७॥

भावार्थ—महाधनी सर्वशक्तिमान् सर्वजनक परमेश्वर दुष्टों पर क्रोध करता है, इस से हम सदा उत्तम कर्म करते रहें॥ ७॥

लोक में (लाक्षा) लाख वा लाह को भी कहते हैं॥

सिलाची नाम कानीनोऽजबभ्रु पिता तव।
अश्वो यमस्य यः श्यावस्तस्य हास्नास्युक्षिता॥ ८॥

सिलाची। नाम। कानीनः। अज-बभ्रु। पिता। तव। अश्वः। यमस्य। यः। श्यावः। तस्य। ह। अस्ना। असि। उक्षिता॥ ८॥

भाषार्थ—(सिलाची) सब में मेल रखने वाली शक्ति (नाम) तू प्रसिद्ध है। (तव) तेरा (पिता) पालने वाला गुण (कानीनः) कन्या अर्थात् कमनीय शक्ति [परमेश्वर] से आया हुआ, (अजबभ्रु) जीवात्माओं का पोषक है। (यमस्य) सर्व नियामक परमेश्वर का (यः) जो (श्यावः) गति-

दिभ्यः शनेलचः। पा० ५। २। १००। इति लोम-श, मत्वर्थे। यच्च रोपे-ल्युट्। हे लोमशेषु छेदनस्वभावेषु रोपशीले (अपाम्) व्याप्तानां प्रजानाम् (असि) (स्वसा) म० १। सुष्ठु दीपयित्री, (लाक्षे) गुरोश्च हलः। पा० ३। ३। १०३। इति लक्ष दर्शनाङ्कनयोरालोचने च-अ, टाप्, पृषोदरादित्वाद्वृद्धिः। हे दर्शनीये शक्ते परमात्मन् (वातः) व्यापकः (ह) निश्चयेन (आत्मा) स्वरूपम् (बभूव) (ते) तव॥

८—(सिलाची) म० १। सिलेन श्लेषेण संसर्गेण गतिशीला (नाम) प्रसिद्धौ (कानीनः) अघ्न्यादयश्च। उ० ४। ११२। इति कनी दीप्तिकान्तिगतिषु—यक्, टाप्। इति कन्या कमनीया। कन्यायाः कनीन च। पा० ४। १। ११६। इति कन्या—अण्, कनीन आदेशः। कन्यायाः कमनीयायाः शक्तेः परमेश्वराज्जाता (अजबभ्रु) अजः—म० ४। २५। १। अजन्मा गतिशीलो वा जीवात्मा। कुर्भ्रश्च। उ० १। २२। इति डुभृञ् धारणपोषणयोः—कु, द्वित्वं च। विभक्तेर्लुक्। अजानां जीवात्मनां बभ्रुर्भर्ता पोषकः. (पिता) रक्षको गुणः

शील ( अश्वः ) व्यापक गुण है, ( तस्य ) उसके ( अस्ना ) प्रकाश से ( ह ) निश्चय करके तू ( उक्षिता ) सींची हुयी ( असि ) है ॥ ८ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के सर्व रक्षक आदि गुणों को विचार कर मनुष्य सदा उन्नति करें ॥ ८ ॥

अश्वस्यास्नः संपतिता सा वृक्षाँ अभि सिष्यदे ।
सरा पतत्रिणी भूत्वा सा न एह्यरुन्धति ॥ ९ ॥

अश्वस्य । अस्नः । सम्-पतिता । सा । वृक्षान् । अभि । सिस्यदे । सरा । पतत्रिणी । भूत्वा । सा । नः । आ । इहि । अरुन्धति ॥ ९ ॥

भावार्थ—( अश्वस्य ) उस व्यापक गुण के ( अस्नः ) प्रकाश से (संपतिता ) अच्छे प्रकार प्राप्त हुयी ( सा ) उस [ शक्ति ] ने ( वृक्षान् ) सब स्वीकार करने योग्य पदार्थों को ( अभि ) भले प्रकार से ( सिष्यदे ) सींचा है । ( सा ) वह तू, ( अरुन्धति ) हे रोक न डालने वाली शक्ति ! ( पतत्रिणी )

---

( तव ) ( अश्वः ) व्यापको गुणः ( यमस्य ) अ० १ । १४ । २ । नियामकस्य परमेश्वरस्य ( यः ) (श्यावः ) कृगृशृदृभ्यो वः । उ० १ । १५५ । इति श्यैङ् गतौ-घ । गतिशीलः ( तस्य ) अश्वस्य ( ह ) निश्चयेन ( अस्ना ) असु क्षेपणे, यद्वा अस दीप्तौ-ऋजि । पद्दन्नोमास् । पा० ६ । १ । ६३ । इति असृज् शब्दस्य असन् टाविभक्तिः । प्रकाशेन ( असि ) ( उक्षिता ) सिंचिता प्रवर्धिता ॥

९—( अश्वस्य ) व्यापकस्य गुणस्य ( अस्नः ) म० ८ । असृज् ङसि । प्रकाशात् ( संपतिता ) सम्यक् प्राप्ता ( सा ) ( वृक्षान् ) म० १ । स्वीकरणीयान् पदार्थान् ( अभि ) अभितः ( सिष्यदे ) स्यन्दू प्रस्रवणे सेचने च । लिटि छान्दसं रूपम् । सस्यन्दे । सिक्तवती ( सरा ) सृ गतौ—अच् टाप् । निर्झररूपा ( पतत्रिणी ) अमिनक्षियजिपतिभ्योऽत्रन् । उ० ३ । १०५ । इति पत्लृ गतौ—अत्रन् । इति पतत्रम्, तत इनि । अधःपतनशीला । अतिशीघ्रगा-

नीचे गिरने वाले ( सरा ) झरने के समान ( भूत्वा ) होकर ( नः ) हमें (एहि) प्राप्त हो ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की शक्ति द्वारा उत्पन्न हुये उत्तम पदार्थों से उन्नति करके सदा सुखी रहें ॥ ९ ॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥

# अथ द्वितीयोऽनुवाकः ॥

## सूक्तम् ६ ॥

१-१४ ॥ १-४ ब्रह्म देवता, ५-८ सोमारुद्रौ देवते, ९-१४ अग्निर्देवता ॥ १, ९ त्रिष्टुप्, २ अनुष्टुप्, ३, ४ जगती, ५-७, १० त्रिपदा त्रिष्टुप्, ८ द्विपदा जगती, ११-१४ पङ्क्तिः ॥

सर्वसुखप्राप्त्युपदेशः—सब सुख प्राप्ति का उपदेश ॥

ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् वि सीमतः सुरुचो वेन आवः । स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च वि वः ॥ १ ॥

ब्रह्म । जज्ञानम् । प्रथमम् । पुरस्तात् । वि । सीमतः । सुरुचः । वेनः । आवः । सः । बुध्न्याः । उप-माः । अस्य । वि-स्थाः । सतः । च । योनिम् । असतः । च । वि । वः ॥१॥

भाषार्थ—( वेनः ) प्रकाशमान वा मेधावी परमेश्वर ने ( पुरस्तात् ) पहिले

मिनी ( भूत्वा ) भूत्वा ( सा ) सा त्वम् ( नः ) अस्मान् ( एहि ) आगच्छ ( अरुन्धति ) म० ५ । हे अरोधनशीले । अवारयित्रि शक्ते ॥

१—अयं मन्त्रः पूर्वं व्याख्यातः—अ० ४ । १ । १ । ( ब्रह्म ) वृद्धिकारण-

कालमें ( प्रथमम् ) प्रख्यात ( जज्ञानम् ) उपस्थित रहने वाले ( ब्रह्म ) वृद्धि के कारण अन्नको और ( सुरुचः ) बड़े रुचिर लोकों को ( सीमतःमाओं सी ) से ( विआवः ) फैलाया है। (सः ) उसने (बुध्न्याः) अन्तरिक्षमें वर्त्तमान (उपमाः) [ परस्परआकर्षण से ] तुलना रखनेवाले ( विष्ठाः ) विशेष स्थानों, अर्थात् ( अस्य ) इस (सतः ) विद्यमान [ स्थूल ] के ( च ) और (असतः ) अविद्यमान [सूक्ष्म जगत् ] के ( योनिम् ) घर को ( च ) निश्चयकरके ( वि वः ) खोला है ॥ १ ॥

भावार्थ—जगत् के जननी जनक परमेश्वर ने सृष्टि से पूर्व प्राणियों के लिये अन्न आदि पदार्थ बनाये और मूर्त और अमूर्त जगत् के भण्डार आकाश पृथिव्यादि लोक रचे ॥ १ ॥

यह मन्त्र पहिले आगया है—अ० ४ । १ । १ ॥ यह मन्त्र यजु० १३ ।३। और सामवेद पूर्वार्चिक अ० ४ द० ३ । मं० ६ में है ॥

अनाप्ता ये वः प्रथमा यानि कर्माणि चक्रिरे ।
वीरान् नो अत्र मा दंभन् तद् व एतत् पुरो दधे ॥२॥

अनाप्ताः। ये। वः। प्रथमाः। यानि। कर्माणि। चक्रिरे। वीरान्। नः। अत्र। मा। दभन्। तत्। वः। एतत्। पुरः। दधे ॥ २ ॥

भाषार्थ—( ये ) जिन ( प्रथमाः ) प्रधान ( अनाप्ताः ) अत्यन्त यथार्थ ज्ञानी पुरुषों ने ( वः ) तुम्हारे लिये ( यानि ) पूजनीय ( कर्माणि ) कर्म

---

ब्रह्म ( जज्ञानम् ) जायमानम्। दृश्यमानम् ( प्रथमम् ) प्रख्यातम् ( पुरस्तात् ) अतीते प्रथमे काले वा । सृष्ट्यादौ ( वि ) विविधम् ( सीमतः ) मर्यादातः ( सुरुचः ) सुष्ठु रोचमानान् लोकान् ( वेनः ) प्रकाशमानः मेधावी ( आवः ) वृञ्—लुङ्। विवृतानकरोत् ( सः ) वेनः ( बुध्न्याः ) बुध्ने अन्तरिक्षे भवाः सूर्यादयो लोकाः ( उपमाः ) उपमीयमानाः। मानं प्राप्ताः ( अस्य ) जगतः ( विष्ठाः ) विशेषेण स्थिता लोकाः ( सतः ) मूर्तस्य स्थूलस्य ( च ) समुच्चये। अवधारणे ( योनिम् ) गृहम्। आकाशम् ( असतः ) अविद्यमानस्य सूक्ष्मस्य ( वि वः ) वृञ्—लुङ्। विवृतमकरोत् ॥

२—अयं मन्त्रः पूर्वं व्याख्यातः—अ० ४ । ७ । ७ (अनाप्ताः) अनुत्तमाः ।

( चक्रिरे ) किये हैं, वे ( नः ) हम ( वीरान् ) वीरों को ( अत्र ) यहां पर ( मा दभन् ) न मारें, ( तत् ) सो ( एतत् ) इस कर्म को ( वः ) तुम्हारे ( पुरः ) आगे ( दधे ) मैं धरता हूं ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न पूर्वक जगत् हितकारी महात्माओं का अनुकरण करें और दुष्ट कर्म छोड़कर श्रेष्ठ कर्मों में प्रवृत्त रहें ॥ २ ॥

यह मन्त्र पहिले आ चुका है—अ० ४ । ७ । ७ ॥

सहस्रधार एव ते समस्वरन् दिवो नाके मधुजिह्वा असश्चतः । तस्य स्पशो न नि मिषन्ति भूर्णयः पदेपदे पाशिनः सन्ति सेतवे ॥ ३ ॥

सहस्र-धारे । एव । ते । सम् । अस्वरन् । दिवः । नाके । मधु-जिह्वाः । असश्चतः । तस्य । स्पशः । न । नि । मिषन्ति । भूर्णयः । पदे-पदे । पाशिनः । सन्ति । सेतवे ॥३॥

भाषार्थ—( दिवः ) प्रकाश के ( सहस्रधारे ) सहस्र प्रकार से धारण करने वाले ( नाके ) दुःख रहित परमात्मा में ( एव ) ( ही ) ( ते ) उन ( मधुजिह्वाः ) ज्ञान से जीतने वाले वा मधुर भाषी ( असश्चतः ) निश्चल

---

अतिशयेनाप्ताः ( ये ) पुरुषाः ( वः ) युष्मभ्यम् ( प्रथमाः ) प्रधानाः ( यानि ) यज-ड । यजनीयानि पूज्यानि ( कर्माणि ) आचरणानि ( चक्रिरे ) कृतवन्तः ( वीरान् ) शूरान् ( नः ) अस्मान् ( अत्र ) अस्मिन् संसारे ( मा दभन् ) मा हिंसन्तु ते शत्रवः ( तत् ) तस्मात् ( वः ) युष्माकम् ( एतत् ) क्रियमाणं कर्म ( पुरः ) पुरस्तात् ( दधे ) धारयामि ॥

३—( सहस्रधारे ) सहस्रप्रकारेण धारके ( एव ) निश्चयेन ( ते ) प्रसिद्धा ऋषयः ( सम् ) सम्यक् ( अस्वरन् ) शब्दं कृतवन्तः ( दिवः ) प्रकाशस्य ( नाके ) दुःखरहिते परमात्मनि ( मधुजिह्वाः ) मन ज्ञाने—उ, नस्य धः अ० १ । ४ । १ । शेवायह्वजिह्वा० । उ० १ । १५४ । इति जि जये-वन् धातोर्डुक् । मधुना ज्ञानेन जयशीलाः । यद्वा, मधुरभाषिणः ( असश्चतः ) सश्चति, गति-

स्वभाव वाले पुरुषों ने ( सम् ) यथावत् ( अस्वरन् ) शब्द किया है। ( तस्य ) उसके ( भूर्णयः ) घुड़कने वाले ( स्पशः ) बन्धन गुण ( न ) कभी नहीं ( नि मिषन्ति ) आंखि मींचते हैं, ( पाशिनः ) फांस रखने वाले वे ( पदेपदे ) पद पद पर ( सेतवे ) बांधने के लिये ( सन्ति ) रहते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थ—वह तेजोमय, आनन्द स्वरूप परमात्मा दुष्टों को सर्वदा सब स्थानों में दण्ड देता है ऐसा ऋषियों ने निश्चय किया है ॥ ३ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—म० ९। ७३। ४

पर्यू षु प्र धन्वा वाजसातये परि वृत्राणि सक्षणिः। द्विषस्तदध्यर्णवेनेयसे सनिस्रसो नामासि त्रयोदशो मास इन्द्रस्य गृहः ॥ ४ ॥

परि। ऊं इति। सु। प्र। धन्व। वाज-सातये। परि। वृत्राणि। सक्षणिः। द्विषः। तत्। अधि। अर्णवेन। ईयसे। सनि-स्रसः। नाम। असि। त्रयः-दशः। मासः। इन्द्रस्य। गृहः ॥४॥

भाषार्थ—( वृत्राणि ) घेरने वाले राक्षसों को ( परि ) सब ओर से ( सक्षणिः ) हराने वाला ( वाजसातये ) हमें अन्न देने के लिये ( उ ) अवश्य ही ( सु ) अच्छे प्रकार ( परि प्र धन्व ) सब ओरसे प्राप्त हो। ( तत् ) इसी

---

कर्मा—निघ० २। १४। ततः शतृ। निश्चलस्वभावाः ( तस्य ) नाकस्य परमात्मनः ( स्पशः ) अ० ४। १६। ४। बाधमानाः। बन्धनगुणाः ( न ) निषेधे ( नि मिषन्ति ) निमेषं कुर्वन्ति ( भूर्णयः ) घृणिपृश्निपार्ष्णिभूर्णयः उ० ४। ५२। इति भृ भर्त्सने भरणे च—नि। भर्त्सनशीलाः (पदेपदे) स्थाने स्थाने (पाशिनः) बन्धनयुक्ताः ( सन्ति ) ( सेतवे ) तुमर्थे सेसेनसे०। पा० ३। ४। ९। इति षिञ् बन्धने—तवेन्। बन्धुं दुष्टान् ॥

४—( परि ) परितः ( उ ) निश्चयेन ( सु ) सुष्ठु ( प्र ) प्रकर्षेण (धन्व) गच्छ। प्राप्नुहि ( वाजसातये ) अस्मभ्यमन्नदानाय ( परि ) परितः ( वृत्राणि ) आवरकाणि रक्षांसि ( सक्षणिः ) सक्षति, गतिकर्मा—निघ० २। १४। अर्तिसृधृ०

लिये ( अर्णवेन ) जलसे भरे समुद्र द्वारा ( द्विषः ) वैरियों पर ( अधि ) ऐश्वर्य से ( ईयसे ) तू पहुंचाता है । ( सनिस्रसः ) शत्रुओं का अतिशय नीचे गिराने वाला तू ( नाम ) प्रसिद्ध ( त्रयोदशः ) दश इन्द्रिय मन और बुद्धि से परे तेरहवां परमेश्वर, ( मासः ) परिमाण करने वाला ( इन्द्रस्य ) जीवात्मा का (गृहः) घर ( असि ) है ॥ ४ ॥

भावार्थ—सर्वव्यापक परमेश्वर के आश्रय से हम समुद्रादि में भी सब विघ्न हटाकर पुरुषार्थ करें ॥ ४ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—म० ८ । ११० । १ ।

न्वे३तेनारात्सीरसौ स्वाहा । तिग्मायुधौ तिग्महेती सुशेवौ सोमारुद्राविह सु मृडतं नः ॥ ५ ॥

नु । एतेन । अरात्सीः । असौ । स्वाहा । तिग्म-आयुधौ । तिग्महेती इति तिग्म-हेती । सु-शेवौ । सोमारुद्रौ । इह । सु । मृडतम् । नः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—[हे परमेश्वर ! ] ( एतेन ) अपनी व्याप्ति से ( असौ ) उस तूने ( नु ) शीघ्र [ धर्मात्मा को ] ( अरात्सीः ) समृद्ध किया है ( स्वाहा )

---

उ० २ । १०२ । अनि प्रत्ययः । यद्वा षहः अभिभवे—सनि । अभिभविता ( द्विषः ) शत्रून् ( तत् ) तस्मात् कारणात् ( अधि ) ऐश्वर्येण ( अर्णवेन ) सर्वधातुभ्यो ऽसुन् । उ० ४ । १८९ । इति ऋणु गतौ—असुन् । अर्णसो लोपश्च । पा० पा० ५ । २ । १०९ । अर्णस्—व, सस्य लोपः । जलयुक्तेन समुद्रेण ( ईयसे ) प्राप्नोषि (सनिस्रसः) स्रंसु गतौ—यङन्तात् पचाद्यच्, अल्लोपयलोपौ । नीग्वञ्चुस्रंसुध्वंसु० पा० ७ । ४ । ८४ । इति नीग् आगमः । छान्दसो ह्रस्वः, अन्तर्गतो ण्यर्थः अतिशयेन अधः पातयिता ( नाम ) प्रसिद्धौ ( असि ) ( त्रयोदशः ) त्रयोदशानां दशेन्द्रियमनोबुद्धीश्वराणां संख्यापूरकः परमेश्वरः ( मासः ) मसी परिणामे परिमाणे च—घञ् । परिमाणकर्ता ( इन्द्रस्य ) जीवस्य ( गृहः ) आश्रयः ॥

५—( नु ) क्षिप्रम् (एतेन) हसिमृग्रिण्० । उ० ३ । ८६ । इति इण् गतौ—तन् । स्वव्यापनेन ( अरात्सीः ) राध संसिद्धौ—लुङ् । राद्धवान् समृद्धं कृत-

यह सुन्दर वाणी वा स्तुति है ( तिग्मायुधौ ) हे तेज शस्त्रों वाले, ( तिग्महेती ) पैने वज्रों वाले, ( सुशेवौ ) बड़े सुख वाले ( सोमारुद्रौ ) ऐश्वर्य के कारण और ज्ञान दाता, अथवा चन्द्रमा और प्राण के तुल्य, राजा और वैद्य जनो तुम दोनों ( इहि ) यहां पर ( सु ) अच्छे प्रकार ( नः ) हमें ( मृडतम् ) सुखी करो ॥५॥

भावार्थ—परमेश्वर सदैव धर्मात्माओं पर दया करता है। इसी से राजा और वैद्य चन्द्रमा और प्राण के समान उपकार करके संसार में सुख बढ़ावें ॥ ५ ॥

( तिग्मायुधौ इत्यादि ) ऋग्वेद में है—म० ६ सू० ७४ म० ४ ॥

**अवै॒तेना॑रात्सीर॒सौ स्वाहा॑। ति॒ग्मा० ॥ ६ ॥**

**अव॑। ए॒तेन॑। ॥ ६ ॥**

भाषार्थ—[ हे परमेश्वर ] ( एतेन ) अपनी व्याप्ति से ( असौ ) उस तूने अधर्मी को ( अव अरात्सीः ) निर्धन बनाया है, ( स्वाहा ) यह सुन्दर वाणी वा स्तुति है। ( तिग्मायुधौ ) हे तेज शस्त्रों वाले......म० ५ ॥ ६ ॥

भावार्थ—परमात्मा अधर्मियों को निर्धनी रखता है, सो राजा और वैद्य धार्मिक होकर प्रजा में सुख बढाते रहें ॥ ६ ॥

**अपै॒तेना॑रात्सीर॒सौ स्वाहा॑। ति॒ग्मायु॑धौ ति॒ग्महे॑ती सु॒शेवौ॒ सोमा॑रुद्रावि॒ह सु मृ॑डतं नः ॥ ७ ॥**

**अप॑। ए॒तेन॑। अ॒रा॒त्सीः॒। अ॒सौ। स्वाहा॑। ति॒ग्म-आ॒यु॒धौ।**

---

वानसि धर्मात्मानम् ( असौ ) असौ त्वम् ( स्वाहा ) अ० २। १६। १। सुवाणी स्तुतिरस्ति ( तिग्मायुधौ ) तेजस्विशस्त्रोपेतौ ( तिग्महेती ) तीक्ष्णवज्रयुक्तौ ( सुशेवौ ) बहुसुखोपेतौ ( सोमारुद्रौ ) सोम ऐश्वर्यहेतुः—अ० १। ६। २। रुद्रः, रुत् ज्ञानम्, रा दाने—क, ज्ञानदाता—अ० २। २७। ६। देवता द्वन्द्वे च। पा० ६। ३। २६। इति आनङ्। हे ऐश्वर्यहेतुज्ञानदातारौ यद्वा चन्द्रप्राणाविव राजवैद्यौ ( इह ) अस्मिन्संसारे ( सु ) सुष्ठु ( मृडतम् ) सुखयतम् ( नः ) अस्मान् ॥

६—( अव अरात्सीः ) नीचै राद्धवान् निर्धनं कृतवानसि दुरात्मानम् अन्यद् गतम्। म० ५ ॥

तिग्महैती इति तिग्म-हेती । सु-शेवौ । सोमारुद्रौ । इह । सु । मृडतम् । नः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—[ हे परमेश्वर ! ] ( एतेन ) अपनी व्याप्ति से ( असौ ) उस तूने [ दुष्ट जनको ] ( अप अरात्सीः ) अपराधी ठहराया है, ( स्वाहा ) यह सुन्दर वाणी वा स्तुति है । ( तिग्मायुधौ ) हे तेज शस्त्रों वाले, ( तिग्महेती ) पैने वज्रों वाले, ( सुशेवौ ) बड़े सुख वाले, ( सोमारुद्रौ ) ऐश्वर्य के कारण और ज्ञानदाता, अथवा चन्द्रमा और प्राणके तुल्य, राजा और वैद्य जनो तुम दोनों ( इह ) यहां पर (सु) अच्छे प्रकार ( नः ) हमें ( मृडतम् ) सुखी करो ॥ ७ ॥

भावार्थ—परमेश्वर पापियों को अपराधी ठहराकर दण्ड देता है । राजा और वैद्य धन और नीरोगता राज्य में बढ़ावें ॥७॥

मुमुक्तमस्मान्दुरितादवद्याज्जुषेथां यज्ञममृतमस्मासु धत्तम् ॥ ८ ॥

मुमुक्तम् । अस्मान् । दुः-इतात् । अवद्यात् । जुषेथाम् । यज्ञम् । अमृतम् । अस्मासु । धत्तम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—[ हे ऐश्वर्य के कारण और ज्ञानदाता तुम दोनों ! ] (अस्मान्) हमें ( दुरितात् ) दुर्गति और ( अवद्यात् ) अकथनीय निन्दनीय कर्म से ( मुमुक्तम् ) छुड़ावो, ( यज्ञम् ) देव पूजन को ( जुषेथाम् ) स्वीकार करो, ( अमृतम् ) अमरण अर्थात् पुरुषार्थ अथवा अमरपन अर्थात् कीर्त्तिमत्ता ( अस्मासु ) हम में ( धत्तम् ) धारण करो ॥ ८ ॥

भावार्थ-राजा और वैद्य के सुकर्मों से सब लोग आत्मिक और शारीरिक रोग छोड़कर धर्म में प्रवृत्त होकर अमर अर्थात् पुरुषार्थी और यशस्वी होवें ॥८॥

---

७—(अप अरात्सीः) अपराद्धवानसि, दोषयुक्तं कल्पितवानसि दुष्टम् । अन्यत् पूर्ववत—म० ५ ॥

८—( मुमुक्तम् ) मोचयतम् हे सोमारुद्रौ युवाम् ( अस्मान् ) धार्मिकान् ( दुरितात् ) अ० २ । १० । ६ । दुर्गतेः ( अवद्यात् ) अ० २ । १० । ६ । अकथनीयात् । गर्ह्यात् कर्मणः (जुषेथाम् ) सेवेथाम् । स्वीकुरुतम् (यज्ञम् ) देवपूजनम् ( अमृतम् ) अमरणं पुरुषार्थम् । अमरत्वं कीर्तिमत्त्वम् (अस्मासु ) धर्मात्मसु ( धत्तम् ) धारयतम् ॥

चक्षु॑षो हेते॒ मन॑सो हेते॒ ब्रह्म॑णो हेते॒ तप॑सश्च हेते।
मे॒न्या मे॒निर॑स्यमे॒नयस्ते स॑न्तु ये॒ ३॒ स्माँ अ॑भ्य-
घायन्ति ॥ ९ ॥

चक्षु॑षः। हे॒ते॒। मन॑सः। हे॒ते॒। ब्रह्म॑णः। हे॒ते॒। तप॑सः।
च। हे॒ते॒। मे॒न्याः। मे॒निः। अ॒सि॒। अ॒मे॒नयः॑। ते।
स॒न्तु। ये। अ॒स्मान्। अ॒भि-अ॒घायन्ति॑ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—[ हे अग्ने परमात्मन्! ] ( चक्षुषः ) [ शत्रुओं की ] आंख की ( हेते ) बरछी! ( मनसः ) हे मन की ( हेते ) बरछी! ( ब्रह्मणः ) हे अन्न की ( हेते ) बरछी! ( च ) और ( तपसः ) सामर्थ्य की ( हेते ) बरछी! तू ( मेन्याः ) वज्र का ( मेनिः ) वज्र ( असि ) है। ( ते ) वे लोग ( अमेनयः ) वे वज्र ( सन्तु ) होवें ( ये ) जो ( अस्मान् ) हमें ( अभ्यघायन्ति ) सताना चाहते हैं ॥ ९ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार चोर आदि दुष्टों को दण्ड देकर असमर्थ कर देते हैं इसी प्रकार मनुष्य परमेश्वर का आश्रय लेकर अपने दोषों को निर्बल करदें ॥ ९ ॥

यो॒ ३॒ स्मांश्चक्षु॑षा मन॑सा चित्त्याकू॑त्या च॒ यो अ॑-
घायुर॑भिदासा॑त्। त्वं तान॑ग्ने मे॒न्यामे॒नीन् कृ॑णु
स्वाहा॑ ॥ १० ॥

---

९—( चक्षुषः ) शत्रूणां नेत्रस्य ( हेते ) अ० १।१३।३। हननशक्ते। वज्र, वज्ररूप ( मनसः ) अन्तःकरणस्य ( हेते ) ( ब्रह्मणः ) अन्नस्य—निघ० २।७। ( हेते ) ( तपसः ) सामर्थ्यस्य ( च ) समुच्चये ( हेते ) ( मेन्याः ) अ० २।११।१। वज्रस्य ( मेनिः ) वज्रः ( असि ) भवसि ( अमेनयः ) अवज्राः ( ते ) शत्रवः ( सन्तु ) ( ये ) ( अस्मान् ) धार्मिकान् ( अभ्यघायन्ति ) छन्दसि परेच्छायामपि वक्तव्यम्। वा० पा० ३।१।८। अश्वाघस्यात्। पा० ७।४।३७। इति आत्वम्। अभितः परस्याघमिच्छन्ति ॥

यः । अस्मान् । चक्षुषा । मनसा । चित्त्या । आ-कूत्या । च । यः । अघ-युः । अभि-दासात् । त्वम् । तान् । अग्ने । मेन्या । अमेनीन् । कृणु । स्वाहा ॥ १० ॥

भाषार्थ—(यः) जो (यः) घबड़ा देने वाला (अघायुः) बुरा चीतने वाला (अस्मान्) हमें (चक्षुषा) आंख से, (मनसा) मन से, (चित्त्या) बुद्धि से (च) और (आकूत्या) संकल्प से (अभिदासात्) सतावे। (अग्ने) हे सर्वव्यापक परमेश्वर! (त्वम्) तू (तान्) उन्हें (मेन्या) वज्र से (अमेनीन्) वज्र रहित (कृणु) कर, (स्वाहा) यह सुवाणी वा नम्र प्रार्थना है ॥१०॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर में विश्वास करके प्रयत्न पूर्वक अपने दोषों का नाश करके बलवान् होवें ॥ १० ॥

इन्द्रस्य गृहोऽसि । तं त्वा प्र पद्ये तं त्वा प्र विशामि सर्वगुः सर्वपूरुषः सर्वात्मा सर्वतनूः सह यन्मेऽस्ति तेन ॥११॥

इन्द्रस्य । गृहः । असि । तम् । त्वा । प्र । पद्ये । तम् । त्वा । प्र । विशामि । सर्वगुः । सर्व-पुरुषः । सर्व-आत्मा । सर्व-तनूः । सह । यत् । मे । अस्ति । तेन ॥ ११ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन्!] तू (इन्द्रस्य) जीवात्मा का (गृहः) आश्रय (असि) है। (सर्वगुः) सब गौ आदि पशुओं सहित, (सर्वपुरुषः)

---

१०—(यः) अधर्मी (अस्मान्) धार्मिकान् (चक्षुषा) नेत्रेण (मनसा) हृदयेन (चित्त्या) (बुद्ध्या) (आकूत्या) सङ्कल्पेन (च) समुच्चये (यः) घुप विमोहने—ड। विमोहकः (अघायुः) अ० १।२०।२। पापेच्छुः (अभिदासात्) दास वधे—लेट्, वैदिको धातुः। अभितो दास्नुयात्। हिंस्यात् (त्वम्) (तान्) अघायून् (अग्ने) हे सर्व व्यापक परमेश्वर (मेन्या) वज्रेण (अमेनीन्) अवज्रान् (कृणु) कुरु (स्वाहा) इयं सुवाणी प्रार्थनास्ति ॥

११—(इन्द्रस्य) जीवात्मनः (गृहः) आश्रयः (असि) (तम्) तादृशम् (त्वाम्) परमात्मानम् (प्रपद्ये) प्राप्नोमि (तम्) (त्वा) त्वाम् (प्र

सब पुरुषों सहित, ( सर्वात्मा ) पूरे आत्मबल सहित, ( सर्वतनूः ) सब शरीर सहित मैं ( तम् त्वा ) उस तुझ को ( प्र पद्ये ) प्राप्त होता हूं, ( तम् त्वा ) उस तुझ में ( प्रविशामि ) प्रवेश करता हूं। और ( यत् ) जो कुछ ( मे ) मेरा ( अस्ति ) है ( तेन सह ) उसके साथ भी ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब प्रकार से आत्म समर्पण करके परमेश्वर की आज्ञा पालन में सदा प्रसन्न चित्त रहे ॥ ११ ॥

**इन्द्रस्य शर्मासि ।......म० ११ ॥ १२ ॥**

इन्द्रस्य । शर्म । असि ।......म० ११ ॥ १२ ॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ! ] तू ( इन्द्रस्य ) जीवात्मा का ( शर्म ) शरण ( असि ) है......म० ११ ॥ १२ ॥

भावार्थ—मन्त्र ११ के समान है ॥ १२ ॥

**इन्द्रस्य वर्मासि......म०११ ॥ १३ ॥**

इन्द्रस्य । वर्म । असि ।......म० ११ ॥ १३ ॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ! ] तू ( इन्द्रस्य ) जीवात्मा का ( वर्म ) कवच ( असि ) है......म० ११ ॥ १३ ॥

भावार्थ—मंत्र ११ के समान है ॥१३॥

**इन्द्रस्य वरूथमसि । तं त्वा प्र पद्ये तं त्वा प्र विशामि सर्वगुः सर्वपूरुषः सर्वात्मा सर्वतनूः सह यन्मेऽस्ति तेन॥१४**

---

विशामि ) प्रविष्टो भवामि ( सर्वगुः ) गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य । पा० १।२।४८ । इति गोशब्दस्य ह्रस्वः । सर्वपशुभिर्युक्तः ( सर्वपुरुषः ) सर्वजन सहितः ( सर्वात्मा ) पूर्णात्मबलसहितः ( सर्वतनूः ) कृषिचमितनि० । उ० १ । ८० । इति तनु-विस्तारे-ऊ प्रत्ययः । सर्वशरीरः ( सह ) सहितः ( यत् ) यत्किंचिद्वस्तु ( मे ) मम ( अस्ति ) भवति ( तेन ) वस्तुना ॥

१२—( शर्म ) शरणम् । अन्यत् पूर्ववत् म० १० ॥

१३—( वर्म ) वृञ् वरणे—मनिन् । तनुत्राणम् । अन्यत्—म० १० ।

इन्द्रस्य । वरूथम् । असि । तम् । त्वा । प्र । पद्ये । तम् । त्वा । प्र । विशामि । सर्व-गुः । सर्व-पुरुषः । सर्व-आत्मा । सर्व-तनूः । सह । यत् । मे । अस्ति । तेन ॥ १४ ॥

भाषार्थ—[ हे परमात्मन् ! ] तू ( इन्द्रस्य ) जीवात्मा का ( वरूथम् ) ढाल ( असि ) है । ( सर्वगुः ) सब गौ आदि पशुओं सहित, ( सर्वपुरुषः ) सब पुरुषों सहित, ( सर्वात्मा ) पूरे आत्मबल सहित, ( सर्वतनूः ) सब शरीर सहित मैं ( तम् त्वा ) उस तुझ को ( प्र पद्ये ) प्राप्त होता हूं, ( तम् त्वा ) उस तुझ में ( प्र विशामि ) प्रवेश करता हूं । और ( यत् ) जो कुछ ( मे ) मेरा ( अस्ति ) है ( तेन सह ) उसके साथ भी ॥ १४ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब प्रकार से परमेश्वर की आज्ञा पालन करके सदा प्रसन्न चित्त रहे । १४ ।

## सूक्तम् ७

१-१० ॥ प्रजापतिर्देवता । १ पङ्क्तिः, ४, ६ पथ्या पङ्क्तिः, शिष्टानुष्टुप् ॥

पुरुषार्थकरणायोपदेशः—पुरुषार्थ करने के लिये उपदेश ॥

**आ नो भर मा परि ष्ठा अराते मा नो रक्षीर्दक्षिणां नीयमानाम् । नमो वीर्त्साया असमृद्धये नमो अस्त्वरातये ॥ १ ॥**

आ । नः । भर । मा । परि । स्थाः । अराते । मा । नः । रक्षीः । दक्षिणाम् । नीयमानाम् । नमः । वि-ईर्त्सायै । असम्-ऋद्धये । नमः । अस्तु । । अरातये ॥ १ ॥

भाषार्थ—( अराते ) हे अदान शक्ति ! ( नः ) हमें ( आ ) आकर ( भर )

---

१४—( वरूथम् ) जॄवृञ्भ्यामूथन् । उ० २ । ६ । इति वृञ्—ऊथन । शरीरावरकं शस्त्रम् । चर्म । फलकम् । अन्यत् पूर्ववत् म० ११ ॥

१—( आ ) आगत्य ( नः ) अस्मान् ( भर ) पोषय ( परि ) पृथक्

पुष्ट कर, ( मा परि स्थाः ) अलग मत खड़ी हो, ( नः ) हमारे लिये ( नीयमानाम् ) लायी हुई ( दक्षिणाम् ) दक्षिणा [दान वा प्रतिष्ठा ] को ( मा रक्षीः ) मत रखले । (वीर्त्साये ) अवृद्धि इच्छा, ( असमृद्धये ) असम्पति अर्थात् ( अरातये ) अदान शक्ति [ निर्धनता ] को [ नमो नमः ] बार बार नमस्कार (अस्तु) होवे ।१।

भावार्थ—जो मनुष्य विपत्ति में निर्भय होकर धैर्य से उपाय करते हैं, वे उन्नति करते हैं। अथवा मनुष्यों को निर्धन विपत्तिग्रस्तों का सत्कार पूर्वक सहायक होना चाहिये ।१।

यमराते पुरोधत्से पुरुषं परिरापिणम् ।

नमस्ते तस्मै कृण्मो मा वनिं व्यथयीर्मम ॥ २ ॥

यम् । अराते । पुरः-धत्से । पुरुषम् । परि-रापिणम् ।

नमः । ते । तस्मै । कृण्मः । मा । वनिम् । व्यथयीः ।

मम ॥ २ ॥

भाषार्थ—( अराते ) हे अदान शक्ति ! ( यम् ) जिस ( परिरापिणम् ) बड़बड़िया ( पुरुषम् )पुरुष को ( पुरोधत्से ) तू आगे धरती है । ( ते ) तेरे ( तस्मै ) उस पुरुष को ( नमः ) नमस्कार ( कृण्मः ) हम करते हैं, ( मम ) मेरी

---

( मा स्थाः ) मा तिष्ठ ( अराते ) आ० १ । १८ । १ । रा दाने-क्तिन् । हे अदानशक्ते ( नः ) अस्मभ्यम् ( मा रक्षीः ) स्वार्थं मा स्वीकुरु ( दक्षिणाम् ) द्रुदक्षिभ्यामिनन् । उ० २ । ५० । इति दक्ष वृद्धौ-इनन् । दक्षिणा दक्षतेः समर्द्धयतिकर्मणः—निरु० १ । ७ । दानम् । प्रतिष्ठाम् (नीयमानाम्) उह्यमानाम् ( नमः ) सत्कारः । अन्ननाम-निघ० २ । ७ । वज्रनाम-निघ० २ । २० । ( वीर्त्साये ) आप्ज्ञप्यृधामीत् । पा० ७ । ४ । ५५ । इति वि+ऋधु वृद्धौ सनि, ईत् । अप्रत्ययात् । पा० ३ । ३ । १०२ । इति अ, टाप् । अवृद्धीच्छायै (समृद्धये ) सम्पत्तये ( नमः ) ( अस्तु ) भवतु ( अरातये ) अदानशक्तये । निर्धनतायै ।

२—( यम् ) पुरुषम् ( अराते ) म० १ । हे अदानशक्ते ( पुरोधत्से ) अग्रे धरसि ( पुरुषम् ) मनुष्यम् ( परिरापिणम् ) रप व्यक्तायां वाचि-णिनि । परिभाषणशीलम् ( नमः ) सत्कारः ( ते ) तव ( तस्मै ) पुरुषाय ( कृण्मः ) कृवि करणे । कुर्मः ( वनिम् ) खनिकष्यज्यसिवसिवनि० । उ० ४ । १४० ।

( वनिम् ) भक्ति को ( मा व्यथयीः ) तू व्यथा में मत डाल ॥२॥

भावार्थ—वीर मनुष्य विपत्ति ग्रस्त पुरुषों को उत्साह पूर्वक विपत्ति से निकालें ॥ २ ॥

प्र णो वनिर्देवकृता दिवा नक्तं च कल्पताम्।
अरातिमनुप्रेमो वयं नमो अस्त्वरातये ॥ ३ ॥

प्र। नः। वनिः। देव-कृता। दिवा। नक्तम्। च। कल्पताम्। अरातिम्। अनु-प्रेमः। वयम्। नमः। अस्तु। अरातये ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( देवकृता ) महात्माओं की उत्पन्न की हुई ( नः ) हमारी ( वनिः ) भक्ति ( दिवा ) दिन ( च ) और ( नक्तम् ) रात ( प्र ) अच्छे प्रकार ( कल्पताम् ) समर्थ होवे। ( वयम् ) हम लोग ( अरातिम् ) अदान शक्ति [ निर्धनता ] को ( अनुप्रेमः ) ढूंढ कर पावें, ( अरातये ) अदान शक्ति को ( नमः ) नमस्कार ( अस्तु ) होवे ।३।

भावार्थ—मनुष्य विद्वानों से शिक्षा पाकर सदा परस्पर भक्ति बढ़ावें और धैर्य से विपत्तियों को सहकर उत्तम पुरुषार्थ करें ॥३॥

सरस्वतीमनुमतिं भगं यन्तो हवामहे।
वाचं जुष्टां मधुमतीमवादिषं देवानां देवहूतिषु ॥४॥

सरस्वतीम्। अनु-मतिम्। भगम्। यन्तः। हवामहे। वाचम्।

---

इति वन सम्भक्तौ-इ। भक्तिम् ( मा व्यथयीः ) व्यथ भयसंचलनयोः-णिचि लुङि छान्दसं रूपम्। मा विव्यथः। मा व्यथय ॥

३—( प्र ) प्रकर्षेण ( नः ) अस्माकम् ( वनिः ) भक्तिः ( देवकृता ) देवैर्विद्वद्भिः सृष्टा प्रेरिता ( दिवा ) दिने ( नक्तम् ) नज व्रीडायाम्–क्त। रात्रौ (च) ( कल्पताम् ) समर्था भवतु ( अरातिम् ) अदानशक्तिम् ( अनुप्रेमः ) इण् गतौ-लट्। अनुसृत्य प्रगच्छामः ( वयम् ) उत्साहिनः ( नमः ) ( अस्तु ) ( अरातये) अदानशक्तये निर्धनतायै ॥

जुष्टाम् । मधु-मतीम् । अ॒वा॒दि॒षम् । दे॒वाना॑म् । दे॒व-हू॑तिषु ४

**भाषार्थ**—( यन्तः ) चलते फिरते हम लोग ( सरस्वतीम् ) विज्ञानवती विद्या, ( अनुमतिम् ) अनुकूल मति और ( भगम् ) सेवनीय ऐश्वर्य को ( हवामहे ) बुलाते हैं। ( देवानाम् ) महात्माओं की ( जुष्टाम् ) प्रीति युक्त, ( मधुमतीम् ) बड़ी मधुर ( वाचम् ) इस वाणी को ( देवहूतिषु ) दिव्य गुणों के बुलाने में ( अवादिषम् ) मैं बोला हूं ॥ ४ ॥

**भावार्थ**—पुरुषार्थी मनुष्य उत्तम विद्या से उत्तम बुद्धि पाकर ऐश्वर्य-वान् होते हैं; यही वाणी उत्तम गुण पाने के लिये महात्माओं की संमत है ॥४॥

**यं या॑चा॒म्यहं॑ वा॒चा सर॑स्वत्या मनो॒युजा॑ ।**
**श्र॒द्धा तम॒द्य वि॑न्दतु द॒त्ता सोमे॑न ब॒भ्रुणा॑ ॥ ५ ॥**

यम् । याचा॑मि । अ॒हम् । वा॒चा । सर॑स्वत्या । म॒नः॒ऽयुजा॑ ।
श्र॒द्धा । तम् । अ॒द्य । वि॒न्द॒तु । द॒त्ता । सोमे॑न । ब॒भ्रुणा॑ ॥५॥

**भाषार्थ**—( यम् ) जिस गुण को ( अहम् ) मैं ( सरस्वत्या ) विज्ञान-युक्त, ( मनोयुजा ) मन से जुड़ी हुयी ( वाचा ) वाणी से ( याचामि ) मांगता हूं। ( बभ्रुणा ) पोषण करने वाले ( सोमेन ) परमेश्वर करके ( दत्ता ) दी हुयी (श्रद्धा) श्रद्धा (तम्) उस गुण को ( अद्य ) आज ( विन्दतु ) पावे ॥ ५ ॥

**भावार्थ**—मनुष्य परमेश्वर में श्रद्धा करके विज्ञान और पराक्रम युक्त वाणी से अपना मनोरथ शीघ्र सिद्ध करते हैं ॥ ५ ॥

---

४—( सरस्वतीम् ) विज्ञानवतीं विद्याम् ( अनुमतिम् ) अनुकूलां बुद्धिम् ( भगम् ) सेवनीयमैश्वर्यम् ( यन्तः ) गच्छन्तः । उद्योगिनो वयम् ( हवामहे ) आह्वयामः ( वाचम् ) इमां वाणीम् ( जुष्टाम् ) प्रीताम् ( मधुमतीम् ) माधुर्योपेताम् (अवादिषम् ) वद व्यक्तायां वाचि—लुङ् । उच्चारितवानस्मि (देवानाम्) महात्मनाम् ( देवहूतिषु ) दिव्यगुणानामाह्वानेषु प्राप्तिषु ॥

५—( यम् ) गुणम् ( याचामि ) प्रार्थये ( अहम् ) पुरुषार्थी ( वाचा ) वाण्या ( सरस्वत्या ) विज्ञानवत्या ( मनोयुजा ) मनसा युक्तया ( श्रद्धा ) भक्तिः ( तम् ) गुणम् ( अद्य ) वर्तमाने दिने ( विन्दतु ) प्राप्नोतु ( दत्ता ) प्रेरिता ( सोमेन ) परमेश्वरेण ( बभ्रुणा ) पोषकेण ॥

मा वनिं मा वाचं नो वीर्त्सीरुभाविन्द्राग्नी आ भरतां नो वसूनि । सर्वे नो अद्य दित्सन्तोऽरातिं प्रति हर्यत ॥ ६

मा । वनिम् । मा । वाचम् । नः । वि । ईर्त्सीः । उभौ । इन्द्राग्नी इति । आ । भरताम् । नः । वसूनि । सर्वे । नः । अद्य । दित्सन्तः । अरातिम् । प्रति । हर्यत ॥ ६ ॥

भाषार्थ—[ हे अदान शक्ति ] ( मा ) न तो ( नः ) हमारी ( वनिम् ) भक्ति को और ( मा ) न ( वाचम् ) वाणी को ( वि ईर्त्सीः ) असिद्ध कर। ( उभौ ) दोनों ( इन्द्राग्नी ) जीव और अग्नि [ पराक्रम ] ( नः ) हमारे लिये ( वसूनि ) अनेक धन ( आ भरताम् ) लाकर भरें। ( अद्य ) आज ( नः ) हमें ( दित्सन्तः ) दान की इच्छा करने वाले ( सर्वे ) हे सब गुणो ! ( अरातिम् ) अदान शक्ति को ( प्रति ) प्रतिकूलपन से ( हर्यत ) प्राप्त हो ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य पूर्ण श्रद्धा और सत्य प्रतिज्ञा से आत्मिक और शारिरिक बल बढ़ाकर विद्या धन और सुवर्ण आदि धन बढ़ाकर निर्धनता को हटावें ॥ ६ ॥

परोऽपेह्यसमृद्धे वि ते हेतिं नयामसि ।
वेद त्वाहं निमीवन्तीं नितुदन्तीमराते ॥ ७ ॥

परः । अप । इहि । असम्-ऋद्धे । वि । ते । हेतिम् । नयामसि । वेद । त्वा । अहम् । नि-मीवन्तीम् । नि-तुदन्तीम् । अराते ॥ ७ ॥

६—( मा ) निषेधे ( वनिम् ) भक्तिम् ( वाचम् ) वाणीम् ( नः ) अस्माकम् ( वि ) विरुद्धम् ( वि मा ईर्त्सीः ) म० १। ऋधु वृद्धौ सनि माङि लुङि रूपम्। विगतसिद्धिं निष्फलां मा कुरु ( उभौ ) द्वौ ( इन्द्राग्नी ) इन्द्रो जीवात्मा, अग्निः पराक्रमश्च ( आ ) आनीय ( भरताम् ) पोषयताम् ( नः ) अस्मभ्यम् ( वसूनि ) धनानि ( सर्वे ) ( नः ) अस्मभ्यम् ( अद्य ) वर्तमाने दिने ( दित्सन्तः ) दातुमिच्छन्तः ( अरातिम् ) अदानशक्तिम् ( प्रति ) प्रातिकूल्येन ( हर्यत ) हर्य गतिकान्त्योः। गच्छत ॥

भाषार्थ—( असमृद्धे ) हे असमृद्धि ! ( परः ) परे ( अप इहि ) चली जा, ( ते ) तेरी ( हेतिम् ) बरछी को ( वि नयामसि ) हम अलग हटाते हैं। ( अराते ) हे अदान शक्ति ! [ निर्धनता ! ] ( अहम् ) मैं ( त्वा ) तुझको ( निमीवन्तीम् ) निर्बल करने वाली और ( नितुदन्तीम् ) भीतर चुभने वाली ( वेद ) जानता हूं ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य महादुःखदायिनी निर्धनता को प्रयत्न पूर्वक हटावे ॥७॥

उत नुग्ना बोभुवती स्वप्नया संचसे जनम् ।
अराते चित्तं वीर्त्सन्त्याकूतिं पुरुषस्य च ॥ ८ ॥

उत । नुग्ना । बोभुवती । स्वप्न-या । सचसे । जनम् । अराते । चित्तम् । वि-ईर्त्सन्ती । आ-कूतिम् । पुरुषस्य । च ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( उत ) और ( अराते ) हे अदान शक्तिः [ निर्धनता ] ( पुरुषस्य ) मनुष्य के ( चितम् ) चित्त ( च ) और ( आकूतिम् ) संकल्प ( वीर्त्सन्ती ) असिद्ध करती हुयी ( नग्ना ) लज्जित ( बोभुवती ) बार बार होती हुयी तू ( स्वप्नया ) नींद [ आलस्य ] के साथ ( जनम् ) जनसमूह को ( सचसे ) प्राप्त होती है ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य निर्धनता के कारण अपने चित्त और संकल्प को नष्ट करते, लज्जित और आलसी होते हैं ॥ ८ ॥

---

७—( परः ) परस्तात् दूरदेशे ( अप इहि ) अपगच्छ ( असमृद्धे ) हे असम्पत्ते ( वि ) पृथक् ( ते ) तव ( हेतिम् ) हननशक्तिम् ( नयामसि ) नयामः प्रापयामः ( वेद ) जानामि ( त्वा ) त्वाम् ( अहम् ) ( नि मीवन्तीम् ) नि निषेधे+मीव स्थौल्ये-शतृ, ङीप्। क्षीणस्थौल्यं निर्बलं कुर्वतीम् ( नि तुदन्तीम् ) तुद व्यथने-शतृ। नितरां व्यथयन्तीम् ( अराते ) अदानशक्ते ॥

८—( उत ) अपिच ( नग्ना ) ओलजी व्रीडायाम्—क्त ओदितश्च । पा० । ८ । २ । ४५ । इति तस्य न । लज्जिता ( बोभुवती ) भू सत्तायां यङ्लुगन्तात्—शतृ । पुनः पुनर्भवन्ती (स्वप्नया ) सुपां सुलुक्०। पा० ७ । १ । ३९ । इति विभक्तेर्याच् । स्वप्नेन । आलस्येन ( सचसे ) समवैषि ( जनम् ) मनुष्यसमूहम् ( अराते ) हे अदानशक्ते ( चित्तम् ) अन्तःकरणम् (वीर्त्सन्ती ) म० १ । वि+ऋधु-सन्, शतृ, ङीप् । असाधयन्ती नाशयन्ती ( आकूतिम् ) संकल्पम् ( पुरुषस्य ) मनुष्यस्य ( च ) ॥

या म॒हती म॒होन्मा॑ना विश्वा॒ आशा॒ व्या॑नु॒शे ।
तस्यै॑ हिरण्यके॒श्यै निर्ऋ॑त्या अकरं॒ नमः॑ ॥ ९ ॥

या । म॒ह॒ती । म॒हा-उ॑न्माना । विश्वाः॑ । आशाः॑ । वि॒-आ॒नु॒शे ।
दैव्या । होतारा । प्रथमा । सु-वाचा । मिमाना । यज्ञम् । मनुषः । यजध्यै । प्र-चोदयन्ता । विदथेषु । कारू इति । प्राचीनम् । ज्योतिः । प्र-दिशा । दिशन्ता ॥ ७ ॥

भाषार्थ—( प्रथमा ) प्रख्यात, ( सुवाचा ) सुन्दर वाणी वाले, ( दैव्या ) दिव्य गुण वाले, ( होतारा ) दोनों दाता [ अग्नि और वायु ] ( मनुषः ) मनुष्य के ( यज्ञम् ) पूजनीय कर्म को ( यजध्यै ) पूरा करने के लिये ( मिमाना ) निर्माण करते हुये ( विदथेषु ) विज्ञानों में ( प्रचोदयन्ता ) प्रेरणा करते हुये, ( कारू ) दो शिल्पी रूप, ( प्राचीनम् ) प्राचीन ( ज्योतिः ) ज्योति ( प्रदिशा ) अपने अनुशासन से ( दिशन्ता ) देते हुये [ आवें-म० ६ ] ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य अग्नि और वायु से उपकार लेकर स्वस्थ रहकर अनेक प्रकार के शिल्प आदि सिद्ध करके सुखी रहें ॥ ७ ॥

[ दैव्या होतारा दैव्यौ होतारावयं चाग्निरसौ च मध्यमः ] निरु० । ८ । ११ । इस वचन के अनुसार (होतारा) का अर्थ अग्नि और वायु लिया गयाहै ॥

आ नो यज्ञं भारती तूयमेत्विडा मनुष्वदिह चेतयन्ती । तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं स्योनं सरस्वतीः स्वपसः सदन्ताम् ॥ ८ ॥

७—( दैव्या ) देव-यञ् । दिव्यगुणवन्तौ ( होतारा ) दैव्यौ होतारावयं चाग्निरसौ च मध्यमः—निरु० । ८ । ११ । दातारौ । अग्निवायू ( प्रथमा ) प्रख्यातौ ( सुवाचा ) सुवाचौ । सुवाण्या हेतू ( मिमाना ) विदधतौ ( यज्ञम् ) पूजनीयं व्यवहारम् ( मनुषः ) म० १ । मनुष्यस्य ( यजध्यै ) तुमर्थे सेसेनसे पा० ३ । ४ । ६ । इति यज-शध्यैन् । पुष्टुम् । यागसिद्धये ( प्रचोदयन्ता ) प्रेरयन्तौ ( विदथेषु ) विज्ञानेषु ( कारू ) कृवापा० । उ० १ । १ । इति करोतेः-उण् । शिल्पिनौ यथा ( प्राचीनम् ) प्राक्तनम् ( ज्योतिः ) प्रकाशम् ( प्रदिशा ) प्रदेशेन स्वशासनेन ( दिशन्ता ) प्रददतौ [ आ सदताम् ] इति पूर्वेणान्वयः ॥

आ। नः। यज्ञम्। भारती। तूयम्। एतु। इडा। मनुष्वत्। इह। चेतयन्ती। तिस्रः। देवीः। बर्हिः। आ। इदम्। स्योनम्। सरस्वतीः। सु-अपसः। सदन्ताम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( चेतयन्ती ) चेताने वाली ( भारती ) पोषण करने वाली विद्या ( नः ) हमारे ( यज्ञम् ) पूजनीय, ( मनुष्वत् ) मनुष्यों से युक्त ( तूयम् ) वृद्धि करने वाले कर्म में ( इह ) यहां पर ( आ एतु ) आवे, ( इडा ) स्तुति योग्य नीति, और ( सरस्वतीः=सरस्वती ) विज्ञान वाली बुद्धि [ भी आवे ]। ( तिस्रः ) तीनों ( देवीः ) देवियां ( इदम ) इस ( स्योनम् ) सुखकारी (बर्हिः) बढ़े हुये काम में ( स्वपसः ) उत्तम कर्मों वाले पुरुषों को ( आ सदन्ताम् ) आकर प्राप्त होवें ॥ ८ ॥

भावार्थ—पुरुषार्थी मनुष्य उत्तम विद्या, उत्तम नीति और उत्तम बुद्धि प्राप्त करके परस्पर उन्नति करें ॥ ८ ॥

य इमे द्यावापृथिवी जनित्री रूपैरपिंशद् भुवनानि

८—( नः ) अस्माकम् ( यज्ञम् ) पूजनीयम् (भारती) भृमृदृशि० । उ० । ३ । ११० । इति डुभृञ् धारणपोषणयोः—अतच् । प्रज्ञादिभ्यश्च । पा० ५ । ४ । ३८ । इति स्वार्थे अण्, ङीप् । भारती वाङ् नाम-निघ० ।१। ११ । भारती···भरत आदित्यस्तस्य भाः—निरु० । ८ । १३ । पोषयित्री विद्या ( तूयम् ) अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । इति तु वृद्धौ—यक् । तविषीति बलनाम तवतेर्वृद्धिकर्मणः—निरु० । ६ । २५ । वृद्धिकरं कर्म ( आ एतु ) आगच्छतु ( इडा ) अ० ३ । १० । ६ । इगुपधज्ञा० । पा० ३ । १ । १३५ । इति इल क्षेपणे, यद्वा. ईड स्तुतौ, यद्वा, ञि इन्धी दीप्तौ=क । ईड ईट्टेः स्तुतिकर्मण इन्धतेर्वा—निरु० । ८ । ७ । इडा वाङ् नाम-निघ० । १ । ११ । स्तुत्या नीतिः । ( मनुष्वत् ) मनुष—मतुप् । मनुष्ययुक्तम् ( इह ) अस्मिन् कर्मणि ( चेतयन्ती ) प्रज्ञापयन्ती (तिस्रः) (देवीः) दीप्यमानाः ( बर्हिः ) प्रवृद्धकर्म ( इदम् ) ( स्योनम् ) सुखम् ( सरस्वतीः ) बहुबचनं छान्दसम् । ऋग्यजुर्वेदनिरुक्तेषु [ सरस्वती ] इति पाठो दृश्यते । वाङ् नाम-निघ० १ । ११ । विज्ञानवती प्रज्ञा ( स्वपसः ) अपः कर्म नाम-निघ० । २ । १ । शुभकर्मणः पुरुषान् ( आसदन्ताम् ) आसीदन्ताम् । आगच्छन्तु ॥

विश्वा। तमद्य होतरिषितो यजीयान् देवं त्वष्टारमिह यक्षि विद्वान् ॥ ९ ॥

यः । इमे इति । द्यावापृथिवी इति । जनित्री इति । रूपैः । अपिंशत् । भुवनानि । विश्वा । तम् । अद्य । होतः । इषितः । यजीयान् । देवम् । त्वष्टारम् । इह । यक्षि । विद्वान् ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( यः ) जिस [ परमेश्वर ] ने ( इमे ) इन दोनों ( जनित्री ) उत्पन्न करने वाली ( द्यावापृथिवी ) सूर्य और पृथिवी को और ( विश्वा ) सब ( भुवनानि ) लोकों को ( रूपैः ) अनेक रूपों से ( अपिंशत् ) अवयव वाला बनाया है। ( होतः ) हे दानशील पुरुष ! ( यजीयान् ) अधिक संगति करने वाला, ( इषितः ) प्रेरणा किया गया ( विद्वान् ) विद्वान् तू ( अद्य ) आज ( इह ) यहां पर ( तम् ) उस ( देवम् ) प्रकाशमय ( त्वष्टारम् ) विश्वकर्मा को ( यक्षि ) पूज ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य जगत्पालक परमात्मा की अनेक रचनाओं को विचार कर अपनी उपकार शक्ति बढ़ावें ॥ ९ ॥

उपावसृज त्मन्या समञ्जन् देवानां पाथ ऋतुथा हवींषि । वनस्पतिः शमिता देवो अग्निः स्वदन्तु हव्यं मधुना घृतेन ॥ १० ॥

उप-अवसृज । त्मन्या । सम्-अञ्जन् । देवानाम् । पाथः ।

९—( यः ) त्वष्टा ( इमे ) प्रत्यक्षे ( द्यावापृथिवी ) सूर्यभूलोकौ ( जनित्री ) जनयित्र्यौ ( रूपैः ) नानाकारैः ( अपिंशत् ) पिश अवयवे-लङ् । अवयवैः सृष्टवान् ( भुवनानि ) लोकान् ( विश्वा ) सर्वाणि ( तम् ) ( अद्य ) अस्मिन्दिने ( होतः ) हे दानशील ! ( इषितः ) प्रेरितः ( यजीयान् ) म० ३ । अतिशयेन संगन्ता ( देवम् ) प्रकाशमानम् ( त्वष्टारम् ) अ० २ । ५ । ६ । त्वक्ष तनूकरणे—तृन् । विश्वकर्माणं परमेश्वरम् ( इह ) अस्मिन् संसारे ( यक्षि ) म० ३ । यज पूजय ( विद्वान् ) प्राप्तविद्यः ॥

ऋतु-था । हवींषि । वनस्पतिः । शमिता । देवः । अग्निः ।
स्वदन्तु । हव्यम् । मधुना । घृतेन ॥ १० ॥

भाषार्थ—[ हे विद्वान् पुरुष तू ] ( त्मन्या ) आत्म बल से ( समञ्जन् ) यथावत् प्रकट करता हुआ ( देवानाम् ) विद्वानों के ( पाथः ) रक्षा साधन अन्न और ( हवींषि ) देने लेने योग्य पदार्थों को ( ऋतुथा ) ऋतु ऋतु में ( उप-अव-सृज ) आदर पूर्वक दिया कर। ( वनस्पतिः ) किरनों का स्वामी सूर्य, ( शमिता ) शान्तिकर्ता ( देवः ) दान शील मेघ और ( अग्निः ) अग्नि ( हव्यम् ) अन्न को ( मधुना ) मीठे रस वाले ( घृतेन ) जल के साथ (स्वदन्तु) स्वादु बनावें ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य आत्म बल से अन्न आदि पदार्थ प्राप्त करके सुपात्रों को सदा दान करें और सूर्य, जल, अग्नि द्वारा पदार्थों को उत्तम बनावें ॥१०॥

सद्यो जातो व्यमिमीत यज्ञमग्निर्देवानामभवत् पुरोगाः।
अस्य होतुः प्रशिष्यृतस्य वाचि स्वाहाकृतं हविरदन्तु
देवाः ॥ ११ ॥

सद्यः । जातः । वि । अमिमीत । यज्ञम् । अग्निः । देवानाम् ।
अभवत् । पुरः-गाः । अस्य । होतुः । प्र-शिषि । ऋतस्य ।
वाचि । स्वाहा-कृतम् । हविः । अदन्तु । देवाः ॥ ११ ॥

---

१०—( उपावसृज ) सत्कारेण देहि ( त्मन्या ) आत्मन्-टा इति स्थिते। मन्त्रेष्वाङ्यादेरात्मनः। पा० ६।४।१४१। इति टाविभक्तौ, आकारलोपः। सुपां सुलुक्०। पा० ७।१।३९। इति विभक्तेर्या इत्यादेशः। आत्मना। आत्मबलेन ( समञ्जन् ) सम्यक् प्रकटयन् ( देवानाम् ) विदुषाम् ( पाथः ) अ० २। ३४।२। रक्षासाधनम्। अन्नम् ( ऋतुथा ) ऋतावृतौ काले काले—निरु०। ८।१७। ( हवींषि ) देयग्राह्यपदार्थान् ( वनस्पतिः ) किरणानां पालकः सूर्यः ( शमिता ) शमु शान्तीकरणे—तृन्। शान्तीकरः। सुखयिता ( देवः ) दानशीलो मेघः ( अग्निः ) पावकः ( स्वदन्तु ) स्वादयन्तु। स्वादु कुर्वन्तु ( हव्यम् ) अदनीयमन्नम् ( मधुना ) मधुररसयुक्तेन ( घृतेन ) उदकेन—निघ०।१।१२॥

भाषार्थ—( सद्यः ) शीघ्र ( जातः ) प्रसिद्ध होकर ( अग्निः ) विद्वान् पुरुष ने ( यज्ञम् ) पूजनीय व्यवहार को ( वि ) विशेष करके ( अमिमीत ) निर्माण किया, और ( देवानाम् ) विद्वान् लोगों का ( पुरोगाः ) अगुआ ( अभवत् ) हुआ। ( अस्य ) इस ( होतुः ) दानशील, ( ऋतस्य ) सत्यशील पुरुष के ( प्रशिषि ) अनुशासन और ( वाचि ) वाणी में ( देवाः ) विद्वान् लोग ( स्वाहाकृतम् ) सुन्दर वाणी से सिद्ध किया हुआ ( हविः ) खाने योग्य अन्न आदि ( अदन्तु ) खावें ॥ ११ ॥

भावार्थ—पुरुषार्थी मनुष्य उत्तम कर्म करने से विद्वानों का अग्रगामी होता है और उसीके शासन और वचन में चलकर विद्वान् लोग आनन्द भोगते हैं ॥ ११ ॥

## सूक्तम् १३ ॥

१-११ ॥ प्रजापतिर्देवता ॥ १, ३, जगती; २, ६, पथ्या पङ्क्तिः; ४, ९, अनुष्टुप्; ५, त्रिष्टुप्; ७, ८ उष्णिक्; १०, ११ गायत्री छन्दः ॥

दोषनिवारणायोपदेशः—दोष निवारण के लिये उपदेश ॥

ददिर्हि मह्यं वरुणो दिवः कविर्वचोभिरुग्रैर्नि रिणामि ते विषम्। खातमखातमुत सक्तमग्रभमिरेव धन्वन्नि जजास ते विषम् ॥ १ ॥

ददिः। हि। मह्यम्। वरुणः। दिवः। कविः। वचः-अभिः।

११—( सद्यः ) शीघ्रम् ( जातः ) प्रकटः सन् ( वि ) विशेषेण ( अमिमीत ) माङ् माने शब्दे च, जुहोत्यादिः—लङ्। निर्मितवान् ( यज्ञम् ) पूजनीयं व्यवहारम् ( अग्निः ) ज्ञानवान् पुरुषः ( देवानाम् ) विदुषाम् ( अभवत् ) ( पुरोगाः ) गमेर्विट्। विड्वनोरनुनासिकस्यात्। पा० ६।४।४१। इति मस्याकारः। अग्रगामी ( अस्य ) विदुषः ( होतुः ) दातुः ( प्रशिषि ) प्रशासने ( ऋतस्य ) सत्यस्वभावस्य ( वाचि ) वाण्याम् ( स्वाहाकृतम् ) सुवाण्या निष्पादितम् ( हविः ) आद्यमन्नम् ( अदन्तु ) भुञ्जताम् ( देवाः ) विद्वांसः ॥

उग्रैः। नि। रिणामि। ते। विषम्। खातम्। अखातम्। उत। सक्तम्। अग्रभम्। इरा-इव। धन्वन्। नि। जजास। ते। विषम्॥ १॥

भाषार्थ—( दिवः ) व्यवहार की ( कविः ) बुद्धि वाला ( वरुणः ) श्रेष्ठ परमेश्वर ( हि ) ही ( मह्यम् ) मुझको ( ददिः ) दाता है। ( उग्रैः ) प्रचण्ड ( वचोभिः ) वचनों से [ हे सर्प ] ( ते विषम् ) तेरे विष को ( नि रिणामि ) मिटाये देता हूं। ( खातम् ) खुदे हुये ( अखातम् ) विना खुदे ( उत ) और ( सक्तम् ) चिपटे हुये [ विष ] को ( अग्रभम् ) मैं ने पकड़ लिया है। ( ते विषम् ) तेरा विष ( धन्वन् ) रेतीले देश में ( इरा इव ) जल के समान ( नि जजास ) नष्ट हो गया है॥ १॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर के दिये हुये ज्ञान से अपने शारीरिक और आत्मिक दोष मिटावें जैसे वैद्य सर्प आदि के विष को नाश करता है॥ १॥

यत् ते अपोदकं विषं तत् त एतास्वग्रभम्। गृह्णामि ते मध्यममुत्तमं रसमुतावमं भियसा नेशदादु ते॥ २॥

यत्। ते। अप-उदकम्। विषम्। तत्। ते। एतासु। अग्रभम्। गृह्णामि। ते। मध्यमम्। उत्-तमम्। रसम्। उत। अवमम्। भियसा। नेशत्। आत्। ऊं इति। ते॥ २॥

---

१—( ददिः ) सर्वधातुभ्य इन्। उ० ४। ११८। इति दद दाने-इन्। दाता ( हि ) अवश्यम् ( मह्यम् ) मदर्थम् ( वरुणः ) वरणीयः परमेश्वरः ( दिवः ) व्यवहारस्य ( कविः ) मेधावी ( वचोभिः ) वेदवचनैः ( उग्रैः ) प्रचण्डैः ( नि ) नितराम् ( रिणामि ) री गतिरेषणयोः। नाशयामि ( ते ) त्वदीयम् ( विषम् ) आरोग्यनाशकं द्रव्यम् ( खातम् ) खन्-क्त। विदारितम् ( अखातम् ) अविदारितम् ( उत ) अपि ( सक्तम् ) षञ्ज सङ्गे-क्त। अभिनिविष्टम् ( अग्रभम् ) अहं गृहीतवान् ( इरा ) इण् गतौ-रक्। जलम् ( इव ) यथा ( धन्वन् ) कनिन् युवृषितक्षि०। उ० १। १५६। इति धन्व गतौ-कनिन्। धन्वनि। मरुदेशे ( नि ) ( जजास ) जसु हिंसायां ताडने च। नाशं प्राप ( ते ) ( विषम् )॥

भाषार्थ—( यत् ) जो कुछ ( ते ) तेरा ( अपोदकम् ) जल [ रुधिर ] का सुखाने वाला ( विषम् ) विष है, ( ते ) तेरे ( तत् ) उसको ( एतासु ) इन [नाड़ियों] के भीतर ( अग्रभम् ) मैंने पकड़ लिया है। ( ते ) तेरे ( मध्यमम् ) मध्य के, ( उत्तमम् ) ऊपर के ( उत ) और ( अवमम् ) नीचे के ( रसम् ) रस को ( गृह्णामि ) मैं पकड़ता हूं। ( आत् ) और ( ते ) वह तेरा ( उ ) निश्चय करके ( भियसा ) भय से ( नेशत् ) नष्ट हो जावे ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य विषरूपी आत्म-दोषों को सर्वथा नष्ट करे ॥ २ ॥

वृषा मे रवो नभसा न तन्यतुरुग्रेण ते वचसा बाध आदु ते। अहं तमस्य नृभिरग्रभं रसं तमस इव ज्योतिरुदेतु सूर्यः ॥ ३ ॥

वृषा। मे। रवः। नभसा। न। तन्यतुः। उग्रेण। ते। वचसा। बाधे। आत्। ऊं इति। ते। अहम्। तम्। अस्य। नृभिः। अग्रभम्। रसम्। तमसः-इव। ज्योतिः। उत्। एतु। सूर्यः ॥३॥

भाषार्थ—( मे ) मेरा ( रवः ) शब्द ( नभसा ) मेघ के साथ ( तन्यतुः न ) गर्जन के समान ( वृषा ) शक्ति वाला है। ( आत् उ ) और भी ( वचसा ) अपने वचन से ( ते ) तेरे, ( ते ) तेरे [ रस को ] ( बाधे ) हटाता हूं। ( अहम् )

---

२—( यत् ) यत् किञ्चित् ( ते ) तव ( अपोदकम् ) अपगतजलम् ( विषम् ) ( तत् ) ( ते ) तव ( एतासु ) नाडीषु वर्तमानम् ( अग्रभम् ) अहं गृहीतवान् ( गृह्णामि ) आददे ( ते ) तव ( मध्यमम् ) मध्यदेशे भवम् ( उत्तमम् ) उपरिदेशे भवम् ( रसम् ) विषप्रभावम् ( उत ) अपि च ( अवमम् ) अवद्यावमा० । उ० ५ । ५४ । इति अव रक्षणादौ–अम । अधमम् ( भियसा ) भूरिञ्जिभ्यां कित् । उ० ४ । २१७ । ञि भी–असुन् । भयेन ( नेशत् ) नश्येत् ( आत् ) अनन्तरम् ( उ ) अवश्यम् ( ते ) तव रसः ॥

३—( वृषा ) अ० १ । १२ । १ । वृषु ऐश्वर्ये–कनिन् । ऐश्वर्यवान् ( मे ) मम ( रवः ) शब्दः ( नभसा ) मेघेन ( न ) इव ( तन्यतुः ) ऋतन्यञ्जि० । उ० ४ ।

मैंने ( नृभिः ) मनुष्यों के साथ ( अस्य ) इसके ( तम् रसम् ) उस रस को ( तमसः ) अन्धकार से ( ज्योतिः इव ) ज्योति के समान ( अग्रभम् ) मैंने पकड़ लिया है। [ अब ] ( सूर्यः ) सूर्य ( उदेतु ) उदय होवे ॥ ३ ॥

भावार्थ—मनुष्य आत्मबल बढ़ाकर विषरूपी अज्ञान का नाश करके विद्यारूपी सूर्य का प्रकाश करें ॥ ३ ॥

चक्षु॑षा ते॒ चक्षु॑र्हन्मि वि॒षेण॑ हन्मि ते वि॒षम् ।
अहे॒ म्रिय॑स्व॒ मा जी॑वीः प्र॒त्यग॒भ्ये॑तु त्वा वि॒षम् ॥४॥

चक्षु॑षा । ते॒ । चक्षुः॑ । ह॒न्मि॒ । वि॒षेण॑ । ह॒न्मि॒ । ते॒ । वि॒षम् ।
अहे॑ । म्रिय॑स्व । मा । जी॒वीः॒ । प्र॒त्यक् । अ॒भि । ए॒तु॒ । त्वा॒ । वि॒षम् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( चक्षुषा ) इस नेत्र से ( ते ) तेरे ( चक्षुः ) नेत्र को ( हन्मि ) नाश करता हूं। ( विषेण ) इस विष से ( ते ) तेरे ( विषम् ) विष को ( हन्मि ) नाश करता हूं। ( अहे ) हे बड़े हनन शील, सर्प ( म्रियस्व ) तू मरजा, ( मा जीवीः ) मत जीता रह। ( विषम् ) विष ( त्वा ) तुझको ( प्रत्यक् ) प्रतिकूल गति से ( अभि ) सब ओर ( एतु ) प्राप्त हो ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्परूपी कुव्यवहारों को खोज खोज कर हठ के साथ नाश करें जैसे वैद्य एक विष से दूसरे विष को नाश करता है ॥ ४ ॥

---

३। इति तनु विस्तारे—यतुच्। मेघनादः। विद्युत् ( उग्रेण ) तीव्रेण ( ते ) तव रसम् ( वचसा ) वचनेन ( बाधे ) निवारयामि ( आत् ) अनन्तरम् ( उ ) अवश्यम् ( ते ) तव ( अहम् ) जीवः ( तम् ) प्रसिद्धम् ( अस्य ) पुरोवर्तिनः ( नृभिः ) मनुष्यैः ( अग्रभम् ) अहं गृहीतवान् ( रसम् ) प्रभावम् ( तमसः ) अन्धकारात् ( इव ) यथा ( ज्योतिः ) प्रकाशम् ( उदेतु ) उद्गच्छतु ( सूर्यः ) रविः ॥

४—( चक्षुषा ) अनेन नेत्रेण ( ते ) तव ( चक्षुः ) नेत्रम् ( हन्मि ) नाशयामि ( विषेण ) ( ते ) तव ( विषम् ) ( अहे ) अ० २। ५। ५। आङ्+हन् हिंसागत्योः—इण्, डित्। हे आहननशील। सर्प ( म्रियस्व ) प्राणान् त्यज ( मा जीवीः ) जीवितो मा भूः ( प्रत्यक् ) प्रतिकूलगति। प्रतिमुखम् ( अभि ) अभितः ( एतु ) प्राप्नोतु ( त्वा ) त्वाम् ( विषम् ) ॥

कैरा॑त॒ पृश्न॑ उपतृण्य॒ बभ्र॒ आ मे॑ शृणुतासि॑ता अली॑काः ।
मा मे॒ सख्यु॑ स्तामान॒मपि॑ ष्ठाताश्रावय॑न्तो॒ नि वि॒षे र॑मध्वम् ॥ ५ ॥

कैरा॑त । पृश्ने॑ । उप॑-तृण्य । बभ्रो॒ इति॑ । आ । मे॒ । शृणुत॒ । असि॑ताः । अली॑काः । मा । मे॒ । सख्यु॑ः । स्तामान॑म् । अपि॑ । स्थात॒ । आ-श्राव॑यन्तः । नि । वि॒षे । र॒मध्व॒म् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—( कैरात ) हे किरात अर्थात् शूकरादि के फिरने के स्थान में रहने वाले ! ( पृश्ने ) हे चिपटने वाले ! ( उपतृण्य ) हे वागड़ [ घासस्थान ] में दबक जाने वाले ! ( बभ्रो ) हे भूरे रंग वाले ! ( असिताः ) हे काले वर्ण वाले ! ( अलीकाः ) हे तुच्छ जीवो ! तुम ( मे ) मेरी ( आ ) भले प्रकार ( शृणुत ) सुनो । ( मे ) मेरे ( सख्युः ) मित्र के ( स्तामानम् ) घर के ( अपि=अभि ) पास ( मा स्थात ) मत ठहरो । ( आश्रावयन्तः ) अच्छे प्रकार सुनते हुये तुम ( विषे ) इस विष में ( नि रमध्वम् ) चुपचाप ठहरे रहो ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्प समान दुःखदायी कुविचारों को नाश करके सदा शान्तस्वभाव रहें ॥ ५ ॥

---

५—( कैरात ) इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः । पा० ३ । १ । १३५ । इति कॄ विक्षेपे—क । किराः शूकरादयोऽतन्ति यत्र । अत—अण् । किरातः शूकरादिगमनदेशः । तत्र जातः । पा० ४ । ३ । २५ । इति किरात—अण् । शूकरादिगमनदेशोत्पन्न, सर्प ! ( पृश्ने ) स्पृश—नि । हे स्पर्शनशील ( उपतृण्य ) उपतृण—यत् । उपगततृणदेशे भव ( बभ्रो ) डुभृञ्—कु । हे पिङ्गलवर्ण ( आ ) समन्तात् ( मे ) मम वचनम् ( शृणुत ) आकर्णयत ( असिताः ) कृष्णवर्णाः ( अलीकाः ) अलीकादयश्च । उ० ४ । २५ । इति अल वारणे—कीकन् । हे निवारणीयाः । हे घृणिता जीवाः ( मा ) निषेधे ( मे ) मम ( सख्युः ) मित्रस्य ( स्तामानम् ) सर्वधातुभ्यो मनिन् । उ० ४।१४५ । इति ष्टै वेष्टने—मनिन् । वेष्टनशीलं गृहम् ( अपि स्थात ) माङि लुङि अडभावः । अभितिष्ठत प्राप्नुत ( आश्रावयन्तः ) स्वार्थे णिच् । समन्तात् शृण्वन्तः ( विषे ) ( नि रमध्वम् ) निवर्तध्वम् । शान्ता भवत ॥

असितस्य तैमातस्य बभ्रोरपोदकस्य च। सात्रासाहस्याहं मन्योरव ज्यामिव धन्वनो वि मुञ्चामि रथाँ इव ॥६॥

असितस्य। तैमातस्य। बभ्रोः। अप-उदकस्य। च। सात्रा-सहस्य। अहम्। मन्योः। अव। ज्याम्-इव। धन्वनः। वि। मुञ्चामि। रथान्-इव ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( असितस्य ) काले वर्ण वाले, ( तैमातस्य ) ओदे स्थान में रहने वाले, ( बभ्रोः ) भूरे वर्ण वाले, ( अपोदकस्य ) जल से बाहर रहने वाले, ( च ) और ( सात्रासहस्य ) मिलकर रहने वाली प्रजाओं के दबाने वाले [सर्प] के (मन्योः) क्रोध के ( रथान् इव ) रथों को जैसे, ( धन्वनः ) धनुष की (ज्याम् इव ) डोरी को जैसे ( अहम् ) मैं ( अव ) अलग ( वि मुञ्चामि ) ढीला करता हूं ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्प रूप भयंकर दुष्ट स्वभावों को ढीला करदें जैसे चाप की डोरी को ढीला करके रखते हैं ॥ ६ ॥

आलिगी च विलिगी च पिता च माता च।
विद्म वः सर्वतो बन्ध्वरसाः किं करिष्यथ ॥ ७ ॥

आ-लिगी। च। वि-लिगी। च। पिता। च। माता। च।

---

६—(असितस्य) शुक्लविरुद्धस्य कृष्णवर्णस्य (तैमातस्य) तिम क्लेदने—क+अत सातत्यगमने-अण्। इति तिमातः। ततो भवे अण्। तिमाते क्लेदने स्थाने भवस्य सर्पस्य ( बभ्रो ) पिङ्गलवर्णस्य ( अपोदकस्य ) अपगत उदकात् अपोदकः, तस्य। अपगतजलस्य ( च ) ( सात्रासहस्य ) सच सम्बन्धे सन्ततौ च—घञ्। सत्रं यज्ञः, अण, टाप्। षह अभिभवे—पचाद्यच्। सात्राणां सम्बन्धे भवानां सहस्य अभिभावकस्य सर्पस्य ( अहम् ) ( मन्योः ) क्रोधस्य ( अव ) पृथग्भावे ( ज्याम् ) अ० १। १। ३। ज्या जयतेर्वा जिनातेर्वा—निरु० ६। १७। जयशीलां मौर्वीम् ( इव ) यथा ( धन्वनः ) चापस्य ( विमुञ्चामि ) विमोचयामि। शिथिलीकरोमि (रथान् इव ) रथान् यथा ॥

विद्म । वः । सर्वतः । बन्धु । अरसाः । किम् । करिष्यथ ॥७

भाषार्थ—( च ) और ( आलिगी ) चारों ओर घूमने वाली ( च ) और ( विलिगी ) टेढ़ी टेढ़ी चलने वाली [ सांपिनी ] ( च ) और ( पिता ) उसका पिता [ सांप ] ( च ) और ( माता ) उसकी माता [ सांपिनी ] तुम सब, ( वः ) तुम्हारे ( बन्धु ) बन्धुपन को ( सर्वतः ) सब प्रकार से ( विद्म ) हम जानते हैं । ( अरसाः ) निर्वीर्य तुम ( किम् ) क्या ( करिष्यथ ) करोगे ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य कुवासनाओं का और उनके कारणों का इस प्रकार नाश करें जैसे सांप और उनके माता पिता आदि का नाश करते हैं ॥ ७ ॥

उरुगूलाया दुहिता जाता दास्यसिक्न्या ।
प्रतङ्कं दद्रुषीणां सर्वासामरसं विषम् ॥ ८ ॥

उरु-गूलायाः । दुहिता । जाता । दासी । असिक्न्या । प्र-तङ्कम् । दद्रुषीणाम् । सर्वासाम् । अरसम् । विषम ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( उरुगूलायाः ) बहुत डसने वाली [ सांपिनि ] की (दुहिता) पुत्री, ( असिक्न्या ) बस काली [ नागिनी ] से ( जाता ) उत्पन्न हुयी (दासी) डसने वाली [ सांपिनि ] है। ( सर्वासाम् ) सब ( दद्रुषीणाम् ) दद्रु अर्थात्

७—( आलिगी ) लिगि गतौ—पचाद्यच्, गौरादित्वात् नलोपः, ङीष्, समन्ताद् गमनशीला ( च ) ( विलिगी ) पूर्ववत्सिद्धिः । विरुद्धगतिशीला ( च ) ( पिता ) जनकः सर्पः ( माता ) जननी सर्पिणी ( च ) ( विद्म ) जानीमः (वः ) युष्माकम् (सर्वतः) सर्वप्रकारेण (बन्धु) बन्धुत्वम् (अरसाः) निर्वीर्याः( किम् ) तिरस्कारे ( करिष्यथ ) ॥

८—( उरुगूलायाः ) उरु+गूरी हिंसागत्योः–क, टाप् । रस्य लः । बहुहिंसिकायाः सर्पिण्याः ( दुहिता ) पुत्री ( जाता ) उत्पन्ना ( दासी ) दास हिंसायाम्–घञ्, ङीप् । हिंस्रा ( असिक्न्या ) अ० १ । २३ । १ । असितवर्णया कृष्णया सर्पिण्या ( प्रतङ्कम् ) प्र+तकि कृच्छ्र जीवने–घञ् । कृच्छ्रजीवनकरम् ( दद्रुषीणाम् ) मृगय्वादयश्च । उ० । १ । ३७ । इति दरिद्रा दुर्गतौ–कु, रि आ इत्येतयोर्लोपः । यद्वा । कुश्च । उ० १ । २२ । इति दृ विदारणे–कु ।

दुर्गति वा खुजली देने वाली [ सर्पिणी ] ( अतक्रम् ) जीवन को कष्ट देने वाला ( विषम् ) विष ( अरसम् ) निर्बल है ॥ ८ ॥

भावार्थ—जैसे सद्वैद्य की ओषधि से सर्प आदि का विष निष्फल होता है, वैसे ही मनुष्य सद्ज्ञान से कुवासनाओं की कुचालें मिटावें ॥ ८ ॥

कुर्णा श्वावित् तदंब्रवीद् गिरेरंवचरन्तिका । याः काश्चे॒माः खंनि॒त्रिमा॒स्तासा॑मर॒सतं॑मं वि॒षम् ॥ ९ ॥

कुर्णा । श्वा॒वित् । तत् । अब्र॒वीत् । गि॒रेः । अ॒व॒-च॒र॒न्ति॒का । याः । काः । च॒ । इ॒माः । ख॒नि॒त्रिमाः॑ । तासा॑म् । अ॒र॒सत॑मम् । वि॒षम् ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( गिरेः ) पहाड़ के ( अवचरन्तिका ) नीचे घूमने वाली ( कर्णा ) कान वाली ( श्वावित् ) साही ( तत् ) यह ( अब्रवीत् ) बोली, ( याः काः ) जो कोई ( च ) ( इमाः ) यह सब ( खनित्रिमाः ) खनती में रहने वाली [ सर्पिणी ] हैं, ( तासाम् ) उनका ( विषम् ) विष ( अरसतमम् ) अत्यन्त निर्बल होवे ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य अपने हृदय की कुवासनाओं को नष्ट करे, जैसे बनैले जन्तुओं के विष को ॥ ९ ॥

---

अन्येष्वपि दृश्यते । पा० ३ । २ । १०१ । इति षणु दाने-ड, गौरादित्वात् ङीष् । दद्रूणां दुर्गतीनां विदारणानां वा दात्रीणां सर्पिणीनाम् ( सर्वासाम् ) सकलानाम् ( अरसम् ) असमर्थम् ( विषम् ) हलाहलः ॥

९—( कर्णा ) कर्ण-पचाद्यच् । कर्णयुक्ता ( श्वावित् ) शुना आविध्यते श्वन्+आ-व्यध ताडने-क्विप् । शल्यकी ( तत् ) ( अब्रवीत् ) अकथयत् ( गिरेः ) शैलस्य ( अवचरन्तिका ) चर—शतृ, ङीप्, स्वार्थे कन्, टाप् । अधोभागे चरणशीला ( याः ) ( काः ) ( च ) पादपूरणे ( इमाः ) ( खनित्रिमाः ) दाशदिभ्यां त्रिप् । उ० ४ । ६७ । इति खनु विदारणे-त्रिप्, इडागमः । खनित्रिं मायते । माङ् माने—क । खनित्रौ गर्ते मानशीला निवासशीलाः । सर्पिण्यः ( तासाम् ) सर्पिणीनाम् ( अरसतमम् ) अतिशयेन निर्बलम् ( विषम् ) गरलम् ॥

तावुवं न तावुवं न घेत् त्वमसि तावुवम् ।
तावुवेनारसं विषम् ॥ १० ॥

तावुवम् । न । तावुवम् । न । घ । इत् । त्वम् । असि ।
तावुवम् । तावुवेन । अरसम् । विषम् ॥ १० ॥

भाषार्थ—( तावुवम् ) वृद्धि करने वाली वस्तु ( तावुवम् ) पीड़ा देने वाली वस्तु ( न ) नहीं होती, ( त्वम् ) तू [ सर्प ] ( घ इत् ) अवश्य ही ( तावुवम् ) दुःखनाशक वस्तु ( न ) नहीं ( असि ) है। ( तावुवेन ) हमारी वृद्धि करने वाले कर्म से ( विषम् ) तेरा विष ( अरसम् ) निर्बल हो जावे॥१०॥

भावार्थ—मनुष्य पुरुषार्थ पूर्वक अपने दुष्ट भावों को नष्ट करे ॥१०॥

तस्तुवं न तस्तुवं न घेत् त्वमसि तस्तुवम् ।
तस्तुवेनारसं विषम् ॥ ११ ॥

तस्तुवम् । न । तस्तुवम् । न । घ । इत् । त्वम् । असि ।
तस्तुवम् । तस्तुवेन । अरसम् । विषम् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( तस्तुवं न ) निन्दानाशक वस्तु के समान ( तस्तुवम् ) निन्दाप्रापक ( न ) नहीं है, ( त्वम् ) तू ( घ इत् ) अवश्य ही ( तस्तुवम् )

---

१०—( तावुवम् ) कृवापा० । उ० १ । १ । इति तु गतिवृद्धिहिंसासु-उण्+वा गतिगन्धनयोः—क । वृद्धिप्रापकं वस्तु ( न ) निषेधे ( तावुवम् ) तु हिंसायाम्-उण्+वा गतौ—क । पीडाप्रापकं वस्तु ( न ) ( घ ) अवधारणे ( इत् ) एव ( त्वम् ) सर्पः ( असि ) ( तावुवम् ) तु हिंसायाम्—उण्+वा गन्धने—क । दुःखनाशकं वस्तु ( तावुवेन ) दुःखनाशकेन कर्मणा ( अरसम् ) निर्बलम् ( विषम् ) गरलम् ॥

११—( तस्तुवम् ) सितनिगमि० । उ० १ । ६९ । इति तसु उपक्षये-तुन् । उपक्षयो निन्दा । वा गन्धने—क । निन्दानाशकं वस्तु ( न ) इव ( तस्तुवम् ) तस्तु+वा गतौ—क । निन्दाप्रापकं वस्तु ( न ) निषेधे ( घ इत् ) अवश्यमेव

निन्दा प्रापक वस्तु ( असि ) है। ( तस्तुवेन ) निन्दानाशक कर्म से ( विषम् ) तेरा विष ( अरसम् ) शक्ति हीन होवे ॥११॥

भावार्थ—मनुष्य प्रशंसनीय कर्म करके दुष्ट कर्मों को छोड़ें ॥११॥

## सूक्तम् ॥ १४ ॥

१-१३ ॥ प्रजापतिर्देवता ॥ १-७, ९, १०, १२, १३ अनुष्टुप्; ८ पुर उष्णिक्; ११ वर्धमाना गायत्री ॥

शत्रुविनाशोपदेशः—शत्रु के विनाश का उपदेश ॥

**सुपर्णस्त्वान्वविन्दत् सूकरस्त्वाखनन्नसा ।**
**दिप्सौषधे त्वं दिप्सन्तमव कृत्याकृतं जहि ॥ १ ॥**

सु-पर्णः । त्वा । अनु । अविन्दत् । सूकरः । त्वा । अखनत् । नसा । दिप्स । ओषधे । त्वम् । दिप्सन्तम् । अव । कृत्या-कृतम् । जहि ॥ १ ॥

भाषार्थ—( सुपर्णः ) सुन्दर पक्षवाले वा शीघ्रगामी [ गरुड़, गिद्ध आदि पक्षी के समान दूरदर्शी पुरुष ] ने ( त्वा ) तुझ को ( अनु=अन्विष्य ) ढूंढ़ कर ( अविन्दत् ) पाया है, ( सूकरः ) सूकर [ सुअर पशु के समान तीव्र बुद्धि और बलवान् पुरुष ] ने ( त्वा ) तुझको ( नसा ) नासिका से ( अखनत् ) खोदा है। ( ओषधे ) हे तापनाशक पुरुष ( त्वम् ) तू ( दिप्सन्तम् )

---

( त्वम् असि ) ( अरसम् ) ( विषम् ) ( तस्तुवम् ) निन्दाप्रापकं वस्तु ( तस्तुवेन ) निन्दानाशकेन कर्मणा ॥

१—अस्य पूर्वार्धो व्याख्यातः—अ० २। २७। २ ( सुपर्णः ) सुपर्णाः सुपतना आदित्यरश्मयः—निरु० ३। १२। तथा ४। ३। सुपतनः। शीघ्रगामी। गरुडः ( त्वा ) त्वाम् ( अनु ) अन्विष्य ( अविन्दत् ) अलभत ( सूकरः ) सु+कृ विक्षेपे वा कृञ् विज्ञाने-अप्। वराहः। तद्वत्तीव्रबुद्धिर्बलवान् वा ( त्वा ) ( अखनत् ) विदारितवान् ( नसा ) नासिकया ( दिप्स ) अ० ४। ३६। १। दम्भितुं हिंसितुमिच्छ ( ओषधे ) हे तापनाशक पुरुष ( त्वम् ) ( दिप्सन्तम् )

मारने की इच्छा करने वाले को ( दिप्स ) मारना चाह, और ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारी पुरुष को ( अव जहि ) मार डाल ॥ १ ॥

भावार्थ—गिद्ध मोर आदि पक्षी बड़े तीव्रदृष्टि होते हैं, और सूअर एक बलवान् तीव्रबुद्धि पशु अपनी नासिका से खाद्य तृण को भूमि से खोद कर खाजाता है। इसी प्रकार दूरदर्शी पुरुषार्थी बलवान् पुरुष अपने शत्रुओं को खोज कर नाश करता है ॥१॥

अवं जहि यातुधानानवं कृत्याकृतं जहि ।

अथो यो अस्मान् दिप्संति तमु त्वं जह्योषधे ॥ २ ॥

अव । जहि । यातु-धानान् । अव । कृत्या-कृतम् । जहि । अथो इति । यः । अस्मान् । दिप्सति । तम् । ऊं इति । त्वम् । जहि । ओषधे ॥ २ ॥

भाषार्थ—( यातुधानान् ) पीड़ा देने वालों को ( अव जहि ) मार डाल, और ( कृत्याकृतम् ) हिंसा करने वाले को ( अव जहि ) नाश करदे। ( अथो ) और भी ( यः ) जो ( अस्मान् ) हमें ( दिप्सति ) मारना चाहता है ( तम् उ ) उसे भी ( त्वम् ) तू ( ओषधे ) हे अन्न आदि ओषधि के समान तापनाशक ! ( जहि ) नाश कर ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य शुभ गुण प्राप्त करके दुर्गुणों का नाश करे जैसे अन्न सेवन से भूख का नाश होता है ॥ २ ॥

रिश्यस्येव परीशासं परिकृत्य परि त्वचः ।

कृत्यां कृत्याकृते देवा निष्कमिव प्रति मुञ्चत ॥ ३ ॥

हिंसितुमिच्छन्तम् ( अव ) निश्चये। अनादरे ( कृत्याकृतम् ) अ० ४ । १७ । ४ । हिंसाकारिणम् ( जहि ) नाशय ॥

२—( अव जहि ) विनाशय ( यातुधानान् ) अ० १ । ७ । १ । यातनाप्रदान् ( कृत्याकृतम् ) अ० ४ । १७ । ४ । हिंसाकारिणम् ( अथो ) अपि च ( यः ) शत्रुः ( अस्मान् ) धार्मिकान् ( दिप्सति ) दम्भितुं हिंसितुमिच्छति ( तम् उ ) तमपि ( त्वम् ) ( जहि ) ( ओषधे ) हे अन्नवत्तापनाशक मनुष्य ॥

रि॒श्यस्य-इव । परि॒-शा॒सम् । परि॒-कृत्य॑ । परि॑ । त्व॒चः । कृ॒त्या॒-म् । कृ॒त्या॒-कृते॑ । दे॒वाः । नि॒ष्कम्-इ॑व । प्रति॑ । मु॒ञ्च॒त॒ ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( रिश्यस्य ) हिंसक के ( परिशासम् ) हिंसा सामर्थ्य को ( इव ) अवश्य ( त्वचः परि ) उसके चर्म वा शरीर से ( परिकृत्य ) काट डाल-कर, ( देवाः ) हे विद्वानो ! ( कृत्याकृते ) हिंसा करने वाले के लिये ( कृत्याम् ) हिंसा को ( निष्कम् इव ) तलछट के समान ( प्रति मुञ्चत ) फेंक दो ॥ ३ ॥

भावार्थ—मनुष्य दुष्कर्म को मूल सहित निकम्मी वस्तु के समान त्यागें ॥ ३ ॥

पुन॑: कृ॒त्यां कृ॑त्या॒कृते॑ हस्त॒गृह्य॒ परा॑ णय ।
स॒म॒क्षम॑स्मा॒ आ धे॑हि॒ यथा॑ कृत्या॒कृतं॒ हन॑त् ॥ ४ ॥

पुन॑: । कृ॒त्याम् । कृ॒त्या॒-कृते॑ । ह॒स्त॒-गृह्य॑ । परा॑ । न॒य॒ । स॒म्-अ॒क्षम् । अ॒स्मै॒ । आ । धे॒हि॒ । यथा॑ । कृ॒त्या॒-कृत॑म् । हन॑त् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( कृत्याम् ) हिंसा को ( कृत्याकृते ) हिंसाकारी के लिये ( हस्तगृह्य ) हाथ में लेकर ( पुनः ) अवश्य ( परा नय ) दूर लेजा । ( अस्मै ) इस पुरुष के लिये ( समक्षम् ) सामने ( आ धेहि ) रख दे, ( यथा ) जिससे [ वह पुरुष ] ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारी को ( हनत् ) मारे ॥ ४ ॥

---

३—( रिश्यस्य ) रिश हिंसायाम्-क्यप् । हिंसकस्य ( इव ) अवधारणे ( परिशासम् ) शसु हिंसायाम्—घञ् । हिंसासामर्थ्यम् ( परिकृत्य ) कृती छेदने—ल्यप् । परिच्छिद्य ( परि ) सर्वतः ( त्वचः ) चर्मणः । शरीरादित्यर्थः ( कृत्याम् ) हिंसाम् ( कृत्याकृते ) हिंसाकारिणे ( देवाः ) हे विद्वांसः ( निष्कम् ) नौ सदेर्डिच्च । उ० ३ । ४५ । इति पद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु-कन्, स च डित् । निपदनम् । किट्टम् ( इव ) यथा ( प्रति ) प्रतिकूलम् ( मुञ्चत ) त्यजत ॥

४—( पुनः ) अवधारणे ( कृत्याम् ) हिंसाम् ( कृत्याकृते ) हिंसाकारिणे ( हस्तगृह्य ) नित्यं हस्तेपाणावुपयमने । पा० १ । ४ । ७७ । इति हस्तस्य गतित्वे सति ल्यप् । हस्ते गृहीत्वा ( परा ) दूरे ( नय ) प्रेरय ( समक्षम् )

भावार्थ—मनुष्य हिंसा आदि कर्मों को इस प्रकार त्याग दे जैसे उपद्रवी को हाथ पकड़ कर निकाल देते हैं ॥ ४ ॥

कृत्याः सन्तु कृत्याकृते शपथः शपथीयते ।
सुखो रथ इव वर्ततां कृत्या कृत्याकृतं पुनः ॥ ५ ॥

कृत्याः । सन्तु । कृत्या-कृते । शपथः । शपथि-यते । सु-खः । रथः-इव । वर्तताम् । कृत्या । कृत्या-कृतम् । पुनः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—( कृत्याः ) शत्रुनाशक सेनायें ( कृत्याकृते ) हिंसाकारी के लिये ( सन्तु ) होवें, और ( शपथः ) दुर्वचन ( शपथीयते ) दुर्वचन बोलने वाले पुरुष के से आचरण वाले को [ होवे ], ( कृत्या ) शत्रुनाशक सेना ( कृत्याकृतम् ) हिंसा कारी पर ( पुनः ) अवश्य ( वर्तताम् ) घूमे, ( इव ) जैसे ( सुखः ) अच्छा बना हुआ ( रथः ) रथ [घूमता है] ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य दोषों के त्यागने का शीघ्र उपाय करे ॥ ५ ॥

यदि स्त्री यदि वा पुमान् कृत्यां चकार पाप्मने ।
तामु तस्मै नयामस्यश्वमिवाश्वाभिधान्या ॥ ६ ॥

---

अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः । पा० ५ । ४ । १०७ । इति सम्+अक्षि—टच् । अक्ष्णोः समीपे । सन्मुखे ( अस्मै ) पुरुषाय ( आ धेहि ) स्थापय ( यथा ) यस्मात् ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारिणम् ( हनत् ) हन्यात् ॥

५—( कृत्याः ) शत्रुनाशिकाः सेनाः ( सन्तु ) भवन्तु ( कृत्याकृते ) हिंसाकारिणे ( शपथः ) दुर्वचनम् ( शपथीयते ) कर्तुः क्यङ् सलोपश्च । पा० ३ । १ । ११ । इति शपथिन्-क्यङ्, छान्दसं परस्मैपदम् । शपथिवदाचरणं कुर्वते ( सुखः ) सु+खनु विदारणे-ड । सुखं कस्मात् सु हितं खेभ्यः खं पुनः खनतेः—निरु० । ३ । १३ । सुख-अर्श आद्यच् । सुनिर्मितः ( रथः ) यानम् ( इव ) यथा ( वर्तताम् ) वर्तनेन गच्छतु ( कृत्या ) शत्रुनाशिका सेना ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारिणम् ( पुनः ) अवश्यम् ॥

यदि । स्त्री । यदि । वा । पुमान् । कृत्याम् । चकार । पाप्मने । ताम् । ऊं इति । तस्मै । नयामसि । अश्वम्-इव । अश्व-अभिधान्या ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( यदि ) चाहे ( स्त्री ) स्त्री ने ( यदि वा ) अथवा ( पुमान् ) पुरुष ने जो ( कृत्याम् ) हिंसा ( पाप्मने ) पाप करने के लिये ( चकार ) की है। ( तत् ) उसको ( उ ) निश्चय करके ( तस्मै ) उसी पुरुष के लिये ( नयामसि ) हम लिये चलते हैं, ( इव ) जैसे ( अश्वम् ) घोड़े को ( अश्वाभिधान्या ) घोड़े बांधने की रस्सी से ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य दुष्ट स्त्री पुरुषों को यथावत् दण्ड देवे ॥ ६ ॥

यदि वासि देवकृता यदि वा पुरुषैः कृता ।
तां त्वा पुनर्णयामसीन्द्रेण सयुजा वयम् ॥ ७ ॥

यदि । वा । असि । देव-कृता । यदि । वा । पुरुषैः । कृता । ताम् । त्वा । पुनः । नयामसि । इन्द्रेण । स-युजा । वयम् ॥७॥

भाषार्थ—( यदि वा) चाहे (देवकृता) गतिशील सूर्य आदि लोकों द्वारा की गयी ( यदि वा ) चाहे ( पुरुषैः ) पुरुषों से ( कृता ) की गयी ( असि ) तू है। ( ताम् त्वा ) उस तुझ को ( पुनः ) फिर ( वयम् ) हम ( इन्द्रेण ) ऐश्वर्य के साथ ( सयुजा ) समान संयोग से ( नयामसि ) लिये चलते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य पुरुषार्थ पूर्वक आधिदैविक,आधिभौतिक तथा आध्या-

---

६—( यदि ) पक्षान्तरे ( स्त्री ) ( यदि वा ) अथवा ( पुमान् ) अ० १। ८। १। पा रक्षणे डुम्सुन्। पुरुषः ( कृत्याम् ) हिंसाम् ( चकार ) कृतवान् ( पाप्मने ) पा रक्षणे-मनिन् पुक् च। पापकरणाय ( ताम् ) कृत्याम् ( उ ) अवश्यम् ( तस्मै ) जनाय ( नयामसि ) गमयामः ( अश्वम् ) तुरङ्गम् ( अश्वाभिधान्या ) अभि+धा—ल्युट् ङीप्। अश्वबन्धनरज्ज्वा ॥

७—( यदि ) ( वा ) ( असि ) ( देवकृता ) दिवु गतौ-पचाद्यच्। गतिशीलैः सूर्यादिलोकैः कृता ( यदि वा ) ( पुरुषैः ) मनुष्यैः ( कृता ) निष्पा-

त्मिक विपत्तियों का प्रतिकार करें ॥ ७ ॥

अग्ने॑ पृतनाषाट् पृत॑नाः सहस्व । पुनः॑ कृत्यां

कृ॑त्याकृते॑ प्रतिहर॑णेन हरामसि ॥ ८ ॥

अग्ने॑ । पृतनाषाट् । पृत॑नाः । सहस्व । पुनः॑ । कृत्याम् । कृत्या-कृते॑ । प्रति-हर॑णेन । हरामसि ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( अग्ने ) हे विद्वान् सेनापति ! ( पृतनाषाट् ) संग्राम जीतने वाला तू ( पृतनाः ) संग्रामों को ( सहस्व ) जीत । ( पुनः ) निश्चय करके ( कृत्याम् ) हिंसा को ( कृत्याकृते ) हिंसा करने वाले पुरुष की ओर ( प्रति-हरणेन ) लौटा देने से ( हरामसि ) हम नाश करते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य शूर सेनापति के साथ शत्रु सेना को नाश करें ॥८॥

कृत॑व्यधनि विध्य॒ तं यश्च॒कार॒ तमिज्ज॑हि ।

न त्वाम॑चक्रुषे व॒यं व॒धाय॒ सं शि॑शीमहि ॥ ९ ॥

कृत॑-व्यधनि । विध्य॑ । तम् । यः । च॒कार॑ । तम् । इत् । ज॒हि । न । त्वाम् । अच॑क्रुषे । वयम् । व॒धाय॑ । सम् । शि॒शी॒म॒हि॒ ॥९॥

भाषार्थ—( कृतव्यधनि ) हे छेदने वाले शस्त्र युक्त सेना ! ( तम् ) चोर को ( विध्य ) छेद ले । ( यः ) जिसने ( चकार ) हिंसा की है, ( तम् )

---

हिता ( ताम् ) ( त्वा ) ( पुनः ) ( नयामसि ) गमयामः ( इन्द्रेण ) ऐश्वर्येण ( सयुजा ) सम्पदादित्वात् क्विप् । समानसंयोगेन सह ( वयम् ) पुरुषार्थिनः ॥

८—( अग्ने ) हे विद्वन् सेनापते ( पृतनाषाट् ) छन्दसि सहः । पा० ३ । २ । ६३ । इति पृतना+षह अभिभवे—ण्वि । सहेः साडः सः । पा० ८ । ३ । ५६ । इति सस्य षः । संग्रामजेता ( पृतनाः ) अ० ३ । २१ । ३ । संग्रामान् ( सहस्व ) अभिभव ( पुनः ) अवश्यम् ( कृत्याम् ) हिंसाम् ( कृत्याकृते ) हिंसा-कारिणे ( प्रतिहरणेन ) प्रतिकूलनयनेन । निरोधेन ( हरामसि ) नाशयामः ॥

९—( कृतव्यधनि ) व्यध ताडने—ल्युट्, ङीप् । कृतानि उद्यतानि व्यधनानि छेदनसाधनानि आयुधानि यया सा कृतव्यधनी, सेना तत्सम्बुद्धौ

उसको ( इत् ) अवश्य ( जहि ) नाश कर। ( अचकुषे ) हिंसा न करने वाले पुरुष को ( वधाय ) मारने के लिये ( वयम् ) हम लोग ( त्वाम् ) तुझे ( न ) नहीं ( सम् शिशीमहि ) तीक्ष्ण करें ॥ ६ ॥

भावार्थ—सेनापति लोग दुष्कर्मियों पर ही सेना चढ़ावें और सत्पुरुषों पर कभी नहीं ॥ ६ ॥

**पुत्र इव पितरं गच्छ स्वज इवाभिष्ठितो दश।**
**बन्धमिवावक्रामी गच्छ कृत्ये कृत्याकृतं पुनः ॥ १० ॥**

पुत्रः-इव। पितरम्। गच्छ। स्वजः-इव। अभि-स्थितः। दश।
बन्धम्-इव। अव-क्रामी। गच्छ। कृत्ये। कृत्या-कृतम्। पुनः १०

भाषार्थ—( पुत्रः इव ) पुत्र के समान ( पितरम् ) अपने पिता के पास ( गच्छ ) पहुंच, ( अभिष्ठितः ) ठोकर खाये हुये ( स्वजः इव ) लिपटने वाले सांप के समान [शत्रु को] ( दश ) डस ले। ( कृत्ये ) हे हिंसा शक्ति ! (बन्धम्) बन्ध ( अवक्रामी इव ) छोड़ कर भागने वाले के समान, ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारी को ( पुनः ) अवश्य ( गच्छ ) पहुंच ॥ १० ॥

भावार्थ—सेना के लोग सेनापति से अनायास मिलते रहें और शत्रुओं का शीघ्र नाश करें ॥ १० ॥

---

( विध्य ) छिन्धि ( तम् ) तर्द हिंसायाम्-ड। चोरम् ( यः ) शत्रुः ( चकार ) कृञ् हिंसायाम्-लिट्। हिंसितवान् ( तम् ) ( इत् ) एव ( जहि ) नाशय (न) निषेधे ( त्वाम् ) सेनाम् ( अचकुषे ) कृञ् हिंसयाम्-क्वसु। अहिंसां कृतवते पुरुषाय ( वयम् ) सेनापतयः ( वधाय ) हननाय ( सम् ) सम्यक् (शिशीमहि) शो तनूकरणे। श्यनः श्लुः। विधौ लिङि छान्दसं रूपम्। श्येम तीक्ष्णीकुर्याम ॥

१०—( पुत्रः ) कुलशोधकः सन्तानः ( इव ) यथा ( पितरम् ) पालकम् जनकम्, ( गच्छ ) प्राप्नुहि (स्वजः) ष्वञ्ज परिष्वङ्गे—पचाद्यच्, पृषोदरादित्वा-न्नलोपः। सर्पः ( इव ) ( अभिष्ठितः ) पादैरभिभूतः ( दश ) दंशय ( बन्धम् ) ( इव ) यथा ( अवक्रामी ) उल्लङ्घ्य प्रतिगामी ( गच्छ ) ( कृत्ये ) हिंसाशक्ते ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारिणम् ॥ १० ॥

उदे॑णीव॑ वार॒ण्य॑भि॒स्कन्दं॑ मृ॒गीव॑। कृ॒त्या क॒र्तार॑मृच्छतु ॥११॥

उत्। एणी-इव। वा॒र॒णी। अ॒भि॒-स्कन्द॑म्। मृ॒गी-इ॑व। कृ॒त्या। क॒र्तार॑म्। ऋ॒च्छ॒तु॒ ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( वारणी ) हथिनी, अथवा ( एणी इव ) कृष्णमृगी के समान ( मृगी इव ) और मृगी के समान ( अभिस्कन्दम् ) धावा करने वाले पुरुष पर, ( कृत्या ) शत्रु नाशक सेना ( कर्तारम् ) हिंसक को (उद्) उछल कर (ऋच्छतु) प्राप्त होवे ॥ ११ ॥

भावार्थ—हमारी सेना शत्रुओं पर इस प्रकार शीघ्र धावा करे जैसे घेरा हुआ पशु अपने आखेटिक पर दौड़ता है ॥ ११ ॥

इष्वा॑ ऋजी॑यः पततु॒ द्यावा॑पृथिवी॒ तं प्रति॑।
सा तं मृ॒गमि॑व गृह्णातु कृ॒त्या कृ॑त्या॒कृतं॒ पुनः॑ ॥१२॥

इष्वाः। ऋजी॑यः। प॒त॒तु॒। द्यावा॑पृथि॒वी॒ इति॑। तम्। प्रति॑। सा। तम्। मृ॒गम्-इ॑व। गृ॒ह्णा॒तु॒। कृ॒त्या। कृ॒त्या-कृत॑म्। पुन॑ः॥१२

भाषार्थ—( द्यावापृथिवी ) हे सूर्य और पृथिवी ! ( सा ) वह ( कृत्या ) शत्रुनाशक सेना ( तम् ) चोर ( प्रति ) पर ( इष्वाः ) बाण से ( ऋजीयः ) अधिक सीधी ( पततु ) गिरे और ( पुनः ) फिर ( तम् ) उस ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारी को ( मृगम् इव ) आखेट पशु के समान ( गृह्णातु ) पकड़ लेवे ॥१२॥

---

११—( उत् ) उद्गत्य (एणी) इण् गतौ-ण, णस्य नेत्वम्, ङीप्। कृष्णमृगी ( इव ) यथा ( वारणी ) वृञ् आवरणे—णिच्, ल्युट्, ङीपु। गजी ( अभिस्कन्दम् ) अभि+स्कन्दिर् गतिशोषणयोः—पचाद्यच्। प्रतिकूलगन्तारम् ( मृगी ) हरिणी ( इव ) यथा ( कृत्या ) शत्रुनाशिका सेना ( कर्तारम् ) कृञ् हिंसायाम्-तृच्। हिंसकम् ( ऋच्छ ) गच्छतु ॥

१२—( इष्वाः ) बाणात् ( ऋजीयः ) ऋजु-ईयसुन्। ऋजुतरम्। अधिकसरलम् ( पततु ) अधः पततु ( द्यावापृथिवी ) हे द्यावापृथिव्योः पदार्थाः

भावार्थ—मनुष्य आकाश और पृथिवी मार्ग से प्रबल सेना द्वारा शत्रुओं को मारें ॥ १२ ॥

अग्निरिवैतु प्रतिकूलमनुकूलमिवोदकम् ।
सुखो रथ इव वर्ततां कृत्या कृत्याकृतं पुनः ॥ १३ ॥

अग्निः-इव । एतु । प्रति-कूलम् । अनुकूलम्-इव । उदकम् ।
सुखः । रथः-इव । वर्तताम् । कृत्या । कृत्या-कृतम् । पुनः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—वह [ सेना ] ( अग्निः इव ) अग्नि के समान ( प्रतिकूलम् ) विरुद्ध गतिसे, और ( अनुकूलम् ) तट तट से चलने वाले ( उदकम् इव ) जल के समान [ शीघ्र ] ( एतु ) चले। ( कृत्या ) शत्रुनाशक सेना ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारी पर ( पुनः ) अवश्य ( वर्तताम् ) घूमे, ( इव ) जैसे ( सुखः ) अच्छा बना हुआ ( रथः ) रथ [ घूमता है ] ॥ १३ ॥

भावार्थ—हमारी सेना शत्रुओं पर इस प्रकार शीघ्र धावा करे जैसे दावाग्नि वन में, तट के भीतर भीतर चलने वाला जल नदी में और अच्छा बना हुआ रथ मार्ग में चलता है ॥ १३ ॥

## सूक्तम् ॥ १५ ॥

१-११ ॥ ओषधिर्देवता ॥ अनुष्टुप् छन्दः ॥

विघ्ननिवारणोपदेशः—विघ्नों के हटाने का उपदेश ॥

एका च मे दश च मेऽपवक्तार ओषधे ।
ऋतजात ऋतावरि मधु मे मधुला करः ॥ १ ॥

---

( तम् ) तर्दकं चोरम् ( प्रति ) ( सा ) ( तम् ) पूर्वोक्तम् ( मृगम् ) आखेटपशुम् ( इव ) यथा ( गृह्णातु ) आदत्ताम् ( कृत्या ) शत्रुनाशिका सेना ( कृत्याकृतम् ) हिंसाकारिणम् ( पुनः ) पश्चात् । अवश्यम् ॥

१३—( अग्निरिव ) अग्निर्यथा ( एतु ) गच्छतु, अस्माकं सेना ( प्रतिकूलम् ) यथा तथा विरुद्धपक्षम् ( अनुकूलम् ) तीरद्वयमनुसृत्य गमनशीलम् ( उदकम् ) जलम् । अन्यद् व्याख्यातम् म० ५ ॥

एका । च । मे । दश । च । मे । अप-वक्तारः । ओषधे ।
ऋत-जाते । ऋत-वरि । मधु । मे । मधुला । करः ॥ १ ॥

भाषार्थ—( मे ) मेरे लिये ( एका ) एक [ संख्या ] ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( दश ) दस ( अपवक्तारः ) निन्दा करने वाले व्यवहार हैं, ( ऋतजाते ) हे सत्य में उत्पन्न हुयी, ( ऋतावरि ) हे सत्यशील, ( ओषधे ) हे तापनाशक शक्ति परमेश्वर ! ( मधुला ) ज्ञान वा मिठास देने वाली तू ( मे ) मेरे लिये ( मधु ) ज्ञान वा मिठास ( करः ) कर ॥ १ ॥

भावार्थ—मनुष्य संसार में अनेक विघ्नों से बचने के लिये पुरुषार्थ पूर्वक परमेश्वर का आश्रय लें ॥ १ ॥

इस सूक्त में मन्त्र १ की संख्या ११, म० २ में द्विगुणी बाईस, म० ३ में तीन गुणी तेतीस, इत्यादि, म० १० तक एक सौ दस, और म० ११ में एक सहस्र एक सौ है। अर्थात् सम मन्त्रों में सम और विषम में विषम संख्यायें हैं ॥

द्वे च मे विंशतिश्च मे ०।० ॥ २ ॥

द्वे इति । च । मे । विंशतिः । च । मे ०।० ॥ २ ॥

भाषार्थ—( मे ) मेरे लिये ( द्वे ) दो ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( विंशतिः ) बीस...म० १ ॥ २ ॥

तिस्रश्च मे त्रिंशच्च मे ०।० ॥ ३ ॥

तिस्रः । च । मे । त्रिंशत् । च । मे ॥०॥ ३ ॥

भाषार्थ—( मे ) मेरे लिये ( तिस्रः ) तीन ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( त्रिंशत् ) तीस...म० १ ॥ ३ ॥

---

१—( एका ) एक संख्या ( च च ) समुच्चये ( मे ) मह्यम् ( दश ) ( अपवक्तारः ) निन्दका व्यवहाराः ( ओषधे ) हे तापनाशिके शक्ते परमेश्वर ( ऋतजाते ) सत्येनोत्पन्ने ( ऋतावरि ) अ० ३। १३।७। ऋत-वनिप्। हे सत्यशीले ( मधु ) ज्ञानं माधुर्यं वा ( मधुला ) मधु+ला दाने-क । मधुनो ज्ञानस्य माधुर्यस्य वा दात्री ( करः ) लेटि रूपम्। त्वं कुर्याः ॥

चतस्रश्च मे चत्वारिंशच्च मे ०।० ॥ ४ ॥

चतस्रः । च । मे । चत्वारिंशत् । च । मे ॥०॥ ४ ॥

भावार्थ—( मे ) मेरे लिये ( चतस्रः ) चार ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( चत्वारिंशत् ) चालीस'''म० १ ॥ ४ ॥

पञ्च च मे पञ्चाशच्च मे ०।० ॥ ५ ॥

पञ्च । च । मे । पञ्चाशत् । च । मे ॥ ० ॥ ५ ॥

भावार्थ—( मे ) मेरे लिये ( पञ्च ) पांच ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( पञ्चाशत् ) पंचास'''म० १ ॥ ५ ॥

षट् च मे षष्टिश्च मे ०।० ॥ ६ ॥

षट् । च । मे । षष्टिः । च । मे ॥०॥ ६ ॥

भावार्थ—( मे ) मेरे लिये ( षट् ) छह ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( षष्टिः ) साठ'''म० १ ॥ ६ ॥

सप्त च मे सप्ततिश्च मे ०।० ॥ ७ ॥

सप्त । च । मे । सप्ततिः । च । मे ॥ ० ॥ ७ ॥

भावार्थ—( मे ) मेरे लिये ( सप्त ) सात ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( सप्ततिः ) सत्तर'''म० १ ॥ ७ ॥

अष्ट च मेऽशीतिश्च मे ०।० ॥ ८ ॥

अष्ट । च । मे । अशीतिः । च । मे ॥०॥ ८ ॥

भावार्थ—( मे ) मेरे लिये ( अष्ट ) आठ ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( अशीतिः ) अस्सी'''म० १ ॥ ८ ॥

नव च मे नवतिश्च मे ०।० ॥ ९ ॥

नव । च । मे । नवतिः । च । मे ॥०॥ ९ ॥

भावार्थ—( मे ) मेरे लिये ( नव ) नौ ( च च ) और ( मे ) मेरे लिये ( नवतिः ) नब्बे'''म० १ ॥ ९ ॥

दशं च मे शतं च मे ०।० ॥ १० ॥

दशं । च । मे । शतम् । च । मे ॥०॥ १० ॥

भाषार्थ—( मे ) मेरे लिये ( दश ) दस ( च च ) और ( मेरे ) लिये ( शतम् ) सौ...म० १ ॥ १० ॥

शतं च मे सहस्रं चापवक्तार ओषधे ।

ऋतंजात ऋतावरि मधु मे मधुला करः ॥ ११ ॥

शतम् । च । मे । सहस्रम् । च । अप-वक्तारः । ओषधे ।

ऋतं-जाते । ऋतं-वरि । मधु । मे । मधुला । करः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( मे ) मेरे लिये ( शतम् ) सौ ( च च ) और ( सहस्रम् ) सहस्र ( अपवक्तारः ) निन्दक व्यवहार हैं, ( ऋतजाते ) हे सत्य में उत्पन्न हुयी ( ऋतावरी ) हे सत्य शील, ( ओषधे ) हे तापनाशक शक्ति परमेश्वर ! ( मधुला ) ज्ञान वा मिठास देने वाली तू ( मे ) मेरे लिये ( मधु ) ज्ञान वा मिठास ( करः ) कर ॥ ११ ॥

भावार्थ—मन्त्र १ के समान ॥ ११ ॥

इति तृतीयोऽनुवाकः ॥

---

## अथ चतुर्थोऽनुवाकः ॥

### सूक्तम् १६ ॥

१-११ ॥ आत्मा देवता ॥ १० जगती; शिष्टैकपात् त्रिष्टुप् ॥

पुरुषार्थोपदेशः—पुरुषार्थ का उपदेश ॥

यद्येकवृषोऽसि सृजारसोऽसि ॥ १ ॥

यदि । एक-वृषः । असि । सृज । अरसः । असि ॥ १ ॥

---

११—शब्दार्थः प्रथम मन्त्रेण समानः सुगमश्च ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( एकवृषः ) एक [ परमेश्वर ] के साथ ऐश्वर्यवान् ( असि ) है, [ सुख ] ( सृज ) उत्पन्न कर, [ नहीं तो ] तू ( अरसः ) निर्बल ( असि ) है ॥ १ ॥

भावार्थ—एक परमात्मा के ज्ञान से मनुष्य संसार का उपकार कर सकता है, ईश्वर ज्ञान के विना मनुष्य जन्म व्यर्थ है ॥ १ ॥

यदि द्विवृषोऽसि० ॥ २ ॥ यदि । द्वि-वृषः । असि ॥०॥ २ ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( द्विवृषः ) दो [ परमात्मा और आत्मा ] के साथ ऐश्वर्यवान् है......म० ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य ईश्वर और आत्मा के ज्ञान से अपना बल बढ़ावे ॥२॥

यदि त्रिवृषोऽसि० ॥ ३ ॥ यदि । त्रि-वृषः । असि ॥०॥३ ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( त्रिवृषः ) तीन [ सत्त्व, रज, और तम, गुणों ] पर ऐश्वर्यवान् ( असि ) है......म० १ ॥ ३ ॥

भावार्थ—मनुष्य सत्त्व, रज, तम तीनों गुणों के विज्ञान से उन्नति करें ॥३॥

यदि चतुर्वृषोऽसि० ॥४॥ यदि । चतुः-वृषः । असि ॥०॥४॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( चतुर्वृषः ) चार ( धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष ) के द्वारा समर्थ ( असि ) है......म० १ ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्य धर्म आदि चार प्रकार के पुरुषार्थों से वृद्धि करें ॥४॥

यदि पञ्चवृषोऽसि० ॥ ५ ॥ यदि । पञ्च-वृषः । असि ॥०॥५॥

---

१—( यदि ) पक्षान्तरे ( एकवृषः ) वृषु प्रजननैश्वर्ययोः—क । एकेन परमेश्वरेण सहैश्वर्यवान् ( असि ) ( सृज ) उत्पादय सुखम् [ नोचेत् ] इति शेषः ( अरसः ) असमर्थः ( असि ) ॥

२—( द्विवृषः ) द्वाभ्यां परमात्मात्मभ्यां वृषो वृषा, ऐश्वर्यवान् ॥

३—( त्रिवृषः ) त्रिगुणसत्त्वरजस्तमोविज्ञाने समर्थः ॥

४—( चतुर्वृषः ) चतुर्वर्गेण धर्मार्थकाममोक्षैः पुरुषार्थैः समर्थः ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( पञ्चवृषः ) पांच [ भूतों, पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश ] पर ऐश्वर्यवान् ( असि ) है...म० ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य पञ्च भूतों से यथावत् उपकार लेकर सुखी होवें ॥५॥

**यदि षड्वृषोऽसि० ॥ ६ ॥ यदि । षट्-वृषः । असि ॥०॥ ६ ॥**

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( षड्वृषः ) छह [ काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, अहङ्कार ] पर समर्थ ( असि ) है...म० १ ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य काम क्रोध आदि षड् वर्ग को वश में रख कर उन्नति करें ॥ ६ ॥

**यदि सप्तवृषोऽसि० ॥ ७ ॥ यदि । सप्त-वृषः । असि ॥०॥७॥**

भाषार्थ—( यदि जो तू ( सप्तवृषः ) सात [ ऋषियों, पांच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि ] पर समर्थ ( असि ) है...म० ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य जितेन्द्रिय हो कर आनन्द प्राप्त करें ॥ ७ ॥

**यद्यष्टवृषोऽसि० ॥ ८ ॥ यदि । अष्ट-वृषः । असि ॥ ० ॥ ८ ॥**

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( अष्टवृषः ) आठ [ योग के अङ्गों, यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, और समाधि ] में समर्थ ( असि ) है...म० १ ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य योग के आठों अङ्गों में अभ्यास करने से अशुद्धि का नाश और ज्ञान का प्रकाश करके विवेक प्राप्त करें ॥ ८ ॥

**यदि नववृषोऽसि० ॥ ९ ॥ यदि । नव-वृषः । असि ॥०॥ ९ ॥**

---

५—( पञ्चवृषः ) पंचभूतेषु क्षित्यप्तेजोवाय्वाकाशात्मकेषु समर्थः ॥ ५ ॥

६—( षड्वृषः ) षड्वर्गे कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्येषु समर्थः ॥

७—( सप्तवृषः ) सप्त ऋषयः षडिन्द्रियाणि विद्या सप्तमी—निरु० १२ । ३७ । सप्त ऋषिषु पञ्चज्ञानेन्द्रियमनोबुद्धिषु समर्थः ॥

८—( अष्टवृषः ) यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयो ऽष्टावङ्गानि—योगदर्शने २ । २९ । इत्युक्तेषु अष्टयोगाङ्गेषु समर्थः ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( नववृषः ) नव [ अर्थात् नव द्वार वाले शरीर ] से ऐश्वर्यवान् ( असि ) है......म० १ ॥ ६ ॥

भावार्थ—शरीर में दो कान, दो आंखें, दो नथने, एक मुख, एक पायु, एक उपस्थेन्द्रिय नव छिद्र वा द्वार हैं, यथा, नवद्वारपुरे देही–गीता अ० ५ श्लो० १३। मनुष्य शरीर की शुद्धि रखने और उससे कष्ट सहने से ऐश्वर्यवान् हो ॥ ६ ॥

यदि॑ दशवृ॒षोऽसि सृ॒जार॒सोऽसि ॥ १० ॥

यदि॑ । दु॒श॒ऽवृ॒षः । असि॑ । सृ॒ज । अ॒र॒सः । अ॒सि॒ ॥ १० ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( दशवृषः ) दस [ दस बल अर्थात् दान, शील, क्षमा, वीर्य, ध्यान, प्रज्ञा, सेनायें, उपाय, दूत और ज्ञान ] से ऐश्वर्यवान् ( असि ) है, ( सृज ) [ सुख ] उत्पन्न कर, [ नहीं तो ] तू ( अरसः ) निर्बल ( असि ) है ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य पूर्वोक्त दस प्रकार के बलों के अनुष्ठान से ऐश्वर्यवान् होवें ॥ १० ॥

यद्ये॑काद॒शोऽसि॒ सोऽपो॑दकोऽसि ॥ ११ ॥

यदि॑ । ए॒का॒द॒शः । असि॑ । सः । अप॑ऽउ॑दकः । अ॒सि॒ ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( यदि ) जो तू ( एकादशः ) ग्यारहवां [ पूर्वोक्त दस से भिन्न पुरुषार्थहीन ] ( असि ) है, ( सः ) वह तू ( अपोदकः ) वृद्धि सामर्थ्य

---

६—( नववृषः ) नवद्वारपुरेण शरीरेण ऐश्वर्यवान्। नवद्वारपुरे देही–गीता, अ० ५ श्लो० १३। द्वे श्रोत्रे, चक्षुषी नासिके च मुखमेकमिति ऊर्ध्वस्थानि सप्त, द्वे पायूपस्थेऽधः, इति नव छिद्ररूपाणि शरीरद्वाराणि ॥

१०—( दशवृषः ) दशभिर्बलैरैश्वर्यवान् । दानशीलक्षमावीर्यध्यानप्रज्ञा बलानि च। उपायः प्रणिधिर्ज्ञानं दशबुद्धबलानि च–इति दश बलानि ॥

११—( एकादशः ) तस्य पूरणे डट् । पा० ५। २। ४८। इति एकादशन्–डट्। एकादशानां पूरणः । पूर्वमन्त्रोक्तेभ्यो दशभ्यो भिन्नः पुरुषार्थहीनः

रहित ( असि ) है ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य पूर्वोक्त दस मन्त्रों में कहे पुरुषार्थों को नहीं करता, वह पुरुषार्थहीन अपनी और दूसरों की वृद्धि नहीं कर सकता ॥ ११ ॥

सूक्तम् ॥ १७ ॥

१-१८ ॥ विश्वे देवा दैवताः ॥ १-६ त्रिष्टुप्; ७-१८ अनुष्टुप् छन्दः॥

ब्रह्मविद्योपदेशः—ब्रह्म विद्या का उपदेश ॥

**तेऽवदन् प्रथमा ब्रह्मकिल्बिषेऽकूपारः सलिलो मातरिश्वा । वीडुहरास्तप उग्रं मयोभूरापो देवीः प्रथमजा ऋतस्य ॥ १ ॥**

**ते । अवदन् । प्रथमाः । ब्रह्म-किल्बिषे । अकूपारः । सलिलः । मातरिश्वा । वीडु-हराः । तपः । उग्रम् । मयः-भूः । आपः । प्रथम-जाः । ऋतस्य ॥ १ ॥**

भाषार्थ—( ऋतस्य ) सत्यस्वरूप परमात्मा से ( प्रथमजाः ) प्रथम उत्पन्न हुये, ( ते ) उन ( प्रथमाः ) मुख्य देवताओं अर्थात् ( वीडुहराः ) बड़े तेज वाले, ( मयोभूः ) सुख देने वाले, ( अकूपारः ) अकुत्सित वा बड़े पार वाले सूर्य, ( सलिलः ) जल वाले समुद्र, ( मातरिश्वा ) आकाश में चलने वाले वायु, ( उग्रम् ) उग्र ( तपः ) अग्नि, ( देवीः ) दिव्यगुणवाली ( आपः )

---

( असि ) ( सः ) स त्वम् ( अपोदकः ) अपगतमुदकं सेचनसामर्थ्यं यस्मात् सः । अरसः । निर्वीर्यः ॥

१—( ते ) प्रसिद्धा देवाः ( अवदन् ) अकथयन् ( प्रथमाः ) मुख्याः ( ब्रह्मकिल्बिषे ) किलेर्बुक् च । उ० १ । ५० । इति किल श्वैत्यक्रीडनयोः—टिषच्, बुक् च । किल्बिषं किल्भिदं सुकृतकर्मणो भयं कीर्तिमस्य भिनत्तीति वा—निरु० । ११ । २४ । ब्रह्मणो ब्रह्मवादिनः पुरुषस्य अपराधविषये ( अकूपारः ) अ+कु+पॄ पालनपूरणयोः—घञ् । पारः पालनं पूरणं वा । आदित्योऽप्यकूपार उच्यतेऽकूपारो भवति दूरपारः समुद्रोऽप्यकूपार उच्यतेऽकूपारो भवति महापारः—निरु० । ४ । १८ । अकुत्सितपारो महागतिरादित्यः ( सलिलः ) सलिलम् उदकनाम—निघ० । १ । १२ । अर्श आद्यच् । जलवान् समुद्रः ( मातरिश्वा )

व्यापनशील प्रजाओं ने ( ब्रह्मकिल्बिषे ) ब्रह्मवादी के अपराध के विषय में ( अवदन् ) बात चीत की ॥ १ ॥

भावार्थ—ब्रह्मवादी लोग सृष्टि के पदार्थों से ब्रह्मविद्या प्राप्त करके सुख भोगें। और पूर्वज ऋषियों के समान परस्पर शंका समाधान करके ब्रह्मनिष्ठ हों ॥ १ ॥

इस सूक्त के सात मन्त्र १, २, ३, ५, ६, १०, ११, ऋग्वेद के मण्डल १० का सात मन्त्र वाला सूक्त १०६ है ॥ वहां शाकलकसंहिता और अजमेर वैदिक यन्त्रालय की ऋक्संहिता के अनुसार जुहू नाम ब्रह्मजाया अथवा ब्रह्मपुत्र ऊर्ध्वनाभा नाम ऋषि और विश्वे देवा देवता हैं, ऋग्वेद सायण भाष्य में जुहू नाम ब्रह्मवादिनी है। इससे यह सूक्त ब्रह्मविद्यापरक है ॥

सोमो राजा प्रथमो ब्रह्मजायां पुनः प्रायच्छदहृणीयमानः। अन्वर्तिता वरुणो मित्र आसीदग्निर्होता हस्तगृह्या निनाय ॥ २ ॥

सोमः। राजा। प्रथमः। ब्रह्म-जायाम्। पुनः। प्र। अयच्छत्। अहृणीयमानः। अनु-अर्तिता। वरुणः। मित्रः। आसीत्। अग्निः। होता। हस्त-गृह्य। आ। निनाय ॥२॥

भावार्थ—(अहृणीयमानः) क्रोध नहीं करते हुये, (प्रथमः) मुख्य (राजा) राजा ( सोमः ) बड़े ऐश्वर्य्यवान् परमात्मा ने ( पुनः ) अवश्य ( ब्रह्मजायाम् ) ब्रह्म विद्या को ( प्रायच्छत् ) दान किया है। ( वरुणः ) श्रेष्ठ, ( मित्रः ) सर्व

अ० ५। १०। ८। आकाशे गमनशीलो वायुः ( विडुहराः ) वीलयति संस्तम्भकर्मा-निरु० ५। १६। भृमृशीङ्० । उ० । १। ७। इति वील-उ। वीलु बलनाम-निघ०। २। ६। हृञ् हरणे-असुन्। हरो हरतेर्ज्योतिः—निरु०। ४। १६। दृढतेजस्कः ( तपः ) तप-असुन्। अग्निः ( उग्रम् ) प्रचण्डम् ( मयोभूः ) मयसः सुखस्य भावयिता ( आपः ) आप् आप्नोतेः—निरु०। ६। २४। व्यापिकाः सृष्ट्यः ( देवीः ) देव्यः। दिव्यगुणाः ( प्रथमजाः ) प्रथमोत्पन्ना ( ऋतस्य ) सत्यस्वरूपस्य परमात्मनः ॥

२—( सोमः ) परमैश्वर्यवान् परमात्मा ( राजा ) शासकः ( प्रथमः ) मुख्यः ( ब्रह्मजायाम् ) जनेर्यक्। उ० ५। १११। इति जन जनने—यक् आत्वम्,

प्रेरक, ( अग्निः ) ज्ञानवान् पुरुष ( अन्वर्तिता ) अनुकूलगामी और ( होता ) ग्रहीता ( आसीत् ) था और ( हस्तगृह्य ) हाथ में लेकर [ वही उसे ] ( आनिनाय ) लाया ॥ २ ॥

भावार्थ—परम कृपालु परमात्मा ने वेद विद्या प्रदान की है, जिसको बुद्धिमान् पुरुष आदर पूर्वक ग्रहण करते हैं ॥ २ ॥

हस्तेनै॒व ग्रा॒ह्य॑ आधिर॑स्या ब्रह्मजा॒येति॒ चेदवो॑चत् । न दू॒ताय॑ प्र॒हेया॑ तस्थ ए॒षा तथा॑ रा॒ष्ट्रं गु॑पि॒तं क्षत्रि॑यस्य ॥ ३ ॥

हस्ते॑न । ए॒व । ग्रा॒ह्य॑ः । आ॒-धिः । अ॒स्याः । ब्र॒ह्म-जा॒या । इति॑ । च॒ । इत् । अवो॑चत् । न । दू॒ताय॑ । प्र॒-हेया॑ । त॒स्थे॒ । ए॒षा । तथा॑ । रा॒ष्ट्रम् । गु॒पि॒तम् । क्ष॒त्रिय॑स्य । ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( च ) और [ उस विद्वान् ने ] ( इत् ) ही ( इति ) इस प्रकार से ( अवोचत् ) कहा है । ( ब्रह्मजाया ) यह ब्रह्म विद्या है, ( अस्याः ) इसका ( आधिः ) आधार वा आश्रय ( हस्तेन एव ) हाथ से ही ( ग्राह्यः ) पकड़ना चाहिये । ( एषा ) यह ( दूताय ) सताने वाले को ( प्रहेया ) देने योग्य

---

टाप् च । यद्वा । जायतिर्गतिकर्मा—निघ० २ । १४ । जै गतौ-घञ्, टाप् । ये धातवो गत्यर्थास्ते ज्ञानार्थाः । जनयति उत्पादयति सुखानि या, यद्वा, जायति जानाति यया सा जाया विद्या । ब्रह्मणः परमेश्वरस्य जायां वेदविद्याम् ( पुनः ) अवश्यम् ( प्र ) प्रकर्षेण ( अयच्छत् ) अदात् ( अहृणीयमानः ) हृणीङ् रोषे लज्जायां च-शानच् । अक्रुध्यन् ( अन्वर्तिता ) ऋत गतौ-तृच् । अनुकूलं गन्ता ( वरुणः ) श्रेष्ठः ( मित्रः ) प्रेरकः ( आसीत् ) अभवत् ( अग्निः ) ज्ञानवान् पुरुषः ( होता ) आदाता ( हस्तगृह्य ) नित्यं हस्तेपाणावुपयमने । पा० १ । ४ । ७७ । इति हस्ते शब्दस्य गतिसंज्ञायां ग्रहं-ल्यप्, यकारलोपश्छान्दसः । हस्ते गृहीत्वा ( आ निनाय ) आनीतवान् ॥

३—( हस्तेन ) पाणिना दृढतया, इत्यर्थः ( एव ) अवश्यम् ( ग्राह्यः ) ग्रह-ण्यत् । ग्रहीतव्यः ( आधिः ) उपसर्गे घोः किः । पा० ३ । ३ । ९२ । इति आङ्+डुधाञ् धारणपोषणयोः-कि । आधारः । आश्रयः ( अस्याः ) ब्रह्मवि-

( न तस्थे ) नहीं स्थित हुयी है, ( तथा ) उसी से ( क्षत्रियस्य ) क्षत्रिय का ( राष्ट्रम् ) राज्य ( गुपितम् ) रक्षा किया गया [ रहता है ] ॥ ३ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग ब्रह्म विद्या का दृढ़ता से आदर करके आनन्द करते हैं, इसी से राज्य की रक्षा रहती है ॥ ३ ॥

**यामाहुस्तारकैषा विकेशीति दुच्छुनां ग्राममवपद्यमानाम् । सा ब्रह्मजाया वि दुनोति राष्ट्रं यत्र प्रापादि शश उल्कुषीमान् ॥ ४ ॥**

**याम् । आहुः । तारका । एषा । वि-केशी । इति । दुच्छुनाम् । ग्रामम् । अव-पद्यमानाम् । सा । ब्रह्म-जाया । वि । दुनोति । राष्ट्रम् । यत्र । प्र-अपादि । शशः । उल्कुषी-मान् ॥ ४ ॥**

भाषार्थ—( ग्रामम् ) गांव पर ( अवपद्यमानाम् ) गिरती हुयी ( याम् ) जिस ( दुच्छुनाम् ) दुष्ट गति अविद्या को ( आहुः ) वे लोग बताते हैं कि ( एषा ) यह ( विकेशी ) विरुद्ध प्रकाश वाला ( तारका इति ) तारा है । ( सा ) वह ( ब्रह्मजाया ) ब्रह्मविद्या ( राष्ट्रम् ) उस राज्य को ( वि दुनोति ) उलट पलट

---

धायाः ( ब्रह्मजाया ) म० २ ब्रह्मविद्या । वेदविद्या ( इति ) एवं प्रकारेण ( च ) ( इत् ) एव ( अवोचत् ) अवर्णयत् ( न ) निषेधे ( दूताय ) अ० १ । ७ । ६ । टु दु उपतापे—कर्त्तरि क्त । उपतापकाय मनुष्याय ( प्रहेया ) ओहाक् त्यागे-यत् प्रकर्षेण त्याज्या दातव्या ( तस्थे ) तिष्ठतेर्लिटि । स्थिता बभूव ( एषा ) ब्रह्मविद्या ( तथा ) तस्मात्कारणात् ( राष्ट्रम् ) सू० १ । २६ । १ । राज्यम् ( गुपितम् ) रक्षितम् ( क्षत्रियस्य ) राज्ञः ॥

४—( याम् ) ( आहुः ) ब्रुवन्ति ( तारका ) तॄ तरणे-ण्वुल्, टाप् । नक्षत्रम् ( एषा ) समीपस्था ( विकेशी ) वि+काशृ दीप्तौ-अच्, ङीप्, आकारस्य एकारः । केशी केशा रश्मयस्तैस्तद्वान् भवति काशनाद्वा प्रकाशनाद्वा-निरु० १२ । २५ । विरुद्धप्रकाशयुक्ता ( इति ) प्रकरणसमाप्तौ ( दुच्छुनाम् ) टुदु उपतापे-क्विप् । शुन गतौ-क, टाप् । दुष्टां गतिम् । अविद्याम् ( ग्रामम् ) वसतिम् ( अवपद्यमानाम् ) अधोगच्छन्तीम् ( सा ) ( ब्रह्मजाया ) म० २ । वेदविद्या ( वि ) विरोधे ( दुनोति ) उपतापयति ( राष्ट्रम् ) राज्यम् ( यत्र ) यस्मिन् राज्ये ( प्र )

कर देती है ( यत्र ) जिसमें ( उल्कुषीमान् ) उल्काओं का कोष या संग्रह वाला ( शशः ) गतिशील तारा ( प्र अपादि ) गिरा हो । ॥ ४ ॥

१३ ( अश्रूणि ) अश्नुवादयश्च—उ० ५ । २८ । इति अशू व्याप्तौ—क्रुन्, रुट् च । नेत्रजलविन्दवः ( कृपमाणस्य ) कृप दौर्बल्ये-शानच् । दुर्बलीक्रियमाणस्य ( यानि ) ( जीतस्य ) अभिभूतस्य ( चावृतुः ) वृतु वर्तने-लिट् परस्मैपदित्वं दीर्घत्वं च छान्दसम् । चवृतिरे वर्तमाना बभूवुः ( तम् )तादृशं( अपाम् ) जलानाम् ( भागम् ) भजनीयमंशम् ( अधारयन ) अस्थापयन् । अन्यद् गतम् ॥

१४—( येन ) जलेन ( मृतम् ) मृतकम् ( स्नपयति ) स्नानं कारयन्ति ( श्मश्रूणि ) शीङ् शयने—मनिन् स च डित् । इति श्म शरीरम् । श्मनि श्रयतेडुन् । उ० ५ । २८ । इति श्म+श्रिञ् सेवायां-डुन् रुट् च । श्म शरीरम्...श्मश्रु लोम श्मनि श्रितं भवति—निरु० । ३ । ५ । शरीरे श्रितानि लोमानि इन्द्रियाणि वा (येन) ( उन्दते ) क्लेदयन्ति । अन्यत् पूर्ववत—म० १३ ॥

न वर्षं मैत्रावरुणं ब्रह्मज्यमभि वर्षति ।
नास्मै समितिः कल्पते न मित्रं नयते वशम् ॥ १५ ॥

न । वर्षम् । मैत्रावरुणम् । ब्रह्म-ज्यम् । अभि । वर्षति । न ।
अस्मै । सम्-इतिः । कल्पते । न । मित्रम् । नयते । वशम् ॥१५

भाषार्थ—( मैत्रावरुणम् ) वायु और सूर्य से किया हुआ ( वर्षम् ) वर्षाजल ( ब्रह्मज्यम् अभि ) ब्राह्मण को हानि पहुंचाने वाले पर ( न ) नहीं ( वर्षति ) वर्षता है। और ( न ) न ( अस्मै ) इसके लिये ( समितिः ) सभा ( कल्पते ) समर्थ होती है, और ( न ) न वह ( मित्रम् ) मित्र को ( वशम् ) अपने वश में ( नयते ) लाता है ॥१५॥

भावार्थ—वेद विरोधी पुरुष आधिदैविक, आधिभौतिक, और आध्यात्मिक शान्ति न पाकर सदा दुःखी रहता है ॥१५॥

## सूक्तम् ॥ २० ॥

१-१२ ॥ दुन्दुभिर्देवता ॥ त्रिष्टुप् छन्दः ॥

संग्रामे जयोपदेशः—संग्राम में जय का उपदेश ॥

उच्चैर्घोषो दुन्दुभिः सत्वनायन् वानस्पत्यः संभृत उस्रियाभिः । वाचं क्षुणुवानो दमयन्त्सपत्नान्त्सिंह इव जेष्यन्नभि तंस्तनीहि ॥ १ ॥

उच्चैः-घोषः । दुन्दुभिः । सत्वना-यन् । वानस्पत्यः । सम्-भृतः ।
उस्रियाभिः । वाचम् । क्षुणुवानः । दमयन् । स-पत्नान् ।
सिंहः-इव । जेष्यन् । अभि । तम् । स्तनीहि ॥ १ ॥

१५—( न ) निषेधे ( वर्षम् ) वृष्टिः ( मैत्रावरुणम् ) तेन निर्वृतम् । पा० ४ । २ । ६८ । इति मित्रावरुण—अण् । मित्रावरुणाभ्यां वायुसूर्याभ्यां निर्वृतं निष्पादितम् ( ब्रह्मज्यम् ) म० ७ । ब्राह्मणस्य हानिकरम् ( अभि ) प्रति (वर्षति) सिञ्चति ( न ) ( अस्मै ) ब्रह्मविरोधिनं ( समितिः ) सभा ( कल्पते ) समर्था सफला भवति (न) ( मित्रम् ) सुहृदम् (नयते) प्रापयति ( वशम् ) अधीनत्वम् ॥

भाषार्थ—( उच्चैर्घोषः ) ऊंचा शब्द करने वाला, ( सत्वनायन् ) पराक्रमियों के समान आचरण करने वाला, ( वानस्पत्यः ) सेवनीयों के पालकों [ सेनापति आदिकों ] से प्राप्त हुआ, ( उस्रियाभिः ) बस्तियों की रक्षक सेनाओं से ( संभृतः ) यथावत् रक्खा गया, ( वाचम् ) शब्द ( तुणुवानः ) करता हुआ ( सपत्नान् ) वैरियों को ( दमयन् ) दबाता हुआ, ( दुन्दुभिः ) दुन्दुभि [ ढोल वा नगारा ] तू ( सिंहः इव ) सिंह के समान ( जेष्यन् ) जीत चाहता हुआ ( अभि ) सब ओर ( तंस्तनीहि ) गरजता रहे ॥ १ ॥

भावार्थ—सेनापति लोग दुन्दुभि आदि मारू बाजे बजा कर शत्रुओं को जीतें ॥ १ ॥

**सिंह इवास्तानीद् द्रुवयो विबद्धोऽभिक्रन्दन्नृषभो वासितामिव । वृषा त्वं वध्रयस्ते सपत्ना ऐन्द्रस्ते शुष्मो अभिमातिषाहः ॥ २ ॥**

सिंहः-इव । अस्तानीत् । द्रुवयः । वि-बद्धः । अभि-क्रन्दन् । ऋषभः । वासिताम्-इव । वृषा । त्वम् । वध्रयः । ते । सपत्नाः । ऐन्द्रः । ते । शुष्मः । अभिमाति-सहः ॥ २ ॥

---

१—( उच्चैर्घोषः ) उच्चध्वनिः ( दुन्दुभिः ) दुन्दु इति शब्देन भाति, भा—कि । वाद्यविशेषः । बृहड्ढक्का ( सत्वनायन् ) अन्येभ्योऽपि दृश्यन्ते । पा० ३ । २ । ७५ । इति षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु—क्वनिप् । दस्य तः । सत्वा पराक्रमी पुरुषः । कर्तुः क्यङ् सलोपश्च । पा० ३ । १ । ११ । इति सत्वन्—क्यङ्, शतृ, सत्वन शब्दस्य अकारान्तता छान्दसी । पराक्रमीवाचरन् ( वानस्पत्यः ) अ० ३ । ६ । ६ । वनस्पति—ण्य । वनस्पतिभ्यः सेव्यानां पालकेभ्यः सेनापतिभ्य आगतः ( संभृतः ) सम्यग्धृतः ( उस्रियाभिः ) अ० ३ । ८ । ११ वसति यत्र, वस—रक्, टाप् । उस्रा वसतिः । राष्ट्रावारपाराद् घखौ । पा० ४ । २ । ९३ । इति घ । वसतिरक्षिकाभिः सेनाभिः ( वाचम् ) ध्वनिम् ( तुणुवानः ) टुतु शब्दे—स्वादिः, शानच् । शब्दायमानः ( दमयन् ) अभिभवन् ( सपत्नान् ) शत्रून् ( सिंहः इव ) ( जेष्यन् ) जेतुमिच्छन् ( अभि ) सर्वतः ( तंस्तनीहि ) स्तन गर्जने यङ्लुकि छान्दसो लोट् । तंस्तनिहि । भृशं गर्ज ॥

भाषार्थ—( वासिताम् ) गौ पर ( अभिक्रन्दन् ) दहाड़ते हुये ( ऋषभः इव ) बलीवर्द के समान, ( विबद्धः ) विशेष करके जकड़ा हुआ ( द्रुवयः ) वह ढांचा (सिंहः इव) सिंह के समान ( अस्तानीत् ) गरजा। ( त्वम् ) तू ( वृषा ) बलवान् है, ( ते ) तेरे ( सपत्नाः ) वैरी लोग ( वध्रयः ) निर्बल हैं, ( ते ) तेरा ( ऐन्द्रः ) ऐश्वर्यवान् ( शुष्मः ) बल ( अभिमातिषाहः ) अभिमानियों का हराने वाला है ॥ २॥

भावार्थ—शूर वीर सेनापति पूर्ण पराक्रम करके शत्रुओं को जीते ॥२॥

**वृषेव यूथे सहसा विदानो गव्यन्नभि रुव संधनाजित्।**
**शुचा विध्य हृदयं परेषां हित्वा ग्रामान् प्रच्युता यन्तु शत्रवः ॥ ३ ॥**

**वृषाऽइव। यूथे। सहसा। विदानः। गव्यन्। अभि। रुव। संधनऽजित्। शुचा। विध्य। हृदयम्। परेषाम्। हित्वा। ग्रामान्। प्रऽच्युताः। यन्तु। शत्रवः ॥ ३ ॥**

भाषार्थ—( वृषा इव ) बैल के समान ( यूथे ) अपने झुंड में (सहसा) बल से ( विदानः ) जाना गया, ( गव्यन् ) भूमि चाहता हुआ ( संधनाजित् ) यथावत् धन जीतने वाला तू ( अभि ) चारो ओर ( रुव ) गरज। ( परेषाम् ) वैरियों का ( हृदयम् ) हृदय ( शुचा ) शोक से ( विध्य ) छेद डाला (प्रच्युताः) गिरे हुये ( शत्रवः ) वैरी ( ग्रामान् ) अपने गांवों को ( हित्वा ) छोड़ कर

---

२—( सिंहः इव ) ( अस्तानीत् ) अगर्जीत् ( द्रुवयः ) वलिमलितनिभ्यः कयन्। उ० ४। ६६। इति द्रु गतौ—कयन्। कलेवरम्। दुन्दुभिरित्यर्थः (विबद्धः) विशेषेण बद्धः ( अभिक्रन्दन् ) अभितः शब्दं कुर्वन् (ऋषभः) बलीवर्दः (वासिताम्) हृश्याभ्यामितन्। उ० ३। ९३। इति वस निवासे-इतन्, स च णित्। उस्राम्। गाम् ( इव ) यथा (वृषा) ऐश्वर्यवान् ( त्वम् ) दुन्दुभे ( वध्रयः ) अ० ३। ९। २। निर्वीर्याः (ते) तव (सपत्नाः) शत्रवः (ऐन्द्रः) इन्द्र-अण्। ऐश्वर्यवान् ( ते ) ( शुष्मः ) बलम् ( अभिमातिषाहः ) अभिमानिनां जेता ॥

३—( वृषा ) बलीवर्दः ( इव ) यथा ( यूथे ) तिथपृष्ठगूथयूथप्रोथाः। उ० २। १२। इति यु मिश्रणामिश्रणयोः। थक्। सजातीयसमूहे ( सहसा )

( यन्तु ) चले जावें ॥ ३ ॥

भावार्थ—पराक्रमी योधा लोग संग्राम में वैरियों को जीत कर उनका धन और राज्य छीन लें ॥ ३ ॥

संजयन् पृतना ऊर्ध्वमायुर्गृह्या गृह्णानो बहुधा वि चक्ष्व । दैवीं वाचं दुन्दुभ आ गुरस्व वेधाः शत्रूणामुप भरस्व वेदः ॥ ४ ॥

सम्-जयन् । पृतनाः । ऊर्ध्व-मायुः । गृह्याः । गृह्णानः । बहु-धा । वि । चक्ष्व । दैवीम् । वाचम् । दुन्दुभे । आ । गुरस्व । वेधाः । शत्रूणाम् । उप । भरस्व । वेदः ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( ऊर्ध्वमायुः ) ऊंचा शब्द करता हुआ, ( पृतनाः ) संग्रामों को ( संजयन् ) जीतता हुआ, (गृह्याः) ग्रहण करने योग्य सेनाओं को ( गृह्णानः ) ग्रहण करता हुआ तू ( बहुधा ) बहुत प्रकार से ( वि चक्ष्व ) देखता रह । ( दुन्दुभे ) हे दुन्दुभि ! ( दैवीम् ) दिव्य गुण वाली ( वाचम् ) वाणी को ( आगुरस्व ) उच्चारण कर, ( वेधाः ) विधान करने वाला तू ( शत्रूणाम् ) वैरियों का ( वेदः ) धन ( उप भरस्व ) लाकर भर दे ॥ ४ ॥

भावार्थ—जैसे पराक्रमी योधा दुन्दुभि बजाकर शत्रुओं को जीतकर

---

बलेन ( विदानः ) विद ज्ञाने-शानच् कार्थे । विदितः ( गव्यन् ) सुप आत्मनः क्यच् । पा० ३ । १ । ८ । इति गो-क्यच् । गां भूमिमिच्छन् ( अभि ) ( रुव ) गर्ज ( संधनाजित् ) छान्दसो दीर्घः । सम्यग्धनानां जेता ( शुचा ) शोकेन ( विध्य ) छिन्धि ( हृदयम् ) अन्तःकरणम् ( परेषाम् ) शत्रूणाम् ( हित्वा ) ओहाक् त्यागे । त्यक्त्वा ( ग्रामान् ) निवासदेशान् ( प्रच्युताः ) पराजिताः ( यन्तु ) गच्छन्तु ( शत्रवः ) वैरिणः ॥

४—( संजयन् ) पराभवन् ( पृतनाः ) संग्रामान् ( ऊर्ध्वमायुः ) कृवापा० । उ० १ । १ । इति माङ् माने शब्दे च-उण् युक् च । उच्चध्वनिः ( गृह्याः ) ग्रह उपादाने-क्यप्, टाप् । ग्रहणीयाः सेनाः ( गृह्णानः ) आददानः ( बहुधा ) बहुप्रकारेण ( वि ) विशेषेण ( चक्ष्व ) पश्य ( दैवीम् ) दिव्याम् ( वाचम् ) वाणीम् ( दुन्दुभे ) हे बृहड्ढक्के ( आ गुरस्व ) गुरी उद्यमने ।

कीर्ति पाते हैं, इसी प्रकार सब मनुष्य आत्मदोष मिटाकर यशस्वी होवें ॥ ४ ॥

दुन्दुभेर्वाचं प्रयतां वदन्तीमाशृण्वती नाथिता घोषबुद्धा ।
नारी पुत्रं धावतु हस्तगृह्यामित्री भीता समरे वधानाम् ॥५॥

दुन्दुभेः । वाचम् । प्र-यताम् । वदन्तीम् । आ-शृण्वती । नाथिता । घोष-बुद्धा । नारी । पुत्रम् । धावतु । हस्त-गृह्य । आमित्री । भीता । सम्-अरे । वधानाम् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—( दुन्दुभेः ) दुन्दुभि की ( प्रयताम् ) नियम युक्त, ( वदन्तीम् ) गूंजती हुई, ( वाचम् ) ध्वनि को ( आशृण्वती ) सुनती हुई, ( घोषबुद्धा ) गर्जन से जागी हुई, ( नाथिता ) अधीन हुई, ( वधानाम् ) मारू शस्त्रों के ( समरे ) समर में ( भीता ) डरी हुई ( आमित्री ) वैरी की ( नारी ) नारी ( पुत्रम् ) पुत्र को ( हस्तगृह्य ) हाथ में पकड़ कर ( धावतु ) भाग जावे ॥ ५ ॥

भावार्थ—योधा लोग नियमपूर्वक दुन्दुभि बजावें जिससे शत्रु लोग हार जावें और उनकी स्त्री आदि भी घर छोड़कर चली जावें ॥ ५ ॥

पूर्वो दुन्दुभे प्र वदासि वाचं भूम्याः पृष्ठे वद रोचमानः । अमित्रसेनामभिजञ्जभानो द्युमद् वद दुन्दुभे सूनृतावत् ॥ ६ ॥

---

उच्चारय ( वेधाः ) विधानकर्ता ( शत्रूणाम् ) अरीणाम् ( उप ) समीपे ( भरस्व ) धरस्व ( वेदः ) धनम्–निघ० २ । १० ॥

५—( दुन्दुभेः ) बृहड्ढक्कायाः ( वाचम् ) ध्वनिम् ( प्रयताम् ) यम उपरमे—क्त । नियमयुक्ताम् ( वदन्तीम् ) प्रतिध्वनन्तीम् ( आशृण्वतीम् ) आकर्णयन्तीम् ( नाथिता ) अ० ४ । २३ । ७ । अधीना ( घोषबुद्धा ) ध्वनिना जागरिता ( नारी ) भार्या ( पुत्रम् ) सुतम् ( धावतु ) वेगेन गच्छतु ( हस्तगृह्य ) अ० ५ । १४ । ४ । हस्ते गृहीत्वा ( आमित्री ) अमित्र–अण्, ङीप् । शात्रवी ( भीता ) भययुक्ता ( समरे ) ऋच्छेररः । उ० ३ । १३१ । इति सम्+ऋ गतौ—अर, यद्वा ऋ–अप् । युद्धे ( वधानाम् ) हननायुधानाम् ॥

पूर्वः । दुन्दुभे । प्र । वदासि । वाचम् । भूम्याः । पृष्ठे । वद । रोचमानः । अमित्र-सेनाम् । अभि-जञ्जभानः । द्यु-मत् । वद । दुन्दुभे । सूनृता-वत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( दुन्दुभे ) हे ढोल ! ( पूर्वः ) सब से पहिले तू ( वाचम् ) ध्वनि ( प्रवदासि ) ऊंची कर, और ( रोचमानः ) रुचि करके ( भूम्याः ) भूमि की ( पृष्ठे ) पीठ पर ( वद ) शब्द कर । ( दुन्दुभे ) हे ढोल ! ( अमित्रसेनाम् ) वैरियों की सेना को ( अभिजञ्जभानः ) सर्वथा मेट डालता हुआ तू ( द्युमत् ) स्पष्ट स्पष्ट और ( सूनृतावत् ) सत्य प्रिय वाणी से ( वद ) बोल ॥

भावार्थ—सेना के लोग प्रसन्न चित्त से सत्य प्रतिज्ञा करके ढोल आदि बाजे बजा कर शत्रुओं को जीतें ॥ ६ ॥

अन्तरेमे नभसी घोषो अस्तु पृथक् ते ध्वनयो यन्तु शीभम् । अभि क्रन्द स्तनयोत्पिपानः श्लोककृन्मित्र-तूर्याय स्वर्धी ॥ ७ ॥

अन्तरा । इमे इति । नभसी इति । घोषः । अस्तु । पृथक् । ते । ध्वनयः । यन्तु । शीभम् । अभि । क्रन्द । स्तनय । उत्-पिपानः । श्लोक-कृत् । मित्र-तूर्याय । सु-अर्धी ॥७॥

भाषार्थ—( इमे ) इन ( नभसी ) सूर्य और पृथिवी के ( अन्तरा ) बीच

६—( पूर्वः ) सर्वेषां प्रथमः सन् ( दुन्दुभे ) बृहड्ढक्के ( प्र ) प्रकर्षेण ( वदासि ) लेटि रूपम् । कथय ( वाचम् ) वाणीम् ( भूम्याः ) पृथिव्याः (पृष्ठे) तले ( वद ) कथय ( रोचमानः ) रुचियुक्तः ( अमित्रसेनाम् ) शत्रुसेनाम् (अभिजञ्जभानः) जभि नाशने-यङ्लुकि, शानच् अभितो भृशं नाशयन् (द्युमत्) अ० २ । ३५ । ४ । यथा तथा स्पष्टरीत्या ( वद) ( दुन्दुभे ) ( सूनृतावत् ) ऋ० ३ । १२ । २ । सत्यप्रियवाग्योगेन ॥

७—( अन्तरा ) मध्ये ( इमे ) प्रत्यक्षे ( नभसी ) द्यावापृथिव्यौ—निघ० ३ । ३० । ( घोषः ) ध्वनिः ( अस्तु ) भवतु ( पृथक् ) नानारूपेण ( ते ) तव

( घोषः ) तेरा शब्द ( अस्तु ) होवे, ( ते ) तेरी ( ध्वनयः ) ध्वनें ( शीभम् ) शीघ्र ( पृथक् ) नाना रूप से ( यन्तु ) जावें। ( उत्पिपानः ) ऊपर चढ़ता हुआ, ( श्लोककृत् ) बड़ाई करने वाला, ( स्वर्धी ) बड़ी वृद्धि वाला तू ( मित्रतूर्याय ) मित्रों के वेग के लिये ( अभि ) चारो ओर ( क्रन्द ) शब्द कर और ( स्तनय ) गड़ गड़ाकर गर्ज ॥ ७ ॥

**भावार्थ**—योधा पुरुष दुन्दुभि आदि बाजों की ध्वनि से शत्रुओं को जीत कर कीर्ति पावें ॥ ७ ॥

**धीभिः कृतः प्र वंदाति वाचमुद्धर्षय सत्वनामायुधानि।**
**इन्द्रमेदी सत्वनो नि ह्वयस्व मित्रैरमित्राँ अव जङ्घनीहि ॥८॥**

**धीभिः। कृतः। प्र। वदाति। वाचम्। उत्। हर्षय। सत्वनाम्। आयुधानि। इन्द्र-मेदी। सत्वनः। नि। ह्वयस्व। मित्रैः। अमित्रान्। अव। जङ्घनीहि ॥ ८ ॥**

**भाषार्थ**—( धीभिः ) शिल्पकर्म से ( कृतः ) बनाया गया वह ( वाचम् ) शब्द ( प्रवदाति ) अच्छे प्रकार बोले। ( सत्वनाम् ) हमारे वीरों के ( आयुधानि ) शस्त्रों को ( उत् हर्षय ) ऊंचा उठा। ( इन्द्रमेदी ) ऐश्वर्यवान् सेनापति का मित्र तू ( सत्वनः ) हमारे वीरों को ( नि ) नियम से ( ह्वयस्व ) बुला। ( मित्रैः ) मित्रों के साथ ( अमित्रान् ) वैरियों को ( अव जङ्घनीहि ) गिरा कर मार डाल ॥ ८ ॥

---

( ध्वनयः ) शब्दाः ( यन्तु ) गच्छन्तु ( शीभम् ) शीभृ कत्थने-घञ्। क्षिप्रम्-निघ० । २ । १५ । ( अभि ) ( क्रन्द ) शब्दं कुरु ( स्तनय ) बहु गर्ज ( उत्पिपानः ) पि गतौ-यङि शानचि छान्दसं रूपम्। उत्पेपीयमानः। अत्यर्थमुद्गच्छन् ( श्लोककृत् ) स्तुतिकर्ता। श्लोको वाङ्नाम-निघ०। १। ११। ( मित्रतूर्याय ) मित्र+तूरी गतित्वरणहिंसनयोः-ण्यत्। मित्राणां वेगकरणाय ( स्वर्धी ) सु+ऋधु वृद्धौ-णिनि। सुष्ठुवृद्धिशीलः ॥

८—( धीभिः ) शिल्पकर्मभिः। धीः कर्मनाम—निघ०। २। १। कृतः) निष्पादितः ( प्र ) प्रकर्षेण ( वदाति ) कथयतु ( वाचम् ) शब्दम् ( उत् हर्षय ) ऊर्ध्वानि कुरु (सत्वनाम्) अन्येभ्योऽपि दृश्यन्ते। पा० ३। २। ७५। इति षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु-कनिप्, दस्य तः। गतिशीलानां वीराणाम् (आयुधानि)

भावार्थ—सेनादल दुन्दुभि का शब्द सुनकर अपने शस्त्र लेकर शत्रुओं पर धावा करके मारें ॥ ८ ॥

सं॒क्रन्द॑नः प्रव॒दो धृ॒ष्णुषे॑णः प्रवेद॒कृद् ब॑हु॒धा ग्रा॑मघो॒षी।
श्रेयो॑ वन्वा॒नो व॒युना॑नि वि॒द्वान् की॒र्तिं ब॒हुभ्यो॒ वि ह॑र द्विरा॒जे ॥ ९ ॥

स॒म्ऽक्रन्द॑नः । प्र॒ऽव॒दः । धृ॒ष्णुऽसे॑नः । प्र॒वे॒द॒ऽकृत् । ब॒हु॒ऽधा । ग्रा॒म॒ऽघो॒षी । श्रेयः॑ । व॒न्वा॒नः । व॒युना॑नि । वि॒द्वान् । की॒र्तिम् । ब॒हु॒ऽभ्यः॑ । वि । ह॒र॒ । द्वि॒ऽरा॒जे ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( संक्रन्दनः ) शब्द करने वाला, ( प्रवदः ) गर्जने वाला, ( धृष्णुषेणः ) निडर सेना वाला, ( प्रवेदकृत् ) चेतना करने वाला, ( बहुधा ) अनेक प्रकार से ( ग्रामघोषी ) सेनादलों में शब्द करने वाला, ( श्रेयः ) हमारे आनन्द का ( वन्वानः ) उद्योग करने वाला, ( वयुनानि ) धर्मों को ( विद्वान् ) जानने वाला तू (द्विराजे) दो राजाओं के युद्ध में (बहुभ्यः) बहुतों को (कीर्तिम्) कीर्ति ( वि ) विविध प्रकार से ( हर ) प्राप्त करा ॥ ९ ॥

भावार्थ—शूर सेनादल सिंहध्वनि के साथ वैरियों को जीतकर कीर्ति पावें ॥ ९ ॥

---

शस्त्राणि ( इन्द्रमेदी ] ऐश्वर्यवतः सेनापतेः स्नेही ( सत्वनः ) वीरान् ( नि ) नियमेन ( ह्वयस्व ) आहूय ( मित्रैः ) सुहृद्भिः ( अमित्रान् ) शत्रून् (अव) अधः-पातेन ( जङ्घनीहि ) हन हिंसागत्योः—यङ्लुकि लोटि छान्दसं रूपम् । जहि भृशं मारय ॥

९—( संक्रन्दनः ) सम्यक् शब्दायमानः ( प्रवदः ) बहुगर्जनशीलः ( धृष्णुषेणः ) प्रगल्भसेनायुक्तः ( प्रवेदकृत् ) प्रज्ञानकर्ता ( बहुधा ) बहुप्रकारेण ( ग्रामघोषी ) सेनादलेषु घोषशीलः ( श्रेयः ) प्रशस्य-ईयसुन् । प्रशस्यतरं कल्याणम् ( वन्वानः ) वन सम्भक्तौ उपकारे च-शानच् । उपकुर्वन् (वयुनानि) ज्ञानानि । नियमान् ( विद्वान् ) जानन् ( कीर्तिम् ) क्तिपिचिरुहि० । उ० ४ । ११९ । इति कॄत संशब्दने—इन् । यशः ( बहुभ्यः ) बहुवीरेभ्यः ( वि ) विविधम् (हर) प्रापय ( द्विराजे ) राजाहः सखिभ्यष्टच् । पा० ५ । ४ । ९१ । इति द्वि+राजन्-टच् । द्वाभ्यां राजभ्यां कृते युद्धे ॥

श्रेयःकेतो वसुजित् सहीयान्त्संग्रामजित् संशितो ब्रह्मणासि । अंशूनिव ग्रावाधिषवणे अद्रिर्गव्यन् दुन्दुभेऽधि नृत्य वेदः ॥ १० ॥

श्रेयः-केतः । वसु-जित् । सहीयान् । संग्राम-जित् । सम्-शितः । ब्रह्मणा । असि । अंशून्-इव । ग्रावा । अधि-सवने । अद्रिः । गव्यन् । दुन्दुभे । अधि । नृत्य । वेदः ॥ १० ॥

भाषार्थ—( श्रेयःकेतः ) कल्याण का ज्ञान देने वाला, ( वसुजित् ) धन जीतने वाला, ( सहीयान् ) अधिक बल वाला, ( संग्रामजित् ) संग्रामों का जीतने वाला, और ( ब्रह्मणा ) वेद द्वारा ( संशितः ) तीक्ष्ण किया हुआ ( असि ) तू है । ( अद्रिः ) निश्चल स्वभाव, ( ग्रावा इव ) जैसे सूक्ष्मदर्शी पंडित ( अधिषवणे ) तत्त्व मंथन में ( अंशून् ) सूक्ष्म अंशो को [ वश में करता है, वैसे ही ], ( दुन्दुभे ) हे दुन्दुभि ! ( गव्यन् ) भूमि चाहता हुआ तू (वेदः) शत्रु का धन ( अधि=अधिकृत्य ) वश में करके ( नृत्य ) नृत्यकर ॥१०॥

भावार्थ—जैसे संग्राम में दुन्दुभि उत्साह बढ़ाता है और जैसे तत्त्ववेत्ता पुरुष तत्त्वों को जीत कर आनन्द भोगता है, वैसे ही प्रत्येक मनुष्य विज्ञान प्राप्त करके सदा सुखी रहे ॥ १० ॥

---

१०—( श्रेयः केतः ) हसिमृग्रिण्० । उ० ३ । ८६ । इति कि ज्ञाने-तन् । यद्वा, चायः किः । उ० १ । ७४ । इति निर्देशात्, चायृ पूजानिशामनयोः-तन्प्रत्यये धातोः किरादेशो गुणश्च । केतः प्रज्ञानाम-निघ० ३ । ९ । श्रेयसः कल्याणस्य प्रज्ञा यस्मात् सः ( वसुजित् ) धनस्य जेता (सहीयान्) अ० ४ । ३२ । ४ । बलवत्तरः ( संग्रामजित् ) संग्रामाणां जेता ( संशितः ) तीक्ष्णीकृतः ( ब्रह्मणा ) वेदद्वारा ( असि ) ( अंशून् ) अंश विभाजने—कु । सूक्ष्मांशान् ( इव ) यथा ( ग्रावा ) अ० ३ । १० । ४ । गॄ विज्ञापने-क्वनिप् । शास्त्रविज्ञापकः पण्डितः ( अधिषवणे ) सुयुरुवृञो युच् । उ० २ । ७४ । इति षुञ् अभिषवे—युच् । तत्त्वानामधिकमन्थने ( अद्रिः ) अदिशदिभूशुभिभ्यः क्रिन् । उ० ४ । ६५ । इति अद भक्षणे-क्रिन् । यद्वा नञ्+दॄ विदारणे-रिन्, टिलोपः । अविदारणीयः । निश्चलस्वभावः ( गव्यन् ) म० ३ । भूमिमिच्छन् ( दुन्दुभे ) ( अधि ) अधिकृत्य (नृत्य) चेष्टां कुरु ( वेदः ) शत्रुधनम् ॥

शत्रुषाण्नीषाडभिमातिषाहो गवेषणः सहमान उद्भित्।
वाग्वीव मन्त्रं प्र भरस्व वाचं सांग्रामजित्यायेषमुद्
वदेह ॥ ११ ॥

शत्रुषाट्। नीषाट्। अभिमाति-सहः। गो-एषणः। सहमानः।
उत्-भित्। वाग्वी-इव। मन्त्रम्। प्र। भरस्व। वाचम्।
सांग्राम-जित्याय। इषम्। उत्। वद। इह ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( शत्रूषाट् ) वैरियों को हराने वाला, ( नीषाट् ) नित्य जीतने वाला, ( अभिमातिसाहः ) अभिमानियों का वश में करने वाला, ( गवेषणः ) भूमि वा विद्या का ढूंढ़ने वाला, ( सहमानः ) शासन करने वाला, ( उद्भित् ) बहुत तोड़ फोड़ करने वाला तू ( वाचम् ) वाणी को (प्र भरस्व) अच्छे प्रकार भरदे, ( इव ) जैसे ( वाग्वी ) उत्तम बोलने वाला पुरुष ( मन्त्रम् ) अपने मनन वा उपदेश को। और ( संग्रामजित्याय ) संग्राम जीतने के लिये ( इह ) यहां पर ( इषम् ) अन्न का ( उत् ) अच्छे प्रकार (वद) कथन कर ॥ ११ ॥

भावार्थ—पराक्रमी शूर पुरुष दुन्दुभि की ध्वनि से उत्साहित होकर शत्रुओं को जीत कर अन्न आदि पदार्थ प्राप्त करें ॥ ११ ॥

अच्युतच्युत् समदो गमिष्ठो मृधो जेता पुरएतायो-

११—( शत्रूषाट् ) छन्दसि सहः। पा० ३।२।६३। इति शत्रु+षह अभिभवे-ण्वि। शत्रूणामभिभविता ( नीषाट् ) नि+सह—ण्वि। नित्यजयशीलः ( अभिमातिषाहः ) अभिमानिनां दमनशीलः ( गवेषणः ) गो+इषु इच्छायाम्—ल्युट्। गोर्भूमेर्वाण्या विद्याया वा अन्वेष्टा ( सहमानः ) शासनं कुर्वन् ( उद्भित् ) उत्कर्षेण भेदकः ( वाग्वी ) वाच—ग्मिनि। वाग्मी पुरुषः ( इव ) यथा ( मन्त्रम् ) मन्त्रा मननात्—निरु० ।५।१२। शुभविचारम् (प्र) प्रकर्षेण ( भरस्व ) भर। उच्चारयेत्यर्थः ( वाचम् ) वाणीम् ( संग्रामजित्याय ) जि—क्यप् तुक् च। युद्धजयाय ( इषम् ) अ० ३।१०।७। अन्नम्—निघ०। २।७ ( उत् ) उत्कर्षेण ( वद ) ब्रूहि ( इह ) अस्यां दशायाम् ॥

ध्यः । इन्द्रे॑ण गुप्तो वि॒दथा॑ नि॒चिक्य॑द्धृ॒द्द्योत॑नो द्वि॒ष॒तां या॑हि॒ शीभ॑म् ॥ १२ ॥

अ॒च्यु॒त॒-च्युत् । स॒-मदः॑ । गमि॑ष्ठः । मृधः॑ । जेता॑ । पु॒रः॒-ए॒ता । अ॒योध्यः॑ । इन्द्रे॑ण । गु॒प्तः । वि॒दथा॑ । नि॒-चिक्य॑त् । हृ॒त्-द्योत॑नः । द्वि॒ष॒ताम् । या॒हि॒ । शीभ॑म् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—( अच्युतच्युत् ) न गिरे हुओं [ शत्रुओं ] का गिराने वाला, ( समदः ) हर्ष सहित ( गमिष्ठः ) अतिशय गति वाला, ( मृधः ) संग्रामों को ( जेता ) जीतने वाला, ( पुरएता ) आगे आगे चलने वाला, ( अयोध्यः ) न रुकने योग्य, ( इन्द्रेण ) ऐश्वर्यवान् सेनापति से ( गुप्तः ) रक्षा किया गया, (विदथा=०-थानि ) जानने योग्य कर्मों को ( निचक्यत् ) जानता हुआ, ( द्विषताम् ) वैरियों के ( हृद्द्योतनः ) निश्चय करके हृदयों का जलाने वाला तू ( शीभम् ) शीघ्र ( याहि ) प्राप्त हो ॥ १२ ॥

भावार्थ—सेना पति की आज्ञा से दुन्दुभि बजते ही समस्त सेना दल शत्रुओं पर टूट परे ॥ १२ ॥

## सूक्तम् ॥ २१ ॥

१-१२ ॥ १-९ दुन्दुभिः, १०-१२ देवसेना देवताः ॥ १, ४, ५ पथ्या पङ्क्तिः; २, ३, ७-१० अनुष्टुप्; ६ जगती; ११ द्विपदा त्रिष्टुब् विराट् च; १२ गायत्री ॥

१२—( अच्युतच्युत् ) च्युङ् गतौ—क्त+च्युङ्—क्विप्, तुक् च । अनधःपतितानां शत्रूणामधः पातयिता ( समदः ) सहर्षः ( गमिष्ठः ) गन्तृ—इष्ठन् । अतिशयेन गतिवान् ( मृधः ) मृध हिंसायाम्—क्विप् । संग्रामान्—निघ० । २ । १७ ( जेता ) जयशीलः ( पुरएता ) अग्रगामी ( अयोध्यः ) केनापि योद्धुमशक्यः । अबाध्यः ( इन्द्रेण ) ऐश्वर्यवता सेनापतिना ( गुप्तः ) रक्षितः ( विदथा ) अ० १ । १३ । ४ । शेर्लोपः । वेदितव्यानि कर्माणि ( निचिक्यत् ) कि ज्ञाने जुहो०—शतृ । निश्चयेन जानन् ( हृद्द्योतनः ) द्युत—दीप्तौ—ल्युट् । द्योतते ज्वलतिकर्मा—निघ० । १ । १६ । हृदयानां तापकः ( द्विषताम् ) द्वेषं कुर्वताम् ( याहि ) गच्छ ( शीभम् ) म० ७ । शीघ्रम् ॥

शत्रुजयोपदेशः—शत्रुओं को जीतने को उपदेश ॥

विहृ॑दयं वैमन॒स्यं व॒दामित्रे॑षु दुन्दुभे । वि॒द्वे॒षं कश्म॒शं भ॒यम॒मित्रे॑षु॒ नि द॑ध्मस्यवै॑नान् दुन्दुभे ज॒हि ॥ १ ॥

वि-हृ॒दयम् । वै॒म॒न॒स्यम् । वद॑ । अ॒मित्रे॑षु । दु॒न्दु॒भे॒ । वि॒-द्वे॒षम् । कश्म॒शम् । भ॒यम् । अ॒मित्रे॑षु । नि । द॒ध्म॒सि॒ । अव॑ । ए॒नान् । दु॒न्दु॒भे॒ । ज॒हि॒ ॥ १ ॥

भाषार्थ—( दुन्दुभे ) हे दुन्दुभि वा ढोल ! ( अमित्रेषु ) वैरियों में ( विहृदयम् ) हृदय व्याकुल करने हारी ( वैमनस्यम् ) मन की ग्लानी ( वद ) कह दे । ( विद्वेषम् ) फूट, ( कश्मशम् ) गति की रोक और ( भयम् ) भय ( अमित्रेषु ) वैरियों के बीच ( निदध्मसि ) हम डाले देते हैं । ( दुन्दुभे ) हे दुन्दुभि ! ( एनान् ) इन [ शत्रुओं ] को ( अव जहि ) निकाल दे ॥ १ ॥

भावार्थ—जैसे पराक्रमी शूर के दुन्दुभि आदि बजने पर शत्रु लोग डांवां डोल हो कर भाग जाते हैं, वैसे ही विद्वान् पुरुष के विज्ञान द्वारा काम क्रोध आदि नष्ट हो जाते हैं ॥ १ ॥

उ॒द्वे॒पमा॑ना॒ मन॑सा॒ चक्षु॑षा॒ हृद॑येन च ।
धाव॑न्तु बि॒भ्य॑तो॒ऽमित्राः॑ प्र॒त्रासे॒नाज्ये॑ हु॒ते ॥ २ ॥

उ॒त्-वेप॑मानाः । मन॑सा । चक्षु॑षा । हृद॑येन । च॒ । धाव॑न्तु । बि॒भ्य॑तः । अ॒मित्राः॑ । प्र॒-त्रासे॑न । । आज्ये॑ । हु॒ते ॥ २ ॥

१—( विहृदयम् ) वि विकृतं हृदयं यस्मात् तत् ( वैमनस्यम् ) विमनसो भावः—ष्यञ् । मनोग्लानिम् ( वद ) ज्ञापय ( अमित्रेषु ) अ० १ । १९ । २ । पीडकेषु शत्रुषु ( दुन्दुभे ) सू० २० म० १ । हे बृहड्ढक्के ( विद्वेषम् ) वैरिभावम् ( कश्मशम् ) कश गतिशासनयोः—क्विप्+मष् हिंसायाम्–घञर्थे क, षस्य शः । कशः गतेः प्रवृत्तेर्मशं नाशम् ( भयम् ) डरम् ( निदध्मसि ) निरंतरं धारयामः ( अव ) दूरे ( एनान् ) शत्रून् ( जहि ) हन हिंसागत्योः । गमय ॥

भाषार्थ—( आज्ये हुते ) घृत आग में चढ़ाने पर ( मनसा ) मन से ( चक्षुषा ) नेत्र से ( च ) और ( हृदयेन ) हृदय से ( उद्वेपमानाः ) थरथराते हुये, ( बिभ्यतः ) भय मानते हुये ( अमित्राः ) वैरी लोग (प्रत्रासेन) घबराहट के साथ ( धावन्तु ) भागें ॥ २ ॥

भावार्थ—जैसे अग्नि घी चढ़ाने से प्रचंड होता है; वैसे ही युद्धाग्नि प्रचंड होने पर कुशल सेनापति शत्रुओं को अंग भंग करके भगा दे ॥ २ ॥

वानस्पत्यः संभृत उस्रियाभिर्विश्वगोत्र्यः ।
प्रत्रासममित्रेभ्यो वदाज्येनाभिघारितः ॥ ३ ॥

वानस्पत्यः । सम्-भृतः । उस्रियाभिः । विश्व-गोत्र्यः । प्र-त्रासम् । अमित्रेभ्यः । वद । आज्येन । अभि-घारितः ॥ ३ ॥

भाषार्थ—[ हे दुन्दुभि ! ] ( वानस्पत्यः ) सेवनियों के पालक [ सेनापति ] से प्राप्त हुआ, ( उस्रियाभिः ) वस्तियों की रक्षक सेनाओं से ( संभृतः ) यथावत् रक्खा गया, ( विश्वगोत्र्यः ) समस्त कुलों का हितकारक तू ( अमित्रेभ्यः ) वैरियों को ( प्रत्रासम् ) अति भय ( वद ) कह दे, [जैसे] ( आज्येन ) घी से ( अभिघारितः ) सींचा हुआ [ अग्नि प्रकाशित होता है ] ॥ ३ ॥

भावार्थ—सेनपति लोग घृत से प्रज्वलित अग्नि के समान प्रचण्ड होकर शत्रुओं को भयभीत करदें ॥ ३ ॥

---

२—( उद्वेपमानाः ) अत्यन्तं कम्पमानाः ( मनसा ) चित्तेन ( चक्षुषा ) नेत्रेण ( हृदयेन ) अन्तःकरणेन ( धावन्तु ) पलायन्ताम् ( बिभ्यतः ) भयं प्राप्नुवन्तः ( अमित्राः ) पीडकाः शत्रवः ( प्रत्रासेन ) व्याकुलत्वेन ( आज्ये ) घृते ( हुते ) अग्नौ प्रक्षिप्ते सति ( च ) ॥

३—( वानस्पत्यः ) सू० २० म० १ । वनस्पतिभ्यः सेव्यानां पालकेभ्यः सेनापतिभ्य आगतः ( संभृतः ) सम्यग्धृतः ( उस्रियाभिः ) सू० २० म० १ । वसतिरक्षिकाभिः सेनाभिः ( विश्वगोत्र्यः ) तस्मै हितम् । पा० ५ । १ । ५ । इति-विश्वगोत्र—यत् । सर्वकुलेभ्यो हितः ( प्रत्रासम् ) अतिभयम् ( अमित्रेभ्यः ) म० १ । शत्रुभ्यः ( वद ) कथय ( आज्येन ) घृतेन ( अभिघारितः ) अभिषिक्तोऽग्निरिव ॥

यथा मृगाः संविजन्त आरण्याः पुरुषादधि । एवा त्वं दुन्दुभेऽमित्रानभि क्रन्द प्र त्रासयाथो चित्तानि मोहय ॥४

यथा । मृगाः । सम्-विजन्ते । आरण्याः । पुरुषात् । अधि । एव । त्वम् । दुन्दुभे । अमित्रान् अभि । क्रन्द । प्र । त्रासय । अथो-इति । चित्तानि । मोहय ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( यथा ) जैसे (आरण्याः) वनवासी (मृगाः) पशु ( पुरुषात् ) मनुष्य से ( अधि ) अतिशय ( संविजन्ते ) डरकर भागते हैं; ( एव ) वैसे ही ( दुन्दुभे ) हे दुन्दुभि ! ( त्वम् ) तू ( अमित्रान् अभि ) वैरियों पर ( क्रन्द ) गर्ज, और ( प्र त्रासय ) डरा दे ( अथो ) और भी ( चित्तानि ) उनके चित्तों को ( मोहय ) घबड़ा दे ॥ ४ ॥

भावार्थ—जैसे जङ्गलीय पशु मनुष्य को देख कर भागते हैं; वैसे ही शूर वीरों को देख कर ही शत्रु लोग घबड़ा कर भागजावें ॥४॥

यथा वृकादजावयो धावन्ति बहु बिभ्यतीः । एवा० ॥५

यथा । वृकात् । अज-अवयः । धावन्ति । बहु । बिभ्यतीः ०॥५

भाषार्थ—( यथा ) जैसे ( वृकात् ) भेड़िये से ( बहु ) बहुत (बिभ्यतीः) डरती हुई ( अजावयः ) बकरी और भेड़ें ( धावन्ति ) भागजाती हैं । ( एव ) वैसे ही...म० ४ ॥ ५ ॥

भावार्थ—मन्त्र ४ के समान ॥ ५ ॥

---

४—( यथा ) येन प्रकारेण ( मृगाः ) अन्वेष्टारः पशवः ( संविजन्ते ) ओ विजी भयचलनयोः । भयेन चलन्ति ( आरण्याः ) अरण्य-अण् । वनजाताः ( पुरुषात् ) मनुष्यात् ( अधि ) अत्यन्तम् ( एव ) एवम् ( त्वम् ) ( दुन्दुभे ) ( अमित्रान् ) पीडाप्रदान् शत्रून् ( अभि ) प्रति ( क्रन्द ) गर्ज ( प्र ) प्रकर्षेण ( त्रासय ) भयं प्रापय ( अथो ) अपि च ( चित्तानि ) शत्रुमनांसि ( मोहय ) व्याकुलीकुरु ॥

५—( यथा ) येन प्रकारेण ( वृकात् ) कुक्कुराकाराद् व्याघ्रभेदात् ( अजावयः ) वर्करीमेष्यः ( धावन्ति ) पलायन्ते ( बहु ) अत्यन्तम् ( बिभ्यतीः ) बिभ्यत्यः । भयं गच्छन्त्यः । अन्यत् पूर्ववत् म० ॥ ५ ॥

यथा श्ये॒नात् प॑त॒त्रिण॑: सं॒वि॒जन्ते॒ अह॑र्दिवि सिं॒हस्य॑ स्तनथो॒र्यथा॑ । ए॒वा त्वं दु॑न्दुभे॒ऽमित्रा॑न॒भि क्र॑न्द॒ प्र त्रा॑सय॒याथो॑ चि॒त्तानि॑ मोहय ॥ ६ ॥

यथा॑ । श्ये॒नात् । प॒त॒त्रिण॑: । स॒म्-वि॒जन्ते॑ । अह॑:-दिवि । सिं॒हस्य॑ । स्त॒नथो॑: । यथा॑ । ए॒व । त्वम् । दु॒न्दु॒भे॒ । अ॒मित्रा॑न् । अ॒भि । क्र॒न्द॒ । प्र । त्रा॒स॒य॒ । अथो॒ इति॑ । चि॒त्तानि॑ । मो॒ह॒य॒ ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( यथा ) जैसे ( श्येनात् ) श्येन [ बाज ] से ( पतत्रिणः ) पक्षी ( अहर्दिवि ) प्रति दिन ( संविजन्ते ) डर कर भागते हैं, और ( यथा ) जैसे ( सिंहस्य ) सिंह की ( स्तनथोः ) गर्जन से, ( एव ) वैसे ही ( दुन्दुभे ) हे दुन्दुभि ! ( त्वम् ) तू ( अमित्रान् अभि ) वैरियों पर ( क्रन्द ) गर्ज, और ( प्रत्रासय ) डरा दे, ( अथो ) और भी ( चित्तानि ) उनके चित्तों को ( मोहय ) घबड़ा दे ॥ ६ ॥

भावार्थ—मन्त्र ४ के समान ॥ ६ ॥

परा॒मित्रा॑न् दु॒न्दु॒भिना॑ ह॒रि॒णस्या॒जिने॑न च ।
सर्वे॑ दे॒वा अ॑तित्रस॒न् ये सं॑ग्रा॒मस्येश॑ते ॥ ७॥

परा॑ । अ॒मित्रा॑न् । दु॒न्दु॒भिना॑ । ह॒रि॒णस्य॑ । अ॒जिने॑न । च॒ । सर्वे॑ । दे॒वाः । अ॒ति॒त्र॒स॒न् । ये । स॒म्-ग्रा॒मस्य॑ । ईश॑ते ॥ ७ ॥

---

६—( यथा ) येन प्रकारेण ( श्येनात् ) अ० ३ । ३ । ३ । शीघ्रगतिपक्षि-विशेषात् ( पतत्रिणः ) अ० १ । १५ । १ । पक्षिणः ( सं विजन्ते ) भयेन चलन्ति ( अहर्दिवि ) दिने दिने ( सिंहस्य ) अ० ४ । ८ । ७ । हिंसकजन्तुविशेषस्य ( स्तनथोः ) ट्वितोऽथुच् । पा० ३ । ३ । ८६ । इति स्तन देवशब्दे-अथुच्, बाहुलकात । गर्जनात् । अन्यत् पूर्ववत् म० ४ ॥

भाषार्थ—( ये ) जो विद्वान् लोग ( संग्रामस्य ) संग्राम के ( ईशते ) स्वामी होते हैं, उन ( सर्वे ) सब ( देवाः ) महात्मा लोगों ने ( हरिणस्य ) हरिण के ( अजिनेन ) चर्म से युक्त ( दुन्दुभिना ) दुन्दुभि से ( च ) निश्चय करके ( परा=पराजित्य ) हराकर ( अतित्रसन् ) डरा दिया है ॥ ७ ॥

भावार्थ—शूर सेना पति लोग शत्रुओं को जीत कर भगा देवें ॥ ७ ॥

**यैरिन्द्रः प्रक्रीडते पद्घोषैश्छायया सह ।**
**तैरमित्रास्त्रसन्तु नोऽमी ये यन्त्यनीकशः ॥ ८ ॥**

यैः । इन्द्रः । प्र-क्रीडते । पत्-घोषैः । छायया । सह । तैः । अमित्राः । त्रसन्तु । नः । अमी इति । ये । यन्ति । अनीक-शः ॥८

भाषार्थ—( इन्द्रः ) ऐश्वर्यवान् सेनापति ( छायया सह ) छाया के साथ ( यैः ) जिन ( पद्घोषैः ) पैरों के खटकों से ( प्रक्रीडते ) क्रीड़ा करता रहता है, ( तैः ) उनसे ( नः ) हमारे ( अमी ) वे ( अमित्राः ) शत्रु ( त्रसन्तु ) डर जावें ( ये ) जो ( अनीकशः ) श्रेणी श्रेणी ( यन्ति ) चलते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—चतुर शीघ्र गामी सेनापति की छाया और पैरों के आहट से शत्रु के दल के दल भाग जावें ॥ ८ ॥

**ज्याघोषा दुन्दुभयोऽभि क्रोशन्तु या दिशः ।**
**सेनाः पराजिता यतीरमित्राणामनीकशः ॥ ९ ॥**

---

७—( परा ) पराजित्य ( अमित्रान् ) म० १ शत्रून् ( दुन्दुभिना ) बृहड्ढक्कया ( हरिणस्य ) मृगस्य ( अजिनेन ) अजिन-अर्शआद्यच् । चर्मयुक्तेन ( च ) निश्चयेन ( सर्वे ) सकलाः ( देवाः ) महात्मानः ( अतित्रसन् ) त्रसी उद्वेगे णिचि लुङ् । त्रासितवन्तः ( ये ) देवाः ( संग्रामस्य ) युद्धस्य ( ईशते ) ईश्वरा भवन्ति ॥

८—( यैः ) ( इन्द्रः ) ऐश्वर्यवान् सेनापतिः ( प्रक्रीडते ) विहरति ( पद्घोषैः ) स्वपादशब्दैः ( छायया ) स्वप्रतिबिम्बेन ( सह ) सहितः ( तैः ) पद्घोषैः ( अमित्राः ) शत्रवः ( त्रसन्तु ) बिभ्यतु ( नः ) अस्माकम् ( अमी ) दृश्यमानाः (ये) शत्रवः (यन्ति) गच्छन्ति (अनीकशः) संख्यैकवचनाच्च वीप्सायाम् । पा० ५ । ४ । ४३ । इति अनीक-शस् । सेनाखण्डशः । श्रेण्या श्रेण्या ॥

ज्या-घोषाः । दुन्दुभयः । अभि । क्रोशन्तु । याः । दिशः ।
सेनाः । परा-जिताः । यतीः । अमित्राणाम् । अनीक-शः ॥८॥

भाषार्थ—( ज्याघोषाः ) हमारी प्रत्यंचा के शब्द और (दुन्दुभयः) सब दुन्दुभि ( याः ) व्यापक ( दिशः ) दिशाओं में ( अनीकशः ) श्रेणी श्रेणी (यतीः) चलती हुई ( अमित्राणाम् ) वैरियों की ( पराजिताः ) हारी ( सेनाः अभि ) सेनाओं पर ( क्रोशन्तु ) पुकार मचावें ॥ ६ ॥

भावार्थ—वीर सेनापति अपने अस्त्र शस्त्रों से सब दिशाओं में शत्रु के प्रत्येक दल को रोक कर हरा देवे ॥ ६ ॥

आदित्य चक्षुरा दत्स्व मरीचयोऽनु धावत ।
पत्सङ्गिनीरा संजन्तु विगते बाहुवीर्ये ॥ १० ॥

आदित्य । चक्षुः । आ । दुत्स्व । मरीचयः । अनु । धावत ।
पत्-सङ्गिनीः । आ । सजन्तु । वि-गते । बाहु-वीर्ये ॥ १० ॥

भाषार्थ—( आदित्य ) हे सूर्य समान सेनापति ! [ शत्रुओं की ] ( चक्षुः ) दृष्टि ( आ दत्स्व ) ले ले, ( मरीचयः ) हे किरणों के समान सेना दलो ! ( अनु ) पीछे पीछे ( धावत ) दौड़ो । ( बाहुवीर्ये ) बाहु बल ( विगते )

---

८—( ज्याघोषाः ) मौर्वीध्वनयः ( दुन्दुभयः )( अभि ) प्रति ( क्रोशन्तु) गर्जन्तु ( याः ) या गतौ-ड, टाप् । व्यापिकाः (दिशः) अत्यन्तसंयोगे द्वितीया । पूर्वादिदिशाः ( सेनाः ) सेनादलान् ( पराजिताः ) अभिभूताः ( यतीः ) इण्-शतृ, ङीप् । गच्छन्तीः ( अमित्राणाम् ) शत्रूणाम् ( अनीकशः ) म० ८ । श्रेण्या श्रेण्या ॥

१०—( आदित्य ) अ० १ । ६ । १ । हे सूर्यसमान तेजस्विन् सेनापते ( चक्षुः ) शत्रूणां दृष्टिम् ( आ दत्स्व ) गृहाण । निवारय-इत्यर्थः ( मरीचयः ) अ० ४ । ३८ । ५ । हे किरणतुल्याः सेनाजनाः ( अनु ) पश्चात् ( धावत ) वेगेन गच्छत ( पत्सङ्गिनीः ) पद्+षञ्ज-सङ्गे-घञ्, इनि, ङीप् । पादेषु सङ्गो

चले आने पर ( पत्सङ्गिनीः ) पांव में पड़ी बेड़ियों को ( आ सजन्तु ) वे [शत्रु] लिपटा लेवें ॥ १० ॥

**भावार्थ**—पराक्रमी सेनापति शत्रुओं की दृष्टि बचा कर अपनी सेना के साथ धावा करके निर्बल शत्रुओं को बांध लेवे ॥ १० ॥

**यूयमुग्रा मरुतः पृश्निमातर इन्द्रेण युजा प्र मृणीत शत्रून् । सोमो राजा वरुणो राजा महादेव उत मृत्युरिन्द्रः ॥ ११ ॥**

यूयम् । उग्राः । मरुतः । पृश्नि-मातरः । इन्द्रेण । युजा । प्र । मृणीत । शत्रून् । सोमः । राजा । वरुणः । राजा । महा-देवः । उत । मृत्युः । इन्द्रः ॥ ११ ॥

**भाषार्थ**—( पृश्निमातरः ) हे छूने योग्य पदार्थों के वा आकाश के नापने वाले, ( उग्राः ) प्रचण्ड ( मरुतः ) शूर लोगो ! ( यूयम् ) तुम ( इन्द्रेण ) बड़े ऐश्वर्यवाले सेनापति ( युजा ) मित्र के साथ ( शत्रून् ) वैरियों को ( प्र मृणीत ) मार डालो । ( इन्द्रः ) वह बड़े ऐश्वर्य वाला सेनापति ( सोमः ) तत्त्वों का मथन करने वाला ( राजा ) प्रकाशमान, ( वरुणः ) श्रेष्ठ ( राजा ) राजा ( उत ) और ( मृत्युः ) मृत्यु के समान ( महादेवः ) बड़ा देवता है ॥ ११ ॥

**भावार्थ**—महाप्रतापी सेनापति के साथ समस्त शूर सेनादल शत्रुओं को जीत लें ॥ ११ ॥

---

बन्धो यासां ताः । पादशृङ्खलाः । निगड़ान् ( आ सजन्तु ) आसक्ताः कुर्वन्तु शत्रवः ( विगते ) अपगते ( बाहुवीर्ये ) भुजबले ॥

११—( यूयम् ) ( उग्राः ) प्रचण्डाः ( मरुतः ) अ० १ । २० । १ । हे शूरवीरा देवाः ( पृश्निमातरः ) अ० ४ । २७ । २ । हे पृश्नीनां स्पर्शनीयानां पदार्थानाम्, अथवा, पृश्नेराकाशस्य मातारो मानकर्तारः ( इन्द्रेण ) परमैश्वर्यवता सेनापतिना ( युजा ) मित्रेण ( प्र ) प्रकर्षेण ( मृणीत ) मृ हिंसायाम्, क्रय० । मारयत ( शत्रून् ) अरीन् ( सोमः ) पुञ अभिषवे-मन् । तत्त्वानां मन्थिता ( राजा ) प्रकाशमानः ( वरुणः ) वरणीयः श्रेष्ठः ( राजा ) शासकः ( महादेवः ) पूजनीयो देवः ( उत ) अपि ( मृत्युः ) मृत्युर्यथा ( इन्द्रः ) परमैश्वर्यवान् सेनापतिः ॥

एता देवसेनाः सूर्यकेतवः सचेतसः ।
अमित्रान् नो जयन्तु स्वाहा ॥ १२ ॥

एताः । देव-सेनाः । सूर्य-केतवः । स-चेतसः । अमित्रान् ।
नः । जयन्तु । स्वाहा ॥ १२ ॥

भाषार्थ—( एताः ) यह सब ( सूर्यकेतवः ) सूर्यसमान पताका वाली, ( सचेतसः ) समान चित्तवाली ( देवसेनाः ) विजयी सेनापति की सेनायें ( नः ) हमारे ( अमित्रान् ) वैरियों को ( जयन्तु ) जीतें, ( स्वाहा ) यह आशीर्वाद हो ॥ १२ ॥

भावार्थ—पराक्रमी सेनापति की सहायता से समस्त शूर सेनादल शत्रुओं को हराकर निकालदें ॥ १२ ॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः

## अथ पंचमोऽनुवाकः

सूक्तम् ॥ २२ ॥

१-१४ ॥ वेद्यो देवता ॥ १, २ त्रिष्टुप्; ३-१४ अनुष्टुप् ॥

रोगनाशायोपदेशः—रोग नाश करने का उपदेश ॥

अग्निस्तक्मानमप बाधतामितः सोमो ग्रावा वरुणः पूतदक्षाः । वेदिर्बर्हिः समिधः शोशुचाना अप द्वेषांस्यमुया भवन्तु ॥ १ ॥

१२—( एताः ) समीपस्थाः ( देवसेनाः ) विजयिनः सेनापतेः सेनाः ( सूर्यकेतवः ) चायः किः । उ० १ । ७४ । इति चायृ पूजायाम्-तु । इति केतुः पताका । सूर्यवत्पताकायुक्ताः ( सचेतसः ) समानचित्ताः ( अमित्रान् ) शत्रून् ( नः ) अस्माकम् ( जयन्तु ) अभिभवन्तु ( स्वाहा ) अ० २ । १६ । १ । इत्याशीर्वादोऽस्तु ॥

अग्निः । तक्मानम् । अप । बाधताम् । इतः । सोमः । ग्रावा । वरुणः । पूत-दक्षाः । वेदिः । बर्हिः । सम्-इधः । शोशुचानाः । अप । द्वेषांसि । अमुया । भवन्तु ॥ १ ॥

भाषार्थ—( अग्निः ) ज्ञानवान्, (सोमः) तत्त्व मथन करने वाला, (ग्रावा) सूक्ष्मदर्शी, ( वरुणः ) वरणयोग्य, ( पूतदक्षाः ) पवित्रबल करने वाला, ( शोशुचनाः ) बहुत जलते हुये ( समिधः ) इन्धने के समान ( बर्हिः ) प्रकाशमान ( वेदिः ) पंडित ( इतः ) यहां से ( तक्मानम् ) दुःखित जीवन करने हारे ज्वर को ( अप बाधताम् ) निकाल देवे । (द्वेषांसि) हमारे सब अनिष्ट (अमुया) उधर ( अप भवन्तु ) हट जावें ॥ १ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार सद्वैद्य रोगों की चिकित्सा करता है, उसी प्रकार सब मनुष्य आत्मदोषों का प्रतीकार करें ॥ १ ॥

अयं यो विश्वान् हरितान् कृणोष्युच्छोचयन्नग्निरिवाभिदुन्वन् । अधा हि तक्मन्नरसो हि भूया अधा न्यङ्ङधराङ् वा परेहि ॥ २ ॥

अयम् । यः । विश्वान् । हरितान् । कृणोषि । उत्-शोचयन् । अग्निः-इव । अभि-दुन्वन् । अध । हि । तक्मन् । हि । अरसः ।

१—( अग्निः ) विद्वान् ( तक्मानम् ) अ० १ । २५ । १ । कृच्छ्रजीवनकरं ज्वरम् ( अप बाधताम् ) निवारयतु (इतः) अस्माद् देशात् पुरुषाद्वा ( सोमः ) तत्त्वमन्थिता ( ग्रावा ) अ० ५ । २० । १० । शास्त्रविज्ञापकः । सूक्ष्मदर्शी (वरुणः) वरणयोग्यः । श्रेष्ठः ( पूतदक्षाः ) दक्ष वृद्धौ शैघ्र्ये च—असुन् । दक्षो बलनाम—निघ० २ । ९ । पूतं पवित्रं दक्षो बलं यस्मात् सः (वेदिः) हृपिषिरुहिवृतिविदि० । उ० ४ । ११९ । इति विद ज्ञाने—इन् । पण्डितः ( बर्हिः ) बृंहेर्नलोपश्च । उ० २ । १०९ । इति बृहि वृद्धौ दीप्तौ च—इसि । प्रवृद्धं कर्म । दीप्तियुक्तः ( समिधः ) सम+ञिइन्धी दीप्तौ—क्विप् । इन्धनानि ( शोशुचानाः ) अ० ४ । ११ । ३ । देदीप्यमानाः ( अप ) अपगतानि ( द्वेषांसि ) अप्रियाणि वस्तूनि ( अमुया ) सुपां सुलुक्० । पा० ७ । १ । ३९ । इति विभक्तेर्याच् । परस्मिन्देशे (भवन्तु) सन्तु ॥

हि । भूयाः । अधं । न्यङ् । अधराङ् । वा । परा । इहि ॥ २

भाषार्थ—( अयम् ) यह ( यः ) जो तू ( विश्वान् ) सब [मनुष्यों] को ( उच्छोचयन् ) शोक में डालता हुआ, और ( अग्निः इव ) अग्नि के समान ( अभिदुन्वन् ) तपाता हुआ ( हरितान् ) पीला ( कृणोषि ) कर देता है। ( अध ) सो ( हि ) इसलिये ( तक्मन् ) हे दुःखित जीवन करने हारे ज्वर ! तू ( हि ) अवश्य ( अरसः ) निर्बल ( भूयाः ) होजा। ( अध ) और ( वा ) अथवा ( न्यङ् ) नीच स्थान से ( अधराङ् ) नीच स्थान को ( परा इहि ) चम्पत हो जा ॥ २ ॥

भावार्थ—जैसे सद्वैद्य ज्वर आदि रोगों को, वैसे ही बुद्धिमान् कुकाम, कुक्रोध आदि को निकाल देवे ॥ २ ॥

यः पंरुषः पारुषेयोऽवध्वंस इवारुणः ।

तक्मानं विश्वधावीर्याधराञ्चं परा सुवा ॥ ३ ॥

यः । पुरुषः । पारुषेयः । अवुध्वंसः-इव । अरुणः । तक्मानंम् । विश्वधा-वीर्य । अधराञ्चम् । परा । सुव ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( यः ) जो ( परुषः ) निठुर ( पारुषेयः ) निठुर से उत्पन्न हुये ( अरुणः ) रक्तवर्ण ( अवध्वंसः इव ) नीचे गिरने वाले राक्षसादि के समान है। ( विश्वधावीर्य ) हे सब प्रकार सामर्थ्य वाले वैद्य ! ( तक्मानम् ) उस

२—( अयम् ) प्रसिद्धः ( यः ) यस्त्वम् ( विश्वान् ) सर्वान् मनुष्यान् ( हरितान् ) अ० १ । २५ । २ । पीतवर्णान् ( कृणोषि ) करोषि ( उच्छोचयन् ) शुच शोके णिचि, शतृ । विषादयन् ( अग्निः इव ) पावको यथा ( अभिदुन्वन् ) टुदु उपतापे-शतृ । उपतापयन् ( अध ) अथ । अपि ( हि ) यस्मात् कारणात् ( तक्मन् ) म० १ । हे कृच्छ्रजीवनकर ज्वर ( अरसः ) असमर्थः । निष्प्रभावः ( हि ) अवश्यम् ( भूयाः ) ( अध ) ( न्यङ् ) नि+अञ्चु गतौ-क्विन्, विभक्तिलोपः । नीचः । निम्नस्थानात् ( अधराङ् ) अधर+अञ्चु-क्विन् । नीचस्थानम् ( वा ) अथवा ( परा ) पृथक् ( इहि ) गच्छ ॥

३—( यः ) तक्मा ( परुषः ) पॄनहिकलिभ्य उपच् । उ० ४ । ७५ । इति पृ पालनपूरणयोः—उपच् । निष्ठुरः ( पारुषेयः ) कुल्कुण्कठजिलसे निरढञ् ०।

दुःखित जीवन करने वाले ज्वर को ( अधराञ्चम् ) नीचे देश में ( परा सुव ) दूर गिरादे ॥ ३ ॥

भावार्थ—मन्त्र २ के समान ॥ ३ ॥

अ॒ध॒राञ्चं॒ प्र हि॑णोमि॒ नमः॑ कृ॒त्वा त॒क्मने॑ ।
श॒क॒म्भ॒रस्य॑ मुष्टि॒हा पुन॑रेतु महावृ॒षान् ॥ ४ ॥

अ॒ध॒राञ्च॑म् । प्र । हि॒नो॒मि॒ । नमः॑ । कृ॒त्वा । त॒क्मने॑ । श॒क॒म्ऽभ॒रस्य॑ । मु॒ष्टि॒ऽहा । पुन॑रिति । ए॒तु॒ । म॒हा॒ऽवृ॒षान् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( तक्मने ) दुःखित जीवन करने वाले ज्वर को ( नमः ) नमस्कार ( कृत्वा ) करके ( अधराञ्चम् ) नीचे देश को ( प्र हिनोमि ) मैं भेजता हूं । ( शकम्भरस्य ) शक्ति धारण करने वाले पुरुष का ( मुष्टिहा ) मुष्टि से मारने वाला [ ज्वर ] ( महावृषान् ) बड़ी वृष्टि वाले देशों को ( पुनः ) लौटकर ( एतु ) चला जावे ॥ ४ ॥

भावार्थ—नीचे, बहुत जल वाले स्थानों में ज्वर आदि बलवान् रोग प्रायः होते हैं, मनुष्य सावधान रहें ॥ ४ ॥

ओको॑ अस्य॒ मूज॑वन्त॒ ओको॑ अस्य महावृ॒षाः ।
याव॑ज्जा॒तस्त॑क्मं॒स्तावा॑नसि॒ बल्हि॑केषु न्योच॒रः ॥ ५ ॥

---

पा० ४ । २ । ८० । इति पुरुष—ढञ् । परुषाज् जातः (अवध्वंसः) ध्वंसु अधःपतने—अच् । अधःपतनशीलः । राक्षसादिः ( अरुणः ) रक्तवर्णः ( तक्मानम् ) ज्वरम् ( विश्वधावीर्य ) हे सर्वप्रकारसमर्थ ( अधराञ्चम् ) म० २ । निम्नदेशम् ( परा ) पृथक् ( सुव ) प्रेरय ॥

४—( अधराञ्चम् ) म० २ । निम्नदेशम् ( प्र हिणोमि ) हि गतौ, अन्तर्गतण्यर्थः । प्रेरयामि ( नमः ) नमस्कारम् ( कृत्वा ) विधाय (तक्मने) कृच्छ्रजीवनकराय ज्वराय ( शकम्भरस्य ) शक्लृ शक्तौ—अच् । संज्ञायां भृतॄवृजि० । पा० ३ । २ । ४६ । इति शक+भृञ् धारणपोषणयोः—खच्, मुम् । शक्तिधारकस्य । बलवतः पुरुषस्य ( मुष्टिहा ) मुष्टिना हन्ता ज्वरः ( पुनः ) परावृत्य ( एतु ) गच्छतु ( महावृषान् ) वृषु सेचने—क । महावृष्टियुक्तान् देशान् ॥

ओकः। अस्य। मूज-वन्तः। ओकः। अस्य। महा-वृषाः। यावत्। जातः। तक्मन्। तावान्। असि। बल्हिकेषु। नि-ओचरः॥ ५॥

भाषार्थ—( अस्य ) इसका ( ओकः ) घर ( मूजवन्तः ) मूंज आदि घास वाले पर्वत हैं, और ( अस्य ) इसका ( ओकः ) घर ( महावृषाः ) महावृष्टि वाले देश हैं। ( तक्मन् ) हे दुःखित जीवन करने हारे ज्वर! ( यावत् ) जबसे ( जातः ) तू उत्पन्न हुआ है, ( तावान्=तावत् ) तब से तू ( बल्हिकेषु ) हिंसा वाले देशों में ( न्योचरः ) नित्य संगति वाला ( असि ) है॥ ५॥

भावार्थ—बहुत घास वाले और बहुत वृष्टि वाले देशों में ज्वर आदि रोग अधिक होते हैं, मनुष्य इसका प्रबन्ध रक्खें॥ ५॥

तक्मन् व्याल वि गद व्यङ्ग भूरि यावय।
दासीं निष्टक्वरीमिच्छ तां वज्रेण समर्पय॥ ६॥

तक्मन्। वि-आल। वि। गद। वि-अङ्ग। भूरि। यवय। दासीम्। निः-तक्वरीम्। इच्छ। ताम्। वज्रेण। सम्। अर्पय॥६॥

भाषार्थ—( तक्मन् ) हे ज्वर! ( व्याल ) हे सर्प! हे धूर्त! ( व्यङ्ग ) हे कुरूप! ( विगद ) तू बोल, ( भूरि ) बहुत दूर ( यवय ) चला जा ( निष्ट-

५—( ओकः ) अञ्च्यञ्जियुजि० उ० ४। २१६। इति उच समवाये—असुन्, कुत्वम्। गृहम् ( मूजवन्तः ) मुजि ध्वनौ—अच्, मतुप्। नलोपे दीर्घश्च। मूजवान् पर्वतो मुञ्जवान् मुञ्जो विमुच्यत इषीकया—निरु० ६। ८। मुञ्जादि तृणयुक्ताः पर्वताः ( ओकः ) ( अस्य ) ( महावृषाः ) म० ४। महावृष्टियुक्ता देशाः ( यावत् ) यत्कालात् ( जातः ) उत्पन्नोऽसि ( तावान् ) तावत्। तत्कालात् ( असि ) ( बल्हिकेषु ) स्यमेरीट् च। उ० ३। ४६। इति बल्ह परिभाषणहिंसाच्छादनेषु—कन्, इडागमः। हिंसादेशेषु ( न्योचरः ) जनेररष्ठ च। उ० ५। ३८। इति नि+उच समवाये—अर। नित्यसंगन्ता॥

६—( तक्मन् ) हे ज्वर ( व्याल ) वि+अड व्याप्तौ उद्यमे च—घञ्, डस्य लः। हे सर्प। हे धूर्त ( वि ) विशेषेण ( गद ) वद ( व्यङ्ग ) वि विकलमङ्ग

करीम् ) ठटोल, निर्लज्ज ( दासीम् ) दासी [ नीच स्त्री ] को ( इच्छ ) ढूंढ़ और ( ताम् ) उसको ( वज्रेण ) अपने वज्र से ( समर्पय ) मार गिरा ॥ ६ ॥

भावार्थ—कुचाली, व्यभिचारी स्त्री पुरुष रोगी होकर दारुण दुःख भोगते हैं, इससे मनुष्य सदाचारी होकर सदा स्वस्थ रहें ॥६॥

**तक्मन् मूजवतो गच्छ बल्हिकान् वा परस्तराम् ।**
**शूद्रामिच्छ प्रफर्व्यं १ तां तक्मन् वीव धूनुहि ॥ ७ ॥**

तक्मन् । मूज-वतः । गच्छ । बल्हिकान् । वा । परः-तराम् ।
शूद्राम् । इच्छ । प्र-फर्व्यम् । तान् । तक्मन् । वि-इव । धूनुहि ॥७

भाषार्थ—( तक्मन् ) हे ज्वर ! ( मूजवतः ) मूज वाले पहाड़ों और ( बल्हिकान् ) हिंसा वाले देशों को, ( वा ) अथवा ( परस्तराम् ) और परे ( गच्छ ) चला जा ।( प्रफर्व्यम्=प्रफर्वरीम् ) इधर उधर घूमने वाली ( शूद्राम् ) शूद्रा स्त्री को ( इच्छ ) ढूंढ़, और ( तान् ) हिंसकों को, ( तक्मन् ) हे ज्वर ! (वीव) विशेष कर के ही ( धूनुहि ) कंपादे ॥ ७ ॥

भावार्थ—जहां पर मलिन पदार्थ और मलिन स्वभाव वाले स्त्री पुरुष होते हैं, वहां रोग होते हैं । इससे सबको बाहिर और भीतर शुद्ध रखना चाहिये ॥ ७ ॥

---

वस्य । हे कुरूप ( भूरि ) बहुदूरम् ( यवय ) पृथग्भव ( दासीम् ) नीच स्त्रियम् ( निष्टक्करीम् ) धः करन् । उ० ४ । ३ । इति निः+तक हसने-करन्, ङीप् । उपहासशीलाम् । निर्लज्जाम् ( इच्छ ) अन्विच्छ ( ताम् ) दासीम् ( वज्रेण ) स्वकुठारेण ( समर्पय ) सम्+ऋगतौ हिंसायां च-णिच्, पुक् । निक्षिप ॥

७—( तक्मन् ) हे ज्वर ( मूजवतः ) म० ५ । मुञ्जादितृणयुक्तान् पर्वतान् ( गच्छ ) प्राप्नुहि ( बल्हिकान् ) म० ५ । हिंसादेशान् ( वा ) अथवा ( परस्तराम् ) किमेत्तिङव्यय० । पा० ५ । ४ । ११ । इति परस्+तरप्-आमु । दूरतरम् ( शूद्राम् ) अ० ४ । २० । ४ । शोचनीयां मूर्खाम् ( इच्छ ) अन्विच्छ ( प्रफर्व्यम् ) अ० ३ । १७ । ३ । कोररन् । उ० ४ । १५५ । इति प्र+फर्व गतौ-अरन्, ङीप् । वा छन्दसि । पा० ६ । १ । १०६ । इति अमि पूर्वरूपाभावे यणादेशः । प्रफर्वरीम् । इतस्ततो गमनशीलां व्यभिचारिणीम् ( तान् ) तर्व हिंसायाम्-ड । हिंसकान्(वि इव) विविशेषेण । इव अवधारणे । एव (धूनुहि) कम्पय ॥

महावृषान् मूजवतो बन्ध्वद्धि परेत्य ।
प्रैतानि तक्मने ब्रूमो अन्यक्षेत्राणि वा इमा ॥ ८ ॥

महा-वृषान् । मूज-वतः । बन्धु । अद्धि । परा-इत्य । प्र ।
एतानि । तक्मने । ब्रूमः । अन्य-क्षेत्राणि । वै । इमा ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( परेत्य ) दूर जाकर ( महावृषान् ) बड़ी वृष्टि वाले देशों और ( मूजवतः ) मूजवाले पहाड़ों, ( वन्धु=बन्धून् ) अपने बन्धुओं को ( अद्धि ) खाले । ( एतानि ) इन और ( इमा=इमानि ) इन ( अन्यक्षेत्राणि ) अन्य निवास स्थानों को ( तक्मने ) ज्वर के लिये ( वै ) अवश्य ( प्रब्रूमः ) हम बताये देते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—अधिक वृष्टि वाले, अधिक तृण वाले, और इसी प्रकार अधिक ताप वाले देशों में प्राणी ज्वर से पीड़ित रहते हैं । इससे मनुष्य उचित प्रबन्ध रक्खें ॥ ८ ॥

अन्यक्षेत्रे न रमसे वशी सन् मृडयासि नः ।
अभूदु प्रार्थस्तक्मा स गमिष्यति बल्हिकान् ॥ ९ ॥

अन्य-क्षेत्रे । न । रमसे । वशी । सन् । मृडयासि । नः ।
अभूत् । ऊं-इति । प्र-अर्थः । तक्मा । सः । गमिष्यति ।
बल्हिकान् ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( अन्यक्षेत्रे ) दूर देश में ( न ) इस समय ( वशी ) वश में करने वाला ( सन् ) होकर (रमसे=रमस्व) तू ठहर, और (नः) हमें (मृडयासि)

८—( महावृषान् ) म०५ । अतिवृष्टियुक्तान् देशान् ( मूजवतः ) म० ६ । ( वन्धु ) विभक्तिलोपः । स्वबन्धून् ( परेत्य ) दूरे गत्वा ( प्र ) प्रकर्षेण (एतानि) समीपस्थानि ( तक्मने ) ज्वराय ( ब्रूमः ) कथयामः ( अन्यक्षेत्राणि ) क्षि निवासे-ष्ट्रन् । अन्यनिवासस्थानानि ( वै ) निश्चयेन ( इमा ) इमानि पार्श्वस्थानि ॥

९—( अन्यक्षेत्रे ) दूरदेशे ( न ) सम्प्रति-निरु० ७ । ३१ । ( रमसे ) लोडर्थे-लट् । रमस्व । विरम ( वशी ) अ० १ । २१ । १ । वशयिता (मृडयासि)

सुखदे। (तक्मा) ज्वर (प्रार्थः) चालू ( उ ) अवश्य ( अभूत् ) हो गया है, ( सः ) वह ( बल्हिकान् ) हिंसा वाले देशों को ( गमिष्यति ) चला जायगा ॥९॥

भावार्थ—सदाचारी पुरुष प्रयत्न करके नीरोग, और हिंसाप्राय लोग रोग ग्रसित रहते हैं।

यत् त्वं शीतोऽथो रूरः सह कासावेपयः। भीमास्ते तक्मन् हेतयस्ताभिः स्म परि वृङ्ग्धि नः ॥ १० ॥

यत्। त्वम्। शीतः। अथो इति। रूरः। सह। कासा। अवेपयः। भीमाः। ते। तक्मन्। हेतयः। ताभिः। स्म। परि। वृङ्ग्धि। नः ॥१०॥

भाषार्थ—( यत् ) जिस कारण ( शीतः ) शीत ( अथो ) और ( रूरः ) क्रूर ( त्वम् ) तूने ( कासा = कासेन ) ( सह ) खांसी के साथ [ हमें ] ( अवेपयः ) कंपा दिया है। ( तक्मन् ) हे दुःखित जीवन करने वाले ज्वर ! ( ते ) तेरी ( हेतयः ) चोटें ( भीमाः ) भयानक हैं, ( ताभिः ) उनसे ( नः ) हमको ( स्म ) अवश्य ( परि वृङ्ग्धि ) छोड़ दे ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य यत्न पूर्वक नीरोग रहकर शारीरिक और मानसिक बल बढ़ावें ॥ १० ॥

(तक्मा) ज्वर विषय का अ० का० १ स० २५ से मिलान करो ॥

मा स्मैतान्त्सखीन् कुरुथा बलासं कासमुद्युगम्।

---

लेटि रूपम्। सुखयेः (नः) अस्मान् ( अभूत् ) ( उ ) अवश्यम् ( प्रार्थः ) उषिकुषिगार्तिभ्य स्थन्। उ०।२।४। इति ऋ गतौ—थन्। प्रकर्षेण गतिशीलः (तक्मा) ज्वरः ( सः ) ( गमिष्यति ) प्राप्स्यति ( बल्हिकान् ) म० ५। हिंसादेशान् ॥

१०—( यत् ) यस्मात् कारणात् ( त्वम् ) ( शीतः ) अ० १। २५। ४। शीतलः ( अथो ) अपिच (रूरः) अ०१। २५। ४। रुङ्वधे—रक्, दीर्घः। पीडकः ( सह ) सहितः ( कासा ) अ०१। १२। ३। विभक्तेराकारः। कासेन। रोगविशेषेण (अवेपयः) टुवेपृ कम्पने णिच्—लङ्। कम्पितवानसि (भीमाः) करालाः ( ते ) तव ( तक्मन् ) हे ज्वर ( हेतयः ) हननशक्तयः ( ताभिः ) हेतिभिः ( स्म ) अवश्यम् ( परि ) (वृङ्ग्धि) वृजी वर्जने। परित्यज ( नः ) अस्मान् ॥

मा स्मातोऽर्वाङैः पुनस्तत् त्वा तक्मन्नुप ब्रुवे ॥ ११ ॥

मा । स्म । एतान् । सखीन् । कुरुथाः । बलासम् । कासम् । उत्-युगम् । मा । स्म । अतः । अर्वाङ् । आ । ऐः । पुनः । तत् । त्वा । तक्मन् । उप । ब्रुवे ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( बलासम् ) बल गिराने वाले सन्निपात कफ आदि, (कासम्) कुत्सित शब्द करने वाली खांसी और ( उद्युगम् ) सुख रोकने वाले, क्षयी रोग, ( एतान् ) इनको ( सखीन् ] अपना मित्र [ मा स्म कुरुथाः ] कभी मत बना। [ अतः ] उस स्थान से ( पुनः ) फिर ( अर्वाङ् ) हमारे सन्मुख होकर ( मा स्म आ ऐः ] कभी मत आ। [ तत् ] यह बात ( तक्मन् ) हे ज्वर ! (त्वा) तुझ से ( उप ब्रुवे ) मैं कहे देता हूं ॥११॥

भावार्थ—सद्वैद्य प्रयत्न करे जिससे ज्वर के साथ अन्य रोग न होने पावें और ज्वर छुटता चला जावे ॥ ११ ॥

तक्मन् भ्रात्रा बलासेन स्वस्रा कासिकया सह ।
पाप्मा भ्रातृव्येण सह गच्छामुमरणं जनम् ॥ १२ ॥

तक्मन् । भ्रात्रा । बलासेन । स्वस्रा । कासिकया । सह । पाप्मा । भ्रातृव्येण । सह । गच्छ । अमुम् । अरणम् । जनम् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—( तक्मन् ) हे ज्वर ! ( भ्रात्रा ) अपने भ्राता ( बलासेन ) बल

---

११—( स्म ) अवश्यम् ( एतान् ) निर्दिष्टान् ( सखीन् ) मित्रवत्सहायकान् ( मा कुरुथाः ) लङि रूपम्. माङि अडभावः। मा कुरु ( बलासम् ) अ० ४। ६। ८। बलस्य क्षेप्तारम्। श्लेष्मविकारम् ( कासम् ) अ० १। १२। ३। रोगविशेषम्। ( उद्युगम् ) उत्+युगि वर्जने-घञर्थे क, नलोपः। सुखवर्जकं क्षयरोगम् (अतः) तस्मात् स्थानात् ( अर्वाङ् ) अ० ३। २। ३। अस्मदभिमुखः सन् ( मा आ ऐः ) इण् गतौ-लङ्। नागच्छ ( पुनः ) पश्चात् ( तत् ) वचनम् ( त्वा ) त्वाम् ( तक्मन् ) हे ज्वर ! ( उप ) उपेत्य ( ब्रुवे ) कथयामि ॥

१२—( तक्मन् ) हे ज्वर ! ( भ्रात्रा ) सहोदरेण ( बलासेन ) म० ११।

गिराने वाले सन्निपात, कफ आदि, और ( स्वस्रा ) अपनी बहिन ( कासिकया सह ) कुत्सित खांसी के साथ, ( भ्रातृव्येण ) अपने भतीजे ( पाप्मा=पाप्मना ) चर्म रोग के ( सह ) साथ ( अमुम् ) उस ( अरणम् ) न भाषण करने योग्य निन्दित ( जनम् ) जन के पास ( गच्छ ) चला जा ॥ १२ ॥

भावार्थ—कुकर्मी अपथ्यभोगीपुरुष ज्वर, खांसी आदि से पीड़ित रहते हैं। इस से मनुष्य सुकर्मी और पथ्यभोगी होवें ॥ १२ ॥

**तृतीयकं वितृतीयं सदन्दिमुत शारदम्।**
**तक्मानं शीतं रूरं ग्रैष्मं नाशय वार्षिकम् ॥ १३ ॥**

तृतीयकम्। वि-तृतीयम्। सदम्-दिम्। उत। शारदम्। तक्मानम्। शीतम्। रूरम्। ग्रैष्मम्। नाशय। वार्षिकम् ॥१३ ॥

भाषार्थ—[ हे वैद्य ! ] ( तृतीयकम् ) तिजारी, ( वितृतीयम् ) चौथिया आदि अंतरिया, ( सदन्दिम् ) सदा फूटन करने वाले, निरन्तरा ( उत् ) और ( शारदम् ) शरदऋतु में आने वाले, ( शीतम् ) शीत, ( रूरम् ) क्रूर, (ग्रैष्मम्)

---

वलनाशकेन श्लेष्मविकारेण ( स्वस्रा ) अ० १। २८। ४। भगिन्या (कासिकया) कास–कुत्सायां कन्, टाप्। कुत्सितकासेन ( सह ) सहितः ( पाप्मा ) रक्षितव्यमस्मात्। नामन्सीमन्व्योमन्०। उ० ४। १५१। इति पा रक्षणे–मनिन्; पुक् च। विभक्तेः लुः। पाप्मना। चर्मरोगेण ( भ्रातृव्येण ) भ्रातुर्व्यच्च। पा० ४। १। १४४। इति भ्रातृ–व्यत्। भ्रातृजेन (सह) ( गच्छ ) प्राप्नुहि ( अमुम् ) तम् ( अरणम् ) अ० १। १६। ३। अ+रण शब्दे–अप्। असम्भाष्यम्। निन्द्यम्। ( जनम् ) लोकम् ॥

१३—( तृतीयकम् ) अ० १। २५। ४। तृतीयदिने आगन्तम् (वितृतीयम्) तृतीयदिनाद् भिन्नम् ( सदन्दिम् ) सदम् इत्यव्ययं सदेत्यर्थे। उपसर्गे घोः किः। पा० ३। ३। ९२। इति सदम्+दो अवखण्डने–कि। सदा खण्डकं पीडकम्। निरन्तरम् ( उत ) अपि ( शारदम् ) शरद्–अण्। शरदि भवम् ( तक्मानम् ) दुःखकरं ज्वरम् ( शीतम् ) अ० १। २५। ४। शीतस्पर्शम् ( रूरम् ) म० १०। क्रूरम् ( ग्रैष्मम् ) घर्मग्रीष्मौ। उ० १। १४९। इति ग्रसु अदने–मक्, ग्री भावः,

ग्रीष्म में आने वाले, ( वार्षिकम् ) वर्षा में होने वाले ( तक्मानम् ) दुःखित जीवन करने वाले ज्वर को ( नाशय ) मिटा दे ॥ १३ ॥

भावार्थ—सद्वैद्य देश, काल, स्वभाव आदि का विचार करके मनुष्यों को स्वस्थ रक्खे ॥ १३ ॥

गन्धारिभ्यो मूजवद्भ्योऽङ्गेभ्यो मगधेभ्यः ।
प्रैष्यन् जनमिव शेवधिं तक्मानं परि दद्मसि ॥ १४ ॥

गन्धारि-भ्यः । मूजवत्-भ्यः । अङ्गेभ्यः । मगधेभ्यः । प्र-एष्यन् । जनम्-इव । शेव-धिम् । तक्मानम् । परि । दद्मसि ॥१४

भाषार्थ—( गन्धारिभ्यः ) हिंसा पहुंचाने वाले, ( मूजवद्भ्यः ) मूंज आदि घास वाले, ( अङ्गेभ्यः ) अप्रधान और ( मगधेभ्यः ) दोष धारण करने वाले देशों के लिये ( जनम् इव ) पामर पुरुष के समान, ( शेवधिम् ) सोने के आधार ( तक्मानम् ) दुःखित जीवन करने वाले ज्वर को ( प्रैष्यन्=प्रैष्यन्तः ) आगे बढ़ते हुये ( परि दद्मसि ) हम त्यागते हैं ॥१४॥

भावार्थ—हिंसा आदि अशुद्ध व्यवहारों से ज्वर आदि रोग होते हैं। इस से मनुष्य शुद्ध व्यवहार रखकर सदा निरोग रहें ॥१४॥

---

बुक् च । ग्रीष्म-अण् । ग्रीष्मे भवम् ( नाशय ) नष्टं कुरु ( वार्षिकम् ) अ० ४ । १८ । १ । वर्षासु भवम् ॥

१४—( गन्धारिभ्यः ) गन्ध-आरिभ्यः । गन्ध हिंसागतियाचनेषु-अच् । वसिवपियजि० । उ० ४ । १२५ । इति गन्ध+ऋ गतौ-इञ् । हिंसाप्रापकेभ्यः ( मूजवद्भ्यः ) म० ५ । मुञ्जादितृणयुक्तेभ्यः ( अङ्गेभ्यः ) अङ्ग लक्षणे-अच् । अङ्गेति क्षिप्रनामाञ्चितमेवाङ्कितं भवति-निरु० ५ । १७ । अप्रधानेभ्यः (मगधेभ्यः) मगि सर्पणे-अच् । मगं दोषं दधातीति । आतोऽनुपसर्गे कः । पा० ३ । २ । ३ । इति मग+धा-क । दोषधारकेभ्यो देशेभ्यः ( प्रैष्यन् ) प्र+इण् गतौ-लृटः शतृ, एकवचनं छान्दसम् । प्रैष्यन्तः । प्रगमिष्यन्तः ( जनम् ) पामरं पुरुषम् ( इव ) यथा ( शेवधिम् ) इण्शीभ्यां वन् । उ० १ । १५२ । इति शीङ् स्वप्ने-वन् । कर्मण्यधिकरणे च । पा० ३ । ३ । ९३ । इति शेव+धाञ्-कि । शयनाधारम् ( तक्मानम् ) कृच्छ्रजीवनकरं ज्वरम् ( परि दद्मसि ) परि त्यजामः ॥

सूक्तम् ॥ २३ ॥

१-१३ ॥ वैद्यो देवता ॥ अनुष्टुप् छन्दः ॥

स्वल्पदोषनाशोपदेशः— छोटे २ दोषों के नाश का उपदेश ॥

ओते॑ मे॒ द्यावा॑पृथि॒वी ओता॑ दे॒वी सर॑स्वती ।
ओतौ॑ म॒ इन्द्र॑श्चा॒ग्निश्च॒ क्रिमिं॑ जम्भयता॒मिति॑ ॥ १ ॥

ओते॒ इत्या-उ॑ते । मे॒ । द्यावा॑पृथि॒वी इति॑ । आ-उ॑ता । दे॒वी । सर॑स्वती । आ-उ॑तौ । मे॒ । इन्द्रः॑ । च॒ । अ॒ग्निः । च॒ । क्रिमि॑म् । ज॒म्भ॒य॒ता॒म् । इति॑ ॥ १ ॥

भाषार्थ—( मे ) मेरे लिये ( द्यावापृथिवी ) सूर्य और भूलोक ( ओते ) बुने हुये हैं, ( देवी ) दिव्य गुण वाली ( सरस्वती ) विज्ञानवती विद्या (ओता) परस्पर बुनी हुयी है। ( ओतौ ) परस्पर बुने हुये ( इन्द्रः ) मेघ ( च ) और ( अग्निः ) अग्नि ( च ) भी (मे) मेरे लिये ( क्रिमिम् ) कीड़े को ( जम्भयताम् ) नाश करें, ( इति ) यह प्रार्थना है ॥ १ ॥

भाषार्थ—( देवेषु ) व्यवहारकुशल लोगों के बीच ( देवः ) व्यवहार कुशल और ( देवः ) विजय चाहने वाला पुरुष ( मध्वा ) ज्ञान से और (घृतेन) प्रकाश से ( पथः ) मार्गों को ( अनक्ति ) खोलता है ॥ २ ॥

भावार्थ—विद्वानों में महा विद्वान् सत्यप्रतिज्ञा वाला पुरुष संसार में सन्मार्ग का प्रचार करता है ॥ २ ॥

मध्वा॑ यज्ञं न॑क्षति प्रैणा॒नो नरा॒शंसो॑ अ॒ग्निः सु॒कृद्दे॒वः स॑वि॒ता वि॒श्ववा॑रः ॥ ३ ॥

मध्वा॑ । य॒ज्ञम् । न॒क्ष॒ति॒ । प्रै॒णा॒नः । न॒रा॒शंसः॑ । अ॒ग्निः । सु॒-कृत् । दे॒वः । स॒वि॒ता । वि॒श्व-वा॑रः ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( नराशंसः ) मनुष्यों में प्रशंसा वाला, ( सुकृत् ) उत्तम कर्म करनेवाला, (देवः) व्यवहार में चतुर, (सविता) ऐश्वर्यवाला (विश्ववारः) सब से अङ्गीकार करने योग्य ( अग्निः ) विद्वान् पुरुष ( मध्वा ) ज्ञान से ( यज्ञम् ) समाज को ( प्रैणानः ) आगे बढ़ाता हुआ ( नक्षति ) चलता है ॥३॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुषार्थी मनुष्य विद्या बल से संसार की उन्नति करता है ॥ ३ ॥

( प्रैणानः ) पदके स्थान पर यजुर्वेद । २७ । १३ । में [ प्रीणानः ] है ॥

२—( देवः ) व्यवहारकुशलः ( देवेषु ) व्यवहारिषु विद्वत्सु ( देवः ) विजिगीषुः ( पथः ) मार्गान् ( अनक्ति ) व्यनक्ति व्यक्तीकरोति ( मध्वा ) अ० १ । ४ । १ । मन ज्ञाने—उ, नस्य धः । मधुना । ज्ञानेन ( घृतेन ) प्रकाशेन ॥

३—( मध्वा ) म० २ । ज्ञानेन ( यज्ञम् ) समाजम् ( नक्षति ) गच्छति ( प्रैणानः ) प्रैणृ गतिप्रेरणश्लेषणेषु—शानच्, आत्मनेपदं छान्दसम् । प्रेरयन् ( नराशंसः ) नर+आङ्+शंसु स्तुतौ—अ, टाप् । नरेषु आशंसा प्रशंसा यस्य सः । नराशंसो यज्ञ इति कात्थक्यो नरा अस्मिन्नासीनाः शंसन्ति । अग्निरिति शाकपूणिर्नरैः प्रशस्यो भवति—निरु० ८ । ६ ( अग्निः ) विद्वान् पुरुषः ( सुकृत् ) सुकर्मा ( देवः ) व्यवहर्ता ( सविता ) षु प्रसवैश्वर्ययोः—तृच्, अदा० सेट् । ऐश्वर्यवान् ( विश्ववारः ) विश्व+वृञ् वरणे—घञ् । सर्वैर्वरणीयः स्वीकरणीयः ॥

**अच्छायमेति शवसा घृता चिदीडानो वह्निर्नमसा ॥४॥**

**अच्छ॑ । अ॒यम् । ए॒ति॒ । शव॑सा । घृ॒ता । चि॒त् । ईडा॑नः । वह्नि॑ः । नम॑सा ॥ ४ ॥**

**भाषार्थ**—( अयम् ) यह [ शुभ गुणों की ] ( ईडानः ) स्तुति करता हुआ ( वह्निः ) निर्वाह करने वाला पुरुष ( चित् ) ही ( शवसा ) बल, ( घृता ) जल और ( नमसा ) अन्न के साथ ( अच्छ ) अच्छे प्रकार ( एति ) चलता है ॥ ४ ॥

**भावार्थ**—विद्वान् पुरुष सब का बल और धन बढ़ाता हुआ कीर्ति पाता है ॥ ४ ॥

( घृता ) के स्थान पर यजुर्वेद, २७। १४ में [ घृतेन ] है ॥

**अग्निः स्रुचो अध्वरेषु प्रयक्षु स यक्षदस्य महिमानमग्नेः ५**

**अ॒ग्निः । स्रुच॑ः । अ॒ध्व॒रेषु॑ । प्र॒-यक्षु॑ । सः । य॒क्ष॒त् । अ॒स्य॒ । म॒हि॒मान॑म् । अ॒ग्नेः ॥ ५**

**भाषार्थ**—( सः ) वह ( अग्निः ) विद्वान् पुरुष ( अध्वरेषु ) सन्मार्ग वाले ( प्रयक्षु ) बड़े यज्ञों वा समाजों में ( अस्य ) इस ( अग्नेः ) सर्वव्यापक परमेश्वर की ( स्रुचः ) गति की ( महिमानम् ) महिमा को ( यक्षत् ) पूजे ॥ ५ ॥

**भावार्थ**—विद्वान् पुरुष संसार में परमात्मा की विचित्र गति को जान कर पुरुषार्थ करता है ॥ ५ ॥

---

४—( अच्छ ) सम्यक्। अभिमुखम्। अच्छाभेराप्तुमिति शाकपूणिः—निरु० ५। २८। ( अयम् ) प्रसिद्धः ( एति ) गच्छति ( शवसा ) बलेन ( घृता ) घृतेन, उदकेन—निघ० १। १२। ( चित् ) निश्चयेन ( ईडानः ) शुभगुणान् स्तुवन् ( वह्निः ) वहिश्रिश्रुयु०। उ० ४। ५१। इति वह प्रापणे-नि। कार्यनिर्वाहकः। वह्नयो वोढारः—निरु० ८। ३। ( नमसा ) अन्नेन—निघ० २। ७॥

५—( अग्निः ) विद्वान् पुरुषः ( स्रुचः ) चिक् च। उ० २। ६२। इति स्रु गतौ—चिक्। गतेः ( अध्वरेषु ) अ० ३। १६। ६। अध्वन्—रो मत्वर्थीयः। सन्मार्गवत्सु ( प्रयक्षु ) प्र+यज देवपूजासंगतिकरणदानेषु—क्विप्। प्रयागेषु। प्रकृष्टसमाजेषु ( सः ) विद्वान् ( यक्षत् ) अ० ३। ४। ६। यजेर्लेटि रूपम्। यजेत्। सत्कुर्यात् ( अस्य ) प्रसिद्धस्य ( महिमानम् ) महत्त्वम् ( अग्नेः ) सर्वव्यापकस्य परमेश्वरस्य ॥

तुरी मन्द्रासु प्रयक्षु वसवश्चातिष्ठन् वसुधातरश्च ॥६॥
तुरी । मन्द्रासु । प्र-यक्षु । वसवः । च । अतिष्ठन् । वसु-धातरः । च ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( मन्द्रासु ) आनन्द क्रियाओं में और ( प्रयक्षु ) बड़े समाजों में ( तरी ) तारने वाला विद्वान् (च) और (वसुधातरः) अधिक धनों का धारण करने वाला पुरुष (च) और(वसवः) उत्तम उत्तम गुणी लोग(अतिष्ठन् ) स्थित हुये हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—उद्योगी प्रधान होने से समाज के सब सभ्य गुणी और धनी होते हैं ॥ ६ ॥

द्वारो देवीरन्वस्य विश्वे व्रतं रक्षन्ति विश्वहा ॥ ७ ॥
द्वारः । देवीः । अनु । अस्य । विश्वे । व्रतम् । रक्षन्ति । विश्वहा ॥ ७ ॥

भाषार्थ—( विश्वे ) सब [ उत्तम गुण ] ( अस्य ) इसके ( व्रतम् ) व्रत की और ( देवीः ) प्रकाश वाले ( द्वारः ) घरके द्वारों की ( विश्वहा= विश्वधा ) अनेक प्रकार ( अनु ) अनुकूल रीति से ( रक्षन्ति ) रक्षा करते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—विद्वान् के उत्तम गुण ही उनके नियमों और घर आदि की रक्षा करते हैं ॥ ७ ॥

---

६—( तरी ) तरस्तरणमस्यास्तीति । तर—इनि । स तारको विद्वान् ( मन्द्रासु ) स्फायितञ्चिवञ्चि० । उ० २ । १३ । इति मदि मोदे—रक्, टाप् । हर्षक्रियासु ( प्रयक्षु ) म० ५ । प्रकृष्टसमाजेषु ( वसवः ) उत्तमगुणाः पुरुषाः ( च ) ( अतिष्ठन् ) स्थिता अभवन् ( वसुधातरः ) वसुधा-तरप् । अधिक-धनानां धारकः ( च ) ॥

७—( द्वारः ) दृ संवरणे णिच्—विच् । द्वारः पनदाम-निघ० ५ । २ । द्वारो जवतेर्वा द्रवतेर्वा-निरु० ८ । ९ । यज्ञे गृहद्वार इति कात्थक्योऽग्निरिति शाकपूणिः-निरु ८ । १० । द्वाराणि ( देवीः ) देदीप्यमानाः ( अनु ) आनुकूल्येन । ( अस्य ) विदुषः ( विश्वे ) विश्वेदेवाः सर्वे दिव्यगुणाः ( व्रतम् ) सत्यभाषणादिकर्म ( रक्षन्ति ) पान्ति ( विश्वहा ) धस्य हः । विश्वधा । अनेकधा ॥

उरुव्यचसाग्नेर्धाम्ना पत्यमाने। आ सुष्वयन्ती यजते उपाके उषासानक्तेमं यज्ञमवतामध्वरं नः ॥ ८ ॥

उरु-व्यचसा। अग्नेः। धाम्ना। पत्यमाने इति। आ। सु-स्वयन्ती इति। यजते इति। उपाके इति। उषसानक्ता। इमम्। यज्ञम्। अवताम्। अध्वरम्। नः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(अग्नेः) सर्व व्यापक परमेश्वर के (उरु-व्यचसा) दूर दूर तक व्यापक (धाम्ना) तेज से (पत्यमाने) ऐश्वर्य करती हुयी (सुष्वयन्ती=सुसु अयन्त्यौ) अति सुन्दरता से चलती हुयी, (यजते) संगति योग्य, (उपाके) पास पास रहने वाली (उपासानक्ता) रात और प्रभात वेलायें [ दिन और रात ] (नः) हमारे (इमम्) इस (अध्वरम्) सन्मार्ग वाले (यज्ञम्) समाज को (आ अवताम्) आती रहें ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य धर्ममार्ग में चलकर दिन रात उन्नति करते रहें ॥ ८ ॥

मन्त्र का मिलान अ० ५। १२। ६ से करो ॥

दैवा होतार ऊर्ध्वमध्वरं नोऽग्नेर्जिह्वयाभि गृणत गृणता नः स्विष्टये। तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्तामिडा सरस्वती मही भारती गृणाना ॥ ९ ॥

दैवाः। होतारः। ऊर्ध्वम्। अध्वरम्। नः। अग्नेः। जिह्वया। अभि। गृणत। गृणत। नः। सु-इष्टये। तिस्रः। देवीः।

८—(उरुव्यचसा) वि+अञ्चु गतौ—असन्। बहुव्यापकेन (अग्नेः) सर्वव्यापकस्य परमेश्वरस्य (धाम्ना) तेजसा (पत्यमाने) पत ऐश्वर्ये-शानच्। ऐश्वर्यं कुर्वाणे (आ सुष्वयन्ती... उपासानक्ता) इति गतम्—अ० ५। १२। ६। (आ) क्रियायोगे (सुष्वयन्ती) अत्यन्तं सुष्ठु अयन्त्यौ (यजते) संगन्तव्ये (उपाके) सन्निहिते (उपासानक्ता) अहोरात्रे (इमम्) (यज्ञम्) यष्टव्यं संगन्तव्यं समाजम् (आ अवताम्) अव रक्षणगत्यादिषु। आगच्छताम् (अध्वरम्) म० ५। सन्मार्गवन्तम् (नः) अस्माकम् ॥

बर्हिः । आ । इदम् । सदन्ताम् । इडा । सरस्वती । मही । भारती । गृणाना ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( दैवाः ) विद्वानों में रहने वाले विद्वान् ( होतारः ) हे दानशील पुरुषो ! ( नः ) हमारे ( ऊर्ध्वम् ) ऊंचे ( अध्वरम् ) अकुटिल व्यवहार को ( अग्नेः ) [ शारीरिक और बाह्य ] तेज की ( जिह्वया ) जयसे ( नः ) हमारे ( स्विष्टये ) अच्छे समागम के लिये ( अभि ) अच्छे प्रकार ( गृणत ) वर्णन करो और ( गृणत ) वर्णन करो। ( तिस्रः ) तीनों ( देवीः ) देवियां ( महती ) विशाल गुण वाली ( गृणाना ) उपदेश करती हुयी ( इडा ) स्तुति योग्य नीति, ( सरस्वती ) विज्ञानवती बुद्धि और ( भारती ) पोषण करने वाली विद्या ( इदम् ) इस ( बर्हिः ) बढ़े हुये कर्म में ( आ सदन्ताम् ) आवें॥ ९ ॥

भावार्थ—सब विद्वान् मनुष्य उत्तम उत्तम नीति, बुद्धि और अनेक व्यवहारिक विद्यायें प्राप्त करके परस्पर वृद्धि करें॥ ९ ॥

इस मन्त्र का मिलान अ० ५। १२। ८ के साथ करो।

तन्नस्तुरीपमद्भुतं पुरुक्षु । देव त्वष्टा रायस्पोषं वि ष्य नाभिमस्य ॥ १० ॥

तत् । नः । तुरीपम् । अत्-भुतम् । पुरु-क्षु । देव । त्वष्टः । रायः । पोषम् । वि । स्य । नाभिम् । अस्य ॥ १० ॥

९—( दैवाः ) देव—अञ्। देवेषु विद्वत्सु भवा विद्वांसः ( होतारः ) सुखस्य दातारः (ऊर्ध्वम् ) उन्नतम् (अध्वरम् ) न+ध्वृ—अच्। अकुटिलं व्यवहारम् ( नः ) अस्माकम् ( अग्नेः ) शारीरिकस्य बाह्यस्य तेजसः [ जिह्वया अ०१। १०। ३। जि जये-वन् दुक् च। जयेन ( अभि ) सर्वतः ( गृणत गृणत नित्यं गृणीत वर्णयत ( नः ) अस्माकम् ( स्विष्टये ) यज—क्तिन्। शोभनाय समागमाय ( मही ) महती । विशालगुणवती ( गृणाना ) उपदिशन्ती । अन्यद् यथा, अ० ५। १२। ८। ( तिस्रः ) त्रिसंख्याकाः ( देवीः ) देव्यः। दीप्यमाना (बर्हिः) प्रवृद्धं कर्म (आसदन्ताम् ) आगच्छन्तु (इडा) स्तुत्या नीतिः (सरस्वती) विज्ञानवती प्रज्ञा ( भारती ) पोषयित्री विद्या ॥

भाषार्थ—( देव ) हे व्यवहार में चतुर ( त्वष्टः ) सूक्ष्मदर्शी पुरुष ! ( नः ) हमारे लिये ( तत् ) वह ( तुरीपम् ) शीघ्र रक्षा करने वाला, (अद्भुतम्) अद्भुत, ( पुरुक्षु ) बहुत अन्न और ( रायः ) धन की ( पोषम् ) पुष्टि ( अस्य ) इस [घर] के ( नाभिम् ) मध्यदेश में ( वि ष्य ) खोल दे ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य पुरुषार्थ पूर्वक पुष्कल अन्न और धन से घरों को परिपूर्ण करके यथावत् पोषण करें ॥ १० ॥

वन॑स्पते॒ऽव॑ सृजा॒ ररा॑णः । त्मना॑ दे॒वेभ्यो॑ अ॒ग्निर्ह॒व्यं श॑मि॒ता स्व॑दयतु ॥ ११ ॥

वन॑स्पते । अव॑ । सृ॒ज॒ । ररा॑णः । त्मना॑ । दे॒वेभ्यः॑ । अ॒ग्निः । ह॒व्यम् । श॒मि॒ता । स्व॒द॒य॒तु॒ ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( वनस्पते ) हे सेवनीय शास्त्र के रक्षक ( रराणः ) दानशील तू ( अव सृज ) दान कर । ( शमिता ) शान्ति करने वाला ( अग्निः ) विद्वान् पुरुष ( त्मना ) आत्म बल से ( देवेभ्यः ) विद्वानों के लिये ( हव्यम ) ग्राह्यपदार्थ अन्न आदि को ( स्वादयतु ) स्वादु बनावे ॥ ११ ॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुष विद्वानों का सत्कार करके विद्या आदि उत्तम गुणों की वृद्धि करे ॥ ११ ॥

---

१०—( तत् ) (नः) अस्मभ्यम् ( तुरीपम् ) तुरी-पम् । सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । इति तुर वेगे-इनि, ङीप्+पा रक्षणे-क । तुर्या वेगेन रक्षकम् । तुरीपं पदनाम-निघ० ४ । ३ । तुरीपं तूर्णापि-निरु० ६ । २१ ( अद्भुतम् ) आश्चर्यवत् ( पुरुक्षु ) आङ्परयोः खनिशॄभ्यां डिच्च । उ० १ । ३३ । इति क्षि निवासगत्योः-कु, स च डित् । क्षु अन्न नाम-निघ० २ । ७ । बहुन्नम् ( देव ) हे व्यवहारकुशल ( त्वष्टः ) सूक्ष्मदर्शिन् ( रायः ) धनस्य ( पोषम ) पुष्टिम् ( वि ष्य ) विमुञ्च । स्यतिरुपसृष्टो विमोचने-निरु० १ । १७ । ( नाभिम् ) मध्यदेशं प्रति ( अस्य ) गृहस्य ॥

११—( वनस्पते ) वनस्य सम्भजनीयस्य शास्त्रस्य पालक-इति दयानन्दभाष्ये, यजु० २७ । २१ । ( अव सृज ) दानं कुरु ( रराणः ) रा दाने-कानच् । रराणो रातिरभ्यस्तः—निरु० २ । १२ । ददानः ( त्मना ) अ०५ । १२ । १० । आत्मना । आत्मबलेन ( देवेभ्यः ) विद्वद्भ्यः ( अग्निः ) विद्वान् ( हव्यम् ) ग्राह्यं पदार्थम् ( शमिता ) अ०५ । १२ । १० । शान्तीकरः ( स्वदयतु ) स्वादु करोतु ॥

अग्ने॒ स्वाहा॑ कृणुहि जातवेदः । इन्द्रा॑य य॒ज्ञं विश्वे॑ दे॒वा ह॒विरि॒दं जु॑षन्ताम् ॥ १२ ॥

अग्ने॑ । स्वाहा॑ । कृ॒णु॒हि॒ । जा॒त॒-वे॒दः॒ । इन्द्रा॑य । य॒ज्ञम् । विश्वे॑ । दे॒वाः । ह॒विः । इ॒दम् । जु॒ष॒न्ता॒म् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(जातवेदः) हे विद्या में प्रसिद्ध (अग्ने) विद्वान् पुरुष ! (स्वाहा) सुन्दर वाणी से (इन्द्राय) ऐश्वर्य के लिये (यज्ञम्) पूजनीय व्यवहार को (कृणुहि) कर। (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (इदम्) इस (हविः) ग्राह्य उत्तम वस्तु को (जुषन्ताम्) सेवन करें ॥ १२ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न करके ऐश्वर्य के लिये उत्तम कर्म सदा करें ॥१२॥

सूक्तम् ॥ २८ ॥

१-१४ ॥ प्रजापतिर्देवता ॥ १-६, ८, ११, १४ त्रिष्टुप्; ७, ९, १०; अनुष्टुप्; १२, १३ पुरउष्णिक् ॥

रक्षैश्वर्योपदेशः—रक्षा और ऐश्वर्य का उपदेश ॥

नव॑ प्रा॒णान्न॒वभिः॒ सं मि॑मीते दी॒र्घायु॒त्वाय॑ श॒तशा॑रदाय । हरि॑ते॒ त्रीणि॑ रज॒ते त्रीण्यय॑सि॒ त्रीणि॒ तप॒साविष्ठि॑तानि १

नव॑ । प्रा॒णान् । न॒व-भिः॑ । सम् । मि॒मी॒ते॒ । दी॒र्घा॒यु॒-त्वाय॑ । श॒त-शा॑रदाय । हरि॑ते । त्रीणि॑ । र॒ज॒ते । त्रीणि॑ । अय॑सि । त्रीणि॑ । तप॑सा । आ-वि॑ष्ठितानि ॥ १ ॥

भाषार्थ—वह [ परमेश्वर ] (नव) नौ (प्राणान्) जीवन शक्तियों को

१२—(अग्ने) विद्वन् (स्वाहा) सत्यवाण्या (कृणुहि) कुरु (जातवेदः) हे प्रसिद्धविद्य (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (यज्ञम्) पूजनीयं व्यवहारम् (विश्वे) सर्वे (देवाः) विद्वांसः (हविः) ग्राह्यं वस्तु (इदम्) (जुषन्ताम्) सेवन्ताम् ॥

१—(नव) (प्राणान्) जीवन साधनानि (नवभिः) नवभिरिन्द्रियैः

( नवभिः ) नौ [ इन्द्रियों ] के साथ ( शतशारदाय ) सौ शरद् ऋतुओं वाले ( दीर्घायुत्वाय ) दीर्घ जीवन के लिये ( सं मिमीते ) यथावत् मिलाता है। [ उसी करके ] (हरिते) दरिद्रता हरने वाले पुरुषार्थ में ( त्रीणि ) तीनों, ( रजते ) प्रिय होने वाले प्रवन्ध [ वा रूप्य ] में ( त्रीणि ) तीनों, और ( अयसि ) प्राप्त योग्य कर्म [वा सुवर्ण] में ( त्रीणि ) तीनों [ सुख ] ( तपसा ) सामर्थ्य से ( आविष्ठितानि ) स्थित किये गये हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—जिस परमात्मा ने नवद्वारपुर शरीर में दोनों कानों, दोनों नेत्रों, दोनों नथनों, मुख, पायु और उपस्थ, नव इन्द्रियों में नव शक्तियां रक्खी हैं उसी जगदीश्वर ने बताया है कि मनुष्य उत्तम पुरुषार्थ, उत्तम प्रबन्ध और उत्तम कर्म से चांदी सोना एकत्र करके तीन सुख अर्थात् अन्न, मनुष्य और पशुओं को बढ़ावे—मन्त्र ३ देखो ॥ १ ॥

अग्निः सूर्यश्चन्द्रमा भूमिरापो द्यौरन्तरिक्षं प्रदिशो दिशश्च । आर्तवा ऋतुभिः संविदाना अनेन मा त्रिवृता पारयन्तु ॥ २ ॥

अग्निः । सूर्यः । चन्द्रमाः । भूमिः । आपः । द्यौः । अन्तरिक्षम् । प्र-दिशः । दिशः । च । आर्तवाः । ऋतु-भिः । सम्-विदानाः ।

---

छिद्रैः, तानि यथा द्वे श्रोत्रे, चक्षुषी, नासिके, मुखम् पायूपस्थे ( सं मिमीते ) माङ् माने-लट्। समीकरोति। संगतान् करोति ( दीर्घायुत्वाय ) अ० १। ३५। १। चिरकालजीवनाय ( शतशारदाय ) शतशरदृतुयुक्ताय ( हरिते ) हरति दारिद्र्यम्। हृश्याभ्यामितन्। उ० ३। ९३। इति हृञ् हरणे—इतन्। दारिद्र्यहारके पुरुषार्थे ( त्रीणि ) त्रिसंख्याकानि सुखानि, अन्नपुरुषपशुबहुत्वरूपाणि—म० ३ ( रजते ) रजति प्रियं भवतीति। पृषिरञ्जिभ्यां कित्। उ० ३। १११। इति रञ्ज रागे-अतच्। प्रियभवे प्रबन्धे रूप्ये वा ( त्रीणि ) तानि पूर्वोक्तानि ( अयसि ) ईयते प्राप्यते। सर्वधातुभ्योऽसुन्। उ० ४। १८९। इति इण् गतौ-असुन्। प्राप्ये कर्मणि सुवर्णे वा—अयो हिरण्यम्—निघ० १। २। ( त्रीणि ) ( तपसा ) सामर्थ्येन ( आविष्ठितानि ) सम्यक् स्थितानि ॥

अनेन॑ । मा॒ । त्रि-वृता॑ । पा॒र॒य॒न्तु॒ ॥ २ ॥

भाषार्थ—( अग्निः ) अग्नि, ( सूर्यः ) सूर्य, ( चन्द्रमाः ) चन्द्रमा, ( भूमिः ) भूमि, ( आपः ) जल, ( द्यौः ) आकाश, ( अन्तरिक्षम् ) मध्यलोक, ( दिशः ) दिशायें, ( प्रदिशः ) विदिशायें ( च ) और ( ऋतुभिः ) ऋतुओं से ( संविदानाः ) मिले हुये ( आर्तवाः ) ऋतुओं के विभाग ( अनेन ) इस ( त्रिवृता ) त्रिवृति [ तीन जीवन साधन म० १ ] से ( मा ) मुझे ( पारयन्तु ) पूर्ण करें ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य संसार के सब पदार्थों से उपकार, उत्तम पुरुषार्थ आदि [ म० १ ] तीन साधनों से आत्मबल बढ़ावें ॥ २ ॥

त्रयः॒ पोषा॑स्त्रि॒वृति॑ श्रयन्तामन॒क्तु॑ पू॒षा पय॑सा घृ॒तेन॑ ।
अन्न॑स्य भू॒मा पुरु॑षस्य भू॒मा भू॒मा प॑शू॒नां त इ॒ह श्र॑यन्ताम् ॥३॥

त्र॒यः॑ । पोषाः॑ । त्रि-वृति॑ । श्र॒य॒न्ता॒म् । अ॒नक्तु॑ । पू॒षा । पय॑सा । घृ॒तेन॑ । अन्न॑स्य । भू॒मा । पुरु॑षस्य । भू॒मा । भू॒मा । प॒शू॒नाम् । ते । इ॒ह । श्र॒य॒न्ता॒म् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—( त्रयः ) तीन ( पोषाः ) पोषण सामर्थ्य ( त्रिवृति ) त्रिवृति [ तीन जीवन साधन—म० १ ] में ( श्रयन्ताम् ) बनी रहें । ( पूषा ) पोषण करने वाला अधिकारी ( पयसा ) दूध और ( घृतेन ) घृत से ( अनक्तु )

---

२—( अग्निः ) पावकः ( सूर्यः ) ( चन्द्रमाः ) ( भूमिः ) ( आपः ) जलानि ( द्यौः ) आकाशम् ( अन्तरिक्षम् ) मध्यलोकः ( प्रदिशः ) अन्तराला दिशाः ( दिशः ) प्राच्याद्याः ( आर्तवाः ) अ० ३ । १० । ६ । ऋतुभागाः ( ऋतुभिः ) कालविशेषैः ( संविदानाः ) अ० २ । २८ । २ । संगच्छमानाः ( अनेन ) पूर्वोक्तेन ( मा ) माम् ( त्रिवृता ) वृञ् वरणे—क्विप् तुक् च । त्रिवर्तनेन । त्रिजीवनसाधनेन हरितरजतायोरूपेण—म० १ ( पारयन्तु ) पॄ पालनपूरणयोः । पूर्ण कुर्वन्तु ॥

३—( त्रयः ) ( पोषाः ) पोषणसामर्थ्यानि ( त्रिवृति ) म० २ । त्रिवृत्तौ हरितरजतायोरूपत्रिसाधने-म० १ ( श्रयन्ताम् ) आश्रिता भवन्तु । तिष्ठन्तु

संयुक्त करें। ( अन्नस्य ) अन्न की ( भूमा ) बहुतायत, ( पुरुषस्य ) पुरुषों की ( भूमा ) बहुतायत और ( पशूनाम् ) पशुओं की ( भूमा ) बहुतायत ( ते ) यह सब ( इह ) यहां पर ( श्रयन्ताम् ) ठहरी रहें ॥ ३ ॥

भावार्थ—सब मनुष्य उत्तम पुरुषार्थ, उत्तम प्रबन्ध और उत्तम कर्म से [ म० १ ] अन्न, पुरुषों और पशुओं का योग्य संग्रह करके सुख भोगें ॥ ३ ॥

इममादित्या वसुना समुक्षतेममग्ने वर्धय वावृधानः।
इममिन्द्र संसृज वीर्येणास्मिन् त्रिवृच्छ्रयतां पोषयिष्णु ४

इमम्। आदित्याः। वसुना। सम्। उक्षत। इमम्। अग्ने। वर्धय। ववृधानः। इमम्। इन्द्र। सम्। सृज। वीर्येण। अस्मिन्। त्रि-वृत्। श्रयताम्। पोषयिष्णु ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( आदित्याः ) हे तेजस्वी पुरुषो ! ( इमम् ) इस पुरुष को ( वसुना ) धन से ( सम् ) अच्छे प्रकार ( उक्षत ) सींचो, ( अग्ने ) हे सर्वज्ञ परमात्मन् ! ( ववृधानः ) बढ़ता हुआ तू ( इमम् ) पुरुष को ( वर्धय ) बढ़ा, ( इन्द्र ) हे परम ऐश्वर्य वाले जगदीश्वर ! ( इमम् ) इस पुरुष को ( वीर्येण ) वीरता से (सं सृज) संयुक्त कर। ( अस्मिन् ) इस पुरुष में ( पोषयिष्णु ) पुष्टि

---

( अनक्तु ) संयोजयतु ( पूषा ) पोषकोऽधिकारी ( पयसा ) दुग्धेन ( अन्नस्य ) कॄ वॄ जॄ० । उ० ३ । १० । इति अन जीवने—न, यद्वा अद भक्षणे—क्त । जीवन-साधनस्य भक्षणीयस्य वा पदार्थस्य ( भूमा ) बहोर्लोपो भू च बहोः । पा० ६ । ४ । १५८ । इति बहोरिमनिच् प्रत्ययस्येकारस्य लोपो बहोश्च भूरादेशः । बहुत्वम् ( पुरुषस्य ) जनस्य ( पशूनाम् ) गवादिजन्तूनाम ( ते ) भूमानः ( इह ) अस्मिन् संसारे ॥

४—( इमम् ) पुरुषम् ( आदित्याः ) अ० १ । ८ । १ । तेजस्विनः पुरुषाः ( वसुना ) धनेन ( सम् ) सम्यक् ( उक्षत ) सिंचत ( अग्ने ) सर्वज्ञ परमेश्वर ( वर्धय ) समर्धय ( ववृधानः ) अ० १ । ८ । ४ । प्रवृद्धः ( इमम् ) ( इन्द्र ) परमैश्वर्यवन् जगदीश्वर (सं सृज) संयोजय ( वीर्येण ) वीरभावेन ( अस्मिन् )

देने वाली (त्रिवृत्) त्रिवृत्ति [म० १] (अयताम्) ठहरी रहे॥ ४॥

**भावार्थ**—विद्वान् जन उपदेश करें कि सब मनुष्य उत्तम पुरुषार्थ, उत्तम प्रबन्ध और उत्तम कर्म से अन्न पुरुष और पशुओं को प्राप्त करके आनन्द भोगें॥ ४॥

**भूमिष्ट्वा पातु हरितेन विश्वभृदग्निः पिपर्त्वयसा सजोषाः। वीरुद्भिष्टे अर्जुनं संविदानं दक्षं दधातु सुमनस्यमानम्॥ ५॥**

**भूमिः। त्वा। पातु। हरितेन। विश्व-भृत्। अग्निः। पिपर्तु। अयसा। स-जोषाः। वीरुत्-भिः। ते। अर्जुनम्। सम्-विदानम्। दक्षम्। दधातु। सु-मनस्यमानम्॥ ५॥**

**भाषार्थ**—(विश्वभृत्) सबको धारण करने वाली (भूमिः) भूमि (हरितेन) दरिद्रता हरने वाले पुरुषार्थ से (त्वा) तुझे (पातु) पाले, (सजोषाः) प्रीति युक्त (अग्निः) अग्नि (अयसा) प्राप्ति योग्य कर्म से (पिपर्तु) पूर्ण करे। (वीरुद्भिः) उगती हुयी लता रूप प्रजाओं से (संविदानम्) मिला हुआ (ते) तेरा (अर्जुनम्) अर्थ संग्रह (सुमनस्यमानम्) मन का शुभ करने वाला (दक्षम्) बल (दधातु) दान करे॥ ५॥

**भावार्थ**—मनुष्य भूमि, अग्नि आदि पदार्थों के व्यवहार से पुरुषार्थ के साथ उत्तम गुणों का संग्रह करके अपना बल बढ़ावें॥ ५॥

---

पुरुषे (त्रिवृत्) हरितरजतायोरूपा त्रिवृत्तिः (अयताम्) तिष्ठतु (पोषयिष्णु) अ० ३। १४। ६। पोषकम्॥

५—(भूमिः) भूमिव्यापार इत्यर्थः (त्वा) त्वां मनुष्यम् (पातु) रक्षतु (हरितेन) म० १। दारिद्र्यहारकेण पुरुषार्थेन (विश्वभृत्) सर्वस्य धारिका (अग्निः) शारीरिकवाह्याग्निः (पिपर्तु) पॄ पालनपूरणयोः। पूरयतु (अयसा) म० १। प्राप्येन कर्मणा (सजोषाः) सप्रीतिः (वीरुद्भिः) अ० १। ३२। १। विरोहणशीलाभिर्लतारूपाभिः प्रजाभिः (ते) तव (अर्जुनम्) अर्जेर्णिलुक् च। उ० ३। ५८। इति अर्ज सम्पादने णिचि-उनन्। अर्थसंग्रहः (संविदानम्) अ० २। २८। २। संगच्छमानम् (दधातु) ददातु (सुमनस्यमानम्) अ० १। ३५। १। मनसः शुभकरम्॥

त्रेधा जातं जन्मनेदं हिरण्यमग्नेरेकं प्रियतमं बभूव सोमस्यैकं हिंसितस्य परापतत्। अपामेकं वेधसां रेत आहुस्तत् ते हिरण्यं त्रिवृदस्त्वायुषे ॥ ६ ॥

त्रेधा। जातम्। जन्मना। इदम्। हिरण्यम्। अग्नेः। एकम्। प्रिय-तमम्। बभूव। सोमस्य। एकम्। हिंसितस्य। परा। अपतत्। अपाम्। एकम्। वेधसाम्। रेतः। आहुः। तत्। ते। हिरण्यम्। त्रि-वृत्। अस्तु। आयुषे ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( इदम् ) यह प्रसिद्ध ( हिरण्यम् ) कमनीय तेज [ ब्रह्म ] ( त्रेधा ) तीन प्रकार से ( जन्मना ) जन्म से ( जातम् ) उत्पन्न हुआ, (एकम्) एक ( अग्नेः ) अग्नि का ( प्रियतमम् ) अति प्रीति वाला ( बभूव ) हुआ, ( एकम् ) एक ( हिंसितस्य ) पीड़ित ( सोमस्य ) चन्द्रमा का [ प्रियतमः ] [ अतिप्रिय होकर ] ( परा अपतत् ) [ सूर्य से ] आकर गिरा। ( एकम् ) एक को ( वेधसाम् ) विधान करने वाली ( अपाम् ) जल धाराओं का ( रेतः ) बीज ( आहुः ) वे कहते हैं। ( तत् ) वह ( हिरण्यम् ) तेजःस्वरूप ब्रह्म ( ते ) तेरी) ( आयुषे ) आयु के लिये ( त्रिवृत् ) त्रिवृत्ति [ तीनों जीवन साधन ] ( अस्तु ) होवे ॥ ६ ॥

भावार्थ—परमात्मा का तेज तीन प्रकार से प्रकट होता है, १—भौतिक अग्नि में जो पृथिवी के पदार्थों को पकाता है, २—अन्धकार युक्त चन्द्रमा में जो सूर्यसे प्रकाशित होता है, ३—सूर्यमें, जो जल को खींचकर मेघमंडल से बरसाता है। मनुष्य उस तेजोमय परमेश्वर का नित्य ध्यान करके उत्तम पुरुषार्थ आदि त्रिवृत्ति [ म० १ ] को बढ़ावें ॥ ६ ॥

---

६—( त्रेधा ) त्रिप्रकारेण ( जातम् ) उत्पन्नम् ( जन्मना ) उत्पत्त्या ( इदम् ) ( हिरण्यम् ) अ० १। ९। २। कमनीयं तेजः। ब्रह्म ( अग्नेः ) भौतिकाग्नेः ( एकम् ) ( प्रियतमम् ) अतिशयप्रीतिकरम् (सोमस्य) चन्द्रस्य (एकम्) तेजः (हिंसितस्य) पीडितस्य। अन्धकारयुक्तस्येत्यर्थः (परा) पृथग्भावे (अपतत्)

त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम् ।
त्रेधामृतस्य चक्षणं त्रीण्यायूंषि तेऽकरम् ॥ ७ ॥

त्रि-आयुषम् । जमत्-अग्नेः । कश्यपस्य । त्रि-आयुषम् । त्रेधा । अमृतस्य । चक्षणम् । त्रीणि । आयूंषि । ते । अकरम् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—( जमदग्नेः ) प्रज्वलित अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष के [ अथवा, नेत्र अर्थात् नेत्र आदि इन्द्रियों के ] ( त्र्यायुषम् ) तीन जीवन साधन म० १ [अथवा, शुद्धि, बल और पराक्रमयुक्त तीन गुणआयु], और (कश्यपस्य ) तत्त्व दर्शी ऋषि के [ अथवा, ईश्वर की व्यवस्था से सिद्ध ] ( त्र्यायुषम् ) बालकपन, यौवन और बुढ़ापा, तीन प्रकार की आयु [ अथवा, ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ आश्रमों का सुखकारक तीन गुण आयु ], ( त्रेधा ) तीन प्रकार से [ अर्थात् विद्या, शिक्षा और परोपकार सहित तीन गुण आयु से ] (अमृतस्य) अमरपन वा मोक्ष का ( चक्षणम् ) दर्शक होवे । [ हे पुरुषार्थी ! वे ही ] ( त्रीणि ) तीन ( आयूंषि ) जीवन साधन ( ते ) तेरे लिये ( अकरम् ) मैंने किये हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—प्रतापी, दूरदर्शी मनुष्य तीन जीवन साधन अर्थात् पुरुषार्थ, प्रबन्ध और कर्म को[म० १], तथा शारीरिक और आत्मिक बल से तीन पदार्थ

---

अधोऽगच्छत् सूर्यमण्डलात् (अपाम् ) जलधाराणाम् (पकम् ) तेजः (वेधसाम्) विधात्रीणाम् उत्पादयित्रीणाम् ( रेतः ) बीजम् ( आहुः ) कथयन्ति विद्वांसः ( तत् ) पूर्वोक्तम् ( हिरण्यम् ) ( त्रिवृत् ) म० २ । त्रिवृत्तिः । त्रिजीवनसाधनम् ( अस्तु ) भवतु ( आयुषे ) अ० १ । ३० । ३ । जीवनवर्धनाय ॥

७—( त्र्यायुषम् ) अचतुरविचतुरसुचतुर० । पा० ५ । ४ । ७७ । इति त्रि+आयुस्—अच् समासान्तः समाहारे । त्रयाणामायुषां जीवनसाधनानां समाहारः—म० १ [ अथवा, शुद्धिबलपराक्रमयुक्तं त्रिगुणमायुः ] (जमदग्नेः) अ० २ । ३२ । ३ । प्रज्वलिताग्नेरिव तेजस्विनः पुरुषस्य [ अथवा, चक्षुषः= चक्षुरादीन्द्रियाणाम् ] ( कश्यपस्य ) अ० २ । ३३ । ७ । पश्यकस्य । तत्त्वदर्शि-पुरुषस्य [ अथवा, आदित्यस्येश्वरस्य व्यवस्थासिद्धम् ] ( त्र्यायुषम् ) त्रयाणां बाल्ययौवनस्थाविराणामायुषां समाहारः [ अथवा, ब्रह्मचर्यगृहस्थवानप्रस्थाश्रमसुखसंपादकं त्रिगुणमायुः ] (त्रेधा) त्रिप्रकारेण [ अथवा, विद्याशिक्षापरोप-

अर्थात् अन्न, पुरुष और गौ आदि पशुओं को [ म० ३ ] प्राप्त करके परोपकार करते हुये सदा सुखी रहें ॥ ७ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से यजुर्वेद में है—अ० ३ म० ६२। कोष्ठ के भीतर महर्षि दयानन्द भाष्य का अर्थ है, उनका मत है—उस मन्त्र में [ त्र्यायुषम् ] चार बार होने से यह तात्पर्य है कि विद्वान् पुरुष त्रिगुणी अर्थात् तीन सौ वर्ष से अधिक चार सौ वर्ष पर्यन्त भी आयु भोग सकता है ॥

त्रयः सुपर्णास्त्रिवृता यदायन्नेकाक्षरमभिसंभूय शक्राः ।
प्रत्यौहन्मृत्युममृतेन साकमन्तर्दधाना दुरितानि विश्वा ॥८॥

त्रयः । सु-पर्णाः । त्रि-वृता । यत् । आयन् । एक-अक्षरम् । अभि-सम्भूय । शक्राः । प्रति । औहन् । मृत्युम् । अमृतेन । साकम् । अन्तः-दधानाः । दुः-इतानि । विश्वा ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( त्रयः ) तीन ( शक्राः ) समर्थ ( सुपर्णाः ) बड़े पोषक पदार्थ ( त्रिवृता ) त्रिवृत्ति [ तीन जीवन साधन ] के साथ ( एकाक्षरम् ) एक अविनाशी ब्रह्म को ( अभिसंभूय ) सब ओर से प्राप्त कर के ( यत् ) जब ( आयन् ) प्राप्त हुये। ( विश्वा ) सब ( दुरितानि ) अनिष्टों को ( अन्तर्दधानाः ) ढकते हुये उन्होंने ( अमृतेन साकम् ) मृत्यु से बचने के साधन के साथ [ वर्तमान हो कर ] ( मृत्युम् ) मृत्यु के कारण को ( प्रति औहन् ) मिटा दिया ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य पुरुषार्थ आदि [ म० १ ] तीन उपायों से अन्न, पुरुष और पशु द्वारा [ म० ३ ] दरिद्रता आदि कष्टों को हटाकर अपना जीवन सुफल करें ॥ ८ ॥

---

कारसहितेन त्रिगुणायुषा ] ( अमृतस्य ) नास्ति मृतं मरणं यस्मात् तस्य । अमरणस्य मोक्षस्य (चक्षणम्) दर्शकम् (त्रीणि)( आयूंषि) जीवनसाधनानि—म० १ तथा ३ (ते) तुभ्यम् ( अकरम् ) अहं कृतवान् ॥

८—( त्रयः ) ( सुपर्णाः ) अ० १ । २४ । १ । सुपोषकपदार्थाः—म० ३ ( त्रिवृता ) म० २ । त्रिवृत्या त्रिजीवनवर्त्तनेन—म० १ ( यत् ) यदा ( आयन् ) इण-लङ् । अगच्छन् ( एकाक्षरम् ) न क्षरतीति अक्षरम् । क्षर संचलने—अच् । अद्वितीयं विनाशरहितं ब्रह्म ( अभिसंभूय ) भू प्राप्तौ—ल्यप् । सर्वतः प्राप्य ( शक्राः ) शक्ताः ( प्रति ) प्रतिकूलम् ( औहन् ) उहिर् अर्दने—लङ् । हतवन्तः ( मृत्युम् ) मरणसाधनं बुभुक्षादिरूपम् ( अमृतेन ) अमरणसाधनेन ( साकम् ) सहवर्तमानाः सन्तः ( अन्तर्दधानाः ) आच्छादयन्तः ( दुरितानि ) अनिष्टानि ( विश्वा ) सर्वाणि ॥

दिवस्त्वा पातु हरितं मध्यात् त्वा पात्वर्जुनम् ।
भूम्या अयुस्मयं पातु प्रागाद् देवपुरा अयम् ॥ ९ ॥

दिवः । त्वा । पातु । हरितम् । मध्यात् । त्वा । पातु । अर्जुनम् । भूम्याः । अयस्मयम् । पातु । प्र । अगात् । देव-पुराः । अयम् ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(हरितम्) दरिद्रता हरने वाला पुरुषार्थ (त्वा) तुझको (दिवः) सूर्य से (पातु) बचावे और (अर्जुनम्) अर्थ संग्रह (मध्यात्) मध्यलोक से (त्वा) तुझे (पातु) बचावे। (अयस्मयम्) प्राप्तियोग्य कर्म (भूम्याः) भूमि से (पातु) बचावे। (अयम्) यह पुरुष (देवपुराः) विद्वानों की अग्रगतियों को (प्र) अच्छे प्रकार (अगात्) पहुंचा है ॥ ९ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य उत्तम पुरुषार्थ, प्रबन्ध और कर्म करते हैं वे आधिदैविक, आध्यात्मिक और आधिभौतिक विपत्तियों से बचकर विद्वानों के योग्य सुख भोगते हैं ॥ ९ ॥

इमास्तिस्रो देवपुरास्तास्त्वा रक्षन्तु सर्वतः ।
तास्त्वं बिभ्रद् वर्चस्व्युत्तरो द्विषतां भव ॥ १० ॥

इमाः । तिस्रः । देव-पुराः । ताः । त्वा । रक्षन्तु । सर्वतः । ताः । त्वम् । बिभ्रत् । वर्चस्वी । उत्तरः । द्विषताम् । भव ॥१०

भाषार्थ—(इमाः) यह समीपस्थ और (ताः) वे दूरस्थ (तिस्रः) तीनों (देवपुराः) विद्वानों की अग्र गतियां (त्वा) तुझे (सर्वतः) सब ओर

---

९—(दिवः) सूर्यात् (त्वा) यजमानम् (पातु) रक्षतु (हरितम्) म० १। दारिद्र्यहारकः पुरुषार्थः (मध्यात्) मध्यलोकात् (त्वा) (पातु) (अर्जुनम्) म० ५। अर्थसंग्रहः (भूम्याः) पृथिव्याः सकाशात् (अयस्मयम्) अयस्, म० १। स्वार्थे मयट्। प्राप्यं कर्म (पातु) (प्र) प्रकर्षेण (अगात्) अगमत् (देवपुराः) पुर अग्रगमने-क्विप्। ऋक्पूरब्धू०। पा० ५। ४। ७४। इति देव+पुर्—अप्रत्ययः, टाप्। विदुषाम् अग्रगतीः (अयम्) पुरुषार्थी जनः॥

१०—(इमाः) समीपस्थाः (तिस्रः) (देवपुराः) म० ९। विदुषामग्र-

से ( रक्षन्तु ) बचावें। ( ताः ) उनको ( बिभ्रत् ) धारण करता हुआ ( त्वम् ) तू ( वर्चस्वी ) तेजस्वी और ( द्विषताम् ) वैरियों में ( उत्तरः ) उच्च पदवाला ( भव ) हो ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य समीप और दूर से पुरुषार्थ आदि [ म० १ ] द्वारा अन्न आदि तीनों पदार्थों को [ म०३ ] धारण करता हुआ दरिद्रता आदि शत्रुओं को दबा कर तेजस्वी हो ॥ १० ॥

पुरं देवानाममृतं हिरण्यं य आवेधे प्रथमो देवो अग्रे।
तस्मै नमो दश प्राचीः कृणोम्यनु मन्यतां त्रिवृदावधे मे ॥ ११ ॥

पुरम्। देवानाम्। अमृतम्। हिरण्यम्। यः। आ-वेधे। प्रथमः। देवः। अग्रे। तस्मै। नमः। दश। प्राचीः। कृणोमि। अनु। मन्यताम्। त्रि-वृत्। आ-बधे। मे ॥ ११

भाषार्थ—( यः ) जिस ( प्रथमः ) प्रख्यात ( देवः ) प्रकाशमय परमेश्वर ने ( अग्रे ) पहिले काल में ( देवानाम् ) विद्वानों के ( पुरम् ) आगे चलने वाले ( अमृतम् ) अमर ( हिरण्यम् ) कमनीय तेज को ( आवेधे ) सब ओर से बांधा था। ( तस्मै ) उस परमेश्वर को ( दश ) दस ( प्राचीः ) फैली हुयी दिशाओं में ( नमः ) नमस्कार ( कृणोमि ) मैं करता हूं। ( त्रिवृत् ) त्रिवृति

---

गतयः ( ताः ) दूरस्थाः ( त्वा ) पुरुषार्थिनम् ( रक्षन्तु ) ( सर्वतः ) ( ताः ) ( त्वम् ) ( बिभ्रत् ) धारयन् (वर्चस्वी) तेजस्वी (उत्तरः) उच्चतरः (द्विषताम्) शत्रूणां मध्ये ( भव ) ॥

११—( पुरम् ) पुर अग्रगतौ—क। अग्रगम् ( देवानाम् ) विदुषाम् ( अमृतम् ) अमरम् ( हिरण्यम् ) कमनीयं तेजः ( यः ) ( आवेधे ) बध बन्धने लिट्। अहं समन्ताद् बबन्ध ( प्रथमः ) प्रख्यातः (देवः) प्रकाशमयः परमेश्वरः ( अग्रे ) पूर्वकाले ( तस्मै ) सर्वेश्वराय ( नमः ) सत्कारः ( दश ) ( प्राचीः ) अत्यन्तसंयोगे द्वितीया। विस्तीर्णा दिशाः ( कृणोमि ) करोमि ( अनुमन्यताम् )

[ म० १,२ ] ( अनु मन्यताम् ) अनुकूल होवे [ जिसे ] ( मे ) अपने लिये ( आवधे ) मैं बांधता हूं ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो अनादि, तेजोमय परमात्मा विद्वानों का मुक्तिदाता है, उसी को मनुष्य सब स्थान में साक्षात् करके ( त्रिवृत् म० १, २ ) पुरुषार्थ आदि तीनों गुणों द्वारा आनन्द भोगे ॥ १ ॥

आ त्वा॑ चृतत्व॒र्य॒मा पू॒षा बृह॒स्पतिः॑ । अहर्जातस्य॒ यन्नाम॒ तेन॒ त्वाति॑ चृतामसि ॥ १२ ॥

आ । त्वा॒ । चृ॒त॒तु॒ । अ॒र्य॒मा । आ । पू॒षा । आ । बृ॒ह॒स्पतिः॑ । अहः॑-जातस्य । यत् । नाम॑ । तेन॑ । त्वा॒ । अति॑ । चृ॒ता॒म॒सि॒ १२

भाषार्थ—( अर्यमा ) अरि अर्थात् हिंसकों का नियामक ( आ ) और ( पूषा ) पोषण करने वाला ( आ ) और ( बृहस्पतिः ) बड़े बड़ों का रक्षक पुरुष ( त्वा ) तुझ [ परमेश्वर ] को ( आ ) अच्छे प्रकार ( चृततु ) बांधे। [ हृदय में रक्खे ] ( अहर्जातस्य ) प्रति दिन उत्पन्न होने वाले [ प्राणी ] का ( यत् नाम ) जो नाम है, ( तेन ) उस [ नाम से ( त्वा ) तुझ को ( अति ) अत्यन्त करके ( चृतामसि=०—मः ) हम बांधते हैं ॥ १२ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार विद्वान् मनुष्य परमेश्वर का चिन्तन करते हैं, उसी प्रकार सब प्राणी परमात्मा का ध्यान करें ॥ १२ ॥

ऋ॒तुभि॑ष्ट्वार्त॒वैरायु॑षे॒ वर्च॑से त्वा । सं॒व॒त्स॒रस्य॒ तेज॑सा

---

अनुमतमनुकूलं भवतु ( त्रिवृत् ) म० २ । त्रिवृत्तिः ( आवधे ) वध बन्धने—लट् सम्यग्बध्नामि (मे) मह्यम् । आत्मने ॥

१२—( आ ) समुच्चये । सम्यक् (त्वा) देवं परमेश्वरम्—म०११। (चृततु) चृती हिंसाग्रन्थनयोः । बध्नातु । हृदये धरतु ( अर्यमा ) अ० ३ । १४ । २ । अरीणां हिंसक । नां नियमाकः ( पूषा ) अ० १ । ६ । १ । पोषकः ( बृहस्पतिः ) अ० १ । ८ । २ । बृहतां वेदादिशास्त्राणां पालकः पुरुषः (अहर्जातस्य) अ० ३ ।१४ । १ । अहन्यहनि जातस्योत्पन्नस्य प्राणिनः ( यत् ) ( नाम ) संज्ञा ( तेन ) नाम्ना (त्वा) हिरण्यम् ( अति ) अत्यर्थम् ( चृतामसि ) चृतामः । बध्नीमः, धरामः ॥

तेन संहनु कृण्मसि ॥ १३ ॥

ऋतु-भिः । त्वा । आर्तवैः । आयुषे । वर्चसे । त्वा । सम्-वत्सरस्य । तेजसा । तेन । सम्-हनु । कृण्मसि ॥ १३ ॥

भाषार्थ—( ऋतुभिः ) ऋतुओं से ( त्वा ) तुझ परमेश्वर को, (आर्तवैः) ऋतुओं के विभागों से ( त्वा ) तुझ को और ( संवत्सरस्य ) सब के निवास देने वाले सूर्य के ( तेन ) उस ( तेजसा ) तेज से ( आयुषे ) अपने जीवन के लिये और ( वर्चसे ) तेज के लिये ( संहनु ) संयुक्त ( कृण्मसि ) हम करते हैं ॥ १३ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग ऋतु, मास आदि काल और सूर्य आदि रचनाओं के विचार से परमेश्वर की महिमा साक्षात् करते हैं ॥ १३ ॥

घृतादुल्लुप्तं मधुना समक्तं भूमिदृंहमच्युतं पारयिष्णु ।
भिन्दत् सपत्नानधरांश्च कृण्वदा मा रोह महते सौभगाय १४

घृतात् । उत्-लुप्तम् । मधुना । सम्-अक्तम् । भूमि-दृंहम् । अच्युतम् । पारयिष्णु । भिन्दत् । स-पत्नान् । अधरान् । च । कृण्वत् । आ । मा । रोह । महते । सौभगाय ॥ १४ ॥

भाषार्थ—( घृतात ) प्रकाश से ( उल्लुप्तम् ) ऊपर खींचा गया, ( मधुना ) ज्ञान से ( समक्तम् ) अच्छे प्रकार प्रगट किया गया, ( भूमिदृंहम् ) भूमि को दृढ़ करने वाला, ( अच्युतम् ) अटल, ( पारयिष्णु ) पार करने वाला,

१३—( ऋतुभिः ) वसन्तादिकालविशेषैः ( त्वा ) ब्रह्म । परमेश्वरम् ( आर्तवैः ) ऋतुविभागैः ( आयुषे ) जीवनवर्धनाय ( वर्चसे ) तेजः प्राप्तये ( त्वा ) ( संवत्सरस्य ) अ० १ । ३५ । ४ । सम्यग्निवासकस्य सूर्यस्य (तेजसा) प्रकाशेन ( तेन ) प्रसिद्धेन ( संहनु ) शृस्वृस्निहि० । उ० १ । १० । इति हन हिंसागत्योः—उ । संगतम् । संयुक्तम् ( कृण्मसि ) कुर्मः ॥

१४—( घृतात् ) प्रकाशात् ( उल्लुप्तम् ) उद्धृतम् ( मधुना ) ज्ञानेन ( समक्तम् ) अञ्जू व्यक्तौ—क्त । सम्यग्-व्यक्तीकृतम् ( भूमिदृंहम् ) भूमि+दृहि वृद्धौ-अच् । भूमिदृढकरम् ( अच्युतम् ) च्युङ् गतौ-क्त । अचलम् (पारयिष्णु)

[ ब्रह्म ] ( सपत्नान् ) वैरियों को ( भिन्दत् ) छिन्न भिन्न करता हुआ ( च ) और ( अधरान् ) नीचा ( कृण्वत् ) करता हुआ तू [ ब्रह्म ] ( मा ) मुझको (महते) बड़े ( सौभगाय ) सौभाग्य के लिये ( आ रोह ) ऊंचा कर ॥१४॥

भावार्थ—मनुष्य सच्चिदानन्द स्वरूप परमात्मा की महिमा जानकर अपने विघ्नों का नाश करके सौभाग्य प्राप्त करें ॥ १४ ॥

## सूक्तम् ॥ २८ ॥

१-१५ ॥ अग्निर्देवता ॥ १-११ त्रिष्टुप्; १२-१५ अनुष्टुप् ॥

शत्रूणां रोगाणांच नाशोपदेशः=शत्रुओं और रोगों के नाश का उपदेश ॥

पुरस्ताद् युक्तो वह जातवेदोऽग्ने विद्धि क्रियमाणं यथेदम् । त्वं भिषग् भेषजस्यासि कर्ता त्वया गामश्वं पुरुषं सनेम ॥ १ ॥

पुरस्तात् । युक्तः । वह । जात-वेदः । अग्ने । विद्धि । क्रियमाणम् । यथा । इदम् । त्वम् । भिषक् । भेषजस्य । असि । कर्ता । त्वया । गाम् । अश्वम् । पुरुषम् । सनेम ॥ १ ॥

भाषार्थ—( जातवेदः ) हे विद्या में प्रसिद्ध ( अग्ने ) विद्वान् पुरुष ! ( युक्तः ) योग्य हो कर तू ( पुरस्तात् ) हमारे आगे ( वह ) प्राप्त हो, ( यथा ) जिस से ( इदम् ) इस ( क्रियमाणम् ) किये जाते हुये कर्म को ( विद्धि ) तू जान ले । ( त्वम् ) तू ( भिषक् ) वैद्य ( भेषजस्य ) औषध का ( कर्ता ) करने

---

रोगच्छन्दसि । पा० ३ । २ । १२७ । इति पार कर्मसमाप्तौ—इष्णुच् । पारकं ब्रह्म ( भिन्दन् ) विदारयत् ( सपत्नान् ) शत्रून् ( अधरान् ) नीचान् (च) (कृण्वत्) कुर्वत् ( मा ) माम् ( आ रोह ) रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च, अन्तर्गतण्यर्थः । आरूढं कुरु ( महते ) विशालाय ( सौभगाय ) अ० १ । १८ । २ । सुभगत्वाय । शोभनैश्वर्याय ॥

१—( पुरस्तात् ) अग्रतः ( युक्तः ) योग्यः । उद्युक्तः (वह ) प्राप्नुहि । गच्छ ( जातवेदः ) हे प्रसिद्धविद्य ( अग्ने ) विद्वन् (विद्धि) जानीहि ( क्रियमाणम् ) अनुष्ठीयमानं कर्म ( यथा ) येन प्रकारेण ( इदम् ) ( त्वम् ) ( भिषक् )

वाला ( असि ) है। ( त्वया ) तेरे साथ ( गाम् ) गौ, ( अश्वम् ) घोड़ा ( पुरुषम् ) पुरुष को ( सनेम ) हम सेवन करें ॥ १ ॥

भावार्थ—राजा आदि प्रधान प्रबन्ध करें कि सब मनुष्य गौओं, घोड़ों और पुरुषों से यथावत् उपकार लेवें ॥ १ ॥

तथा तदग्ने कृणु जातवेदो विश्वेभिर्देवैः सह संविदानः। यो नो दिदेव यतमो जघास यथा सो अस्य परिधिष्पताति ॥ २ ॥

तथा। तत्। अग्ने। कृणु। जात-वेदः। विश्वेभिः। देवैः। सह। सम्। विदानः। यः। नः। दिदेव। यतमः। जघास। यथा। सः। अस्य। परि-धिः। पताति ॥ २ ॥

भाषार्थ—( तत् ) सो (जातवेदः) हे विद्या में प्रसिद्ध ( अग्ने ) विद्वान् पुरुष ! ( विश्वेभिः ) सब (देवैः सह) उत्तम गुणों के साथ (संविदानः) मिलता हुआ तू (तथा) वैसा ( कृणु ) कर। ( यथा ) जिस से (अस्य) उस [ शत्रु ] का ( सः परिधिः ) वह परकोटा ( पताति ) गिरपड़े, ( यः ) जिस [शत्रु] ने (नः) हमें (दिदेव ) सताया है, अथवा (यतमः) जिस किसी ने (जघास) खाया है ॥२॥

भावार्थ—प्रजा के सताने वाले शत्रुओं को राजा यथावत् दण्ड देवे ॥२॥

---

अ० २। ६। ३। चिकित्सकः ( भेषजस्य ) औषधस्य ( असि ) ( कर्ता ) अनुष्ठाता ( त्वया ) ( गाम् ) गोजातिम् ( अश्वम् ) अश्वजातिम् ( पुरुषम् ) पुरुषसमूहम ( सनेम ) षण सम्भक्तौ। सम्भजेम ॥

२—( तथा ) तेन प्रकारेण ( तत ) तस्मात् ( अग्ने ) विद्वन् ( कृणु ) कुरु ( जातवेदः ) हे प्रसिद्धविद्य ( विश्वेभिः ) सर्वैः ( देवैः ) उत्तमगुणैः (सह) सहितः ( संविदानः ) संगच्छमानः ( यः ) शत्रुः ( नः ) अस्मान् ( दिदेव ) दिवु मर्दने—लिट्, चुरादिः। ममर्द ( यतमः ) यः कश्चित् ( जघास ) भक्षितवान् ( यथा ) येन प्रकारेण ( सः ) प्रसिद्धः ( अस्य ) शत्रोः ( परिधिः ) अ० ४। ६। १। प्राकारः ( पताति ) लेटि रूपम्। अधो गच्छेत् ॥

यथा सो अस्य परिधिष्पताति तथा तदग्ने कृणु जातवेदः । विश्वेभिर्देवैः सह संविदानः ॥ ३ ॥

यथा । सः । अस्य । परि-धिः । पताति । तथा । तत् । अग्ने । कृणु । जात-वेदः । विश्वेभिः । देवैः । सह । सम्-विदानः ॥३

भाषार्थ—( यथा ) जिस प्रकार से ( अस्य ) उस [ शत्रु ] का ( सः परिधिः) वह परकोटा ( पताति ) गिर पड़े, ( तत् ) सो ( जातवेदः ) हे विद्या में प्रसिद्ध ( अग्ने ) विद्वान् पुरुष ! ( विश्वेभिः ) सब ( देवैःसह ) उत्तम गुणों के साथ ( संविदानः ) मिलता हुआ तू ( तथा ) वैसा ( कृणु ) कर ॥ ३ ॥

भावार्थ—राजा शत्रु से प्रजा की रक्षा करने का उपाय सदा करता रहे ॥ ३ ॥

अक्ष्यौ३ नि विध्य हृदयं नि विध्य जिह्वां नि तृन्द्धि प्र दतो मृणीहि । पिशाचो अस्य यतमो जघासाग्ने यविष्ठ प्रति तं शृणीहि ॥ ४ ॥

अक्ष्यौ । नि । विध्य । हृदयम् । नि । विध्य । जिह्वाम् । नि । तृन्द्धि । प्र । दतः । मृणीहि । पिशाचः । अस्य । यतमः । जघास । अग्ने । यविष्ठ । प्रति । तम् । मृणीहि ॥ ४ ॥

भाषार्थ—( अक्ष्यौ ) उसकी दोनों आंखें ( नि विध्य ) छेद डाल, ( हृदयम् ) हृदय ( नि विध्य ) छेद डाल, ( जिह्वाम् ) जीभ ( नि तृन्द्धि ) काट डाल, और ( दतः ) दांतों को ( प्र मृणीहि ) तोड़ दे । ( यतमः ) जिस किसी

३—गतम् । म० २ ॥

४—( अक्ष्यौ ) अ० १ । २७ । १ । अक्षिणी ( नि ) नितराम् ( विध्य ) छिन्धि ( हृदयम् ) ( जिह्वाम् ) रसनाम् ( नि ) ( तृन्द्धि ) उतृदिर् हिंसानादरयोः । भिन्धि ( प्र ) प्रकर्षेण ( दतः ) दन्तान् ( मृणीहि ) मृ हिंसायाम् । नाशय ( पिशाचः ) अ० १ । १६ । ३ । मांसभक्षकः ( अस्य ) पुरुषस्य ( यतमः ) यः कश्चित् ( जघास ) भक्षणं कृतवान् ( अग्ने ) विद्वन् ( यविष्ठ ) युवन्-इष्ठन् ।

( पिशाचः ) मांस खाने वाले पिशाच ने ( अस्य ) इसका ( जग्रास ) भक्षण किया है, ( यविष्ठ ) हे महाबलवान् ( अग्ने ) विद्वान् पुरुष ! ( तम् ) उसको ( प्रति ) प्रत्यक्ष ( शृणीहि ) टुकड़े टुकड़े करदे ॥ ४ ॥

भावार्थ—राजा हिंसक प्राणियों का यथावत् नाश करता रहे ॥ ४ ॥

यदस्य हृतं विहृतं यत् पराभृतमात्मनो जग्धं यतमत् पिशाचैः । तदग्ने विद्वान् पुनरा भर त्वं शरीरे मांसमसुमेरयामः ॥ ५ ॥

यत् । अस्य । हृतम् । वि-हृतम् । यत् । परा-भृतम् । आत्मनः । जग्धम् । यतमत् । पिशाचैः । तत् । अग्ने । विद्वान् । पुनः । आ । भर । त्वम् । शरीरे । मांसम् । असुम् । आ । ई रयामः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—( पिशाचैः ) पिशाचों करके ( अस्य ) इसके ( आत्मनः ) शरीर से ( यत् ) जो ( हृतम् ) हरा गया, ( विहृतम ) लूटा गया, ( यत् ) जो (पराभृतम् ) हटाया गया, और ( यतमत् ) जो कुछ ( जग्धम् ) खाया गया है। (अग्ने) हे तेजस्वी पुरुष ! ( विद्वान् ) विद्वान् ( त्वम् ) तू ( तत् ) उसको (पुनः) फिर ( आ भर ) लाकर भर दे, ( शरीरे ) इसके शरीर में ( मांसम् ) मांस और ( असुम् ) प्राण को (आ ईरयामः) हम स्थापित करते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—राजा और वैद्य गण दुःखी प्रजागणों को यथावत् सुख पहुंचावें ॥ ५ ॥

---

स्थूलदूरयुवह्रस्व० । पा० ६ । ४ । १५६ । इति वन्लोपः, उकारस्य गुणश्च । हे अतिशयेन तरुण, बलवन् ( प्रति ) प्रत्यक्षम् ( तम् ) शत्रुम् ( शृणीहि ) शॄ हिंसायाम् । नशाय ॥

५—( यत् ) वस्तु ( अस्य ) पुरुषस्य ( हृतम् ) गृहीतम् ( विहृतम् ) अपहृतम् ( यत् ) ( पराभृतम् ) दूरे हृतम् (आत्मनः) शरीरात् ( जग्धम् ) भुक्तम् ( यतमत् ) यत्किञ्चित् (पिशाचैः) मांसभक्षकैः ( तत् ) नष्टम् (अग्ने) तेजस्विन् ( विद्वान् ( पण्डितः ( पुनः ) ( आ भर ) आ हर । आनय ( त्वम् ) ( शरीरे ) देहे ( असुम् ) प्राणम् ( आ ) सम्यक् ( ईरयामः ) प्रापयामः ॥

आमे सुपक्वे शबले विपक्वे यो मा पिशाचो अशने दुदम्भ । तदात्मना प्रजया पिशाचा वि यातयन्तामगदो३ऽयमस्तु ॥ ६ ॥

आमे । सु-पक्वे । शबले । वि-पक्वे । यः । मा । पिशाचः । अशने । दुदम्भ । तत् । आत्मना । प्र-जया । पिशाचाः । वि । यातयन्ताम् । अगदः । अयम् । अस्तु ॥ ६ ॥

भाषार्थ—( यः ) जिस ( पिशाचः ) पिशाच समूह ने ( आमे ) कच्चे, ( सुपक्वे ) अच्छे पक्के, ( शबले ) चितकबरे अथवा ( विपक्वे ) विविध प्रकार पके हुये ( अशने ) भोजन में ( मा ) मुझे ( ददम्भ ) धोखा दिया है। ( तत् ) उससे ( पिशाचाः ) वे मांस भक्षक ( आत्मना ) अपने जीव और ( प्रजया ) प्रजा के साथ ( वि ) विविध प्रकार ( यातयन्ताम् ) पीड़ा पावें, और (अयम्) यह पुरुष ( अगदः ) नीरोग ( अस्तु ) होवे ॥ ६ ॥

भावार्थ—भोजन आदि में कुवस्तु मिलाने वाले दुष्टों को दंड देकर प्रजा को स्वस्थ रखना चाहिये ॥ ६ ॥

क्षीरे मा मन्थे यतमो ददम्भाकृष्टपच्ये अशने धान्ये३ऽयः । तदा० ॥ ७ ॥

क्षीरे । मा । मन्थे । यतमः । ददम्भ । अकृष्ट-पच्ये । अशने । धान्ये । यः ॥ ० ॥ ७ ॥

---

६—( आमे ) अपक्वे ( सुपक्वे ) यथाविधि कृतपाके ( शबले ) शपेर्वश्च । उ० १ । १०५ । इति शप आक्रोशे—कल, पस्य बः । कर्बुरे ( विपक्वे ) विविधं पक्वे ( यः ) ( मा ) माम् ( पिशाचः ) मांसभक्षकः ( अशने ) भोजने ( ददम्भ ) वञ्चितवान् ( तत् ) तस्मात् ( आत्मना ) स्वजीवेन ( प्रजया ) पुत्रपौत्रादिना सह ( पिशाचाः ) मांसभक्षकाः ( वि ) विविधम् ( यातयन्ताम् ) यत ताडने, चुरादिः । यातनां तीव्रपीडां प्राप्नुवन्तु ( अगदः ) नीरोगः ( अयम् ) पुरुषः ( अस्तु ) भवतु ॥

भाषार्थ—( यतमः ) जिस किसी ने ( क्षीरे ) दूध में, अथवा ( मन्थे ) मट्ठे में, अथवा ( यः ) जिसने ( अकृष्टपच्ये ) विना जुते खेत से उत्पन्न (अशने) भोजन में, अथवा ( धान्ये ) यव आदि धान्य में ( मा ) मुझे ( ददम्भ ) धोखा दिया है। ( तत् ) उससे……म० ६ ॥ ७ ॥

भावार्थ—मन्त्र ६ देखो ॥ ७ ॥

अपां मा पाने यतमो ददम्भ क्रव्याद् यातूनां शयने शयानम् । तद्वा ० ॥ ८ ॥

अपाम् । मा । पाने । यतमः । ददम्भ । क्रव्य-अत् । यातूनाम् । शयने । शयानम् ॥ ० ॥ ८ ॥

भाषार्थ—( यतमः ) जिस किसी ( क्रव्यात् ) मांसभक्षक ने ( अपाम् ) जल के ( पाने ) पान करने में ( यातूनाम् ) यात्रियों के (शयने) शयन स्थान में ( शयानम् ) सोते हुये ( मा ) मुझे को ( ददम्भ ) ठगा है। ( तत् ) उससे…… म० ६ ॥ ८ ॥

दिवा मा नक्तं यतमो ददम्भ क्रव्याद् यातूनां शयने शयानम् । तदात्मना प्रजया पिशाचा वि यातयन्तामगदो३ऽयमस्तु ॥ ९ ॥

दिवा । मा । नक्तम् । यतमः । ददम्भ । क्रव्य-अत् । यातूनाम् । शयने । शयानम् । तत् । आत्मना । प्र-जया । पिशा-

७—( क्षीरे ) दुग्धे ( मा ) माम् ( मन्थे ) पेयभेदे । तक्रे ( यतमः ) यः कश्चित् ( ददम्भ ) वञ्चितवान् ( अकृष्टपच्ये ) राजसूयसूर्य० । पा०३ । १ । ११४ । इति अकृष्ट+पच पाके—क्यप् । कृष्यादिकं विना स्वयं पक्के नीवारादौ ( अशने ) भोजने ( धान्ये ) अ०३ । २६ । ३ । यवाद्यन्ने ॥

८—( अपाम् ) जलानाम् ( मा ) माम् ( पाने ) पानकरणे ( यतमः ) ( ददम्भ ) ( क्रव्यात् ) अ०२ । २५ । ५ । मांसभक्षकाः ( यातूनाम् ) कमिमनिजनि० । उ०१ । ७३ । इति या प्रापणे—तु । गन्तॄणाम् । पथिकानाम् ( शयने ) शय्यास्थाने ( शयानम् ) स्वपन्तम् ॥

चाः । वि । यातयन्ताम् । अगदः । अयम् । अस्तु ॥ ९ ॥

भाषार्थ—( यतमः ) जिस किसी ( क्रव्यात् ) मांसभक्षक ने ( दिवा ) दिन में वा ( नक्तम् ) रात में ( यातूनाम् ) यात्रियों के ( शयने ) शयन स्थान में ( शयानम् ) सोते हुये ( मा ) मुझ को ( ददम्भ ) ठगा है। ( तत् ) उससे ( पिशाचाः ) वे मांसभक्षक ( आत्मना ) अपने जीव और ( प्रजया ) प्रजा के साथ ( वि ) विविध प्रकार ( यातयन्ताम् ) पीड़ा पावें, और ( अयम् ) यह पुरुष ( अगदः ) नीरोग ( अस्तु ) होवे ॥ ९ ॥

भावार्थ—म०६ देखो ॥

क्रव्याद॑मग्ने रुधि॒रं पि॑शा॒चं म॑नो॒हनं॑ जहि जातवेदः ।
तमिन्द्रो॑ वा॒जी वज्रे॑ण हन्तु छि॒नत्तु॒ सोमः॒ शिरो॑ अस्य धृ॒ष्णुः ॥ १० ॥

क्र॒व्य-अद॑म् । अग्ने॑ । रु॒धि॒रम् । पि॒शा॒चम् । म॒नः॒-हन॑म् । ज॒हि॒ । जा॒त॒-वे॒दः॒ । तम् । इन्द्रः॑ । वा॒जी । वज्रे॑ण । ह॒न्तु॒ । छि॒नत्तु॑ । सोमः॑ । शिरः॑ । अ॒स्य॒ । धृ॒ष्णुः ॥ १० ॥

भाषार्थ—( जातवेदः ) हे विद्या में प्रसिद्ध ( अग्ने ) विद्वान् पुरुष ! ( क्रव्यादम् ) मांस खाने वाले, ( रुधिरम् ) रोकने वाले और ( मनोहनम् ) मन बिगाड़ देने वाले ( पिशाचम् ) राक्षस को ( जहि ) मार डाल। ( तम् ) उसको ( वाजी ) पराक्रमी ( इन्द्रः ) बड़े ऐश्वर्य वाले आप ( वज्रेण ) वज्र से ( हन्तु ) मारें, और ( धृष्णुः ) निर्भय ( सोमः ) प्रतापी आप ( अस्य ) इसका ( शिरः ) शिर ( छिनत्तु ) काटें ॥ १० ॥

भावार्थ—नीतिज्ञ राजा पराक्रम करके शत्रुओं को मारकर प्रजा को पाले ॥ १० ॥

---

९—( दिवा ) दिने ( नक्तम् ) रात्रौ। अन्यद् यथा म० ८, ६ ॥

१०—( क्रव्यादम् ) मांसभक्षकम् ( अग्ने ) विद्वन् ( रुधिरम् ) इषिमदिमुदि०। उ०१।५१। इति रुधिर् आवरणे-किरच्। निरोधकम् ( पिशाचम् ) म०६। राक्षसम् ( मनोहनम् ) चित्तहर्षहन्तारम् ( जहि ) नाशय ( जातवेदः ) हे प्रसिद्धविद्य ! ( तम् ) पिशाचम् ( इन्द्रः ) परमैश्वर्यवान् भवान् ( वाजी ) पराक्रमी ( वज्रेण ) शस्त्रेण ( हन्तु ) मारयतु ( छिनत्तु ) भिनत्तु ( सोमः ) प्रतापी भवान् (शिरः) मस्तकम् (अस्य) पिशाचस्य (धृष्णुः) आ०१।१३।४। निर्भयः ॥

सनादग्ने मृणसि यातुधानान् न त्वा रक्षांसि पृतनासु जिग्युः । सहमूरानन् दह क्रव्यादो मा ते हेत्या मुक्षत दैव्यायाः ॥ ११ ॥

सनात् । अग्ने । मृणसि । यातु-धानान् । न । त्वा । रक्षांसि । पृतनासु । जिग्युः । सह-मूरान् । अनु । दह । क्रव्य-अदः । मा । ते । हेत्याः । मुक्षत । दैव्यायाः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—( अग्ने ) हे विद्वान् [ वा भौतिक अग्नि ] तू ( यातुधानान् ) पीड़ा देने हारे [ प्राणियों वा रोगों ] को ( सनात् ) नित्य ( मृणसि ) नष्ट करता है, ( रक्षांसि ) उन राक्षसों ने ( त्वा ) तुझे ( पृतनासु ) संग्रामों में ( न ) नहीं ( जिग्युः ) जीता है । ( सहमूरान् ) समूल ( क्रव्यादः ) उन मांस भक्षकों को ( अनु दह ) भस्म करदे । ( ते ) तेरे ( दैव्यायाः ) दिव्य गुण वाले ( हेत्याः ) वज्र से ( मा मुक्षत ) वे न छूटें ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्यापूर्वक शारीरिक अग्नि अर्थात् बल को स्थिर रख कर अपने वैरियों और रोगों को उनके कारणों सहित नाश करे ॥ ११ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋ० १० । ८७ । १६ और सामवेद पू० १ । ८ । ८ । में है ॥

समाहर जातवेदो यद्धृतं यत् पराभृतम् । गात्राण्यस्य वर्धन्तामंशुरिवा प्यायतामयम् ॥ १२ ॥

सम्-आहर । जात-वेदः । यत् । हृतम् । यत् । परा-भृतम् ।

११—( सनात् ) चिरम्—निरु० १२ । ३६ । नित्यम्—( अग्ने ) विद्वन् भौतिक वा ( मृणसि ) नाशयसि ( यातुधानान् ) अ० १ । ७ । १ । पीड़ाप्रदान् प्राणिनो रोगान् वा ( न ) निषेधे ( त्वा ) त्वामग्निम् ( रक्षांसि ) राक्षसाः प्राणिनो रोगा वा ( पृतनासु ) अ० ३ । २१ । ३ । संग्रामेषु ( जिग्युः ) जि जये लिट् । जयं प्रापुः ( सहमूरान् ) मूलेन कारणेन सहितान् ( अनु ) अनुक्रमेण ( दह ) भस्मीकुरु ( क्रव्यादः ) मांसभक्षकान् ( मा मुक्षत ) मुच्लृ मोक्षणे—लुङ्, अडभावो माङि । मुक्ता मा भूवन् । न मुक्ता भवन्तु ॥

गात्राणि । अस्य । वर्धन्ताम् । अंशुः-इव । आ । प्यायताम् । अयम् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—( जातवेदः ) हे विद्या में प्रसिद्ध ! उसे ! ( समाहर ) भर दे ( यत् ) जो कुछ ( हृतम् ) हर लिया गया, अथवा ( यत् ) जो कुछ (पराभृतम्) हटाया गया है। ( अस्य ) इस [ मनुष्य ] के (गात्राणि) सब अंग ( वर्धन्ताम् ) बढ़ें । ( अयम् ) यह पुरुष ( अंशुः इव ) वृक्ष के अंकुर के समान ( आ प्यायताम् ) बढ़ता रहे ॥ १२ ॥

भावार्थ—सद्वैद्य रोगों को हटाकर प्राणियों को स्वस्थ रक्खें ॥ १२ ॥

सोमस्येव जातवेदो अंशुरा प्यायतामयम् । अग्ने विरप्शिनं मेध्यमयक्ष्मं कृणु जीवतु ॥ १३ ॥

सोमस्य-इव । जात-वेदः । अंशुः । आ । प्यायताम् । अयम् । अग्ने । वि-रप्शिनम् । मेध्यम् । अयक्ष्मम् । कृणु । जीवतु ॥१३

भाषार्थ—(जातवेदः) हे विद्या में प्रसिद्ध ! ( अयम् ) यह पुरुष ( सोमस्य अंशुः इव ) चन्द्रमा की किरण अथवा सोमलता के अंकुर के समान ( आ प्यायताम् ) बढ़ता रहे । ( अग्ने ) हे विद्वान् पुरुष ! तू ( विरप्शिनम् ) विविध प्रकार से कथने योग्य महागुणी पुरुष [को ( अयक्ष्मम् ) नीरोग और

---

१२—( समाहर ) सम्यगानय पूरय ( जातवेदः ) प्रसिद्धविद्य ( यत् ) (हृतम्) गृहीतम् ( यत् ) ( पराभृतम् ) दूरे हृतम् (गात्राणि) अ० १ । १२ । ४ । गमॢ—त्रन्, मस्य आकारः । अङ्गानि ( अस्य )पुरुषस्य ( वर्धन्ताम् ) प्रवृद्धानि भवन्तु ( अंशुः ) मृगय्वादयश्च । उ० १ । ३७ । इति अंश विभाजने—कु । वृक्षसूक्ष्माङ्कुरः ( इव ) यथा ( आ ) समन्तात् ( प्यायताम् ) प्रवृद्धो भवतु ( अयम् ) ॥

१३—( सोमस्य ) चन्द्रस्य सोमवृक्षस्य वा ( इव ) यथा ( अंशुः ) ( म० १२ । किरणो अङ्कुरो वा ( आ )सम्यक् ( प्यायताम् ) वर्धताम् (अयम्) पुरुषः ( अग्ने ) विद्वन् ( विरप्शिनम् ) वि+रप व्यक्तायां वाचि—शक् । विविधं रपणं विरप्शः । तदस्यास्ति, इनि । विरप्शी, महन्नाम-निघ० ३ । ३ । महागुणविशिष्टम् ( मेध्यम् ) उगवादिभ्यो यत् । पा० ५ । १ । २ । इति मेधा—

(मेध्यम्) बुद्धि के लिये हितकारी (कृणु) कर, और (जीवतु) वह जीता रहे ॥ १३ ॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुष शारीरिक और आत्मिक रोगों को नाश करके सब को प्रसन्न रक्खे ॥ १३ ॥

एतास्ते॑ अग्ने स॒मिधः॑ पिशाच॒जम्भ॑नीः ।
तास्त्वं जु॑षस्व॒ प्रति॑ चैना गृहाण जातवेदः ॥ १४ ॥

ए॒ताः । ते॒ । अ॒ग्ने॒ । स॒म्-इधः॑ । पि॒शा॒च॒-जम्भ॑नीः । ताः । त्वम् । जु॒ष॒स्व॒ । प्रति॑ । च॒ । ए॒नाः॒ । गृ॒हा॒ण॒ । जा॒त॒-वे॒दः॒ ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान् पुरुष ! (ते) तेरे (एताः) यह (समिधः) विद्यादि की प्रकाश क्रियायें (पिशाचजम्भनीः) मांसभक्षक [प्राणियों वा रोगों] की नाश करने वाली हैं। (जातवेदः) हे विद्या में प्रसिद्ध ! (त्वम्) तू (ताः) उन से (जुषस्व) प्रसन्न हो, (च) और (एनाः) इनको (प्रति गृहाण) प्रतीति से अंगीकार कर ॥ १४ ॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुष विद्या द्वारा दुःखदायी प्राणी और रोगों का नाश करे और धर्म कार्य में सदा प्रवृत्त रहे ॥ १४ ॥

ता॒र्ष्टा॒घीर॑ग्ने स॒मिधः॒ प्रति॑ गृह्णाह्य॒र्चिषा॑ ।
जहा॑तु क्र॒व्याद्रू॒पं यो अ॑स्य मां॒सं जिही॑र्षति ॥ १५ ॥

ता॒र्ष्ट॒-अ॒घीः । अ॒ग्ने॒ । स॒म्-इधः॑ । प्रति॑ । गृ॒ह्णा॒हि॒ । अ॒र्चि॒षा॑ । जहा॑तु । क्र॒व्य-अत् । रू॒पम् । यः । अ॒स्य॒ । मां॒सम् । जिही॑र्षति ॥ १५ ॥

---

यत् । मेधायै हितम् । मेधाविनम् (अयक्ष्मम्) नीरोगम् (कृणु) कुरु (जीवतु) सप्राणान् धारयतु ॥

१४—(एताः) प्रत्यक्षाः (ते) तव (अग्ने) विद्वन् (समिधः) विद्यादिप्रकाशक्रियाः (पिशाचजम्भनीः) मांसभक्षकानां प्राणिनां रोगाणां वा नाशयित्र्यः (ताः) समिधः (त्वम्) (जुषस्व) प्रीणीहि (प्रति) प्रतीत्य (च) (एनाः) समिधः (गृहाण) स्वीकुरु (जातवेदः) हे प्रसिद्ध विद्य ॥

भाषार्थ—( अग्ने ) हे विद्वान् जन ! ( तार्ष्टाघीः ) तृष्णाओं की निन्दा करने वाली ( समिधः ) विद्यादि प्रकाश क्रियाओं को ( अर्चिषा ) पूजा के साथ ( प्रति ) निश्चय पूर्वक ( गृहाण ) तू अंगीकार कर ! ( क्रव्यात् ) वह मांस भक्षक [ प्राणी वा रोग ] ( रूपम् ) अपने रूप को ( जहातु ) छोड़ देवे, ( यः ) जो ( अस्य ) इस पुरुष का ( मांसम् ) मांस ( जिहीर्षति ) हरना चाहता है ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्य लोभादि तृष्णाओं को छोड़कर परीक्षा पूर्वक विद्याओं का प्रचार करके दुष्ट स्वभावों, रोगों और दुराचारों का नाश करें ॥ १५ ॥

## सूक्तम् ३० ॥

१-१७ ॥ आत्मा; देवता ॥ १ पथ्या पङ्क्तिः ; २-११, १३, १५-१७ अनुष्टुप्; १२ त्रिष्टुप् ; १४ बृहती छन्दः ॥

आत्मोन्नत्युपदेशः—आत्मा के उन्नति का उपदेश ।

आवत॑स्त आ॒वतः॑ परा॒वत॑स्त आ॒वतः॑ । इ॒हैव भ॑व॒ मा नु गा॒ मा पूर्वा॒ननु॑ गाः पि॒तॄनसुं॑ बध्नामि ते दृ॒ढम् ॥१॥

आ॒ऽवतः॑ । ते॒ । आ॒ऽवतः॑ । प॒रा॒ऽवतः॑ ते॒ । आ॒ऽवतः॑ । इ॒ह । ए॒व । भ॒व॒ । मा । नु । गाः॒ । मा । पूर्वा॑न् । अनु॑ । गाः॒ । पि॒तॄन् । असु॑म् । ब॒ध्ना॒मि॒ । ते॒ । दृ॒ढम् ॥१॥

भाषार्थ—( ते ) तेरे ( आवतः ) समीप स्थान से, ( आवतः ) समीप से

---

